

ममता ने भवानीपुर से भरा पर्चा किया शक्ति प्रदर्शन - 12



प्रधानमंत्री मोदी बोले- मुद्रा योजना से मजबूत हुई उद्यमशीलता की भावना - 12



किसी धर्म में कौन सी प्रथा अंधविश्वास अदालत को यह तय करने का अधिकार - 13



बिली जीन किंग कप में वैष्णवी व सहजा ने भारत को न्यूजीलैंड पर विजयी बढ़त दिलाई- 14


आज का मौसम
30.0⁰ अधिकतम तापमान
18.0⁰ न्यूनतम तापमान
सूर्योदय 05.52
सूर्यास्त 06.29

एक सम्पूर्ण दैनिक अखबार

# अमृत विचार

| कानपुर नगर |

www.amritvichar.com

2 राज्य | 6 संस्करण
लखनऊ ■ बरेली ■ कानपुर ■ मुरादाबाद ■ अयोध्या ■ हल्द्वानी

बैशाख कृष्ण पक्ष सप्तमी 09:19 उपरांत अष्टमी विक्रम संवत 2083

गुरुवार, 9 अप्रैल 2026, वर्ष 4, अंक 228, पृष्ठ 14 ■ मूल्य 5 रुपये


मतदान की तैयारी



असम, केरल और पुडुचेरी में विधानसभा चुनाव के लिए बृहस्पतिवार को मतदान होगा। असम के कामरूप जिले में चुनाव की पूर्व संध्या पर अपने मतदान केंद्रों तक जाने के लिए ब्रह्मपुत्र नदी पार करने की तैयारी करते मतदान अधिकारी। ● एजेंसी

## प्रदेश में किसानों पर बारिश और तेज हवाओं का कहर

- पश्चिम से पूरब तक बिगड़ा मौसम 60 किमी की रफ्तार से चलीं हवाएं खेतों में बिछी गेहूं की पकी फसल

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार :** प्रदेश में आंधी-बारिश और ओलावृष्टि का सिलसिला बुधवार को भी जारी रहा और इसने किसानों की मुश्किलें बढ़ा दी हैं। रबी की तैयार खड़ी फसलों पर मौसम की मार पड़ने से बड़े नुकसान की आशंका है। गेहूं की फसल पर भारी मार पड़ी है, साथ ही सरसों और दलहन की फसलें भी प्रभावित हुई हैं। मौसम विभाग के अनुसार, पश्चिमी उत्तर प्रदेश से शुरू हुआ मौसम बदलाव अब पूर्वी हिस्सों में भी सक्रिय हो गया है।



बरेली के बहेड़ी क्षेत्र में बारिश और तेज हवा से खेत में बिछी गेहूं की फसल।

सहारनपुर से लेकर सोनभद्र और आगरा तक मौसम का मिजाज बिगड़ गया है। कई जिलों में मंगलवार शाम पांच मिमी तक बारिश हुई और बुधवार को भी यह सिलसिला जारी रहा। कहीं-कहीं तेज हवाओं के साथ काफी तेज बारिश हुई। इससे खेतों में तैयार खड़ी गेहूं की फसल को भारी नुकसान पहुंचा। किसानों के मुताबिक कई दिनों से मौसम बिगड़ा होने की वजह से फसल में पहले से नमी थी। अब तेज बारिश और तेज हवाओं से गेहूं की खड़ी फसल खेतों में बिछ गई है। इससे दानों की गुणवत्ता प्रभावित होगी और पैदावार में भी भारी कमी आएगी। किसान फसल कटाई की तैयारी कर रहे थे।

### दो दिन और बारिश, ओलावृष्टि और तेज हवाएं

बारिश और तेज हवाओं का दौर बृहस्पतिवार तक जारी रहेगा। आंचलिक मौसम विज्ञान केंद्र के वैज्ञानिक अतुल कुमार सिंह के अनुसार यह बदलाव पूरे प्रदेश में फैल चुका है। वैज्ञानिक मो. दानिश ने बताया कि गौतमबुद्धनगर, बुलंदशहर, अलीगढ़, मथुरा, आगरा, इटावा सहित कई जिलों में 50-60 किमी घंटे की रफ्तार से तेज हवाएं चल सकती हैं। अन्य जिलों में भी 30-40 किमी तेज हवा के आसार हैं। अलीगढ़, मथुरा, हाथरस, कासगंज, एटा, आगरा, फिरोजाबाद, मैनपुरी और इटावा समेत कई इलाकों में ओलावृष्टि की संभावना जताई गई है। लखनऊ, सीतापुर, बाराबंकी, रायबरेली सहित कई जिलों में मेघगर्जन और वज्रपात की चेतावनी जारी की गई है।

### किसानों को तुरंत दें राहत, देरी बर्दाश्त नहीं: योगी

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने उच्चस्तरीय समीक्षा बैठक में वर्षा और ओलावृष्टि से प्रभावित किसानों को त्वरित राहत देने के निर्देश दिए। कहा, निष्पक्ष सर्वे कर प्रभावित किसानों को समयबद्ध क्षतिपूर्ति दी जाए। राजस्व और कृषि विभाग तत्काल नुकसान का आकलन कर रिपोर्ट शासन को भेजें और बीमा कंपनियों के साथ समन्वय कर फसल बीमा दावों का तेजी से निस्तारण कराएं। जनहानि या पशुहानि की स्थिति में 24 घंटे के भीतर राहत राशि दी जाए। जिन परिवारों के घर क्षतिग्रस्त या नष्ट हुए हैं, उन्हें प्राथमिकता के आधार पर मुख्यमंत्री आवास योजना के तहत घर उपलब्ध कराया जाए।

ब्रीफ न्यूज

### गोवा : लूथरा बंधुओं को मिली जमानत

**पणजी।** गोवा की एक अदालत ने आग से तबाह हुए नाइटक्लब 'बर्च बाय रोमियो लेन' के मालिक सौरभ लूथरा और गौरव लूथरा को जालसाजी के मामले में बुधवार को जमानत दे दी, जिससे उनकी जेल से रिहाई का रास्ता साफ हो गया। लूथरा बंधुओं को इससे पहले पिछले साल दिसंबर में लगी भीषण आग से संबंधित एक मामले में जमानत मिल चुकी है। इस घटना में 25 लोगों की मौत हो गई थी। लूथरा बंधुओं का प्रतिनिधित्व कर रहे अधिवक्ता पराग राव ने बताया कि न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी (मापुसा) जूड सेक्वेरा ने जालसाजी मामले में आरोपियों को नियमित जमानत दे दी है।

### गुजरात: अमरेली जिले में तीसरी बार भूकंप

**अहमदाबाद।** गुजरात के अमरेली जिले में बुधवार को फिर 3.3 तीव्रता का भूकंप आया। हालांकि इस दौरान जानमाल के नुकसान की कोई सूचना नहीं है। गांधीनगर स्थित भूकंपीय अनुसंधान संस्थान के अनुसार, तड़के 3:58 बजे भूकंप आया। इसका केंद्र अमरेली से लगभग 42 किमी दक्षिण-दक्षिण-पूर्व में 9.6 किमी की गहराई पर था। 29 मार्च को भी शाम 4:10 बजे भूकंप का झटका महसूस किया गया था, जिसका केंद्र अमरेली से लगभग 42 किमी दक्षिण-दक्षिण-पूर्व में 11.6 किमी की गहराई पर था। आईएसआर के अनुसार, 30 मार्च को सुबह 11:53 बजे उसी स्थान पर 2.6 तीव्रता का एक और भूकंप आया था।

# पूरी दुनिया को डराने के बाद ट्रंप का यू टर्न ईरान के साथ दो सप्ताह का युद्धविराम

## एक दिन पहले दी थी ईरान को मिटाने की धमकी, कल से इस्लामाबाद में होगी शांति वार्ता

- अमेरिकी राष्ट्रपति ने युद्धविराम को विश्व शांति के लिए बड़ा दिन बताया

दुबई, एजेंसी

एक दिन पहले ही जब ईरानी सभ्यता को मिटा देने की धमकी से दुनिया भर में बेचैनी महसूस की जा रही थी, अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप इस धमकी से अंतिम समय में पीछे हट गए और ईरान के साथ दो सप्ताह के लिए युद्धविराम की घोषणा कर दी। इजराइल ने भी इस युद्धविराम पर सहमति जताई है। इसी के साथ दोनों पक्षों ने शुक्रवार से इस्लामाबाद में स्थायी शांति के लिए वार्ता शुरू करने के संकेत दिए हैं।

ट्रंप की अस्थायी युद्धविराम की घोषणा से पहले दोनों पक्षों के बीच पाकिस्तान की मध्यस्थता में चल रही बातचीत में कई उतार-चढ़ाव आए। युद्धविराम के लिए ईरान का 10 सूत्री योजना का प्रस्ताव सामने आया तो ट्रंप ने इसे धोखाधड़ी करार दिया। ईरान के इस प्रस्ताव में संकेत दिया गया था कि उसे यूरेनियम संवर्धन जारी रखने की अनुमति दी जाएगी जो परमाणु हथियार बनाने के लिए महत्वपूर्ण है। ईरान की दूसरी मांगों में क्षेत्र से अमेरिकी सेना की वापसी, प्रतिबंधों को हटाना और उसकी जब्त संपत्तियों को जारी करना शामिल है। ट्रंप ने फिलहाल झुकते हुए अस्थायी युद्धविराम की घोषणा कर दी। इसके बाद तेहरान की सड़कों पर लोगों ने अमेरिका, इजराइल के खिलाफ नारे लगाए। सड़क पर अमेरिकी और इजराइल के झंडे भी जलाए।



युद्धविराम की घोषणा के बाद इजराइल के तेल अवीव में लोग बंकरों से बाहर निकले।

### ईरान की बड़ी जीत... होर्मुज में वसूलेगा शुल्क

ईरान और ओमान होर्मुज जलडमरूमध्य में जहाजरानी शुल्क वसूलेंगे। युद्धविराम से इस मार्ग पर नियंत्रण को औपचारिक रूप मिलने के साथ ईरान को राजस्व का नया स्रोत मिल सकता है। एक अधिकारी के अनुसार, ईरान और ओमान दोनों को होर्मुज से गुजरने वाले जहाजों पर शुल्क लगाने की अनुमति दी गई है। ईरान इस राशि का इस्तेमाल पुनर्निर्माण के लिए करेगा। ट्रंप ने सोशल मीडिया पर कहा, समझौते के बाद खूब आय होगी। ईरान पुनर्निर्माण प्रक्रिया शुरू कर सकता है।

### युद्धविराम के बाद भी जारी रहे दोनों ओर से हमले

युद्धविराम की घोषणा के बाद संयुक्त अरब अमीरात, इजराइल, सऊदी अरब, बहरीन और कुवैत में मिसाइल हमले की चेतावनी जारी की गई। अधिकारियों ने बताया कि ईरान की ओर से हुई गोलाबारी के बाद अबू धाबी में एक गैस प्रसंस्करण संयंत्र में आग लग गई। संयुक्त अरब अमीरात ने कहा है कि उसकी हवाई रक्षा प्रणाली ने ईरान की ओर से आ रही मिसाइलों के जवाब में जवाबी कार्रवाई की। कुवैत की सेना ने कहा कि उसकी सेना ने ड्रोन हमलों को नाकाम करने के लिए कार्रवाई की। अमेरिका के उपराष्ट्रपति जेडी वेंस ने इस समझौते को एक नाजुक युद्धविराम बताया।

### इस युद्धविराम में लेबनान शामिल नहीं : नेतन्याहू

**तेल अवीव।** इजराइल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने ईरान पर हमले रोकने के अमेरिकी फैसले का समर्थन किया है, लेकिन कहा कि यह युद्धविराम लेबनान में इजराइल के जारी सैन्य अभियानों पर लागू नहीं होगा। नेतन्याहू का यह बयान पाकिस्तान के प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ की उस घोषणा के बाद आया है, जिसमें उन्होंने कहा था कि अमेरिका, ईरान और उनके सहयोगी लेबनान और अन्य जगहों सहित हर जगह तत्काल युद्धविराम के लिए सहमत हो गए हैं और यह कदम तत्काल रूप से प्रभावी है।

### ईरान में मौजूद भारतीय नागरिक जल्द निकलें : भारत

**दुबई।** अस्थायी युद्धविराम की घोषणा के बाद भारत ने बुधवार को ईरान में अपने नागरिकों को हाल के घटनाक्रमों के मद्देनजर तेहरान स्थित अपने दूतावास की ओर से सुझाए गए मार्गों का उपयोग करते हुए देश से शीघ्र बाहर निकलने की सलाह दी। दूतावास ने यह भी दोहराया कि बिना दूतावास से पूर्व परामर्श और समन्वय किए किसी भी अंतरराष्ट्रीय भूसीमा के पास जाने या उस ओर जाने का कोई प्रयास न किया जाए। भारतीय दूतावास ने एक्स पर एक पोस्ट में जरूरतमंद लोगों के लिए आपातकालीन संपर्क नंबर और ईमेल भी उपलब्ध कराए।

## झूमा बाजार... सेंसेक्स में 2,946 अंकों का उछाल

मुंबई, एजेंसी



- निफ्टी ने ली 873 अंकों की बढ़त 24,000 के पार निकला

ईरान और इजराइल-अमेरिका के बीच करीब 40 दिन से जारी संघर्ष में युद्धविराम की घोषणा होने से भारतीय शेयर बाजार झूम उठा। युद्धविराम के साथ कच्चे तेल के दाम में भारी नरमी आने के बाद सेंसेक्स में 2,946 अंकों का उछाल आया और निफ्टी भी 873 अंक बढ़कर 24,000 के पार पहुंच गया।

व्यापारियों के मुताबिक भारतीय शेयर बाजार पर आरबीआई के नीतिगत दर रेपो को यथावत रखने का निर्णय, सभी क्षेत्रों में भारी लिवाली और अमेरिकी डॉलर के मुकाबले रुपये में मजबूती का भी असर पड़ा। तीस शेयरों पर आधारित बीएसई सेंसेक्स कारोबार के दौरान एक समय 3,018.96 अंक चढ़कर 77,635.54 अंक पर पहुंच गया था और अंत में 2,946.32 अंक यानी 3.95 प्रतिशत बढ़कर 77,562.90 अंक पर बंद हुआ। पचास शेयरों पर आधारित एनएसई निफ्टी 873.70 अंक यानी 3.78 प्रतिशत बढ़कर 23,997.35 अंक पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान एक समय यह 901.5 अंक चढ़कर 24,025.15 अंक पर पहुंच गया था। बाजार में लगातार पांचवें दिन तेजी रही।

### 16.25 लाख करोड़ बढ़े

**नई दिल्ली।** शेयर बाजार में तेजी आने से निवेशकों की संपत्ति 16.25 लाख करोड़ की बढ़ोतरी हो गई। बीएसई में सूचीबद्ध कंपनियों का बाजार पूंजीकरण 16,25,093.09 करोड़ रुपये बढ़कर 4,45,51,402 करोड़ रुपये हो गया।

### 16% टूटा ब्रेंट क्रूड

होर्मुज जलडमरूमध्य से सुरक्षित आवागमन के संकेत के बाद अंतर्राष्ट्रीय बाजार में ब्रेंट क्रूड की कीमत में तेजी से गिरावट आई और यह 92 डॉलर प्रति बैरल के करीब पहुंच गई। वैश्विक तेल मानक ब्रेंट क्रूड करीब 16 प्रतिशत टूटा।

### रुपया 52 पैसे मजबूत

अंतरबैंकिंग मुद्रा बाजार में रुपया बुधवार को 52 पैसे मजबूत हुआ और कारोबार की समाप्ति पर एक डॉलर 92.54 रुपये का बोला गया। पिछले कारोबारी दिवस पर भारतीय मुद्रा 16 पैसे टूटकर 93.06 रुपये प्रति डॉलर पर रही थी।

## पीएंडके उर्वरकों पर 41,534 करोड़ रुपये की सब्सिडी दी

नई दिल्ली, एजेंसी

केंद्रीय मंत्रिमंडल ने पश्चिम एशिया में जारी तनाव के बीच वैश्विक कीमतों में बढ़ोतरी से किसानों को राहत देने के लिए खरीफ सत्र 2026 के लिए फॉस्फेटिक एवं पोटाश (पीएंडके) उर्वरकों पर सब्सिडी को 12 प्रतिशत बढ़ाकर 41,534 करोड़ रुपये कर दिया है। खरीफ सत्र 2025 में सरकार ने पीएंडके उर्वरकों पर 37,216 करोड़ रुपये की सब्सिडी दी थी।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अध्यक्षता में बुधवार को हुई आर्थिक मामलों की मंत्रिमंडलीय समिति (सीसीईए) की बैठक में यह फैसला लिया गया। यह उर्वरक सब्सिडी एक अप्रैल से 30 सितंबर, 2026 तक की अवधि के लिए लागू रहेगी। सूचना एवं प्रसारण मंत्री अश्विनी वैष्णव ने बताया कि खरीफ सत्र 2025 की तुलना में आगामी फसल सत्र के लिए देय सब्सिडी में 4,317 करोड़ रुपये की बढ़ोतरी की गई है। सरकार ने खरीफ सत्र 2026 के लिए पोषक तत्वों पर सब्सिडी दर तय की है।

इसके तहत नाइट्रोजन पर 47.32 रुपये प्रति किलोग्राम, फॉस्फेट पर 52.76 रुपये प्रति किलोग्राम, पोटाश पर 2.38 रुपये प्रति किलोग्राम और सल्फर पर 3.16 रुपये प्रति किलोग्राम सब्सिडी दी जाएगी। वर्ष 2010 से लागू 'पोषक तत्व आधारित सब्सिडी' (एनबीएस) योजना के तहत पीएंडके उर्वरकों पर सब्सिडी दी जाती है। यह सब्सिडी पीएंडके उर्वरकों की 28 किस्मों के लिए दी जाती है।



- केंद्रीय मंत्रिमंडल ने खरीफ सत्र के लिए सब्सिडी में की 12 % की वृद्धि

### मंत्रिमंडल के अन्य फैसले

- घरेलू रिफाइनिंग और पेट्रोरसायन क्षमता बढ़ाने के उद्देश्य से राजस्थान तेल रिफाइनरी परियोजना की लागत बढ़ाकर 79,459 करोड़ रुपये करने को भी कैबिनेट ने मंजूरी दी है।
- जयपुर मेट्रो के दूसरे चरण को मंजूरी। यह 41 किमी लंबा उत्तर-दक्षिण कॉरिडोर राजस्थान की राजधानी में शहरी संपर्क को बढ़ाने और यातायात के दबाव को कम करने में बड़ी भूमिका निभाएगा।
- अरुणाचल प्रदेश में दो प्रमुख जलविद्युत परियोजनाओं के निर्माण के लिए 40,150 करोड़ रुपये के निवेश को मंजूरी। नवीकरणीय ऊर्जा के विकास और क्षेत्रीय बुनियादी ढांचे को गति देने के लिए कदम।

## हवाई अड्डों पर लैंडिंग-पार्किंग शुल्क को घटाने का आदेश

- टिकट के दाम नियंत्रित रखने के लिए सरकार का कदम

**नई दिल्ली।** सरकार ने विमान सेवा कंपनियों को बड़ी राहत देते हुए भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण (एएआई) की ओर से संचालित बड़े हवाई अड्डों से इतर सभी एयरपोर्ट पर लैंडिंग एवं पार्किंग शुल्क में 25 प्रतिशत की कटौती का आदेश दिया है।

नागरिक उड्डयन मंत्रालय के आदेश में इस फैसले के पीछे पश्चिम एशिया में जारी संकट का जिक्र किया गया है और कहा गया है कि इससे विमान सेवा कंपनियों की बढ़ती लागत के कारण टिकट की कीमतों में तेज वृद्धि को नियंत्रित किया जा सकेगा। कहा गया है कि एएआई बड़े हवाई अड्डों के इतर अपने सभी हवाई अड्डों पर लैंडिंग एवं पार्किंग शुल्क में तीन महीने के लिए स्वीकृत दर से 25 प्रतिशत की कटौती करेगा। सभी घरेलू उड़ानों के लिए मंगलवार को जारी यह आदेश तत्काल प्रभाव से लागू हो गया है।

## श्रीनगर: आतंकियों से संबंध रखने पर दो सरकारी कर्मी बर्खास्त

**श्रीनगर।** जम्मू कश्मीर के उपराज्यपाल मनोज सिन्हा ने आतंकवाद को कतई बर्दाश्त नहीं करने की नीति के तहत दो सरकारी कर्मचारियों की सेवाएं समाप्त कर दी हैं।

अधिकारियों के मुताबिक बर्खास्त कर्मचारियों में फरहत अली खंडेय और मोहम्मद शफी डार शामिल हैं। इन पर आतंकवादियों से संबंध रखने का आरोप था। दोनों कर्मचारियों की बर्खास्तगी संविधान के अनुच्छेद 311(2)(सी) के तहत की गई है और यह सरकारी तंत्र में घुसपैठ कर रहे आतंकवादियों को जड़ से उखाड़ फेंकने को लेकर जारी अभियान का हिस्सा है।

## संकट में सतर्कता : रेपो दर में कोई बदलाव नहीं

मुंबई, एजेंसी



- भारतीय रिजर्व बैंक ने 5.25 प्रतिशत पर यथावत रखा
- 2026-27 में वृद्धि दर 6.9 प्रतिशत रहने का अनुमान

भारतीय रिजर्व बैंक ने वैश्विक स्तर पर जारी अनिश्चितता के बीच महंगाई बढ़ने के जोखिम को देखते हुए बुधवार को नीतिगत दर रेपो को उम्मीद के मुताबिक 5.25 प्रतिशत पर बरकरार रखा। केंद्रीय बैंक ने इसके साथ सतर्क रुख अपनाते हुए 'देखो और इंतजार करो' की नीति का रुख अपनाया है।

चालू वित्त वर्ष 2026-27 की पहली द्विमासिक मौद्रिक नीति समीक्षा पश्चिम एशिया में 40 दिन चले युद्ध के कारण कच्चे तेल दाम में भारी तेजी के बीच तब हुई है, जब ईंधन आयात पर निर्भर भारत के लिए मुद्रास्फीतिक दबाव बढ़ा है। आरबीआई गवर्नर संजय मल्होत्रा ने मौद्रिक नीति समिति (एमपीसी) की तीन दिवसीय बैठक में लिए गए निर्णयों की जानकारी देते हुए कहा, एमपीसी ने आम सहमति से रेपो दर को 5.25 प्रतिशत पर बरकरार रखा है। इसके साथ ही मौद्रिक नीति के मामले में तटस्थ रुख भी बनाए रखा है। इसके साथ ही आरबीआई ने चालू वित्त वर्ष 2026-27 के लिए भारत की आर्थिक वृद्धि दर 6.9 प्रतिशत रहने का अनुमान लगाया है जो वित्त वर्ष 2025-26 के लिए अनुमानित 7.6 प्रतिशत से कम है।

### जस की तस रहेगी ऋणों की मासिक किस्त

रेपो वह ब्याज दर है, जिस पर वाणिज्यिक बैंक अपनी तात्कालिक जरूरतों को पूरा करने के लिए केंद्रीय बैंक से कर्ज लेते हैं। रेपो दर को यथावत रखने के फैसले से आवास, वाहन और वाणिज्यिक कर्ज की मासिक किस्त जस की तस बने रहने की संभावना है। सरकार की पिछले महीने आरबीआई के लिए नए मुद्रास्फीति लक्ष्य की घोषणा के बाद यह पहली मौद्रिक नीति समीक्षा है।

भविष्य की रूपरेखा

मुख्यमंत्री ने कृषि विज्ञान कांग्रेस-2026 का किया शुभारंभ, तकनीक व नवाचार पर दिया जोर

## कृषि को प्रोडक्शन से प्रॉस्पेरिटी तक ले जाने का समय : योगी

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार :** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने छठी उत्तर प्रदेश कृषि विज्ञान कांग्रेस-2026 का शुभारंभ करते हुए कृषि के समग्र विकास का रोडमैप प्रस्तुत किया। उन्होंने कहा कि अब समय है कि कृषि को प्रोडक्शन से प्रोडक्टिविटी, प्रॉफिटेबिलिटी और अंततः प्रॉस्पेरिटी तक ले जाया जाए, क्योंकि किसान की समृद्धि ही विकसित भारत की आधारशिला है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि उत्तर प्रदेश सीमित कृषि भूमि (11 प्रतिशत) के बावजूद देश के खाद्यान्न उत्पादन में लगभग 21 प्रतिशत योगदान दे रहा है, जो किसानों की मेहनत और नीतिगत सुधारों का परिणाम है। उन्होंने बताया कि राज्य की कृषि विकास दर आठ प्रतिशत से बढ़कर करीब 18 प्रतिशत तक पहुंची है। सीएम ने कृषि में एआई, ड्रोन, सैटेलाइट और सेंसर आधारित तकनीक के उपयोग पर जोर दिया। उन्होंने पारंपरिक 'लैब टू लैंड' मॉडल के बजाय 'लैंड इज लैब' की अवधारणा को अपनाने की बात कही। इस अवसर पर कृषि मंत्री सूर्य प्रताप शाही, राज्यमंत्री बलदेव सिंह औलख, उप्र गोसेवा आयोग के अध्यक्ष श्याम बिहारी गुप्ता, प्रमुख सचिव कृषि रविंद्र कुमार, उप्र कृषि अनुसंधान परिषद के अध्यक्ष कैप्टन (सेवानिवृत) विकास गुप्ता, इक्रीसैट हैदराबाद के महानिदेशक प्रो. हिमांशु पाठक, उपकार के महानिदेशक डॉ. संजय सिंह, भारतीय गन्ना अनुसंधान संस्थान के निदेशक डॉ. दिनेश सिंह आदि मौजूद रहे।



कार्यक्रम में दीप प्रज्ज्वलित करते मुख्यमंत्री योगी।

### गन्ना भुगतान व्यवस्था सुधरी 6-7 दिन में दिया जा रहा पैसा

योगी ने बताया कि प्रदेश में अब अधिकांश चीनी मिलें छह-सात दिनों में गन्ना भुगतान कर रही हैं और 3.15 लाख करोड़ रुपये से अधिक का भुगतान डीबीटी के माध्यम से किसानों को दिया जा चुका है। यूपी देश में एथेनॉल उत्पादन में भी अग्रणी बन चुका है।

### आत्मनिर्भर कृषि पर जोर

योगी ने कहा कि वैश्विक परिस्थितियों ने यह स्पष्ट कर दिया है कि खाद्य सुरक्षा के लिए आत्मनिर्भर कृषि आवश्यक है। स्थानीय उत्पादन, प्रसंस्करण और बाजार व्यवस्था को मजबूत करना समय की जरूरत है। उन्होंने किसानों, वैज्ञानिकों और सरकार के बीच समन्वय को मजबूत करने पर जोर देते हुए कहा कि कृषि को टिकाऊ, लाभकारी और आधुनिक बनाना ही भविष्य का मार्ग है।

अमृत विचार

कानपुर, गुरुवार, 9 अप्रैल 2026

प्रदेश

न्यूज ब्रीफ

### नवाचार और तकनीक से खाद्य सुरक्षा होगी मजबूत : केशव मौर्य

**अमृत विचार, लखनऊ :** उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने कहा कि वैज्ञानिकों के शोध, नवाचार और आधुनिक



तकनीक के समन्वय से ही खाद्य सुरक्षा मजबूत होगी और आत्मनिर्भर व विकसित भारत का मार्ग प्रशस्त होगा। उन्होंने जोर दिया कि कृषि केवल उत्पादन तक सीमित नहीं है, बल्कि भंडारण, कोल्ड चेन, प्रसंस्करण और विपणन जैसे पहलुओं पर भी गंभीरता से कार्य करना आवश्यक है। उप मुख्यमंत्री बुधवार को लखनऊ स्थित निजी विश्वविद्यालय में 'खाद्य सुरक्षा' विषय पर आयोजित चार दिवसीय अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन का उद्घाटन अवसर पर बतौर मुख्य अतिथि संबोधित कर रहे थे। उन्होंने वैज्ञानिकों से अपील की कि वे ऐसी तकनीक विकसित करें, जिससे फसलें प्राकृतिक आपदाओं से सुरक्षित रह सकें। सम्मेलन में " पाथोजेनस,प्लांट हेल्थ एंड फूड सिक्युरिटी" पुस्तक का विमोचन भी किया गया और उत्कृष्ट योगदान के लिए वैज्ञानिकों को सम्मानित किया गया। इस आयोजन में देश-विदेश के वैज्ञानिक, शोधकर्ता और विशेषज्ञ सतत कृषि, पादप स्वास्थ्य और खाद्य सुरक्षा जैसे विषयों पर मंथन कर रहे हैं।

### निर्माणाधीन कार्य समय पर पूरे करने पर जोर

**अमृत विचार, लखनऊ :** पंचायती राज एवं अल्पसंख्यक कल्याण मंत्री ओम प्रकाश राजभर ने निर्देश दिए कि



विभाग में सभी लंबित मामलों का समयबद्ध और पारदर्शी तरीके से निस्तारण किया जाए। प्रधानमंत्री जन विकास कार्यक्रम (पीएमजेवीके) के तहत चल रही परियोजनाओं की प्रगति की समीक्षा करते हुए 92 निर्माणाधीन कार्यों को गुणवत्ता के साथ तय समय में पूरा करने के निर्देश दिए। पंचायती राज एवं अल्पसंख्यक कल्याण मंत्री बुधवार को राज्य मंत्री दानिश आजाद अंसारी के साथ विभागीय अधिकारियों को लेकर समीक्षा बैठक कर रहे थे। बैठक में मदरसों की शिक्षा व्यवस्था, विभिन्न आयोगों व बोर्डों में रिक्त पदों पर नियुक्ति और शैक्षिक सत्र 2026-27 की छात्रवृत्ति योजनाओं पर विस्तार से चर्चा की गई। बैठक में विभागीय योजनाओं के स्थलीय निरीक्षण को बढ़ाने, अधिकारियों के लंबित मामलों की समीक्षा करने तथा वक्फ नियमावली और मदरसा सेवा नियमों में प्रस्तावित संशोधनों पर भी विचार-विमर्श हुआ। बैठक में प्रमुख सचिव संयुक्ता समाद्दार सहित विभाग के वरिष्ठ अधिकारी मौजूद रहे।

# उत्कृष्ट कार्य के लिए 45 कृषि वैज्ञानिक हुए सम्मानित

## मुख्यमंत्री ने कृषि वैज्ञानिक सम्मान योजना से 15 को किया सम्मानित, 30 अन्य वैज्ञानिकों, स्टार्टअप और संस्थानों को भी किया गया पुरस्कृत

राज्य ब्यूरो, लखनऊ


**अमृत विचार:** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने छठी उप्र. कृषि विज्ञान कांग्रेस-2026 के दौरान कृषि क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने वाले वैज्ञानिकों को सम्मानित किया। 'उत्तर प्रदेश कृषि वैज्ञानिक सम्मान योजना 2025-26' के तहत 15 वैज्ञानिकों को सम्मान दिया गया, जबकि 30 अन्य वैज्ञानिकों, स्टार्टअप और संस्थानों को भी को उनके उत्कृष्ट योगदान के लिए पुरस्कृत किया गया। इस दौरान उन्होंने कृषि से जुड़ी कई पुस्तकों का विमोचन भी किया।

लाइफ टाइम एचीवमेंट पुरस्कार सरदार वल्लभभाई पटेल कृषि एवं प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय, मेरठ के सब्जी विज्ञान विभाग में प्राध्यापक एवं अध्यक्ष,डॉ. सत्य प्रकाश को प्रदान किया गया। वहीं, विशिष्ट वैज्ञानिक पुरस्कार के अंतर्गत डॉ. लोकेश कुमार गंगवार, प्राध्यापक, आनुवंशिकी एवं पादप प्रजनन विभाग, सरदार वल्लभभाई पटेल कृषि एवं प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय, मेरठ; डॉ. अखिलेश चंद्र मिश्रा, प्राध्यापक, सब्जी विज्ञान विभाग, बांदा कृषि एवं प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय, बांदा; प्रो. (डॉ.) अनिल कुमार गंगवार, अध्यक्ष, पशु शल्य चिकित्सा एवं विकिरण विज्ञान विभाग, आचार्य नरेन्द्र देव कृषि एवं प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय, अयोध्या; डॉ. वैशाली, प्राध्यापक एवं अध्यक्ष, कृषि जैव प्रौद्योगिकी विभाग, सरदार वल्लभभाई पटेल कृषि एवं प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय, मेरठ तथा डॉ. कृष्ण कुमार सिंह, प्रभारी/विषय वस्तु विशेषज्ञ (पादप प्रजनन), कृषि विज्ञान केन्द्र, नगीना, बिजनौर को सम्मानित किया गया।

कृषि विज्ञान कांग्रेस

### कानपुर की श्वेता को मिला विशिष्ट महिला वैज्ञानिक पुरस्कार

डॉ.विशिष्ट महिला वैज्ञानिक पुरस्कार श्वेता, सहायक प्राध्यापक, आनुवंशिकी एवं पादप प्रजनन विभाग, चन्द्रशेखर आजाद कृषि एवं प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय, कानपुर को दिया गया।



लखनऊ : चन्द्र शेखर आजाद कृषि एवं प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय, कानपुर के आनुवंशिकी एवं पादप प्रजनन विभाग की सहायक प्राध्यापक डॉ. श्वेता को सम्मानित करते मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ, साथ में मौजूद कृषि मंत्री सूर्य प्रताप शाही व अन्य।

### पीएचडी थीसिस व संस्थानों को भी पुरस्कार

उत्कृष्ट पीएचडी थीसिस पुरस्कार के अंतर्गत डॉ. उत्कर्ष सिंह, डॉ. निमित सिंह और डॉ. संदीप कुमार, आचार्य नरेन्द्र देव कृषि एवं प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय, अयोध्या को सम्मान मिला। जबकि अन्य श्रेणी में डॉ. रमेश सिंह, थीम लीडर, आईसीआरआईसैट, हैदराबाद को लैंडस्केप रीस्टोरेशन लीडरशिप अवॉर्ड प्रदान किया गया, जबकि रानी लक्ष्मीबाई केंद्रीय कृषि विश्वविद्यालय, झांसी को उत्कृष्ट संस्थान का पुरस्कार मिला।

### स्टार्टअप और नवाचार को बढ़ावा

यूपी एग्री स्टार्टअप पुरस्कार के तहत ड्रोनटेक लैब (नोएडा), गरिमा डी-हाइड्रेटेड फूड एलएलपी (मेरठ), ग्रीनॉक्स फूड प्रा. लि. (नोएडा), श्रीदेश ऑर्गेनिक फार्म (बागपत) और वेलविद इंडिया प्रा. लि. (नोएडा) को सम्मानित किया गया। उत्कृष्टता प्रणामपत्र सुरेश कुमार गुप्ता (हापुड़) को प्रदान किया गया, जो 121 वर्ष पुरानी गोशाला का संचालन कर रहे हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि वैज्ञानिकों और नवाचारों के जरिए ही कृषि को आधुनिक, टिकाऊ और लाभकारी बनाया जा सकता है, जिससे किसानों की समृद्धि सुनिश्चित होगी।

### बाराबंकी के डॉ. रूपन समेत पांच को मिला युवा वैज्ञानिक पुरस्कार

**अमृत विचार :** युवा वैज्ञानिक पुरस्कार में डॉ. अरविंद कुमार गुप्ता, सहायक प्राध्यापक, प्राकृतिक संसाधन प्रबंधन विभाग, बांदा कृषि एवं प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय; डॉ. मनीष पांडेय, विषय वस्तु विशेषज्ञ (उद्यान विज्ञान), कृषि विज्ञान केंद्र, वाराणसी; डॉ. प्रमिला उमराव, सहायक प्राध्यापक, पशुधन उत्पाद प्रौद्योगिकी विभाग, सरदार वल्लभभाई पटेल कृषि एवं प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय, मेरठ; डॉ. विशाल चुग, सहायक प्राध्यापक, बांदा कृषि एवं प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय तथा डॉ. रूपन रघुवंशी, विषय वस्तु विशेषज्ञ (कृषि प्रसार), कृषि विज्ञान केन्द्र, बाराबंकी को सम्मानित किया गया।

# आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों-सहायिकाओं के मानदेय को दिए 1368 करोड़ रुपये

## वित्तीय वर्ष 2026-27 के लिए सरकार ने दी मंजूरी

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- समेकित बाल विकास योजना के तहत धनराशि स्वीकृत

**अमृत विचार:** प्रदेश सरकार ने बुधवार को वित्तीय वर्ष 2026-27 में आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों एवं सहायिकाओं के मानदेय भुगतान के लिए 1368.46 करोड़ रुपये की वित्तीय स्वीकृति प्रदान कर दी है। इस संबंध में बाल विकास सेवा एवं पुष्टाहार विभाग की ओर से दो शासनादेश जारी किए गए हैं।

शासनादेश के अनुसार, यह धनराशि समेकित बाल विकास परियोजना (आईसीडीएस) के अंतर्गत मानदेय मद में व्यय की जाएगी। शासन ने बाल विकास सेवा एवं पुष्टाहार निदेशक को जिम्मेदारी



दी है कि वे धनराशि के उपयोग पर कड़ी निगरानी रखें और यह सुनिश्चित करें कि पूर्व में आवंटित धन पूरी तरह खर्च होने के बाद ही नई राशि जनपदों को जारी की जाए।

इस निर्णय से प्रदेश भर की आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों एवं सहायिकाओं को समय पर मानदेय भुगतान सुनिश्चित होने की उम्मीद है।

### मुख्यमंत्री ने मानदेय बढ़ाने को किया है वादा

मुख्यमंत्री योगी ने 30 मार्च को लोकभवन में आयोजित स्मार्टफोन व नियुक्ति पत्र वितरण समारोह में आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों-सहायिकाओं को स्मार्टफोन देते हुए कहा कि जब कार्य प्रणाली स्मार्ट हो रही है, तो मानदेय भी स्मार्ट होना चाहिए और इसे जल्द सम्मानजनक बनाया जाएगा। माना जा रहा है कि कार्यकत्रियों का मानदेय 4,000 तक और सहायिकाओं का 3,000 तक बढ़ाया जा सकता है, जो अप्रैल 2026 से लागू हो सकता है। वर्तमान में, कार्यकत्रियों को कुल 8,000 और सहायिकाओं को 3,000 के आसपास मानदेय मिलता है।

### पांच आईएएस अधिकारियों के तबादले, गुंजन द्विवेदी बनीं मिशन निदेशक

**अमृत विचार, लखनऊ:** प्रदेश सरकार ने प्रशासनिक व्यवस्था को और प्रभावी बनाने के उद्देश्य से पांच आईएएस अधिकारियों के तबादले किए हैं। प्रतीक्षारत आईएएस अधिकारी गुंजन द्विवेदी को मिशन निदेशक, स्वच्छ भारत मिशन (ग्रामीण) की जिम्मेदारी सौंपी गई है। वहीं प्रतीक्षारत आईएएस अधिकारी रत्नेश सिंह को अपर निदेशक, उत्तर प्रदेश प्रशासन एवं प्रबंधन अकादमी, लखनऊ नियुक्त किया गया है।

उत्तर प्रदेश लोक सेवा आयोग, प्रयागराज में सचिव पद पर तैनात अशोक कुमार को विशेष सचिव, सिंचाई, जल संसाधन एवं परती भूमि विकास विभाग तथा कारागार प्रशासन एवं सुधार विभाग में भेजा गया है। इसी क्रम में विशेष सचिव, उच्च शिक्षा विभाग के पद पर कार्यरत गिरिजेश कुमार त्यागी को सचिव, उत्तर प्रदेश लोक सेवा आयोग, प्रयागराज बनाया गया है। वहीं विशेष सचिव, सिंचाई एवं संबंधित विभागों में कार्यरत अनीता वर्मा सिंह को विशेष सचिव, उच्च शिक्षा विभाग के साथ-साथ डॉ. राम मनोहर लोहिया विधि विश्वविद्यालय, लखनऊ का कुलसचिव नियुक्त किया गया है।

# दुग्ध उत्पादन में यूपी अव्वल 40 फीसदी की रिकॉर्ड बढ़ोतरी

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- 277 से बढ़कर 388 लाख मीट्रिक टन पहुंचा प्रदेश में उत्पादन
- देश के कुल दूध उत्पादन में यूपी की हिस्सेदारी 16 फीसदी

**अमृत विचार:** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में यूपी ने दुग्ध उत्पादन के क्षेत्र में बड़ी उपलब्धि हासिल करते हुए देश में पहला स्थान प्राप्त किया है। प्रदेश में दुग्ध उत्पादन में करीब 40 फीसदी की वृद्धि दर्ज की गई है, जिससे यूपी ने राजस्थान, गुजरात, मध्य प्रदेश और महाराष्ट्र जैसे राज्यों को पीछे छोड़ दिया है।



आंकड़ों के अनुसार, वर्ष 2016-17 में जहां प्रदेश का दुग्ध उत्पादन 277 लाख मीट्रिक टन था, वहीं 2024-25 में यह बढ़कर 388 लाख मीट्रिक टन से अधिक हो गया है। देश के कुल दुग्ध उत्पादन में पांच अग्रणी राज्यों की 54% हिस्सेदारी है, जिसमें अकेले यूपी का योगदान 16% तक पहुंच गया है। इस उपलब्धि में ग्रामीण महिलाओं की अहम भूमिका रही है। उत्तर प्रदेश राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन के तहत लाखों महिलाएं डेयरी गतिविधियों से जुड़कर आत्मनिर्भर बनी हैं। 31 जिलों में महिला समूह प्रतिदिन करीब 10 लाख लीटर दूध का संग्रहण कर रहे हैं और अब तक करीब 5000 करोड़ रुपये का कारोबार कर चुके हैं। प्रदेश में पांच प्रमुख दुग्ध उत्पादक कंपनियों के माध्यम से करीब चार लाख महिला किसान जुड़ी हैं। इनमें 'बलिनी', 'काशी', 'सामर्थ्य', 'श्री बाबा गोरखनाथ कृपा' और 'सृजन' एमपीसीएल जैसे मॉडल शामिल हैं, जिन्होंने ग्रामीण अर्थव्यवस्था को नई गति दी है। पशुपालन विभाग के अपर मुख्य सचिव मुकेश मेश्राम के अनुसार, यह वृद्धि योजनाबद्ध विकास, बेहतर प्रबंधन और जमीनी स्तर पर किए गए प्रयासों का परिणाम है।

## 5142 करोड़ रुपये से सांस्कृतिक पुनरुद्धार के साथ विकसित होगा ग्रेटर आगरा

**अमृत विचार, लखनऊ:** ताजनगरी आगरा में 'ग्रेटर आगरा' परियोजना के जरिए सांस्कृतिक विरासत और आधुनिक शहरी विकास का अनूठा संगम देखने को मिलेगा। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की 'नए शहर प्रोत्साहन' योजना के तहत करीब 450 हेक्टेयर में विकसित हो रही इस परियोजना पर लगभग 5142 करोड़ रुपये खर्च किए जाएंगे।

परियोजना की खास बात यह है कि यहां सिंधु, गंगा, यमुना से लेकर कावेरी तक 10 पवित्र नदियों के नाम पर टाउनशिप बसाई जाएंगी। इन टाउनशिप में लगभग 1.5 लाख लोगों के लिए आधुनिक आवासीय सुविधाएं विकसित होंगी, जिनमें स्कूल, अस्पताल, कमर्शियल स्पेस और अन्य जरूरी सुविधाएं शामिल होंगी। यह नया शहर नोएडा और गुरुग्राम जैसे शहरों पर बढ़ते दबाव को कम करने में भी अहम भूमिका निभाएगा। बेहतर कनेक्टिविटी के लिए इसे नेशनल हाईवे-19, यमुना एक्सप्रेसवे और इनर रिंग रोड से जोड़ा जा रहा है। परियोजना में 15 प्रतिशत क्षेत्र ग्रीन स्पेस के लिए आरक्षित रहेगा और आधुनिक इंफ्रास्ट्रक्चर के साथ इसे स्मार्ट व सस्टेनेबल शहर के रूप में विकसित किया जाएगा। पर्यटन मंत्री जयवीर सिंह के अनुसार, यह परियोजना आगरा को रोजगार, निवेश और पर्यटन के नए केंद्र के रूप में स्थापित करेगी।

## कांग्रेस पार्टी जहरीला सांप : नंदी



**अमृत विचार, लखनऊ:** असम में चुनावी रैली के दौरान कांग्रेस के वरिष्ठ नेता मल्लिकार्जुन खरगे द्वारा दिए गए बयान पर प्रदेश के औद्योगिक विकास मंत्री नंद गोपाल गुप्ता नंदी ने तीखा पलटवार किया है। सोशल मीडिया पर प्रतिक्रिया देते हुए मंत्री नंदी ने कहा कि कांग्रेस पार्टी और उसकी विचारधारा इस दुनिया का सबसे जहरीला सांप है। उन्होंने आरोप लगाया कि कांग्रेस नेतृत्व की भाषा और विचारधारा में "जहर भरा हुआ है, जो उनके बयानों में दिखाई देता है।

# चित्रकूट डिफेंस नोड में भेल को 75 हेक्टेयर जमीन का आवंटन

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार:** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने यूपी डिफेंस इंडस्ट्रियल कॉरिडोर के चित्रकूट नोड में भारत इलेक्ट्रॉनिक्स लिमिटेड को 75 हेक्टेयर भूमि का आवंटन पत्र सौंपा। यह कदम प्रदेश में रक्षा विनिर्माण को मजबूती देने और बुंदेलखंड में औद्योगिक विकास को गति देने की दिशा में अहम माना जा रहा है।



मुख्यमंत्री योगी की मौजूदगी में भेल के अध्यक्ष मनोज जैन को आवंटन पत्र सौंपते अधिकारी।

मुख्यमंत्री ने कहा कि यह परियोजना उत्तर प्रदेश को रक्षा उत्पादन के क्षेत्र में सशक्त पहचान दिलाएगी। परियोजना के तहत भेल करीब 562.5 करोड़ रुपये का निवेश कर अत्याधुनिक राडार और वायु रक्षा प्रणालियों के निर्माण की इकाई स्थापित करेगी। इससे उच्च तकनीक आधारित उत्पादन को बढ़ावा मिलेगा और प्रदेश की औद्योगिक क्षमता मजबूत होगी। परियोजना से 300 से अधिक प्रत्यक्ष रोजगार सृजित होंगे, जबकि सहायक उद्योगों के जरिए बड़े पैमाने पर अप्रत्यक्ष रोजगार भी मिलेगा।

### किसानों को जल्द मुआवजा देने के निर्देश

**अमृत विचार, लखनऊ :** मुख्य सचिव एसपी गोयल ने सभी मंडलायुक्तों और जिलाधिकारियों को असमय बारिश, ओलावृष्टि और आगजनी से रबी फसलों को हुए नुकसान पर संवेदनशीलता के साथ त्वरित कार्रवाई सुनिश्चित करने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने कहा कि प्रभावित क्षेत्रों में अधिकारी तत्काल पहुंचकर सर्वेक्षण कार्य शीघ्र पूरा कराएं, ताकि किसानों को जल्द मुआवजा मिल सके। मुख्य सचिव ने बुधवार को वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से सभी मंडलायुक्तों और जिलाधिकारियों के साथ बैठक कर कई महत्वपूर्ण निर्देश जारी किए। कहा कि किसानों को बीमा योजना के तहत 72 घंटे के भीतर आवेदन करने के प्रति जागरूक किया जाए।

# जनगणना की तैयारियां 10 तक पूरी करें : गोयल

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार:** मुख्य सचिव एसपी गोयल ने निर्देश दिए कि जनगणना 2027 के पहले चरण की सभी तैयारियां 10 अप्रैल तक हर हाल में पूरी कर ली जाएं। उन्होंने विशेष रूप से घनी शहरी, झुग्गी और अधिक गतिशील आबादी वाले क्षेत्रों में सटीक और पूर्ण गणना सुनिश्चित करने पर जोर दिया।

मुख्य सचिव बुधवार को वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए सभी मंडलायुक्तों और जिलाधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक कर रहे थे। बैठक में भारत के महारजिस्ट्रार एवं जनगणना आयुक्त मृत्युंजय कुमार नारायण भी शामिल हुए। सीएस एसपी गोयल ने राज्य में करीब 5.5 लाख प्रगणकों और पर्यवेक्षकों की जरूरत को ध्यान में रखते हुए उनका सत्यापित डिजिटल डेटाबेस 10 अप्रैल तक तैयार करने के निर्देश दिए गए हैं। साथ ही सभी कार्मिकों का प्रशिक्षण 16 अप्रैल से 7 मई के बीच अनिवार्य रूप से पूरा कराने को कहा गया है। बैठक में बताया गया कि इस बार जनगणना पूरी तरह डिजिटल माध्यम से कराई जाएगी। मकान सूचीकरण एवं गणना कार्य 22 मई से 20 जून 2026 तक होगा, जबकि जनसंख्या गणना का दूसरा चरण 9 फरवरी से 28 फरवरी 2027 के बीच संपन्न कराया जाएगा।



वीडियो कांफ्रेंसिंग के जरिये मंडलायुक्तों व जिलाधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक करते मुख्य सचिव एसपी गोयल। अमृत विचार

- मुख्य सचिव ने वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए सभी मंडलायुक्तों और जिलाधिकारियों को दिए निर्देश

### स्व-गणना का भी होगा विकल्प

मुख्य सचिव ने कहा कि आम नागरिकों के लिए स्व-गणना की सुविधा भी उपलब्ध कराई जाएगी। इसके तहत राज्य में स्व-गणना पोर्टल 7 मई से 21 मई 2026 तक खुलेगा, जहां नागरिक अपने परिवार की जानकारी स्वयं दर्ज कर सकेंगे। उन्होंने इसके लिए व्यापक जन-जागरूकता अभियान चलाने के निर्देश दिए।

# एक्स-रे टेक्नीशियन भर्ती घोटाले की फिर खुली फाइल

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार :** स्वास्थ्य विभाग में एक ही नाम पर कई लोगों के एक्स-रे टेक्नीशियन के पद पर नौकरी करने के मामले में जांच फिर तेज हो गई है। स्वास्थ्य महानिदेशक डॉ. पवन कुमार अरुण ने प्रदेश के सभी मुख्य चिकित्सा अधिकारियों और चिकित्सा इकाइयों के प्रभारियों से वर्ष 2008 और 2016 में चयनित टेक्नीशियनों का विस्तृत ब्यौरा मांगा है।

निर्देश के तहत नौ बिंदुओं पर जानकारी 9 अप्रैल, 2026 तक उपलब्ध करानी होगी। इसमें चयन सूची, नियुक्ति पत्र, सेवा पुस्तिका और आधार कार्ड की प्रमाणित प्रति सहित सभी दस्तावेज शामिल हैं।

दरअसल, पिछले वर्ष 2016 में 403 पदों पर होने वाली नियुक्तियों में एक ही नाम के कई टेक्नीशियनों के विभिन्न जिलों में कार्यरत होने का मामला सामने आया था। हाथरस समेत बलरामपुर, शामली, रामपुर, फर्रुखाबाद, रामपुर और अमरोहा में 'अर्पित सिंह' नाम के छह अलग-अलग टेक्नीशियनों के प्रमाण मिलने के बाद जांच शुरू हुई, जिसमें हाथरस के अर्पित के अलावा शेष पांच संदिग्ध कर्मचारी अवकाश पर चले गए थे। प्रथमदृष्टया गड़बड़ी पाए जाने पर शासन के निर्देश पर प्राथमिकी दर्ज कराकर जांच के निर्देश दिए गए थे।

सुस्ती उजागर | कई विभाग 50 फीसदी नहीं कर पाए खर्च, सरकार ने मांगी नई कार्ययोजना

# विकास कार्यों में बजट का एक तिहाई खर्च नहीं

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- 2.59 लाख करोड़ में से सिर्फ 67.45% खर्च, 32.55% राशि रह गई अप्रयुक्त

**अमृत विचार:** प्रदेश में पिछले वित्तीय वर्ष 2025-26 के दौरान विकास कार्यों के लिए आवंटित बजट का पूरा उपयोग नहीं हो सका। विभागों की धीमी कार्यशैली के चलते पूंजीगत व्यय (विकास कार्य) के लिए निर्धारित धनराशि का करीब एक तिहाई हिस्सा खर्च नहीं हो पाया।

आंकड़ों के अनुसार, विकास कार्यों के लिए 2.59 लाख करोड़ रुपये आवंटित किए गए थे, लेकिन केवल 1.75 लाख करोड़ रुपये ही खर्च किए जा सके, जो कुल बजट का 67.45 प्रतिशत है। यानी 32.55 प्रतिशत राशि उपयोग से बाहर रह गई। विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी, पीडब्ल्यूडी (भवन), सिंचाई निर्माण, कारागार, मत्स्य, डेयरी उद्योग और हैंडलूम जैसे विभाग अपने आवंटन का आधा बजट भी खर्च नहीं कर सके। इससे विकास कार्यों की रफ्तार प्रभावित हुई। हालांकि स्वास्थ्य (परिवार कल्याण), होमगार्ड, समाज कल्याण (दिव्यांगजन), तकनीकी शिक्षा और पर्यटन विभागों ने 90 प्रतिशत से अधिक बजट खर्च कर बेहतर प्रदर्शन किया।

### चुनाव से पहले प्रदेश सरकार सतर्क

प्रदेश में आगामी विधानसभा चुनाव को देखते हुए सरकार अब विकास कार्यों को तेजी से जमीन पर उतारने की तैयारी में है। शीर्ष स्तर पर लगातार समीक्षा बैठकों के बावजूद पिछले वर्ष लक्ष्य पूरा नहीं हो सका। अब वित्तीय वर्ष 2026-27 के लिए विभागों से अग्रिम कार्ययोजनाएं मांगी गई हैं, ताकि अप्रैल से ही योजनाओं का क्रियान्वयन तेज किया जा सके।

### वित्तीय स्थिति एक नजर में (2025-26)

- कुल बजट : 8.79 लाख करोड़
- कुल खर्च : 6.61 लाख करोड़ (75.1%)

**पूंजीगत व्यय (विकास कार्य)**

- आवंटन : 2.59 लाख करोड़
- खर्च : 1.75 लाख करोड़ (67.45%)

**राजस्व व्यय**

- आवंटन : 6.20 लाख करोड़

खर्च : 4.86 लाख करोड़ (78.36%)

# जेम पोर्टल के कार्यों की मुख्यमंत्री ने की सराहना

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- योगी ने पोर्टल पर किए गए क्रय की समीक्षा की

**अमृत विचार:** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने जेम पोर्टल पर उत्तर प्रदेश द्वारा वित्तीय वर्ष 2025-26 में किए गए क्रय एवं 26 नवंबर 2024 को जारी की गई जेम क्रय नीति की बुधवार को समीक्षा की। मुख्यमंत्री ने कहा कि भारत सरकार ने उत्तर प्रदेश की जेम क्रय नीति की सराहना की।

मुख्यमंत्री को अवगत कराया गया कि केंद्र सरकार ने इसे आदर्श नीति घोषित करते हुए अन्य प्रदेशों को भी इसी प्रकार की व्यवस्था लागू करने को कहा। इस नीति से शासकीय क्रय में शुचिता, पारदर्शिता व समावेशिता में भारी वृद्धि हुई, जिससे प्रदेश सरकार को निरंतर आर्थिक व सामाजिक लाभ भी प्राप्त हो रहे हैं।

मुख्यमंत्री ने प्रसन्नता व्यक्त की कि जेम पोर्टल पर खरीद में उत्तर प्रदेश शीर्ष पर है। वित्तीय वर्ष 2025-26 में 22,337 करोड़ की खरीद जेम पोर्टल द्वारा की गई। उत्तर प्रदेश द्वारा खरीद में सूक्ष्म एवं लघु उद्योगों का योगदान 43 प्रतिशत से बढ़कर 55 प्रतिशत हो गया है। इस बढ़ोतरी में उत्तर प्रदेश आधारित सूक्ष्म व लघु उद्योग का योगदान 82 प्रतिशत पाया गया है।

## न्यूज ब्रीफ

### जन शिकायतें सुनकर डीएम ने दिया निस्तारण का भरोसा

**कानपुर देहात।** बुधवार को जिलाधिकारी कपिल सिंह द्वारा कलेक्ट्रेट कार्यालय में जनसुनवाई की गई। उन्होंने जनसुनवाई में प्राप्त सभी प्रार्थना पत्रों को प्राथमिकता के आधार पर लेते हुए स्पष्ट निर्देश दिए कि शिकायतों का निस्तारण निर्धारित समय-सीमा के भीतर किया जाए तथा किसी भी स्तर पर अनावश्यक विलंब न हो। उन्होंने यह भी निर्देशित किया कि शिकायतकर्ताओं को उनके प्रकरण की प्रगति एवं वर्तमान स्थिति की जानकारी समय-समय पर उपलब्ध कराई जाए। जनसुनवाई को अधिक प्रभावी एवं व्यापक बनाने के उद्देश्य से जनपद स्तर के समस्त अधिकारी, उप जिलाधिकारी, खंड विकास अधिकारी एवं नगर निकायों के अधिशासी अधिकारी वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग (जूम) के माध्यम से जुड़े रहे। जिलाधिकारी ने वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से सभी अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिए कि जनसुनवाई एवं आईजीआरएस से संबंधित प्रकरणों में संवेदनशीलता के साथ कार्य करते हुए आमजन को त्वरित राहत प्रदान की जाए।

### 25 गांवों में लगेंगे फार्मर रजिस्ट्री के कैंप

**शिवली।** किसानों की फार्मर रजिस्ट्री बनाने के लिए बड़े पैमाने पर कैंप आयोजित किए जा रहे हैं। मैथा तहसील के विभिन्न गांवों में यह कैंप लगाए जाएंगे, जिनमें लेखपाल, कानूनगो के साथ-साथ अन्य अधिकारी भी मौजूद रहेंगे। एसडीएम राजकुमार पांडेय ने बुधवार को जानकारी देते हुए बताया कि गुरुवार को रामपुर शिवली, औरंगाबाद, अरशदपुर, अहिरानी, बैरी सवाई, आंट, बाराखेड़ा, बैरी दरियाव, बघवट, जैतपुर शिवली, करोम, भुजपुरा, बेहटा, भटूवामऊ, पिटरापुर, ढिकिया, शोभन, जुगराजपुर बिठूर, निहुटा, बरार, सहनीखेड़ा, त्योरियाना शिवली, कैलई खलकपुर और नेवादा देवराय समेत कुल 25 गांवों में कैंप आयोजित किए जाएंगे।

### दो घरों से चोरों ने पार किया लाखों का माल

**सिकंदरा।** सिकंदरा कस्बे के राजपुर रोड स्थित विकास नगर में अंधेरे का फायदा उठाकर एक मकान से अज्ञात चोरों ने सोने चांदी के आभूषणों के साथ करीब 11 हजार की नगदी पार कर दी। सूचना पर पहुंची थाना पुलिस के साथ फोरेंसिक टीम व डॉग स्क्वाड टीम ने जांच पड़ताल की। पीड़िता ने चोरी की घटना का पुलिस को लिखित प्रार्थना पत्र दिया। पुष्पा कटियार पत्नी स्व दिनेश बाबू कटियार ने बताया कि वह निजी काम से बीते 6 अप्रैल को कानपुर गई थी। मौसम खराब होने से वह वापस लौट नही सकी। पड़ोसी शिखा कटियार ने बुधवार को सूचना दी कि उसके घर का ताला तोड़ा गया है। यहां आकर देखा तो घर का ताला टूटा था। किराएदार अंशू कटियार का भी ताला अज्ञात चोरो ने तोड़ दिया था। सामान बिखरा पड़ा था। पुष्पा कटियार ने बताया कि सोने चांदी के आभूषण गायब थे जिनकी कीमत लगभग पौने दो लाख रूपए होगी। किराएदार अंशू कटियार ने बताया कि आभूषणों के साथ रखी करीब दस हजार रूपए की नकदी भी गायब थी। सोने के आभूषणों के साथ करीब 70 हजार रूपए होगी। थाना प्रभारी निरीक्षक जनार्दन प्रताप सिंह के साथ घटना स्थल पर डॉग स्क्वाड व फोरेंसिक टीम पहुंची और जांच पड़ताल कर साक्ष्य एकत्रित किए। पुलिस का कहना है कि शीघ्र ही घटना का खुलासा किया जाएगा।

# किडनी कांड पर बन सकती ओटीटी सीरीज

कार्यालय संवाददाता,कानपुर देहात

- सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव ने अलग-अलग मामलों को लेकर सरकार पर कसा तंज

**अमृत विचारः** समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष और यूपी के पूर्व सीएम अखिलेश यादव ने कहा कि सूबे की सरकार पंचायत चुनावों को लेकर घबराई हुई है। जनता बीजेपी के खिलाफ है। इस बात के संकेत मिलने के बाद प्रदेश सरकार पंचायत चुनावों से बचना चाहती है। पश्चिम बंगाल विधान सभा चुनावों के बारे में सपा अध्यक्ष ने कहा कि वहां 'दीदी जी' जीतेंगीं। बंगाल में चारों तरफ 'दीदी' की ही लहर है।

अखिलेश यादव बुधवार को बारा टोल प्लाजा के पास एक गेस्ट हाउस में मोहम्मद हारून की बेटी के शादी समारोह में पहुंचे थे। उन्होंने वर और वधू पक्ष के लोगों को शुभकामनाएं दीं। मोहम्मद हारून से पुराने रिश्तों के बारे में बात की। उन्होंने कहा कि 'नेता जी' इटावा से लखनऊ जाते थे तो 'पहलवान' ढाबे पर जरूर रुकते थे। अब पहलवान और उनके वालिद नहीं हैं मगर पहलवान के परिवार से रिश्ता पहले की तरह ही बरकरार है। समारोह के बीच अखिलेश यादव ने पत्रकारों से भी बात की। उन्होंने पंचायत चुनावों से लेकर पश्चिम बंगाल के विधान सभा चुनावों तक भाजपा को घेरा। सांसद रविकिशन के 'स्ट्रेस बूस्टर' वाले बयान का जिक्र करते हुए पूर्व सीएम ने कहा


शादी समारोह में आए पूर्व सीएम अखिलेश यादव ने पत्रकारों से की बात।

कि सांसद से 'स्ट्रेस' दूर करना न सिर्फ सांसद बल्कि जनता का भी खुला अपमान है।

अखिलेश ने चुटकी लेते हुए कहा कि अब तक लगता था कि वनस्पति से 'स्ट्रेस' हटाया जा रहा है। अब पता लगा कि यह काम सांसद से लिया जा रहा। कानपुर के किडनी कांड का उल्लेख करते हुए सपा प्रमुख ने कहा कि पहले कोडीन भाई फिर कालीन भाई आया। अब किडनी भाई आ गया है। इस पर ओटीटी सीरीज बनेगा। कुछ जगहों पर सवर्णों, खासकर ब्राह्मणों के उत्पीड़न को लेकर पूछे गए सवाल के जवाब में अखिलेश यादव ने कहा कि जब से शंकराचार्य का अपमान हुआ है, तब से बुद्धिजीवी समाज के लोगों ने बीजेपी को सबक सिखाने का निर्णय ले लिया है। पीडीए के लोग मिलकर न्याय दिलाएंगे।

प्रेस वार्ता पूर्व सीएम ने कहा कि सरकार बनने पर पत्रकारों के लिए संस्था बनाएंगे। जिस तरह बीबीसी संस्था है, ठीक उसी तरह की व्यवस्था हर जिले में करेंगे। ताकि पत्रकार अपमानित न हों।

## बाइक-साइकिल की टक्कर में चार लोग घायल

**कानपुर देहात।** रूरा कस्बे में बुधवार को बाइक और साइकिल की टक्कर हो गई। इसमें साइकिल सवार बुजुर्ग समेत चार लोग घायल हो गए। गैजूमऊ निवासी 60 वर्षीय गुरु पंडित साइकिल से जा रहे थे। तभी नहर की ओर से आ रही काले रंग की पल्सर बाइक ने सामने से उनकी साइकिल में जोरदार टक्कर मार दी। हादसे में साइकिल सवार बुजुर्ग समेत चार लोग बुरी तरह घायल हो गए। घायलों की पहचान सराय गढ़ेवा निवासी मोटरसाइकिल सवार राजा 20 वर्ष, अक्षय 18 वर्ष तथा पुत्तन 12 वर्ष के रूप में हुई है। हादसे के बाद सभी घायलों को एंबुलेंस की सहायता से उपचार के लिए रूरा सीएचसी में भर्ती कराया गया है।

## बच्चों को नियमित रूप से स्कूल भेजें अभिभावक

**रसूलाबादः** बुधवार को उच्च प्राथमिक विद्यालय सिहुआंभीरा में नए शैक्षणिक सत्र के शुभारंभ पर वार्षिकोत्सव एवं प्रवेश उत्सव का आयोजन किया गया। इस मौके पर नए नामांकित छात्र-छात्राओं का तिलक लगाकर व पुष्प वर्षाकर स्वागत किया गया।

मुख्य अतिथि सोनू सिंह और विशिष्ट अतिथि नागेंद्र कुमार ने दीप प्रज्वलित कर वार्षिकोत्सव का शुभारंभ किया। इस अवसर पर पिछले सत्र में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले छात्र-छात्राओं को पुरस्कार और अंक पत्र देकर सम्मानित किया गया। जिससे अन्य छात्र भी प्रेरित हो। इसके बाद स्कूल चलो अभियान के तहत गांव में रैली निकाली गई। रैली में शिक्षकों और छात्रों ने हर बच्चा स्कूल जाए का नारा बुलंद किया रैली से अभिभावकों को शत प्रतिशत नामांकन के लिए प्रेरित किया गया। वार्षिकोत्सव में छात्र छात्राओं ने गीत, नृत्य और लघु नाटकों के माध्यम से अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। प्रवेश लेने वाले नन्हे बच्चों को स्कूल बैग, पाठ्य-पुस्तकों और स्टेशनरी किट का वितरण किया गया। शिक्षकों ने शिक्षा के महत्व पर जोर देते हुए सरकार द्वारा संचालित पीएमश्री जैसी योजनाओं व विद्यालय में उपलब्ध आधुनिक सुविधाओं के बारे में ग्रामीणों को जानकारी दी। इस मौके पर इसरार खान, वसीम अहमद, मुहम्मद इरफान, सुमित कुमार, सेंसर पाल आदि मौजूद रहे।


घटना के बाद मौके पर पहुंची पुलिस व मौजूद ग्रामीण। अमृत विचार

# नव विवाहिता की मौत फंदे से लटका मिला शव

## डेढ़ माह पूर्व हुई थी शादी, मंगलपुर के खम्हैला गांव का मामला

संवाददाता, मंगलपुर

- पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर शुरू की जांच-पड़ताल

**अमृत विचार।** मंगलपुर थाना क्षेत्र के खम्हैला गांव में संदिग्ध परिस्थितियों में नवविवाहिता की मौत हो गई। उसका शव फांसी पर लटका मिला। फोरेंसिक टीम ने घटना स्थल की जांच की। सूचना पर मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लिया। शव पोस्टमार्टम को भेजा।


रंजना।

खम्हैला गांव निवासी कृष्ण कुमार उर्फ टिंकू पाल पुत्र रूपसिंह पाल की शादी रसूलाबाद थानाक्षेत्र के नकटवापुर गांव निवासी महेंद्र पाल की पुत्री 22 वर्षीय रंजना से हुई थी। यह शादी करीब डेढ़ माह पूर्व हुई थी। बताया गया कि मंगलवार रात घर के सभी लोग खाना खाकर लेट गए। वहीं रंजना भी अपने कमरे में सोने के लिए चली गई। बुधवार सुबह रंजना के न जागने पर जब घरवालों ने देखा तो उसे फंदे पर लटकता देख होश उड़ गए। इसके बाद मृतका के ससुर रूपसिंह ने पुलिस को सूचना देते हुए रंजना के मायके में घटना की जानकारी दी। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर घटना के बावत पूछताछ शुरू की। वहीं फोरेंसिक टीम ने घटनास्थल से नमूने संकलित किए।

झींझक चौकी इंचार्ज उमेश शर्मा ने बताया कि शव को कब्जे में लेकर घटना के संबंध में पूछताछ की जा रही है। इसके बाद अग्रिम कार्रवाई की जाएगी।

## मंगलपुर में शुरू हुई बुधवार की साप्ताहिक बंदी

**मंगलपुरः** कस्बे में व्यापारियों ने साप्ताहिक बंदी लागू करने का निर्णय लिया है। बुधवार को इसका असर बाजार में दिखा, जहां अधिकांश दुकानें बंद रहीं। यह फैसला व्यापार मंडल के औपचारिक गठन से पहले ही लिया गया है।

व्यापारियों का कहना है कि जिले के झींझक, रसूलाबाद और अकबरपुर जैसे अन्य बाजारों में पहले से ही साप्ताहिक बंदी की व्यवस्था लागू है। इसी तर्ज पर मंगलपुर के व्यापारियों ने मंगलवार को एक बैठक की थी। इसमें सर्वसम्मति से बुधवार को साप्ताहिक बंदी का दिन निर्धारित किया गया। बुधवार सुबह व्यापारियों ने बाजार में घूमकर दुकानदारों से दुकानें बंद रखने की अपील की। साथ ही जगह-जगह बंदी घोषणा के पोस्टर चस्पा किए।शुरुआत में कुछ दुकानें खुली थीं, लेकिन व्यापारियों ने उन्हें भी समझाकर बंद करा दिया। व्यापारियों का कहना है कि साप्ताहिक बंदी से उन्हें अपने घरेलू और अन्य आवश्यक कार्य निपटाने में सुविधा मिलेगी। उन्होंने यह भी बताया कि जल्द ही व्यापार मंडल का औपचारिक गठन किया जाएगा। हालांकि, इस बंदी का असर अन्य वर्गों पर भी पड़ा।

# ई-ऑफिस से मामलों का होगा त्वरित निस्तारण : सीडीओ

कार्यालय संवाददाता,कानपुर देहात

**अमृत विचारः** बुधवार को मुख्य विकास अधिकारी विधान जायसवाल की अध्यक्षता में विकास भवन सभागार में कक्ष में ई-ऑफिस प्रणाली के सुचारु एवं प्रभावी संचालन के संबंध में एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक में विभिन्न विभागों के जिला स्तरीय अधिकारियों एवं संबंधित कार्मिकों ने सहभागिता की।

सीडीओ ने कहा कि ई-ऑफिस प्रणाली शासन की प्राथमिकताओं में शामिल है, जिसका उद्देश्य कार्यालयीन कार्यों में पारदर्शिता, समयबद्धता, जवाबदेही तथा कार्यकुशलता बढ़ाना है। उन्होंने निर्देशित किया कि सभी विभाग अपने कार्यालयों में ई-ऑफिस का पूर्णतः अनुपालन सुनिश्चित करें तथा फाइलों का निस्तारण अधिकतम रूप से ऑनलाइन माध्यम से किया जाए। बैठक में ई-फाइल संचालन, पत्रावली के डिजिटल संधारण, समयबद्ध निस्तारण, लंबित प्रकरणों की समीक्षा तथा डिजिटल हस्ताक्षर के उपयोग पर विशेष जोर दिया गया। मुख्य विकास अधिकारी ने स्पष्ट निर्देश दिए कि ई-ऑफिस के



विकास भवन में अफसरों के साथ बैठक करते सीडीओ। अमृत विचार

- नई प्रणाली के प्रभावी संचालन के लिए हुई बैठक

प्रयोग में किसी प्रकार की शिथिलता स्वीकार नहीं होगी। सभी अधिकारी नियमित रूप से ई-ऑफिस पोर्टल का उपयोग करें और अधीनस्थ कर्मचारियों को भी इसके लिए प्रशिक्षित करें।

उन्होंने यह भी कहा कि ई-ऑफिस के माध्यम से कार्य करने से कागज की बचत, अभिलेखों की सुरक्षित उपलब्धता एवं कार्य में गति आएगी। साथ ही, इससे विभागों के मध्य समन्वय बेहतर होगा और आमजन से जुड़े प्रकरणों का त्वरित निस्तारण संभव हो सकेगा। बैठक के अंत में मुख्य विकास अधिकारी ने निर्देशित किया कि जिन विभागों में ई-ऑफिस संचालन में तकनीकी या प्रशिक्षण संबंधी समस्या है, वे तत्काल अवगत कराएं, ताकि शीघ्र समाधान कराया जा सके साथ ही समस्त विभगाध्यक्ष इस बात का विशेष ध्यान रखे कि चतुर्थ श्रेणी कमचर्चारी एवं ड्राईवर को छोड़कर समस्त कार्मिक ई-फाइलिंग संचालन अवश्य करें अन्यथा उनका वेतन आहरण किया जाना संभव नहीं होगा। इसके अतिरिक्त सभी अधिकारियों को ई-ऑफिस प्रणाली को दैनिक कार्यप्रणाली का अभिन्न हिस्सा बनाने के निर्देश दिए गए।

## मानसिक रूप से विक्षिप्त महिला को उसके परिजनों को सौंपा

संवाददाता, रसूलाबाद

**अमृत विचारः** गत 6 अप्रैल को मिशन शक्ति टीम के द्वारा थाना क्षेत्र में भ्रमण के दौरान रसूलाबाद चौराहे के पास एक महिला संदिग्धावस्था में मिली थी। उसे थाने लाकर पूंछताछ की गई और उसके द्वारा बताए गई जानकारी के आधार पर उसके पति से संपर्क किया गया। पुलिस की सूचना पर आया उसका पति और पुत्र महिला को सकुशल अपने घर ले गया। पिता पुत्र ने पुलिस का आभार जताया है।

थाना प्रभारी शिव नारायण सिंह ने बताया कि गत 4 अप्रैल को मिशन शक्ति टीम द्वारा क्षेत्र में भ्रमण के दौरान रसूलाबाद चौराहे के पास एक महिला संदिग्धावस्था में मिली थी। उक्त महिला को थाने लाकर पूंछताछ की गई तो महिला ने अपना नाम सुनीता 45 निवासी थाना पनियारा जनपद महाराजगंज की रहने वाली बताया।

इस पर थाना पनियारा महाराजगंज की पुलिस से संपर्क कर महिला के घर इसकी सूचना दी गई। सूचना पाकर बुधवार को उक्त महिला का पति मड़िया बंजारा थाना पनियारा जनपद महाराजगंज निवासी राम भरोसे व पुत्र राजकुमार थाने आए। महिला के पति ने बताया कि वह मानसिक रूप से विक्षिप्त है। इस पर पुलिस ने महिला को उसके पति व पुत्र के सुपुर्द कर दिया। अपनी पत्नी को सकुशल प्रकार उसके पति ने स्थानीय पुलिस का आभार जताया है।

# शादी का झांसा देकर महिला के साथ चार साल तक किया दुष्कर्म

संवाददाता, राजपुर

- पुलिस पर एक सप्ताह तक टरकाने का लगाया आरोप

**अमृत विचारः** सट्टी थाना क्षेत्र के डरी गांव का एक युवक शादी का झांसा देकर एक महिला से चार साल तक शारीरिक संबंध बनाता रहा। महिला ने जब शादी का दबाव बनाया तो उसने शादी से इंकार कर महिला को मारपीट कर घर से भगा दिया। एक सप्ताह पीड़ित महिला सट्टी पुलिस से न्याय की गुहार लगाती रही मगर पुलिस महिला को न्याय के नाम टरकाती रही। मामला गरम होने पर पुलिस ने युवक के विरुद्ध दुष्कर्म का मामला दर्ज किया।

मंगलपुर थाना क्षेत्र के निवासनी महिला ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि उसकी शादी पांच वर्ष पहले हो चुकी थी। उसका पति बाहर काम करता था। चार वर्ष पहले सट्टी थाना क्षेत्र के डरी गांव निवासी कमलराज पुत्र छोटे लाल निषाद से उसका प्रेम संबंध हो गया। वह शादी का झांसा देकर पीड़िता को अपने गांव डरी ले आया। चाल साल तक युवक उसके साथ शारीरिक संबंध बनाता रहा। पीड़िता ने जब शादी करने की बात कही तो उसने शादी से इंकार कर दिया। शादी के नाम पर कमलराज पीड़िता के साथ गाली गलौज कर मारपीट करता तथा बेइज्जत कर घर से भगाता।

छह माह उत्पीडन सहने के बाद पीड़िता ने पुलिस से न्याय की गुहार लगाई। पुलिस ने कार्रवाई के नाम पर युवक के विरुद्ध शांतिभंग की कार्रवाई कर मामला टाल दिया। पुलिस की कार्रवाई से असंतुष्ट रही। उसके बाद एक सप्ताह तक पुलिस पीड़िता को कार्रवाई के नाम पर टरकाती रही। मामला तूल पकड़ता देख पुलिस ने आरोपी के विरुद्ध बलात्कार का मामला दर्ज कर पीड़ित महिला को मेडिकल के लिए भेजा गया। सट्टी थानाध्यक्ष कालीचरन ने बताया कि आरोपी के विरुद्ध बलात्कार का मामला दर्ज किया गया है। महिला को पुलिस अभिरक्षा में मेडिकल के लिए भेजा गया है।

## व्यापारी कल्याण बोर्ड के चेयरमैन को बताई समस्याएं

संवाददाता, शिवली

**अमृत विचारः** उत्तर प्रदेश युवा उद्योग व्यापार मंडल के प्रदेश मंत्री मैथा के रहने वाले आशुतोष द्विवेदी ने राष्ट्रीय व्यापारी कल्याण बोर्ड के चेयरमैन सुनील सिंघी से मुलाकात कर कानपुर देहात के व्यापारियों की समस्याओं को प्रमुखता से उठाया।

प्रदेश मंत्री ने बताया कि हाल ही में जिला पंचायत कार्यालय द्वारा व्यापारियों को मनमाने ढंग से कर वसूली के नोटिस भेजे जा रहे हैं, जिससे छोटे और मध्यम व्यापारियों में भारी रोष है। अवगत कराया कि बिना किसी पूर्व सूचना के व्यापारियों को नोटिस जारी किए जा रहे है। साथ ही कर निर्धारण की प्रक्रिया में पारदर्शिता का अभाव है और बिना स्पष्ट नियमों के भारी कर राशि निर्धारित कर दी गई है, जिससे व्यापारियों पर आर्थिक बोझ बढ़ रहा है। प्रदेश मंत्री ने मांग की कि इन नोटिसों पर तत्काल प्रभाव से रोक लगाई जाए तथा उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार मंडल के प्रतिनिधियों के साथ बैठक कर निष्पक्ष और स्पष्ट कर निर्धारण प्रक्रिया सुनिश्चित की जाए। इसके अलावा, नियमों के विपरीत जारी किए गए नोटिसों को वापस लेने की भी मांग की। चेयरमैन ने प्रदेश मंत्री को आश्वासन दिया कि मामले की जांच कराकर व्यापारियों के हितों की रक्षा के लिए उचित कदम उठाए जाएंगे।

# लोडर चालक के जिम्मे अकबरपुर में एलपीजी सिलेंडरों की डिलीवरी

कार्यालय संवाददाता,कानपुर देहात

**अमृत विचारः** इजरायल-ईरान के बीच सीजफायर हो गया। रसोई गैस को लेकर मचा हल्ला भी जल्द शांत होने की बात कही जा रही है। मगर गैस एजेसियों का स्टाफ स्थिति सामान्य होने में 'विलेन' की भूमिका निभा रहा। एजेंसी से संबद्ध नहीं होने के बाद भी काफी लोग सिलेंडर डिलीवरी के काम पर लगे हैं। गैस का टोटा बताकर महंगे दामों पर सिलेंडर बेच रहे। अकबरपुर में माती रोड पर संचालित गैस एजेंसी पर आम उपभोक्ताओं की सुबह से लेकर शाम तक कतार लग रही। उपभोक्ता केवाईसी और अपनी बुकिंग स्टेटस देखने को दिन भर परेशान नजर आते हैं। 'खास' लोगों को उनके होटलों और घरों पर सिलेंडरों की डिलीवरी दी जा रही। इस काम पर लगे युवक खुद को एजेंसी का कर्मचारी बता कर मनमाने पैसे वसूल कर रहे। कई जगहों पर बिना डीएसी सिलेंडर मुहैया कराए जाने की भी जानकारी मिली है। एजेंसी से डिलीवरी को भेजे जा रहे सिलेंडर गोपाल शर्मा नामक युवक ले जा रहा। एक बार में दो से तीन दर्जन तक सिलेंडर उसे दिए जा रहे। मंगलवार और बुधवार को उसने बताया कि जिला कारागार में सिलेंडर पहुंचाने गया था। किस हैसियत से सिलेंडर डिलीवर कर रहा, यह वह नहीं बताता। एजेंसी के मालिक राजीव तिवारी ने बताया कि गोपाल शर्मा लोडर का चालक है। बताया कि एजेंसी पर करीब 21 हजार कनेक्शन हैं।

### शिकायत मिलने पर पूर्ति निरीक्षकों ने मारा छापा

- गैस एजेंसियों पर सिलेंडरों की आपूर्ति और उपभोक्ताओं से ली जा रही रीफिल फीस की शिकायतों पर बुधवार को पूर्ति निरीक्षकों की अलग-अलग टीमों ने गैस एजेंसियों का निरीक्षण किया। अकबरपुर, मैथा, शिवली, रसूलाबाद, सिकंदरा और डेरापुर सहित कई क्षेत्रों में सघन जांच की गई। पता लगा कि एजेंसियों पर ई-केवाईसी कराने, मोबाइल नंबर अपडेट करवाने और निष्क्रिय कनेक्शनों को पुनः सक्रिय कराने की भीड़ थी। पूर्ति निरीक्षकों ने पाया कि कई उपभोक्ताओं को डीएसी कोड प्राप्त नहीं हो रहा था। डीएसओ अभिषेक कुरील ने गैस एजेंसी संचालकों को निर्देश जारी कर ई-केवाईसी और डीएसी कोड संबंधी समस्याओं के लिए अलग-अलग लाइनें लगवाने को कहा। साथ ही सूचना प्रदर्शित की जाए कि किस दिनांक तक की बुकिंग वाले उपभोक्ताओं को आपूर्ति की जा रही है।

मौसम की मार

हवा और बारिश से गेंहू, चना, मटर, अरहर की फसल को भारी नुक़सान हुआ है

# आए दिन बिगड़ते मौसम ने उड़ा दी है किसानों की नींद

संवाददाता, राजपुर

**अमृत विचार।** आए दिन हो रही बेमौसम बारिश ने किसानों की चिंता बढ़ा दी है। हवा और बारिश से गेंहू, चना, मटर, अरहर की फसल को भारी नुक़सान हुआ है। खेतों पर रखे गेंहू के गट्ठर सूख न पाने के कारण फसल तक जमने लगी है। आशंका है कि मौसम ने फिर करवट ली तो किसानों की लागत भी निकलती नहीं दिख रही है। इससे किसानों के माथे पर फसल को लेकर चिंता झलक रही है।

क्षेत्र के रमऊ, भाल, गुबार, बैना, शाहजहांपुर, मदारीपुर, पचलख, बहेरी माह, बुधौली, खासबरा, कमलपुर, अफसरिया, ततारपुर सहित क्षेत्र में आए दिन तेज हवा के साथ हो रही बेमोसम बारिश ने किसानों को झझकोर कर रख दिया


आंधी के साथ हुई बारिश से गिरी गेहूं की फसल। अमृत विचार

है। हवा व बारिश से किसानों की कमर टूटती नजर आ रही है। किसानों की बोई गई गेंहू, चना, मटर, अरहर, जौ सहित सैकड़ों बीघा फसल खेतों पर खड़ी है जो बारिश के कारण गीली पड़ी है। खेतों पर रखे गेंहू के गड्डर सूख न पाने के कारण जमने लगे है। हरिपाल सिंह, धीरेंद्र सिंह, रामबाबू प्रजापति, हरिनाम कटियार, सरताज खां, कुंवर सिंह,मानसिंह,रफीक अहमद, अरशद मंसूरी, जयपाल सिंह, हरी गौतम सहित किसानों ने बताया कि बड़ी लागत और उम्मीद के साथ फसल बोई थी कि अबकी बार फसल अच्छी होगी तो कर्ज भी उतर जायेगा और परिवार चल जाएगा।

आए दिन तेज हवा के साथ हो रही बारिश से फसलें बर्बाद हो रही है। खेतों पर रखे गेंहू के गड्डर सूख ना पाने के कारण फसल जमने तक लगी है। जिससे किसानों की कमर टूटती नजर आ रही है। घर दाना न आ पाने के कारण किसानों के माथे पर चिंता की लकीरें झलक रही है। सिकंदरा एसडीएम ने बताया कि कृषि विभाग और तहसील कर्मचारी बारिश से हुए नुकसान का आकलन कर रहे है। ऐसे किसानों को चिन्हित कर सरकार से मुआवजा दिलाया जाएगा।

**बीमित किसान टोल फ्री नंबर 14447 पर करें संपर्क :** जिले में जारी लगातार बारिश और आंधी-तूफान से फसलों को क्षति पर उप निदेशक कृषि हरीशंकर भार्गव ने अवगत कराया कि प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना में गेहूं, जौ, चना, लाही-सरसों, आदि फसलों का बीमा करवाया गया है। बीमित किसान वर्षा एवं जलभराव से फसलों को नुकसान होने की दशा में फसल बीमा कंपनी एचडी एफसीई-आर्गो में 72 घंटे के अंदर टोल फ्री नंबर 14447 पर संपर्क कर फसल में हुई नुकसान की शिकायत दर्ज कराए ताकि क्षतिपूर्ति का समय से आकलन कर आपको मुआवजा दिलाया जा सके।

### बिजली गिरने से भैंस की गई जान

- **राजपुर।** नगर पंचायत राजपुर में तेज हवा व बारिश के साथ गिरी आकाशीय बिजली एक भैंस पर गिरी। इसकी चपेट में आने से भैंस की मौके पर मौत हो गयी। बुधवार को हो रही हवा के साथ तेज बारिश में आकाशीय बिजली गिर गई। इससे नगर पंचायत के मुखर्जी नगर निवासी वीना देवी पत्नी आदित्य सिंह की कीमती भैंस की मौके पर मौत हो गयी। सूचना पर राजपुर चिकित्सा प्रभारी गौरव सक्सेना ने मौके पर पहुंचकर भैस का पोस्टमार्टम किया। वीना देवी ने बताया कि उसने दो महीने पहले भैंस खरीदी थी।

# पुलिस ने 20 साइबर ठग दबोचे

## झोपड़ियों में छिपे थे ठग, पूरे आपरेशन को एडीसीपी सुमित सुधाकर रामटेके ने लीड किया

संवाददाता घाटमपुर



पुलिस की गिरफ्त में पकड़े गये साइबर ठगी के आरोपी। अमृत विचार

**अमृत विचार।** मंगलवार को पुलिस ने कार्यवाही करते हुए रेउना थाना क्षेत्र से 20 साइबर ठगों को गिरफ्तार किया है। इस पूरे आपरेशन को एडीसीपी सुमित सुधाकर रामटेके ने लीड किया।

पुलिस ने ड्रोन से निगरानी करते हुए पूरे इलाके को चारों ओर से घेर लिया। सभी घेराबंदी करते हुए खेतों में बनीं झोपड़ियों में से 20 साइबर ठगों को दबोच लिया। पुलिस ने बताया कि यहीं से ये लोग ठगी का धंधा चलाते थे। पुलिस के अनुसार, साइबर ठग देश भर में लोगों को कभी पुलिस अधिकारी बनकर तो कभी आवास योजना या बैंक लोन के नाम पर झांसा देते थे। पुलिस ने बताया कि पकड़े गए सभी ठग 5वीं, 8वीं या 11वीं पास हैं। इस पूरे आपरेशन को एडीसीपी सुमित सुधाकर रामटेके ने लीड किया। एडीसीपी सुमित सुधाकर रामटेके के अनुसार, रेउना थाना क्षेत्र साइबर ठगी के धंधे का हॉटस्पाट बन रहा था। यहां से पूरे देश में साइबर ठगी की जा रही थी। पुलिस के प्रतिबिंब पोर्टल पर रठिगांव, लक्ष्मणपुर, समाज नगर, बढ़ैला, अकबरपुर झवैया आदि गांवों में साइबर ठगी के हॉट स्पॉट के रूप में हाईलाइट हो रहा था। उन्होंने बताया कि पुलिस अफसरों ने पहले सिविल ड्रेस में पहुंचकर पूरे इलाके का जायजा लिया। वहां देखा गांव के खेतों, बगीचों में झोपड़ियां बनी हुई हैं।

सुबह युवक ग्रुप बनाकर इन झोपड़ियों में इकट्ठा होकर यहां से कॉल कर देश भर में साइबर ठगी करते थे। पुलिस को सही रिपोर्ट मिलने के बाद मंगलवार को 17 गाड़ियों से 70 पुलिसकर्मी वहां पहुंचे और रेउना को चारों ओर से घेर लिया।

पुलिस के अचानक पहुंचने पर गांव में हड़कंप मच गया। टीम ने 20 साइबर ठगों को अरेस्ट कर लिया। पुलिस ने झोपड़ियों से लैपटॉप, मोबाइल, सैकड़ों एक्टिव सिम कार्ड और अन्य इलेक्ट्रॉनिक डिवाइस जब्त किए। एडीसीपी सुमित सुधाकर रामटेके के अनुसार साइबर ठगी करने वाला एक युवक रोजाना 50 से 60 कॉल करता था। इससे 5 से 6 लोग एक व्यक्ति के झांसे में आ ही जाता था। साइबर ठग रोजाना लाखों रुपये की कमाई करते थे।

एसीपी घाटमपुर ने बताया कि छापेमारी के दौरान 15 साइबर ठग मौके से फरार हो गए। गांव के भी कई लोग पुलिस रेड की जानकारी पर फरार हैं। फरार साइबर ठगों की तलाश में छापेमारी की जा रही है।

# सखरेज गांव में जल्द शुरू होगी पीने के पानी की व्यवस्था

संवाददाता, शिवराजपुर



सखरेज गांव में पानी की समस्या को लेकर प्रेस वार्ता करते विधायक राहुल बच्चा।

- एक करोड़ 80 लाख रुपये का बजट स्वीकृत किया गया

**अमृत विचार।** सखरेज गांव में पानी की समस्या लगातार ग्रामीणों को उठानी पड़ रही थी। वहीं गांव में बनी पानी की टंकी ग्रामीणों के लिए सफेद हाथी साबित हो रही थी। लगभग 1 वर्ष से पीने के पानी की समस्या से जूझ रहे ग्रामीणों की समस्या का संज्ञान लेते हुए क्षेत्रीय विधायक राहुल बच्चा सोनकर ने बुधवार को लोक निर्माण विभाग कार्यालय में प्रेस कॉन्फ्रेंस का आयोजन किया। यहां पर उन्होंने सखरेज गांव में पानी की व्यवस्था के लिए विस्तार से बताया।

विकास खंड के सखरेज गांव में खारा पानी होने के कारण पीने के पानी की व्यवस्था सरकार द्वारा गांव में निर्मित पानी की टंकी के द्वारा की जाती थी। पानी की टंकी अपनी अवधि पूरी कर चुकी थी। इस कारण से ग्रामीणों को पीने पानी की सप्लाई बंद हो गई थी जिसके लिए ग्रामीण लगभग एक वर्ष से अपनी समस्या को शासन व प्रशासन से बता रहे थे लेकिन कोई सुन नहीं रहा था।

प्रेस कॉन्फ्रेंस में विधायक राहुल बच्चा सोनकर ने बताया कि पेयजल की समस्या से उनको अवगत कराया गया था। जल निगम के अधिकारियों को इस मामले में अवगत कराया गया था। इसके बाद विभाग से एक करोड़ 80 लाख रुपये का बजट पानी की टंकी एवं पानी सप्लाई की व्यवस्था के लिए स्वीकृत किया गया। वहीं इस मामले में उन्होंने बताया कि इस समस्या के लिए जल निगम के कर्मचारी एवं अधिकारी जिम्मेदार हैं। वहीं उन्होंने मौके पर मौजूद एक्सईएन मुकेश कुमार सिंह से दोषी कर्मचारियों के विरुद्ध कार्रवाई करने की भी बात कही है। एक्सईएन ने बताया कि लापरवाही के कारण जेई अर्पित स्वरूप का तत्काल स्थानांतरण किया जाएगा एवं पानी की समस्या का जल्द से जल्द निस्तारण किया जाएगा। इस मौके पर प्रमुख रूप से ललित बच्चा सोनकर ,प्रधान सुशील दुबे ,सखरेज पूर्व प्रधान शंकर सिंह, विनोद तिवारी, सांसद प्रतिनिधि सत्यवीर सिंह, मोहित शुक्ला, अवधेश शुक्ला अविनाश शुक्ला आदि लोग मौजूद रहे।

# ओलावृष्टि से फसल बर्बाद होने पर मांगा मुआवजा

संवाददाता, घाटमपुर

- ग्रामीणों ने उपजिलाधिकारी को ज्ञापन सौंप कर बताई अपनी व्यथा
- शासन के तहत मिलने वाली सहायता का दिया आश्वासन

**अमृत विचार।** तहसील क्षेत्र में हुई तेज बारिश और ओलावृष्टि से फसलों को भारी नुकसान हुआ है। इससे आक्रोशित किसानों ने उप जिलाधिकारी अविचल प्रताप सिंह को ज्ञापन सौंपकर मुआवजे की मांग की।

किसानों ने बताया कि असमय बारिश और ओलावृष्टि के कारण खेतों में खड़ी गेहूं की पकी फसल बर्बाद हो गई। कटाई के बाद खेतों में रखी फसल भी भीगकर खराब हो गई है। अरहर, मूंग और उड़द जैसी दलहनी फसलों का भी नुकसान हुआ है, जिससे किसानों के सामने आर्थिक संकट आ गया है। ज्ञापन के माध्यम से किसानों ने प्रशासन से जल्द सर्वे कराकर नुकसान का सही आकलन करने की मांग की। उन्होंने प्रभावित किसानों को उचित मुआवजा दिलाने और अधिकारियों से मौके पर जाकर स्थिति का जायजा लेने का आग्रह भी किया। घाटमपुर एसडीएम अविचल प्रताप सिंह ने किसानों को आश्वासन दिया कि उनकी समस्याओं को गंभीरता से लिया जाएगा। उन्होंने कहा कि सम्बन्धित विभागों को आवश्यक निर्देश दिए जाएंगे और शासन की योजनाओं के तहत प्रभावित किसानों को हर संभव सहायता प्रदान की जाएगी।

www.amritvichar.com
पर भी खबरें पढ़ें

# ककवन में 'सफेद हाथी' साबित हो रहीं पानी की टंकियां, खुली पोल

संवाददाता, बिल्हौर

- लाखों करोड़ों रुपये की लागत से बनी हैं पानी की टंकियां

**अमृत विचार।** केंद्र और राज्य सरकार की महत्वाकांक्षी 'जल जीवन मिशन' योजना, जिसका लक्ष्य 'हर घर जल' पहुंचाना है, बिल्हौर तहसील क्षेत्र में भ्रष्टाचार और विभागीय उदासीनता की भेंट चढ़ती नजर आ रही है। लाखों-करोड़ों रुपये की लागत से बनी पानी की टंकियां आज ग्रामीणों के लिए महज एक शो-पीस (सफेद हाथी) बनकर रह गई हैं। आलम यह है कि सरकारी धन तो पानी की तरह बहा दिया गया, लेकिन ग्रामीणों के हलक आज भी प्यासे हैं।

ग्रामीणों ने बताया कि सबसे अधिक चिताजनक ककवन की है। यहां पर लगभग 15 वर्ष पूर्व एक पानी की टंकी का निर्माण किया गया था, लेकिन विडंबना यह है कि निर्माण के बाद से आज तक इससे पानी की एक बूंद भी सप्लाई नहीं हुई। इतना ही नहीं, इसी क्षेत्र में दूसरी पानी की टंकी भी अधूरी हालत में खड़ी है, जो विभाग की कार्यप्रणाली पर सवालिया निशान लगा रही है।

वहीं पांडु नदी के किनारे बसे कसिंगवा गांव में जल संकट गहराया हुआ है। नदी के निकट होने के कारण यहाँ का भूजल पूरी तरह खराब हो चुका है। इसके अतिरिक्त रहीमपुर विषधन, औरताहारपुर के अलावा कई गांव ऐसे हैं जहां पर पानी की टंकी होने के बाद भी संचालन ठीक ढंग से नहीं हो रहा है।

बिल्हौर ब्लॉक और ककवन ब्लॉक के कई गांवों से भ्रष्टाचार की शिकायतें आम हैं। जहां टंकियां चालू भी हैं, वहां की स्थिति भी संतोषजनक नहीं है। आए दिन पाइपलाइन फटने और लीकेज की खबरें आती रहती हैं। पानी आने का कोई निश्चित समय नहीं है, जिससे ग्रामीणों को दैनिक कार्यों में परेशानी होती है। साथ ही करोड़ों रुपये का बजट खर्च होने के बावजूद जनता को 'एक लोटा पानी' नसीब नहीं हो रहा है।

इस पूरे प्रकरण पर जल निगम के अधिशासी अभियंता मुकेश कुमार का कहना है कि मामला संज्ञान में आया है। जिन क्षेत्रों में पानी की टंकियां बंद पड़ी हैं या पाइपलाइन में लीकेज की समस्या है, उनका बारीकी से निरीक्षण कराया जाएगा। जल्द ही तकनीकी खामियों को दूर कर जलापूर्ति सुचारू रूप से शुरू की जाएगी।

# पेयजल समस्या दूर करने के लिये धरने पर बैठीं सपा नेत्री



धरना –प्रदर्शन के लिये अपने समर्थकों के साथ जातीं सपा नेत्री रचना गौतम।

संवाददाता शिवराजपुर

**अमृत विचार।** सपा नेत्री रचना सिंह गौतम पेयजल समस्या को देखते हुए ग्रामीणों के साथ धरने पर बैठी गईं।

जानकारी पर मौके पर पहुंचे नायब तहसीलदार रंजीत सिंह ने पेयजल समस्या को लेकर पूरी बात अवगत कराई और जल्द से जल्द पेयजल समस्या को दूर करने के लिए उच्च अधिकारियों से अवगत कराने का आश्वासन दिया।

इसके बाद रचना ने एक ज्ञापन तहसील के अधिकारियों को सौंपा। साथ ही उन्होंने कहा कि अगर जल्द से जल्द समस्या का निस्तारण नही हुआ तो दोबारा धरने पर बैठेंगी। इस मौके पर कई लोग मौजूद रहे।

# हमीरपुर में बारिश से फसलों की बर्बादी, किसान परेशान

कार्यालय संवाददाता, हमीरपुर



खेत पर कटी पड़ी अरहर की फसल। अमृत विचार

**अमृत विचार।** मंगलवार शाम से शुरू बारिश का दौर बुधवार तक जारी रहा। इससे किसानों में निराशा है। खेतों में कहीं कटी गेहूं के साथ चना व अरहर की फसलें भीगने से काली पड़ने की संभावना बढ़ गई है।

बेमौसम बरसात ने किसानों को बड़ा झटका दिया है। मंगलवार की शाम को तेज हवाओं के साथ शुरू हुई बारिश का दौर रुक-रुक कर बुधवार को दोपहर तक जारी रहा। इसके बाद अभी भी आसमान में बादलों की आवाजाही का दौर जारी है। बादलों को देखकर किसान खासा सहम गए हैं। इंगोहटा निवासी किसान शुभकरण सिंह परिहार, मानसिंह भदौरिया, उदयभान यादव, अनूप श्रीवास, धीरेंद्र यादव आदि ने बताया कि बारिश के कारण खेतों में कटी पड़ी फसलों को नुकसान पहुंचा है। वहीं कस्बे के सहकारी समिति गेहूं बेचने आए किसानों का गेहूं बारिश के चलते भीग गया। इससे किसान परेशान है।

**पौथिया संवाददाता** के अनुसार लगातार रिमझिम बारिश ने किसानों की नींद उड़ा दी। मंगलवार शाम पांच बजे से आंधी पानी तेज बिजली तड़कन शुरू होते ही रात भर किसानों की नींदे उड़ी रही। ललपुरा गांव के रहने वाले किसान श्यामबाबू ने बताया खेत में कटी गेहूं फ़सल गीली हो गई अब सूखने के बाद थ्रेसरिंग होगी। पौथिया के किसान गयादीन ने बताया फसल का बीमा भी नहीं कराया है।

# सम्राट अशोक के कदमों पर चल रहा देश : स्वामी

संवाददाता, बिवांर (हमीरपुर)



संबोधित करते स्वामी प्रसाद मौर्य।

**अमृत विचार।** सम्राट अशोक की जयंती को लेकर टीहर गांव में मौर्य समाज की बैठक हुई।

विकास खंड के ग्राम टीहर में सम्राट अशोक की 2330वीं जयंती को लेकर समारोह का आयोजन महान सम्राट अशोक युवा समिति ने किया। इस रैली के मुख्य अतिथि राष्ट्रीय शोषित समाज पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष स्वामी प्रसाद मौर्य ने दीप प्रज्ज्वलित कर किया। उन्होंने कहा है कि इस समय कई देश युद्ध की बिभीषिका में जल रहे हैं। परंतु भारत देश सम्राट अशोक के कदमों में चल रहा है जो युद्ध में विश्वास नहीं रखता है। हमारे देश के राष्ट्रपति अन्य देशों में जाती हैं तो उन्हें कहा जाता है कि यह सम्राट अशोक के देश से हैं। हमारे भारत में कई महापुरुष हुए हैं। जिनमें बुद्ध, सम्राट अशोक प्रमुख हैं।

इस विशाल जयंती पर उन्होंने समाज को एकजुट होने के लिए प्रेरित किया। इस मौके पर पूर्व मंत्री बृजमोहन कुशवाहा, कार्यक्रम आयोजक जगमोहन कुशवाहा, पूर्व प्रधान शिवप्रसाद कुशवाहा, वृंदावन कुशवाह, कमलेश कुशवाहा मौजूद रहे।

### सिरसा में कंपोजिट विद्यालय में सांस्कृतिक कार्यक्रमों के साथ वार्षिकोत्सव सम्पन्न

**घाटमपुर।** बुधवार को ग्राम पंचायत सिरसा में स्थित कंपोजिट विद्यालय में वार्षिकोत्सव का आयोजन किया गया। यहां पर बच्चों ने तमाम सांस्कृतिक कार्यक्रम पेश किये। वार्षिकोत्सव कार्यक्रम में समाजसेवी सत्यम तिवारी भी मौजूद रहे। उन्होंनें बच्चों को शिक्षा से सम्बन्धित सभी प्रकार की मदद करने एवं अनाथ, गरीब बच्चों को अपने कोचिंग सेंटर में मुफ्त शिक्षा के साथ साथ मुफ्त पाठन सामग्री देने का वादा किया। साथ ही उन्होंने छात्र छात्राओं को सम्बोधित करते हुए उनसे अनुशासन, संस्कार और राष्ट्रसेवा के पथ पर निरंतर अग्रसर रहने का आह्वान किया। इस कार्यक्रम में विद्यालय की प्रधानाचार्य सविता, विद्यालय प्रबंध समिति के अध्यक्ष शैलू मिश्रा, ग्राम प्रधान आनंदीलाल विश्वकर्मा, बालकृष्ण पाण्डेय, रामनरेश यादव, रामजी तिवारी, मदन पाण्डेय, गोविन्द मिश्रा, सौरभ मिश्रा एवं समस्त ग्रामवासियों ने उपस्थित होकर बच्चों द्वारा प्रस्तुत किए गए सांस्कृतिक कार्यक्रमों को देखकर उनका उत्साहवर्धन किया।

अमृत विचार
क्लासीफाइड
विज्ञापन हेतु अमृत विचार कार्यालय में सम्पर्क करें

**सूचना**

मेरा हाई स्कूल परीक्षा वर्ष 2019 रोल नंबर 1411382 व इंटर मीडिएट परीक्षा वर्ष 2021 रोल नंबर 216163105 के अंक पत्र व प्रमाण पत्र वास्तव में कही खो गये हैं। **दीप्ती पुत्री प्रेमनारायण किशनी रोड बिधूना जनपद औरैया।**

**NOTICE**

I, Suneel Sharma, father of Siddhant Sharma (minor), resident of Braham Nagar, Bharthana, Etawah, hereby declare that my child's name has been changed from Ronak to Siddhant Sharma. His correct Date of Birth is 30/01/2010.

**सूचना**

मैं अली हुसैन पुत्र स्व. गाजी शाह निवासी ग्राम नरायच तहसील मौदहा जिला हमीरपुर उ.प्र. अपने पुत्र मोहम्मद सलाह उददीन को उसके गलत आचरण के चलते दिनांक 19.02.2026 से अपनी चल अचल सम्पत्ति से बेदखल करता हूँ। इसके द्वारा किए गए किसी भी लेनदेन से मेरा कोई सरोकार नहीं है, अपने द्वारा किए गए लेनदेन के लिए यह स्वयं जिम्मेदार होगा। **अली हुसैन पुत्र स्व. गाजीशाह निवासी ग्राम नरायच, तहसील मौदहा जिला हमीरपुर**

**सूचना**

मैं श्रीमती प्रेम कुमारी पत्नी मोहनलाल निवासी ग्राम धरमपुर पोस्ट बैकुंठपुर जनपद कानपुर नगर यह घोषणा करती हूं कि मेरे बेटे महेश चंद्र की सरकारी नौकरी की सेवा पुस्तिका में मेरी जन्म तिथि 12/8/1955 त्रुटिवश दर्ज हो गई है जबकि सही जन्मतिथि 01/01/1960 है जो आज के बाद से जानी जाएगी। अत: सेवा पुस्तिका के दस्तावेज में मेरी वास्तविक जन्म तिथि का सुधार किया जाए।

**सूचना**

मेरे आधार कार्ड में पूर्व मे नाम शोभना पुत्री सुखवीर सिंह व जन्मतिथि 1997 दर्ज है जो कि गलत है। मेरे समस्त शैक्षिक अभिलेखों में मेरा नाम शिवानी कुमारी व जन्मतिथि 23–7–1995 है जो कि सही है। मेरा नाम शिवानी कुमारी व जन्मतिथि 23–7–1995 ही पढ़ा लिखा व जाना माना जाये। **शिवानी देवी पत्नी पवनकुमार निवासी– जरयापुर –पोस्ट –तिलकपुर फॉर्म – तहसील– बिधूना –जनपद औरैया।**

**सूचना**

मेरे पेनकार्ड में नाम प्रीती (Priti) त्रुटिवश गलत दर्ज हो गया है। जब कि मेरा सही नाम प्रीती कठेरिया (Preeti Katheria) है। जो मेरे आधार कार्ड में दर्ज है। अब भविष्य में मुझे प्रीती कठेरिया (Preeti Katheria) के नाम से जाना पहचाना जाये। **प्रीती कठेरिया पत्नी समर सिंह निवासी न्यू अजीतनगर, जिला इटावा**

**सतर्कता** | आगामी त्योहारों और महत्वपूर्ण जयंतियों के मद्देनजर शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए पुलिस प्रशासन ने कसी कमर

# पुलिस ने फ्लैग मार्च कर दिया सुरक्षा और शांति का संदेश

संवाददाता, ककवन



पैदल मार्च करते पुलिसकर्मी। अमृत विचार

**अमृत विचार।** आगामी त्योहारों और महत्वपूर्ण जयंतियों के मद्देनजर क्षेत्र में शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए पुलिस प्रशासन पूरी तरह मुस्तैद नजर आ रहा है। इसी कड़ी में आज कस्बा ककवन में पुलिस और पीएसी के जवानों ने संयुक्त रूप से फ्लैग मार्च निकालकर अपनी उपस्थिति दर्ज कराई।

वरिष्ठ अधिकारियों के नेतृत्व में यह फ्लैग मार्च एसीपी बिल्हौर मंजय कुमार सिंह और थाना प्रभारी ककवन जितेंद्र राजपूत के नेतृत्व में निकाला गया। मार्च के दौरान भारी संख्या में पीएसी के सशस्त्र जवान शामिल रहे, जिनकी चहल-कदमी से पूरे कस्बे में सुरक्षा का माहौल दिखा। पुलिस का यह दल ककवन कस्बे के मुख्य बाजार से होते हुए लखनऊ-इटावा राजमार्ग पर पहुंचा। प्रशासन ने विशेष रूप से उन स्थानों पर मार्च किया जिन्हें संवेदनशील माना जाता है। मार्च का उद्देश्य असामाजिक तत्वों को सख्त चेतावनी देना और आम नागरिकों में विश्वास पैदा करना था।

त्योहारों पर शांति की अपील

14 अप्रैल को होने वाली डॉ. भीमराव अंबेडकर जयंती और आगामी अन्य पर्वों के सफल आयोजन को देखते हुए अधिकारियों ने स्थानीय लोगों से सीधा संवाद किया। अधिकारियों ने लोगों से त्योहारों को शांतिपूर्ण और आपसी सौहार्द के साथ मनाने की अपील की। वहीं एसीपी मंजय कुमार सिंह ने स्पष्ट किया कि किसी भी प्रकार की अराजकता फैलाने वालों के खिलाफ कठोर दंडात्मक कार्रवाई की जाएगी।

**पुलिस ने परखी सुरक्षा व्यवस्था: घाटमपुर।** कस्बे में बुधवार को थाना प्रभारी दिनेश सिंह बिष्ट ने पुलिस बल के साथ पैदल गश्त किया। यह गश्त कानून व्यवस्था को सुदृढ़ बनाने और सुरक्षा का वातावरण सुनिश्चित करने के उद्देश्य से की गई। पैदल गश्त के दौरान थाना प्रभारी के साथ कस्बा चौकी प्रभारी शैलेंद्र सिंह और भारी पुलिस बल मौजूद रहा। इस दौरान सार्वजनिक स्थानों, भीड़भाड़ वाले बाजारों और संवेदनशील इलाकों में सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया गया। पुलिस टीम ने कस्बे के प्रमुख चौराहा और बाजारों का भ्रमण किया। उन्होंने स्थानीय व्यापारियों और आम जनता से संवाद कर उन्हें सुरक्षा का भरोसा दिलाया। संदिग्ध व्यक्तियों और वाहनों की चेकिंग की गई ताकि किसी भी अप्रिय घटना को रोका जा सके।

## न्यूज ब्रीफ

### सियार की टक्कर से बाइक सवार गंभीर

**कुरारा,हमीरपुर।** थाना क्षेत्र के झलोखर गांव के पास कालपी–हमीरपुर हाईवे पर सियार से टक्कर में बाइक सवार गंभीर रूप से घायल हो गया। उसे सीएचसी से जिला अस्पताल रेफर कर दिया। भौली गांव निवासी महेंद्र सिंह (35) पुत्र वीरेंद्र सिंह मंगलवार रात करीब 8 बजे बाइक से कस्बा आ रहे थे। झलोखर गांव के पास कालपी हमीरपुर हाईवे पर जंगली सियार से बाइक की टक्कर होने से बाइक अनियंत्रित हो गई। हादसे में गंभीर रूप से घायल हो गया। जिसे राहगीरों की मदद से सीएचसी ले जाया गया। जहां चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार के बाद हालत नाजुक देख जिला अस्पताल रेफर किया है।

### नशीला पदार्थ पिला की थी ठेके से चोरी

**सुमेरपुर,हमीरपुर।** 6 अप्रैल को कुंडौरा गांव के देशी शराब ठेके पर गांव के दो युवकों ने एक साथी के साथ सेल्समैन को पेय पदार्थ में नशीली दवा मिलाकर बेहोश करने के बाद चोरी की थी। पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार किया है। कुंडौरा निवासी राजन सिंह ने बताया कि गांव के ललित वर्मा, अजीत वर्मा ने महोबा जनपद के खन्ना थाना क्षेत्र के बरबई निवासी रवि उर्फ बाबू के साथ मिलकर दोपहर में कोल्ड ड्रिंक में नशीला पदार्थ पिलाकर उसे पिला दिया था। बेहोश होने पर शराब बिक्री के 44000 लेकर फरार हो गए। पुलिस ने तीनों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर पूछताछ के लिए हिरासत में लिया है।

### तमंचा के साथ युवक को किया गिरफ्तार

**मौदहा,हमीरपुर।** तमंचा के साथ वीडियो वायरल होने के बाद पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर लिया। उपनिरीक्षक मनोज मिश्रा विवेचनाओं के सिलसिले में अरतरा में मौजूद थे, तभी मुखबिर से सूचना मिली कि तमंचा के साथ वीडियो वायरल करने वाला युवक अरतरा रेलवे अंडर पास में तमंचा लिए खड़ा है। पुलिस ने दबिश देकर अरतरा निवासी अतुल पुत्र अरिमर्दन को तमंचा के साथ गिरफ्तार कर लिया। तीन दिन पहले एक सांस्कृतिक कार्यक्रम में तमंचा लिए हुए वीडियो वायरल हुआ था।

### नशे में गूंगी महिला के साथ की छेड़खानी

**राठ, हमीरपुर।** कोतवाली क्षेत्र के एक गांव में नशे में धुत युवक एक गूंगी महिला के साथ छेड़छाड़ की। जब उसकी सास बचाने पहुंची तो आरोपी ने उसके साथ मारपीट कर जान से मारने की धमकी दी। पीड़ित सास ने कोतवाली में तहरीर दी है। सास ने बताया कि रविवार की शाम उसकी बहू घर में घरेलू काम कर रही थी, तभी गांव का युवक शराब पीकर उनके घर में घुस आया। उसने गूंगी महिला को जबरन पकड़कर कमरे के अंदर ले जाने का प्रयास किया। बहू के विरोध करते हुए उसने देखा तो बचाने पहुंची तो उसे भी मारापीटा। कोतवाल ने बताया कि जांच कर कार्रवाई की जा रही है।

### ससुरालियों पर फंदे पर लटकाने का आरोप

**बिवांर, हमीरपुर।** थाना क्षेत्र के लरौंद गांव निवासी गीता देवी पत्नी गोपाल प्रजापति की शादी 9 साल पहले हुई थी। पति गोपाल ससुर गुरू चरण सास भग्गो देवी जेठानी तुलसा पत्नी रामफल आए दिन मारपीट कर प्रताड़ित करते आ रहे हैं। इससे आहत महिला घर से बाहर निकाले जाने पर मायका बांधुर बुजुर्ग गांव आ गई। पति ने मां पिता से गलती मानी और अपने साथ ले गया। फसल कटाई कराकर एक दिन पहले पति ने जमकर मारपीट कर फांसी पर लटकाकर मारने की कोशिश की। शोर मचाने पर पड़ोसियों ने बीच बचाव किया। महिला शाम करीब 7 :00 बजे अपनी बहन की ससुराल सायर गांव पहुंची और पिता को बुलाया। पिता के साथ थाने पहुंची महिला ने ससुरालीजनों के खिलाफ तहरीर दी है।

### लाभार्थियों को किया गया सम्मानित

**हमीरपुर।** भाजपा शीर्ष नेतृत्व के आह्वान पर जिलाध्यक्ष शकुंतला निषाद के नेतृत्व में जनप्रतिनिधियों का गांव चलो अभियान जारी है। छानी स्वासा में मंडल अध्यक्ष योगेंद्र दीक्षित, सभासद जितेंद्र सिंह, पंकज शिवहरे ने घर–घर पहुंचकर प्रदेश सरकार की योजनाओं का लाभ प्राप्त करने वाले लाभार्थियों से मिले एवं उन्हें अंग वस्त्र पहनाकर उनका सम्मान किया। मंदिर में सफाई कर कार्यक्रम को सफल बनाया। इस कार्यक्रम में अरविंद श्रीवास्तव, आशीष द्विवेदी,सुनील आदि रहे।

**अनुराग हेल्थ केयर प्रा.लि.**
•ICU •NICU DIALYSIS
• MODULAR OT
दूरबीन विधि से आपरेशन अब कम खर्च में
सीजीएचएस, मेडीक्लेम व आयुष्मान कार्ड मान्य
117/क्यू/702, शारदा नगर, कानपुर
9889538233, 7880306999


# वंदे भारत-राजधानी से डेढ़ घंटे में प्रयागराज

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**160** किमी प्रतिघंटा की रफ्तार से होगा ट्रेनों का संचालन, अभी अधिकतम गति सीमा है 132 किमी

**अमृत विचार।** वंदे भारत और राजधानी एक्सप्रेस जल्दी ही सिर्फ डेढ़ घंटे में कानपुर से प्रयागराज का सफर पूरा करेगी। इसके बाद अन्य सुपर फास्ट ट्रेनों को उनकी अधिकतम गति पर इस ट्रैक पर दौड़ाया जा सकेगा। रेलवे के मिशन रफ्तार अभियान के अंतर्गत उत्तर मध्य रेलवे (एनसीआर) कानपुर-प्रयागराज रूट पर ट्रेनों की गति 132 किमी प्रतिघंटा से बढ़ाकर 160 किलोमीटर करने जा रहा है। रेलवे अधिकारियों का कहना है कि दीपावली से पूर्व तेज गति से ट्रेनों का संचालन शुरू कर दिया जाएगा। अभी इस रूट पर वंदे भारत और राजधानी एक्सप्रेस की गति 132 किमी प्रति घंटा है।

कानपुर-प्रयागराज ट्रैक पर ट्रेनों के सुपरफास्ट संचालन के दौरान कोई जानवर या आदमी न आने पाए, इसके लिए पटरियों के दोनों तरफ दीवार और क्रैश बीम बैरियर के साथ लोहे के तार का घेरा लगाया गया है। यह काम लगभग पूरा होने वाला है। इसके साथ ही 160 की गति के लिए अनिवार्य कवच सिस्टम लगाने का काम भी सूबेदारगंज से कानपुर के बीच 190 किलोमीटर के हिस्से में पूरा किया जा चुका है। अब सिर्फ सूबेदारगंज से प्रयागराज जंक्शन तक करीब 10 किमी हिस्से पर कवच का काम किया जाना है। तेज रफ्तार के दौरान ट्रेन को कंपन से बचाने के लिए ट्रैक पर भारी पटरियां लगा दी गई हैं, कंक्रीट स्लीपरों के बीच की दूरी भी कम की गई है। इसके साथ ही पटरियों के नीचे गिट्टी की गहराई में करीब 350 एमएम की कुशनिंग की गई है। पटरियों के जोड़ों को खत्म करके उन्हें लांग वेल्डेड रेल में बदला गया है। पटरियों के प्वाइंट्स और क्रासिंग पर थिक वेब स्विच लगाए गए हैं। ओवरहेड इक्विपमेंट को भी हाई टेक किया गया है।



स्टेशन पर यात्रियों की भीड़। अमृत विचार

# धर्मांतरण के आरोप में भाई-बहन गिरफ्तार

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

- काकादेव में नाबालिग किशोरी को भगाकर धर्म बदलने का आरोप

**अमृत विचार।** काकादेव में किशोरी घर से लापता हो गई। पिता ने दूसरे समुदाय के युवक पर बेटी का अपहरण कर धर्म परिवर्तन करने की आशंका जताई। पिता की शिकायत पर पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर किशोरी को सकुशल बरामद कर लिया। वहीं आरोपी भाई-बहन को जेल भेजा गया है। शास्त्री नगर निवासी पिता के अनुसार 25 मार्च को उनकी नाबालिग बेटी काम की बात कहकर घर से निकली थी। काफी समय बीतने पर जब घर नहीं आई तो उसकी तलाश की, लेकिन कुछ पता नहीं लगा। जानकारी पर पता चला कि बेटी को बाबूपुरवा के बेगमपुरवा निवासी मो. शाहिद ले गया है। उसकी बहन खुशनुमा भी शामिल है। पीड़ित पिता ने भाई-बहन पर बेटी का धर्म-परिवर्तन करने की आशंका जाहिर की। काकादेव थाना प्रभारी राजेश कुमार शर्मा ने बताया कि आरोपी भाई-बहन को गिरफ्तार कर जेल भेजा गया है। पूछताछ में सामने आया है कि महिला किशोरी का धर्म-परिवर्तन कर अपने भाई से शादी कराने की फिराक में थी।

## सिटी ब्रीफ

### राष्ट्रीय राजमार्ग पर बैरियर लगाये गये

**कानपुर।** बुधवार को एडीसीपी ट्रैफिक कपिल देव सिंह ने सुगम, सुरक्षित व सुव्यवस्थित के लिए वीआईपी ड्यूटी पर तैनात अधिकारियों-कर्मियों को व कर्मचारियों को ब्रीफ किया। टीआई साउथ समीर जावेद भी मौजूद रहे। कानपुर नगर में स्थित राजमार्ग-34 (एनएच-34) पर सड़क दुर्घटनाओं में कमी लाने के लिए बनाई गई कार्य योजना के तहत एनएच-34 पर 8 स्थानों पर बैरियर स्थापित करते हुए ड्यूटी लगायी गयी। प्रत्येक 20 किलोमीटर पर इंटरसेप्टर मोबाइल से 84 ट्रक, 04 बस व 74 चार पहिया/दो पहिया कुल 166 वाहनों का ओवरस्पीड पर चालान हुआ।

### महिला सिपाही के पिता ने फंदा लगा दी जान

**कानपुर।** बर्रा में शराब के लिए रुपये न मिलने पर महिला सिपाही के पिता ने फंदा लगाकर जान दे दी। मृतक ने पत्नी से रुपये मांगे थे। सूचना पाकर पहुंची पुलिस ने फोरेंसिक जांच की। ईडब्ल्यूएस बर्रा दो निवासी 60 वर्षीय राजेंद्र कुमार अवस्थी घर पर ही रहते थे। परिवार में पत्नी रेखा और तीन शादीशुदा बेटियां अंकिता, अन्नू और दिव्या हैं। दिव्या सिपाही पद पर लखनऊ के मोहनलालगंज में तैनात हैं। पत्नी रेखा ने बताया कि बेटियों की मदद से ही घर का खर्च चलता है। बुधवार शाम को पति शराब के लिए रुपये मांग रहे थे। उन्होंने रुपये देने से इंकार कर दिया और घर के बाहर आकर बैठ गईं।कुछ देर बाद अंदर पहुंची तो कमरे का दरवाजा उड़खा हुआ था। उन्होंने दरवाजा खोला साड़ी के सहारे पति का शव पंखे से लटक रहा था। उनके शोर मचाने पर आसपड़ोस वाले पहुंचे। बर्रा थानाप्रभारी ने बताया कि शराब के रुपये न मिलने पर वृद्ध के जान देने की बात सामने आई है।

# लाल बंगला से सनिगवां तक मार्ग बनेगा फोरलेन

## हटेंगे किनारे से बिजली के पोल , इसी हफ्ते शुरू हो जाएगा काम

कार्यालय संवाददाता, कानपुर



**21.51** करोड़ रुपये से डिवाइडर बनाकर चौड़ी की जाएगी सड़क

**अमृत विचार।** लाल बंगला से सनिगवां के बीच अभी जर्जर सड़क के कारण वाहन सवारों को बड़ी दिक्कत उठानी पड़ती है। अब इस मार्ग पर आवागमन सुगम बनाने और लोगों को यातायात जाम से राहत दिलाने के लिए लोक निर्माण विभाग सड़क चौड़ीकरण करके फोरलेन मार्ग का निर्माण कार्य शुरू करने जा रहा है। पूरी परियोजना पर 21.51 करोड़ रुपये खर्च किए जाएंगे। मार्ग के बीच में डिवाइडर बनाकर दोनों तरफ सड़क की चौड़ाई 7-7 मीटर की जाएगी। इस काम के लिए अभी सड़क किनारे स्थित बिजली के पोल जल्दी ही हटाए जाएंगे।

> रामादेवी के समीप गुरु हरराय एकेडमी से सनिगवां तक फोरलेन सड़क निर्माण का कार्य शुरू करने की तैयारी पूरी कर ली गई है। दो-तीन दिन में काम शुरू कर दिया जाएगा। सड़क के बीच में डिवाइडर बनाकर वाहन सवारों को सुगम यातायात की सुविधा उपलब्ध कराई जाएगी।
> -अनूप कुमार मिश्रा, अधिशासी अभियंता, लोक निर्माण विभाग।

लाल बंगला-सनिगवां मार्ग तीन किलोमीटर लंबा है। इस मार्ग पर आबादी बढ़ने के साथ वाहनों का दबाव लगातार बढ़ता जा रहा है, लेकिन सड़क पूरी तरह टूट चुकी है। इसके बावजूद सड़क का निर्माण नहीं किए जाने से स्थानीय लोगों में रोष व्याप्त था। मार्ग पर बड़े-बड़े गड्ढों, धूल और जलभराव की समस्या के कारण अक्सर दुर्घटनाएं होती थीं। इसी रोड पर स्थित गुरु हरराय एकेडमी स्कूल में पढ़ने के लिए आने-जाने वाले बच्चों को जर्जर सड़क के कारण भारी परेशानी उठानी पड़ती है। इस मार्ग को फोरलेन बनाने के लिए लोक निर्माण विभाग ने 11 फरवरी को टेंडर आमंत्रित कर 17 फरवरी को खोले थे।

टेंडर में फोरलेन सड़क निर्माण के साथ निर्माण एजेंसी को पांच साल तक मेंटेनेंस करने का दायित्व भी सौंपा गया है। एक साल के भीतर निर्माण कार्य पूरा करने का लक्ष्य रखा गया है।

# मंगल पांडेय को अर्पित की पुष्पांजलि

**कानपुर।** चंद्रशेखर आजाद जन कल्याण समिति ने बुधवार को प्रथम क्रांतिकारी मंगल पांडे के बलिदान दिवस पर नाना राव पार्क स्थित उनकी प्रतिमा स्थल पर पुष्पांजलि अर्पित की।

प्रतिमा का गंगाजल से अभिषेक कर माल्यार्पण किया गया। समिति के संस्थापक राष्ट्रीय अध्यक्ष सर्वेश कुमार पांडे (निन्नी) ने कहा कि मंगल पांडे ने अपनी वीरता से देश की आजादी के अभियान में क्रांति की मशाल प्रज्वलित की। उन्होंने आह्वान किया कि सभी सामाजिक बुराइयों को जड़ से समाप्त कर एक मजबूत और कुशल भारत के उनके सपनों को साकार करें, यही उन्हें सच्ची श्रद्धांजलि होगी। हमें अपने देश के नायकों को भूलना नहीं चाहिए। उनका त्याग और बलिदान हमेशा याद रखना चाहिए। इस दौरान प्रचार मंत्री संदीप साहू, अनिल त्रिपाठी, हर्षित शुक्ला, विकास दुबे, दीपू पांडे, विकास मल्होत्रा, उमेश शुक्ला, भारतेंदु पुरी, दिलीप, बीडी जायसवाल, प्रभाकर, दीनानाथ दुबे, कौशल रस्तोगी, वेदांत पांडे व माजिद इरशाद आदि रहे।

# स्वस्थ जीवनशैली अपनाने के लिए लोगों को किया जागरूक

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** जीएसवीएम कैंपस स्थित कॉलेज ऑफ नर्सिंग ने विश्व स्वास्थ्य दिवस पर दो अप्रैल से आठ अप्रैल तक कॉलेज परिसर, कल्यानपुर स्वास्थ्य केंद्र व बुधवार को जीएसवीएम मेडिकल कॉलेज परिसर व पीजीआई में स्वास्थ्य जागरूकता के लिए कार्यक्रमों का आयोजन किया। जिसका उद्देश्य लोगों को स्वस्थ जीवनशैली अपनाने और रोगों की रोकथाम के प्रति जागरूक करना रहा। ताकि वह बीमारियों की गिरफ्त में न आ सके।

जीएसवीएसएस पीजीआई व जीएसवीएम मेडिकल कॉलेज कैंपस में जिंदगी चुने थीम पर कॉलेज ऑफ नर्सिंग की छात्राओं ने फ्लैश मॉब का आयोजन किया, जिसका उद्देश्य तंबाकू के दुरुपयोग के प्रति जागरूकता फैलाना रहा। पीजीआई के नोडल डॉ.मनीष सिंह ने कहा कि बिगड़ी जीवनशैली में सुधार कर स्वस्थ जीवन जिया जा सकता है। कॉलेज ऑफ नर्सिंग के प्राचार्य प्रो.सुभाष शर्मा ने निवारक स्वास्थ्य सेवाओं, सामुदायिक सहभागिता और युवाओं की भूमिका को रेखांकित करते हुए स्वस्थ जीवनशैली अपनाने का संदेश दिया। बताया कि विश्व स्वास्थ्य दिवस के तहत दो अप्रैल को पोषण और एनीमिया की रोकथाम विषय पर एक सामुदायिक सार्वजनिक व्याख्यान आयोजित किया गया था। इसमें आरएचटीसी जीएसवीएम की विशेषज्ञ डॉ. रश्मि भूषण, यूपीएचसी कल्याणपुर की एमओआईसी डॉ. सुनीता सेठ व प्रोफेसर नमिता बत्रा ने अपने विचार साझा किए। चार अप्रैल को सीएचसी कल्याणपुर में मातृ देखभाल पर आयोजित कार्यक्रम में प्रसव-पूर्व देखभाल व प्रसव-पश्चात देखभाल पर जोर दिया गया। छह अप्रैल को ज्ञान के माध्यम से स्वस्थ समुदाय विषय पर पोस्टर प्रतियोगिता आयोजित की गई, जिसमें 14 प्रतिभागियों ने भाग लिया। इसमे श्रुति पटेल प्रथम, वैष्णवी द्वितीय व आकांक्षा ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। सात अप्रैल को विश्व स्वास्थ्य दिवस पर बीमारी और सार्वजनिक स्वास्थ्य चिंता विषय पर क्विज प्रतियोगिता हुई, जिसमे पांच टीमों ने भाग लिया। इसमे प्रथम स्थान वाइटल वाइब्स, द्वितीय केयर चैंपियंस को मिला।



प्राचार्य प्रो .सुभाष शर्मा के साथ मौजूद डॉक्टर व छात्राएं। अमृत विचार



बड़ा चौराहा पर लगा भीषण जाम। अमृत विचार

# यूपीकैटेट-2026 के लिए आवेदन शुरू

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

- 10 और 11 जून को होगी प्रवेश परीक्षा, प्रदेश के प्रमुख कृषि विश्वविद्यालयों में मिलेगा दाखिला

**अमृत विचार।** उत्तर प्रदेश संयुक्त कृषि एवं प्रौद्योगिक प्रवेश परीक्षा (यूपीकैटेट-2026) के लिए ऑनलाइन आवेदन प्रक्रिया शुरू हो गई है। चंद्रशेखर आजाद कृषि एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय, कानपुर की कुलसचिव रेनू सिंह ने बताया कि शैक्षणिक सत्र 2026-27 के लिए अभ्यर्थी 30 अप्रैल तक आवेदन कर सकते हैं।

उन्होंने बताया कि इस संयुक्त प्रवेश परीक्षा के माध्यम से प्रदेश के प्रमुख कृषि विश्वविद्यालयों—चंद्रशेखर आजाद कृषि एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय कानपुर, आचार्य नरेंद्र देव कृषि एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय अयोध्या, सरदार वल्लभभाई पटेल कृषि एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय मेरठ, बांदा कृषि एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय तथा महात्मा बुद्ध कृषि एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय कुशीनगर—में संचालित स्नातक, परास्नातक और पीएचडी पाठ्यक्रमों में प्रवेश दिया जाएगा।

रेनू सिंह ने बताया प्रवेश परीक्षा 10 व 11 जून को प्रस्तावित है। परीक्षा के लिए कानपुर, लखनऊ, मेरठ, अयोध्या, वाराणसी, झांसी, बरेली, गोरखपुर और बांदा सहित विभिन्न शहरों में परीक्षा केंद्र बनाए जाएंगे, ताकि दूर-दराज के अभ्यर्थियों को सुविधा मिल सके। विश्वविद्यालय के मीडिया प्रभारी डॉ. खलील खान ने बताया कि कृषि क्षेत्र में आधुनिक तकनीक और नवाचार के कारण करियर की संभावनाएं तेजी से बढ़ रही हैं, जिससे इस वर्ष अधिक आवेदन आने की संभावना है। उन्होंने अभ्यर्थियों को समय रहते आवेदन पूरा करने और वेबसाइट पर जारी दिशा-निर्देशों का सावधानीपूर्वक पालन करने की सलाह दी है। आवेदन प्रक्रिया पूरी तरह ऑनलाइन और पारदर्शी रखी गई है।

# मुंबई फ्लाइट बंद, दिल्ली कानपुर-मुंबई उड़ान शुरू

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** कानपुर एयरपोर्ट से इंडिगो एयरलाइंस ने मुंबई की फ्लाइट कैंसिल कर दी है। अभी तक डेली मुंबई से कानपुर के लिए फ्लाइट आती थी और दिल्ली की फ्लाइट भी डेली आती थी लेकिन अब मात्र एक ही फ्लाइट चलेगी।

कानपुर से इंडिगो एयरलाइंस की फ्लाइट उड़ान भरती हैं। एक फ्लाइट मुंबई से कानपुर और दूसरी कानपुर से दिल्ली के लिए डेली चलती है जबकि सप्ताह में तीन दिन हैदराबाद और तीन दिन बेंगलुरु के लिए फ्लाइट है। पिछले कुछ दिनों से कानपुर के यात्रियों में भारी कमी देखी जा रही है इंडिगो एयरलाइंस ने मुंबई की फ्लाइट कैंसिल कर दी है। अब दिल्ली की फ्लाइट कानपुर आएगी और कानपुर से मुंबई जाएगी। इसी प्रकार मुंबई से कानपुर विमान आएगा और फिर कानपुर से दिल्ली जाएगा।कानपुर एयरपोर्ट के निदेशक प्रदीप यादव का कहना है कि नवी मुंबई के लिए फ्लाइट की शिड्यूल तय किया जा रहा है, इसलिए मुंबई की फ्लाइट बंद हो गई है और दिल्ली-कानपुर-मुंबई रूट तय किया गया है। उनका कहना है कि हैदराबाद और बेंगलुरु की फ्लाइट चलती रहेगी।

# ई-रिक्शे मौत बनकर सड़कों पर दौड़ रहे, अव्यवस्था से लगा भीषण जाम

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

- बड़ा चौराहा समेत शहर के कई चौराहों पर यातायात व्यवस्था चौपट
- न तो क्यूआर कोड जारी हुआ, न ई रिक्शों के मार्ग निर्धारित हुए

**अमृत विचार।** ट्रैफिक पुलिस की खराब व्यवस्था के चलते शहर के व्यस्तम चौराहे भी जाम में जकड़ रहे हैं। ई रिक्शों की अराजकता भी कम नहीं हो रही है, अब ई रिक्शे मौत बनकर शहर में दौड़ रहे हैं। बुधवार को सपा मुखिया अखिलेश यादव ने भी कानपुर के ट्रैफिक पर तंज कसते हुए कहा था कि कानपुर को जामपुर बना दिया गया है।

बुधवार को ई रिक्शों के उलटे सीधे गलत दिशा में आने से बड़ा चौराहा पर भीषण जाम लगा। इसी प्रकार मूलगंज चौराहा से घंटाघर, मूलगंज चौराहा से लाटूश रोड होते हुए रुपम चौराहा, खड़खड़ा वाले चौराहा से तलाक महल, रहमानी मार्केट, नाला रोड, अजमेरी चौराहा, मोहम्मद अली पार्क, पी रोड, बजरिया समेत शहर के विभिन्न क्षेत्रों में भीषण जाम लगा रहा जिसमें हजारों की संख्या वाहन जाम में फंसे रहे। बजरिया से हर्ष नगर होते हुए हैलट हास्पिटल की ओर आने वाला मुख्य मार्ग भी जाम में जकड़ा रहा।


शहर में ई रिक्शे राहगीरों को अब मौत की नींद सुलाने लगे हैं। मंगलवार को देर शाम नशे की हालत में एक ई रिक्शा चालक ने नवजात बेटे को लेकर ननद के साथ दवा लेने जा रही महिला को टक्कर मार दी जिससे तीनों घायल हो गये। ई रिकशा चालक भागने के चक्कर में मासूम को कुचल दिया जिससे उसकी मौत हो गयी। गौरतलब है कि ई रिक्शों की अराजकता पर लगाम लगाने के लिए यातायात पुलिस ने इनके रुट तय करने का काम शुरु किया लेकिन ये काम पिछले एक साल से परवान नहीं चढ़ा है।

**बाजार** | अमेरिका-ईरान युद्ध में सीज फायर की खबर से झूमा शेयर बाजार, पांच साल बाद निफ्टी की एकदिन में सबसे बड़ी तेजी

# शहर के निवेशकों की झोली में आए 4500 करोड़

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** अमेरिका-ईरान युद्ध में सीज फायर की खबर आते ही शेयर बाजार का जोश हाई हो गया। बुधवार को सेंसेक्स 2946 अंक तो निफ़्टी 874 अंक उछल गया। दुनिया भर के शेयर बाजारों में आई तेजी का असर भारतीय शेयर बाजार पर भी दिखा। निवेशकों का झुकाव नयी खरीदारी की तरफ बढ़ गया। स्थानीय निवेशकों का झुकाव बड़े और मजबूत (हैवीवेट) शेयरों की ओर ज्यादा देखा गया। बाजार में आई चौतरफा तेजी का असर स्थानीय निवेशकों के पोर्टफोलियो पर साफ दिखाई दिया। शहर के निवेशकों के पोर्टफोलियो में करीब 4500 करोड़ रुपये की बढ़ोतरी का अनुमान लगाया गया।



- बुधवार को सेंसेक्स 2946 और निफ्टी 874 अंक उछल गया,बाजार में चौतरफा तेजी



> जब तक अमेरिका-ईरान संकट का स्थायी समाधान नहीं निकलता, शेयर बाजार में लगातार तेजी जारी रहने को लेकर संशय बना रहेगा। ऐसे में नए निवेश को लेकर फैसला लेते वक्त आने वाले चुनातियों को भी ध्यान में रखना चाहिए। एकमुश्त के बजाय चरणबद्ध निवेश ज्यादा संतुलित और कारगर हो सकता है। मजबूत और गुणवत्ता वाले शेयरों पर फोकस करना चाहिए।
> -राजीव सिंह, वित्तीय सलाहकार, विशेषज्ञ-शेयर बाजार

### सोना-चांदी की कीमतों में भी उछाल

सीज फायर के बाद सोना-चांदी की कीमतों में भी उछाल आया। सिल्वर एक्सचेंज ट्रेडेड फंड्स (ईटीएफ) की कीमतों में करीब 5 फीसदी की बढ़ोतरी दर्ज की गई। गोल्ड ईटीएफ में भी जमकर निवेश हुआ। इसकी वजह युद्ध विराम के बाद कच्चे तेल की कीमतों में गिरावट आने से महंगाई को लेकर डर थोड़ा कम होना रहा। सोने के भाव 3400 रुपये प्रति 10 ग्राम तो चांदी की कीमत में 10,800 रुपये की वृद्धि दर्ज की गई।

आम धारणा है कि बाजार में तेजी का सबसे पहले और सबसे ज्यादा फायदा मजबूत शेयरों को मिलता है। युद्ध के कारण हुई गिरावट की वजह से कई अच्छे शेयर्स काफी आकर्षक रेट पर ट्रेड कर रहे हैं। इसके अलावा मिड और स्मॉलकैप शेयरों में भी शानदार तेजी देखने को मिली। बुधवार को ही रिजर्व बैंक ने अपनी मौद्रिक नीति का एलान किया जिसमें ब्याज दरों को अपरिवर्तित रखा गया। रिजर्व बैंक के इस रुख ने बाजार की तेजी को बढ़ाने में और योगदान किया। बैंक निफ़्टी में 5 प्रतिशत से ज्यादा की तेजी देखने को मिली। अब आने वाले समय में कंपनियों की चौथी तिमाही के नतीजे साफ करेंगे कि युद्ध का असल असर कारोबार पर कितना पड़ा है।


www.amritvichar.com पर भी खबरें पढ़ें

## सिटी ब्रीफ

### नौकरी के नाम पर ठगी करने वाला दबोचा

**कानपुर।** जाजमऊ पुलिस ने रूस में 70 हजार रुपये में नौकरी लगवाने का झांसा देकर 2.38 लाख की ठगी करने वाले शातिर को गिरफ्तार कर लिया है। पीड़ित ने मुंबई में बंधक बनाकर प्रताड़ित करने का भी आरोप लगाया था। तिवारीपुर के प्रवीण कुमार ने बताया कि 2024 में उनकी मुलाकात इलाके के अबरार अहमद से हुई थी। अबरार ने उसे रशिया में 70 हजार रुपये महीना वेतन पर नौकरी लगवाने का झांसा दिया था। आरोपी ने झांसा देकर कई किस्तों में उससे 2.38 लाख रुपये लिए। इतना ही नहीं, आरोपी ने कचहरी में एक नोटरी एग्रीमेंट करवाया। जिससे पीड़ित को शक न हो। 2025 में वीजा और फ्लाइट के बहाने मुंबई ले गया। वहां एक कमरे में रखकर एक लाख रुपये खर्च करवा लिए। पैसे खत्म होने पर मारपीट की। प्रवीण कुमार ने बताया कि जैसे ही उसे भागने का मौका मिला वह सीधा कानपुर आ गया। थाना प्रभारी संजय पांडेय ने बताया कि मोतीनगर स्थित बुरादा मैदान से आरोपी अबरार अहमद को गिरफ्तार कर जेल भेजा गया है।

### मां-बेटी से मारपीट कर की छेड़खानी

**कानपुर।** बजरिया में नशेबाजी का विरोध करने पर दबंगों ने मां-बेटी से मारपीट कर छेड़छाड़ की। शोर-शराबा सुन इलाकाई लोगों के आने पर आरोपी धमकी देकर भाग निकले। पीड़िता ने थाने में शिकायत कर रिपोर्ट कराई है। बजरिया चपरासी एरिया निवासी महिला के अनुसार मंगलवार रात इलाके का तुषार भारद्वाज, शुभम द्विवेदी उर्फ नंदू और कुनाल घर के बाहर नशेबाजी कर उपद्रव मचा रहे थे। विरोध पर आरोपी ने गाली-गलौज कर मारपीट की।

### काम-धंधा न चलने पर दे दी जान

**कानपुर।** बर्रा में काम-धंधा न चलने पर अवसादग्रस्त युवक ने फंदे से लटककर सुसाइड कर लिया। मंगलपुर निवासी राम शंकर गुप्ता का 33 वर्षीय बेटा वरूण नयागंज में गल्ला की दलाली करता था। परिवार में पत्नी संध्या, एक बेटा कार्तिक है। परिजनों ने बताया कि इस समय काम मंदा चल रहा था। जिससे आर्थिक कमजोरी के कारण वरूण तनाव में रह रहा था। मंगलवार शाम पांच बजे उसने कमरे में फांसी लगा ली। जब परिजन कमरे में गए तो शव लटका देखकर सन्न रह गए।

# ओपीडी पहुंचने वाले सभी बुखार के मरीजों की मलेरिया जांच

## संक्रमित मिलने पर गाइडलाइन के तहत 14 दिन का पूरा कराया जाएगा कोर्स

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

- बिधनू ब्लाक में मलेरिया विभाग की टीम ने जनजागरुकता कार्यक्रम किया
- सभी गांवों में विशेष स्वच्छता अभियान संचालित करने के निर्देश दिए गए

**अमृत विचार।** जिले में संचालित विशेष संचारी रोग नियंत्रण व दस्तक अभियान और वेक्टर जनित रोगों की रोकथाम के तहत बुधवार को जिला मलेरिया अधिकारी अरुण कुमार सिंह टीम के साथ बिधनू ब्लाक पहुंचे, यहां पर उन्होंने वरिष्ठ मलेरिया निरीक्षक प्रशांत कुमार वर्मा और पाथ के रीजनल कोऑर्डिनेटर डॉ.शिवकांत टीम के साथ क्षेत्र में निरीक्षण व जनजागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया।

स्वास्थ्य विभाग की टीम ने सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बिधनू का निरीक्षण करते हुए लैब व डेंगू वार्ड में व्यवस्थाओं का जायजा लिया। लैब टेक्नीशियन को निर्देश दिया गया कि ओपीडी में आने वाले सभी बुखार के मरीजों की अनिवार्य रूप से मलेरिया जांच कराई जाए। संक्रमित पाए जाने पर गाइडलाइन के तहत तत्काल उपचार सुनिश्चित करते हुए 14 दिन का पूरा कोर्स


जानकारी लेते जिला मलेरिया अधिकारी अरुण कुमार सिंह।

कराया जाए। वहीं, टीम ने खेरसा ग्राम में घर-घर जाकर लोगों को संचारी व वेक्टर जनित रोगों के प्रति जागरूक किया। गांव में विशेष स्वच्छता अभियान चलाने के निर्देश दिए। भीतरगांव ब्लॉक के ग्राम बारीगांव व वीरसिंहपुर में टीम ने हॉटस्पॉट क्षेत्रों का निरीक्षण किया। बारीगांव में 169 घरों व 1361 जल पात्रों की जांच में दो घर और दो जल पात्र संक्रमित पाए गए, जिस पर कार्रवाई करते हुए नोटिस जारी की। हालांकि वीरसिंहपुर में 129 घरों व 1104 जल पात्रों की जांच में कोई भी संक्रमित नहीं मिला। वहीं, स्वास्थ्य टीम के साथ पशुपालन विभाग ने पशुपालकों को जागरूक कर पशु बाड़ों को आबादी से दूर रखने की सलाह दी। कृषि विभाग ने स्क्रब टाइफस जैसी बीमारियों से बचाव के उपायों की जानकारी दी। इस दौरान टीम में गौतम पुरवार, मंजीत यादव, दीपिका सिंह, मलेरिया निरीक्षक आयुषी द्विवेदी, अवनीश सिंह, अरविंद कुमार व वीवीडी कंसल्टेंट अमृता यादव आदि शामिल रहे।

### घर व आसपास जमा न होंने दें पानी

- स्वास्थ्य विभाग की टीम ने लोगों से अपील की है कि घरों व आसपास पानी जमा न होने दें, जलभराव वाले स्थानों पर आवश्यकतानुसार तेल का छिड़काव करें और मच्छर रोधी उपाय अपनाएं। संचारी रोगों से संबंधित सूचना व सहायता के लिए उर्सला अस्पताल स्थित कंट्रोल रूम के हेल्पलाइन नंबर 0512-2333810 व 9335301096 और नगर निगम कंट्रोल रूम के हेल्पलाइन नंबर 0512-2526004 व 2526005 पर संपर्क करे। सूचना प्राप्त होने पर संबंधित क्षेत्र में तत्काल कार्रवाई की जाएगी।

## घर में सेंध लगा नौ लाख की चोरी

**कानपुर।** चकेरी में बंद घर की दीवार से सेंध लगाकर मंगलवार देर रात चोर घुस गए। शातिर नकदी, जेवर समेत नौ लाख का माल पार कर ले गए।

सनिगवां के डबल कॉलोनी निवासी मो. आरिफ फर्नीचर कारोबारी हैं। बीती शनिवार को उनके ससुर शहजादे आलम की मौत हो गई थी। जिसके चलते उनकी पत्नी हिना मायके गई थी। आरिफ के अनुसार मंगलवार रात बिजली नहीं आ रही थी। इन्वर्टर भी डिस्चार्ज था। इसलिए देर रात वह पिता के घर चले गए थे। बुधवार सुबह जब घर पहुंचे तो कमरे का सामान बिखरा देख उनके होश उड़ गए। चोर घर में रखा करीब 4.50 लाख रुपये व 4.50 के जेवर लेकर फरार हो गए। थाना प्रभारी अजय प्रकाश मिश्र ने बताया कि तहरीर के आधार पर रिपोर्ट दर्ज कर आरोपियों की तलाश की जा रही है। आरिफ ने बताया कि उन्होंने 112 पर फोन किया था। सूचना पर आए पीआरवी कर्मी बोले चौकी जाना चाहिए था, कॉल करने की क्या जरूरत थी। वहीं इलाके के लोगों ने बताया कि तीन दिन से बिजली नहीं आ रही है। मंगलवार रात में भी खड़ी ऑटो एक युवक चोरी का प्रयास कर रहा था। पकड़ने का प्रयास किया।

# पत्नी ने प्रेमी संग मिलकर हिस्ट्रीशीटर को मारा था

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**210** से अधिक कैमरे खंगालने के बाद पुलिस उसके गांव तक पहुंची

- कैमरे में दोनों साथ दिखे, जिलाबदर के बाद शहर में रह रहा था मृतक

**अमृत विचार।** हिस्ट्रीशीटर व गैंगस्टर आशीष कुमार शर्मा की हत्या उसकी पत्नी ने प्रेमी के साथ मिलकर की थी। चकेरी पुलिस ने 210 से अधिक सीसीटीवी कैमरे खंगालने के बाद आरोपी पत्नी को गिरफ्तार किया है। हत्या में शामिल महिला का प्रेमी सबलू खान उर्फ शफात फरार है। महिला के अनुसार पति की प्रताड़ना से तंग आकर उसने हत्या की वारदात को अंजाम दिया। आशीष शर्मा उर्फ कन्हैया को हमीरपुर पुलिस ने जिलाबदर किया था। जिसके बाद वह चकेरी के श्यामनगर में किराए के मकान में रह रहा था। आशीष राजमिस्त्री का काम कर रहा था।

मूलरूप से हमीरपुर के गांधीनगर नई बस्ती कालपी चौराहा निवासी 52 वर्षीय आशीष कुमार कोतवाली से हिस्ट्रीशीटर व गैंगस्टर था। हिस्ट्रीशीटर ने 18 अगस्त 2022 को साथियों के साथ मिलकर सिटी फॉरेस्ट घूमने गई युवती के साथ छेड़खानी की थी। जिसका वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल होने के बाद पुलिस ने उसे जेल भेजा था। जमानत पर छूटने के बाद पुलिस ने उसे जिलाबदर किया था। उसके बाद वह चकेरी पीएसी मोड़ मंदिर के पास किराए पर रहने लगा था। बीती दो अप्रैल को आशीष का फोन बंद पाकर बेटा लवकुश पहुंचा तो कमरे में उसका शव मिला था। पोस्टमार्टम के दौरान गला दबाकर हत्या की पुष्टि होने पर पुलिस ने मृतक के बेटे की तहरीर पर रिपोर्ट दर्जकर जांच शुरू की। एडीसीपी पूर्वी अंजलि विश्वकर्मा ने बताया कि घटना के बाद पुलिस टीम ने सीसीटीवी कैमरे खंगाले तो एक फुटेज में महिला व युवक मृतक के कमरे के अंदर जाते और बाहर आते दिखाई दिए। जिस पर पुलिस कैमरे खंगालते मृतक के गांव हमीरपुर पहुंची। ग्रामीणों को फुटेज दिखाने पर पता चला कि मौजूद महिला मृतक की पत्नी आरती है। जिसके बाद पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर मंगलवार देर रात नौबस्ता चौराहा के पास से आरती को गिरफ्तार किया। पुलिस ने उसे जेल भेजा है।

# एजेंट ने हड़पे आरडी के 16.72 लाख

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

- पता चलने पर पीड़ित ने मां-बेटे समते तीन के खिलाफ दर्ज कराई रिपोर्ट

**अमृत विचार।** कोतवाली के प्रधान डाकघर में आरडी (रिकरिंग डिपॉजिट) जमा करने के नाम पर एजेंट ने तीन लोगों से 16.72 लाख हड़प लिए। आरोप है कि रुपये जमा करने के बजाय एजेंट ने खर्च कर दिए। डाकघर पहुंचने पर पता चला तो पीड़ित ने पुलिस कमिश्नर के आदेश पर एजेंट, उसकी मां व एक अन्य के खिलाफ रिपोर्ट कराई है।

प्रयागनारायण शिवाला निवासी प्रहलाद मिश्रा की ओर से दी गई तहरीर के अनुसार अक्टूबर 2020 से वह अपनी व पारिवारिक ध्रुव नारायण मिश्रा और अनूप तिवारी की हर माह 8-8 हजार रुपये की तीन आरडी योजनाओं में कुल 24 हजार रुपये जमा करवा रहे थे।




डाकघर में रकम जमा करने के लिए एजेंट आशीष अवस्थी व उसकी मां नीलम अवस्थी को देते थे। 2024 में बड़ा चौराहा स्थित प्रधान डाकघर में जानकारी की तो पता चला कि तीनों खातों में केवल 10-10 माह ही करीब 2.40 लाख रुपये जमा किए गए है। पूछताछ में एजेंट आशीष ने बताया कि पैसा डाकघर में जमा नहीं किया गया। इस तरह तीनों का करीब 16.72 लाख रुपये बकाया हैं। पैसा वापस मांगने पर उसने लाल बंगला के चंद्रनगर निवासी अनूप शर्मा नामक व्यक्ति से मिलवाया। जिसने एजेंट का मकान खरीदने की बात कही। अनूप शर्मा ने 1.20 लाख नकद और एक-एक लाख की पांच चेक दी। लेकिन जब चेक लगाए गए तो सभी बाउंस हो गए। विरोध पर आरोपी ने गाली-गलौज की। साथ ही खुद को वकील बताकर अंजाम भुगतने की धमकी दी। इस पर पीड़ित ने पुलिस कमिश्नर से मामले की शिकायत की। कोतवाली थान प्रभारी जगदीश प्रसाद पांडेय ने बताया कि तहरीर के आधार पर मां-बेटे समेत एक अन्य पर रिपोर्ट दर्ज की है।

## एक अस्पताल सील तीन को नोटिस

**कानपुर।** किडनी कांड के बाद स्वास्थ्य विभाग की टीम ने अवैध रूप से संचालित निजी हॉस्पिटलों के खिलाफ कार्यवाही तेज कर दी है। बुधवार को सीएमओ डॉ.हरिदत्त नेमी ने टीम के साथ कैलाश मेडिकल सेंटर में निरीक्षण किया, यहां पर बिना मानक के आईसीयू संचालित मिला, जिसको मौके पर सीएमओ ने सील किया। इसके बाद वह सूर्या हॉस्पिटल में सफाई व निर्माण संबंधित गतिविधियों के साथ हॉस्पिटल का संचालन करने पर नोटिस जारी किया। वहीं, खान हॉस्पिटल का पंजीकरण एक्सपायर मिलने पर नोटिस दिया। मानक पूरे नहीं होने पर रामादेवी मेडिकल सेंटर को नोटिस दिया।

# 300 कैमरे खंगालकर पकड़े दो लुटेरे

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

- अधिवक्ता की मां से की थी लूट तीसरे की तलाश में दबिश जारी

**अमृत विचार।** कोतवाली पुलिस ने अधिवक्ता की मां से हुई लूट में करीब 300 सीसीटीवी कैमरे खंगालने के बाद दो लुटेरों को धर दबोचा। वारदात में पर्स छीनने वाला आरोपी अभी भी पुलिस की गिरफ्तार से दूर है। पुलिस ने आरोपियों के पास से लूट का मोबाइल, 5500 रुपये और चोरी की बाइक बरामद की है। फरार लुटेरे की तलाश में दबिश जारी है।

सिविल लाइंस स्थित रामशिला अपार्टमेंट निवासी अधिवक्ता रिजवान खान की मां नरगिस बीते सोमवार रात नौ बजे नवीन मार्केट से रिक्शा से घर लौट रही थीं। अपार्टमेंट के अंदर पहुंचने पर पीछे से आया एक युवक उनका


पकड़े गए आरोपी लारेब और शहनवाज।

पर्स छीनकर साथियों के साथ भाग निकला था। पर्स में 30 हजार रुपये, मोबाइल व जरूरी दस्तावेज थे। छीनाझपटी में वृद्धा गिरकर जख्मी हो गई थीं। एडीसीपी पूर्वी अंजलि विश्वकर्मा ने खुलासा करते हुए बताया कि पुलिस टीम ने बुधवार फूलबाग स्थित आर्डिनेंस फैक्ट्री के पास से बेकनगंज के नाजिरबाग निवासी आरोपी लारेब व शहनवाज को गिरफ्तार किया। पुलिस ने आरोपियों के पास से घटना में इस्तेमाल बाइक, लूटा हुआ मोबाइल व 5500 रुपये बरामद किए। लारेब पहले भी चोरी में जेल जा चुका है। पूछताछ के दौरान बताया कि घटना में फरार आरोपी इकराम उर्फ नकबी है, जिसने महिला का पर्स छीना था। वह दोनों अपार्टमेंट के बाहर बाइक स्टार्ट करके उसका इंतजार कर रहे थे। पुलिस ने दोनों आरोपियों को जेल भेजा है।

# कम समय में पहुंचेंगे शिकोहाबाद

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

- पुल संख्या 136 पर रीगार्डरिंग का चुनौतीपूर्ण कार्य पूरा
- काली नदी के जर्जर पुल पर काशन देकर निकाली जाती थीं ट्रेनें

**अमृत विचार।** उत्तर मध्य रेलवे के प्रयागराज मंडल के अंतर्गत शिकोहाबाद-फर्रूखाबाद रेल खंड पर स्थित पुल संख्या 136 (काली नदी) के पुनर्रुद्धार में रेलवे को सफलता मिली है। इस पुल के सभी 10 स्पानों (खंभों) पर रीगार्डिंग का काम पूरा हो गया। अभी तक इस जर्जर पुल पर काशन देकर ट्रेनों को निकाला जाता था लेकिन अब ट्रेनें कानपुर से फर्रुखाबाद होते हुए शिकोहाबाद जाने वाले कम समय में ये दूरी तय कर लेंगे।

महाप्रबंधक उत्तर मध्य रेलवे नरेश पाल सिंह के कुशल मार्गदर्शन और मंडल रेल प्रबंधक (प्रयागराज) श्री रजनीश अग्रवाल की अगुवाई में ये कार्य पूरा किया गया है। इस काली नदी में वर्ष भर पानी का प्रवाह बना रहता है, जो इस कार्य के लिए एक बड़ी भौगोलिक चुनौती थी। उत्तर मध्य जोन के


काली नदी के पुल पर चल रहा कार्य। अमृत विचार

जनसंपर्क अधिकारी अमित सिंह ने बताया कि इस कार्य को पूर्ण करने के लिए उत्तर प्रदेश सरकार के सिंचाई विभाग से निरंतर समन्वय स्थापित किया गया।

नदी के जल स्तर को नियंत्रित करने के पश्चात ही 500 टन क्षमता वाली 02 विशाल रोड क्रेनों को सुरक्षित रूप से नदी के तट पर उतारकर गार्डर बदलने की प्रक्रिया पूरी की गई। इस महत्वपूर्ण कार्य के पूर्ण होने से अब इस रेल खंड पर ट्रेनों की गति सीमा में वृद्धि की जा सकेगी।

## पांच दिन से गुमसुम युवक ने सल्फास खाकर दी जान

**कानपुर।** नौबस्ता में तनावग्रस्त युवक काम-धंधा से दूर पांच दिन भाई के घर रहने गया। वहां भी गुमसुम रहा। मंगलवार शाम युवक घूमने बाहर निकला, लौटने पर पत्नी को बुलाकर कहा कि सल्फास खा लिया है। चलते हैं। परिजन हैलट ले गए, जहां इलाज के दौरान बुधवार तड़के उसकी मौत हो गई।


राजीव विहार चमननगर निवासी 36 वर्षीय मो. आरिफ बेल्ट कारीगर थे। परिवार में पत्नी बबली, बेटा अली व बेटी अनमता है। भाई मो. शादिक ने बताया कि भाई का काम-धंधा ठीक चलता था, लेकिन किसी बात को लेकर तनावग्रस्त थे। इसलिए करीब पांच दिन वह उनके पास आ गए थे। साथ होते हुए भी गुमसुम रहते थे। मंगलवार शाम को वह बाहर घूमने गए थे, एक घंटे बाद लौटकर आए।

# नशेबाज ई-रिक्शा चालक ने दुधमुंहे को कुचला

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

- बिना हेडलाइट जलाए लहराकर चला रहा था रिक्शा, मां व बुआ गंभीर घायल
- चीख-पुकार सुनकर लोगों ने चालक को पकड़कर पीटा, पुलिस के हवाले किया

**अमृत विचार।** चकेरी में चार माह के दुधमुंहे, उसकी मां व बुआ को लहराकर चल रहे ई-रिक्शा चालक ने टक्कर मार दी। भागने के प्रयास में मां की गोद से गिरे बच्चे को कुचल दिया, मां को भी रौंदा। गंभीर अवस्था में तीनों को अस्पताल पहुंचाया गया, जहां दुधमुंहे को डॉक्टरों ने ब्रॉडडेड बता दिया। जबकि ननद-भाभी का हैलट में इलाज चल रहा है।


सूर्या।

अहिरवां निवासी सोनू कुमार प्राइवेट नौकरी करते हैं। परिवार में पत्नी संगीता और चार माह का बेटा सूर्या था। सोनू के अनुसार इधर कई दिन से सूर्या की तबीयत खराब थी। बार-बार उसकी हालत बिगड़ने के कारण पत्नी संगीता, बहन पिंकी मंगलवार देर शाम उसे मथुरापुर झागफूंक कराने गई थीं। तीनों पैदल गए थे। जाते समय रास्ते में पीछ से बगैर हेडलाइट जलाए आए ई-रिक्शा चालक ने तीनों को टक्कर मार दी। रिक्शा की टक्कर लगते ही बेटा मां की गोद से सड़क पर गिर गया। इसी बीच चालक ने भागने के प्रयास में बच्चे को कुचल दिया। संगीता व पिंकी को भी रौंदा। चींख-पुकार सुनकर दौड़े राहगीरों व आसपास के लोगों ने पुलिस को हादसे की खबर दी। इसके बाद भाग रहे नशे में धुत रिक्शा चालक को पकड़ लिया। उसे जमकर पीटने के बाद पुलिस के हवाले किया। पुलिस ने तीनों को हैलट भेजा, जहां डॉक्टरों ने दुधमुंहे को मृत बता दिया, जबकि संगीता व पिंकी का इलाज चल रहा है। सिर पर चोट के कारण संगीता की हालत गंभीर है। चकेरी थाना प्रभारी अजय प्रकाश मिश्रा ने बताया कि कार्रवाई की जाएगी।

### डंपर की टक्कर से युवक की मौत

- **कानपुर।** नौबस्ता में पैदल युवक को डंपर ने टक्कर मार दी। इलाज के दौरान हैलट में युवक की मौत हो गई। मछरिया के बूढ़पुर निवासी नासिर अहमद का 45 वर्षीय बेटा शाबू बिजली विभाग में ठेके पर काम करता था। परिवार में पत्नी अफसाना, तीन बच्चे अशद, गजाला व शैला हैं। परिजनों ने बताया कि मंगलवार शाम शाबू फारुख की गली के पास पैदल कही काम से जा रहा था, तभी पीछे से आए डंपर की टक्कर लग गई। गंभीर घायल शाबू को हैलट में भर्ती कराया गया। जहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। घरवालों ने बताया कि इलाके के लोगों ने चालक को पकड़कर पुलिस को सौंपा है।

### ट्रक की टक्कर से स्कूटी सवार छात्र की मौत

- **कानपुर।** नौबस्ता में प्रतियोगी परीक्षा की तैयारी कर रहे स्कूटी सवार छात्र को ट्रक ने टक्कर मार दी। गंभीर हालत में उसे हैलट में भर्ती कराया गया, जहां इलाज के दौरान मौत हो गई। जूही लाल कालोनी निवासी धीरेंद्र यादव का 27 वर्षीय बेटा सुधांशु सिविल सर्विसेज की तैयारी कर रहा था। परिवार में मां अनीता, भाई हिमांशु है। पिता के अनुसार सुधांशु श्यामनर से कोचिंग पढ़कर लौट रहा था, तभी रास्ते में विराटनगर चौकी के पास ट्रक ने टक्कर मार दी। गंभीर घायल छात्र को परिजनों ने हैलट में भर्ती कराया, जहां इलाज के दौरान डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया।

आयोजन — श्री श्याम महोत्सव स्थल में शिकायत से समाधान तक जनसुनवाई कैंप

# महापौर ने सुनीं समस्याएं, कुछ दूर की गईं

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** नागरिकों की समस्याओं के त्वरित निस्तारण के लिए बुधवार को फूलबाग के पास नानाराव पॉर्किंग स्थित जोन-1 में श्री श्याम महोत्सव स्थल में शिकायत से समाधान तक जनसुनवाई कैंप का आयोजन किया गया, जिसमे महापौर प्रमिला पाण्डेय व नगर आयुक्त अर्पित उपाध्याय से लोगों ने अपने-अपने क्षेत्र की समस्या बताईं। जिसमे आंधी व बारिश में गिरे पेड़ों का अभी तक उठान न होने, समय पर सफाई व कूड़ा उठान होने, बिजली व पानी आदि की मुख्य समस्या शामिल थी। महापौर ने कहा कि अगले चरण में दूसरे जोन में शिकायत से समाधान तक जनसुनवाई कैंप का आयोजन



जनसुनवाई कैंप में समस्या सुनतीं महापौर प्रमिला पांडेय। अमृत विचार

किया जाएगा।

कैंप में बुधवार 52 शिकायतें मिलीं, जिनमे 11 शिकायतें आयुष्मान कार्ड से सम्बन्धित होने पर उसका मौके पर ही निस्तारण कराया गया। एक शिकायत नानाराव पार्क में हैंडपंप खराब होने की आई, जिसपर महापौर ने जलकल विभाग के अवर अभियंता को मरम्मत कार्य कराने के निर्देश गए, जिसके बाद उसे ठीक कराया गया। बची हुई 40 शिकायतें कूड़ा उठान व सफाई न होने, पेड़ काटने व मार्ग प्रकाश की लाइटें लगाये जाने से संबंधित रही, जिसे शीघ्र निस्तारण कराये जाने के निर्देश दिए गए। चर्च रोड सिविल लाइंस में सीवर की सफाई न होने की शिकायत आने पर अवर अभियंता जलकल ने मौके पर जेटिंग मशीन से सीवर की सफाई का कार्य कराया। नौघड़ा, बादशाहीनाका, बिरहाना रोड व सिविल लाइंस क्षेत्र में सफाई न होने की शिकायत पर जोनल स्वच्छता अधिकारी जोन-1 ने सफाई कार्य कराया। नगर आयुक्त ने कहा कि कुछ शिकायतें है, जिनमें समय लगेगा। इस दौरान पार्षद यशपाल सिंह, अमित गुप्ता, अभिषेक गुप्ता, आदर्श गुप्ता, आकर्ष बाजपेयी, अपर नगर आयुक्त मो. अवेश, मुख्य अभियंता सिविल सैय्यद फरीद अख्तर जैदी, महाप्रबन्धक जलकल आनन्द कुमार त्रिपाठी, जोनल अधिकारी जोन-1 विद्या सागर यादव समेत आदि अधिकारी रहे।

## पत्नी से विवाद के बाद फंदे पर लटका

**कानपुर।** महाराजपुर में पत्नी से विवाद के बाद युवक ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। कानपुर देहात के भोगनीपुर जहांगीरापुर सत्ती निवासी 36 वर्षीय धरमपाल बेरोजगार थे। उसकी पत्नी विनीता आउट सोर्सिंग पर महाराजपुर के सरसौल पीएचसी में नौकरी करती हैं। तीन बच्चे अनन्या, राजवीर व छबि हैं। भाई सूरज व धर्मेंद्र ने बताया कि धरमपाल कोई काम नहीं करते थे। शराब के लिए पत्नी से पैसे मांगते थे, इसलिए कलह होती थी। मंगलवार शाम को भी इसी बात पर विवाद हुआ था। उसके बाद विनीता बच्चों के साथ बाजार चली गई।


धरमपाल।

# ईरान-अमेरिका सीजफायर पर जश्न

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

- शिया समुदाय ने युद्ध विराम को ईरान की जीत बताया
- देर शाम मगरिब की नमाज के बाद नज़्र, नियाज दिलाई

**अमृत विचार।** पिछले 40 दिनों से चल रहे अमेरिका-ईरान युद्ध पर सीज फायर होने की खुशी में जूही सफेद कालोनी में शिया समुदाय के लोगों ने जश्न मनाया और नज़्र नियाज दिलायी गयी।

बुधवार को देर शाम जूही में मगरिब की नमाज के बाद मौलाना अलमदार हुसैन ने कहा कि ईरान और अमेरिका के बीच हुए सीजफायर से मुस्लिमों में खुशी की लहर है क्योंकि अमेरिका ने ईरान की सभी शर्ते मानने की हामी भर दी है। उन्होंने कहा कि अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ईरान से बिना शर्त सरेंडर करने की बात कर रहे थे, ट्रंप खुद ही सीज फायर की गुहार लगाते नजर आये। मौलाना ने कहा कि दुनिया के इतिहास में ये पहला मौका है जब ईरान के आगे अमेरिका को झुकना पड़ा। ऑल इंडिया शिया


जश्न मनाते शिया समुदाय के लोग। अमृत विचार

युवा यूनिट के महासचिव नायाब आलम ने कहा कि ईरान अमेरिका के बीच युद्धविराम से दुनिया ने राहत की सांस ली है क्योंकि युद्ध किसी भी मसले का हल नहीं है। मौलाना ने कहा कि ये जंग अमेरिका और इजरायल ने ईरान पर थोपी थी। मौलाना ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से मांग की है कि इस मामले में भारत आगे आये और इस लड़ाई को पूरी तरह से खत्म कराये। शारिब अब्बास, शहाब रिजवी, दानिश रिजवी, आमिर अब्बास, अली अब्बास, जाहिद अब्बास, हैदर हसन, मसूद काजमी आदि मौजूद रहे।

## सिटी ब्रीफ

### अब सिंधी भाषा में पढ़ सकेंगे भारतीय संविधान

**कानपुर।** भारतीय संविधान को देश के हर नागरिक तक उसकी मातृभाषा में पहुंचाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम उठाते हुए मोदी सरकार ने संविधान का देवनागरी सिंधी भाषा में अनुवाद किया है। जिसका 10 अप्रैल को सिंधी भाषा दिवस पर उप राष्ट्रपति सीपी राधाकृष्णन के द्वारा विमोचन किया जाएगा। भाजपा के वरिष्ठ नेता एवं सिंधी सभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष अशोक अंशवानी ने पत्रकारों को ये जानकारी दी। उन्होंने कहा कि ये ऐतिहासिक पहल सिंधी भाषा को बढ़ावा देने के साथ संविधान की मूल भावना को देश के 2 करोड़ सिंधी भाषी समाज तक पहुंचाने के उद्देश्य की गई है। सिंधी भाषा में संविधान उपलब्ध होने से देश भर के सिंधी भाषी समाज को अपने अधिकारों और कर्तव्यों को बेहतर ढंग से समझने का अवसर मिलेगा। ये कदम न केवल लोकतंत्र को मजबूत करेगा बल्कि संविधान की मूल भावना को जन-जन तक पहुंचाने में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा।

### जीआरपी ने युवती को खोज निकाला

**कानपुर।** बालागंज लखनऊ के अरविंद कुमार शर्मा की पुत्री मानसिक विक्षिप्त है, बुधवार को सेंट्रल स्टेशन के प्लेटफार्म नंबर 4-5 पर युवती खो गयी। जीआरपी प्रभारी ओम नारायण सिंह ने सीसीटीवी की मदद से युवती को खोज निकाला और परिजनों के हवाले कर दिया।

## स्मार्ट प्रीपेड मीटर नहीं बल्कि स्मार्ट पीड़ित मीटर हैं, कानपुर को बना दिया जामपुर

# भाजपा सरकार में किडनी बेची जा रही : अखिलेश



पहाड़पुर में सपा मुखिया अखिलेश यादव को देखने उमड़ी भीड़। अमृत विचार

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** सपा मुखिया एवं पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव का आरोप है कि भाजपा सरकार में स्वास्थ्य से कितना खिलवाड़ हो रहा है, इसका अंदाजा इसी से लगाया जा सकता है कि पहले कोडीन सिरप कांड की परत खुली और अब गरीबों को पैसे का लालच देकर उनकी किडनी निकालकर बेचने का मामला प्रकाश में आया है।

बुधवार को नौबस्ता गल्ला मंडी के पास तिवारी नगर पहाड़पुर नौबस्ता में रंजन सिंह यादव उर्फ लाला पहलवान को श्रृद्धांजलि देने आए सपा मुखिया पत्रकारों से रूबरू थे। उन्होंने कहा कि स्मार्ट मीटर से उपभोक्ताओं के पास भारी भरकम बिजली का बिल भेजकर परेशान किया जा रहा है। कानपुर औद्योगिक नगरी के नाम से जाना जाता था लेकिन आज भाजपा सरकार ने इससे जामपुर-बदनामपुर बना दिया है। जब भी कानपुर आते हैं तो गाड़ी पलटने और मां बेटी की जिंदा जलाने की याद ताजा हो जाती है।

### अखिलेश को चेहरा दिखाने में जुटी सपाइयों की भीड़

- आगामी 2027 उत्तर प्रदेश विधानसभा चुनाव में सपाइयों के मध्य चेहरा दिखाने की होड़ मची रही। एक ओर जहां तीनों विधायक नसीम सोलंकी, रुमी हसन और अमिताभ वाजपेयी, गंगापुल से ही साथ साथ रहे, वहीं किदवई नगर से दावेदार सुधांशु मिश्रा द्वारा नौबस्ता मेट्रो स्टेशन के पास मां गेस्ट हाउस में तैयारियां की गई थी लेकिन लेट होने के कारण अखिलेश यहां नहीं गये। पूर्व विधायक सतीश निगम, राष्ट्रीय प्रवक्ता नीतेंद्र यादव, ओम प्रकाश मिश्रा, फतेह बहादुर गिल, शैलेंद्र यादव आदि प्रमुख रूप से मौजूद रहे।

**30** किमी सड़क पर 7000 करोड़ का इस्टीमेट घोटाले की सीमा नहीं

### अरे, मुख्यमंत्री का क्या नाम है, हां याद आया अजय विष्ट

- अखिलेश यादव ने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नाम को लेकर अजीब बातें कीं, पहले पत्रकारों से पूछा कि अरे मुख्यमंत्री का क्या नाम है, फिर कहा हां याद आ गया, अजय विष्ट। उन्होंने कहा कि सीसामऊ विधानसभा का जब उप चुनाव हो रहा था तो विष्ट से ही मिलता जुलते नाम के एक वर्दीधारी अधिकारी कैसे नसीम सोलंकी को हराने के लिए पूरी ताकत झोंके थे। आजकल मुख्यमंत्री इंजीनियर बन गये हैं, उन्होंने कहा कि इस सरकार में कितना भ्रष्टाचार है कि 30 किमी की सड़क का स्टीमेट 7000 करोड़ रुपये का बना दिया।

### नंदी के लिए सपा के दरवाजे हमेशा के लिए बंद

- पिछले दिनों योगी सरकार के मंत्री नंदगोपाल नंदी ने सपा मुखिया पर टिप्पणी की थी, जिसको लेकर सपा मुखिया ने कहा कि पहले नंदी सपा का दरवाजा खटखटाया करते थे लेकिन अब नंदी के लिए सपा के दरवाजे हमेशा के लिए बंद हो गये हैं।

## पीड़ित किसान 72 घंटे के भीतर 14447 पर सूचना दें



बारिश से गेंहू की फसल गिर गई।

**कानपुर।** अतिवृष्टि, ओलावृष्टि एवं तूफान के कारण जिन किसानों की फसल बर्बाद हुई है, वे प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना के अंतर्गत टोल फ्री नंबर 14447 पर 72 घंटे के भीतर सूचना दर्ज कराएं। समय से सूचना प्राप्त होने पर संबंधित एजेंसियों द्वारा क्षति का सर्वेक्षण कराया जाएगा जिससे आगे की कार्यवाही समयबद्ध रूप से की जा सके। उप कृषि निदेशक आरएस वर्मा ने बताया कि कानपुर नगर में प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना के अंतर्गत रबी 2025-26 में 24,669 कृषकों ने अपनी अधिसूचित फसल का बीमा कराया है। वर्तमान में हुई अतिवृष्टि, ओलावृष्टि एवं तूफान के संबंध में किसानों द्वारा 08 अप्रैल 2026 तक टोल फ्री नंबर 14447 पर 1,184 शिकायतें दर्ज कराई गई हैं, जिनमें से 167 शिकायतों का सर्वे पूर्ण किया जा चुका है। शेष शिकायतों पर सर्वेक्षण की प्रक्रिया जारी है। उप कृषि निदेशक ने बताया कि फसल क्षति की सूचना किसानों को 72 घंटे के भीतर देना अनिवार्य होता है। जिन किसानों की फसल प्रभावित हुई है, वे निर्धारित समयसीमा में सूचना दर्ज कराएं।



मिशन शक्ति की जानकारी लेती छात्राएं। अमृत विचार

## 1200 से अधिक छात्राओं को किया गया जागरूक

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

- मिशन शक्ति 5.0 के तहत थानों के भ्रमण के साथ हेल्पलाइन व साइबर सुरक्षा की दी गई जानकारी

**अमृत विचार।** महिला सशक्तिकरण को बढ़ावा देने के उद्देश्य से मिशन शक्ति 5.0 के अंतर्गत जनपद के विभिन्न राजकीय विद्यालयों में जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए गए। इस दौरान छात्राओं को थाने की कार्यप्रणाली, एफआईआर दर्ज कराने की प्रक्रिया, गिरफ्तारी के नियम तथा विभिन्न हेल्पलाइन नंबरों की विस्तृत जानकारी दी गई।

राजकीय हाई स्कूल राय गोपालपुर की छात्राओं को मंधाना पुलिस चौकी का भ्रमण कराया गया, जहां पुलिस की कार्यप्रणाली से उन्हें अवगत कराया गया। वहीं राजकीय बालिका इंटर कॉलेज, सिंहपुर में आयोजित कार्यक्रम में 75 छात्राओं ने प्रतिभाग कर सुरक्षा संबंधी महत्वपूर्ण जानकारियां प्राप्त कीं। इसके अलावा राजकीय हाईस्कूल विजय नगर, जहांगीराबाद तथा बदलेसिमनापुर घाटमपुर में भी छात्राओं को साइबर क्राइम और धोखाधड़ी से बचाव के उपाय बताए गए। राजकीय बालिका इंटर कॉलेज चुन्नीगंज की छात्राओं को कर्नलगंज थाना ले जाकर पुलिस सहायता प्राप्त करने की प्रक्रियाओं की जानकारी दी गई। इसी क्रम में राजकीय हाईस्कूल कोरथा में साढ़ थाने से आए पुलिस कर्मियों ने छात्राओं को जागरूक किया। कार्यक्रम के माध्यम से करीब 1200 छात्राओं ने लाभ उठाया। वहीं इस कार्यक्रम को जिला समन्वयक डॉ. भावना शुक्ला और जिला नोडल डॉ. गरिमा मिश्रा ने मार्गदर्शन प्रदान किया।



एनएसयूआई के नगर ग्रामीण सदस्यों के साथ संदीप शुक्ला। अमृत विचार

## एनएसयूआई की नगर ग्रामीण कार्यकारिणी

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** एनएसयूआई के स्थापना दिवस की पूर्व संध्या पर तिलक हाल स्थित कांग्रेस मुख्यालय में भव्य छात्र पंचायत का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में छात्र-छात्राओं और संगठन के कार्यकर्ताओं ने भाग लिया।

छात्र पंचायत में मुख्य अतिथि के रूप में प्रदेश अध्यक्ष अनस रहमान उपस्थित रहे, कार्यक्रम की अध्यक्षता कांग्रेस के ग्रामीण जिला अध्यक्ष संदीप शुक्ला ने की। अपने संबोधन में अनस रहमान ने कहा कि प्रदेश के हर जिले में छात्र पंचायतों का आयोजन कर छात्रों की समस्याओं पर चर्चा की जा रही है और उनके समाधान के लिए रणनीति बनाई जा रही है। उन्होंने बताया कि जल्द ही लखनऊ में छात्र महापंचायत आयोजित होगी, जिसमें प्रदेशभर से हजारों छात्र शामिल होंगे। वहीं, संदीप शुक्ला ने आह्वान किया कि प्रत्येक कॉलेज में संगठन की मजबूत इकाई गठित कर कांग्रेस को जमीनी स्तर पर सशक्त बनाएं। इस अवसर पर एनएसयूआई के नगर ग्रामीण जिलाध्यक्ष अनिकेत मिश्रा ने नई कार्यकारिणी की घोषणा की। कार्यक्रम का संचालन पूर्व युवक कांग्रेस अध्यक्ष दीपक त्रिवेदी ने किया। छात्र पंचायत में युवा कांग्रेस अध्यक्ष अब्दुल मावूद, आकाश अवस्थी, आफताब जाफरी, अंशुल यादव, सीता अग्निहोत्री, चंद्र मणि मिश्रा सहित कई प्रमुख कार्यकर्ता और सैकड़ों छात्र उपस्थित रहे।

**एनएसयूआई की नगर ग्रामीण कमेटी में शामिल सदस्य:** अध्यक्ष अनिकेत मिश्रा ,उपाध्यक्ष कुशाल कृष्ण सिंह यादव, कार्तिकेय सिंह, प्रथमेश पाण्डेय ,महासचिव - मयंक कुशवाहा, अभय अवस्थी, वंश मिश्रा, दीपक मिश्रा, करण प्रजापति ,सचिव शुभांकित कटियार, तन्मय त्रिपाठी, हर्ष कश्यप, आयुष सिंह, अभिमन्यु सिंह, प्रेम कुणाल, देवांक अवस्थी, राधिका सिंह ।

## आंबेडकर जयंती पर 17 जिलों में अभियान

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

- संविधान की प्रस्तावना के सामूहिक पाठ के साथ कानपुर-बुंदेलखंड क्षेत्र में 13 से 17 अप्रैल तक होंगे कार्यक्रम

**अमृत विचार।** भारतीय जनता पार्टी कानपुर बुंदेलखंड क्षेत्र ने डॉ. भीमराव आंबेडकर जयंती पर क्षेत्र के सभी 17 जिलों में भव्य कार्यक्रम आयोजित करने का फैसला लिया है। यह जानकारी क्षेत्रीय अध्यक्ष प्रकाश पाल ने बुधवार को पदाधिकारियों एवं अभियान की क्षेत्रीय टोली की बैठक में दी। क्षेत्रीय अध्यक्ष ने बताया कि आंबेडकर जयंती को व्यापक स्तर पर मनाने के लिए विभिन्न कार्यक्रमों की रूपरेखा बनायी गई है। इसके अंतर्गत 13 अप्रैल को स्वच्छता अभियान एवं दीपोत्सव कार्यक्रम, 14 अप्रैल को सभी बूथों पर डॉ. आंबेडकर के चित्र पर माल्यार्पण के साथ संविधान की प्रस्तावना का सामूहिक पाठ किया जाएगा। 15 अप्रैल से विशेष संपर्क अभियान के तहत समाज के विभिन्न वर्गों तक पहुंचकर संवाद स्थापित किया जाएगा। 16 एवं 17 अप्रैल को विधानसभा स्तर पर संगोष्ठियों का आयोजन होगा, जिसमें प्रबुद्धजनों, सामाजिक कार्यकर्ताओं एवं पार्टी पदाधिकारियों की भागीदारी सुनिश्चित की जाएगी।

इन कार्यक्रमों के माध्यम से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार द्वारा बाबा साहब के सम्मान में किए गए कार्यों एवं दलित समाज के लिए चलाई जा रही जन-कल्याणकारी योजनाओं को जन-जन तक पहुंचाया जाएगा। क्षेत्रीय मीडिया प्रभारी अनूप अवस्थी ने बताया कि अभियान के सफल संयोजन की जिम्मेदारी क्षेत्रीय उपाध्यक्ष अनीता गुप्ता, क्षेत्रीय मंत्री पवन प्रताप सिंह तथा अनुसूचित मोर्चा के क्षेत्रीय अध्यक्ष एवं विधायक राहुल बच्चा सोनकर को सौंपी गई है। सभी जिलों में कार्यक्रमों को भव्य एवं प्रभावी बनाने के लिए क्षेत्रीय स्तर पर निगरानी एवं समन्वय किया जाएगा।

बैठक में निवर्तमान क्षेत्रीय मंत्री मोहित सोनकर, रीता शास्त्री, भूपेंद्र त्रिपाठी, अर्शी सुल्तान, सरिता श्रीवास्तव, आलोक शुक्ला, वीरेंद्र तिवारी, सचिन गौड़, दिनेश मौर्य, मनु सिंह, हरिओम भदौरिया आदि उपस्थित रहे ।



जानकारी देते डॉक्टर्स। अमृत विचार

### वेदांता में हर बुधवार मेदांता के डॉक्टर देंगे परामर्श

**कानपुर।** लखनऊ के मेदांता हॉस्पिटल के वरिष्ठ न्यूरो सर्जन व डायरेक्टर डॉ .कमलेश सिंह भैंसौरा अब आर्य नगर स्थित वेदांता हॉस्पिटल में प्रत्येक माह के दूसरे बुधवार को ओपीडी का संचालन करेंगे, जिसकी शुरुआत आठ अप्रैल से हो गई है। डॉ . कमलेश सिंह ने स्ट्रोक, ब्रेन ट्यूमर, रीढ़ की समस्याएं, लकवा, नसों में झनझनाहट, व अन्य न्यूरो बीमारियों के मरीजों को परामर्श दिया। वेदांता हॉस्पिटल के डायरेक्टर डॉ .गोविंद त्रिवेदी ने बताया कि इसका उद्देश्य कानपुर व आसपास क्षेत्रों के मरीजों को बड़े संस्थानों के विशेषज्ञ डॉक्टरों की सुविधाएं उपलब्ध कराना है।

### कारोबारियों से की गई ठगी

**कानपुर।** दादानगर औद्योगिक क्षेत्र में एक ठग ने एक दर्जन कंपनी मालिकों से करीब एक करोड़ रुपये की ठगी की है। मामला सामने आने के बाद कारोबारियों ने बैठक की और पुलिस से कार्रवाई की मांग की है। कानपुर व्यापारी एसोसिएशन के महामंत्री पुष्पेंद्र जायसवाल ने बताया कि दादा नगर स्थित एक फैक्ट्री में एक ठग ने गोदाम किराए पर लेकर ठगी की है। उसने कारोबारियों से प्लास्टिक के दाने खरीदे और बिना भुगतान किए वहां से फरार हो गया। तहरीर के बाद भी कार्रवाई नहीं की गई। मामले में कारोबारी आनंद कुमार अग्रवाल, मोहित गुप्ता, उत्कर्ष सिंह, शिवकुमार, अमित वर्मा आदि ने नाराजगी जाहिर की है।



प्याऊ का उद्घाटन करते डॉक्टर। अमृत विचार

### डॉ.सहाय स्मृति प्याऊ का उद्घाटन

**कानपुर।** परेड स्थित आईएमए भवन में बुधवार को इंडियन मेडिकल एसोसिएशन कानपुर शाखा ने विश्व स्वास्थ्य सप्ताह के उपलक्ष्य में डॉ.सहाय स्मृति प्याऊ का उद्घाटन किया। आईएमए अध्यक्ष डॉ. अनुराग मेहरोत्रा व सचिव डॉ.शालिनी मोहन ने बताया कि इस पहल का उद्देश्य बढ़ती गर्मी के मौसम में आम जनता को स्वच्छ व शीतल पेयजल उपलब्ध कराना है। डॉ. कुणाल सहाय व पूर्व सचिव डॉ.वीसी रस्तोगी डॉ. रीता मित्तल, डॉ. विशाल सिंह, डॉ. बृजेंद्र शुक्ला, डॉ. देवज्योति देबरॉय, डॉ.विकास मिश्रा, डॉ. शरद दमेले, डॉ. अमरनाथ गुप्ता व आदि डॉक्टर रहे।

## निःशुल्क कोचिंग पाकर सौरभ दीप बन गए नायब तहसीलदार

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** समाज कल्याण मंत्रालय की निःशुल्क कोचिंग और अभ्युदय योजना से यूपीपीएससी अभ्यर्थी सौरभ दीप नायब तहसीलदार बन गये।

बुधवार को समाज कल्याण राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) असीम अरुण ने बताया कि हमारा लक्ष्य है प्रदेश का कोई भी प्रतिभाशाली युवा आर्थिक अभाव में अपने सपनों से वंचित न रहे। मुख्यमंत्री अभ्युदय योजना और निःशुल्क कोचिंग के माध्यम से युवाओं को समान अवसर दिया जा रहा है किसी भी प्रतियोगिता में युवा उत्कृष्ट प्रदर्शन कर सकते हैं। समाज कल्याण मंत्रालय द्वारा गोमती नगर स्थित भागीदारी भवन में संचालित निःशुल्क आवासीय कोचिंग और मुख्यमंत्री अभ्युदय योजना के अंतर्गत प्रदेश भर में परीक्षा पूर्व प्रशिक्षण केंद्र संचालित किए जा रहे हैं।

### हॉस्टल से लेकर लाइब्रेरी तक की सुविधा

- भागीदारी भवन के संयुक्त निदेशक आनंद कुमार सिंह ने बताया कि अनुसूचित जाति, जनजाति और अन्य पिछड़ा वर्ग के प्रतिभावान अभ्यर्थियों को कोचिंग सत्र के दौरान अभ्यर्थियों को नि :शुल्क हॉस्टल, भोजन, लाइब्रेरी और नियमित कक्षाओं की सुविधा बिल्कुल मुफ्त मिलती है। इसके साथ ही विषय विशेषज्ञ नियमित रूप से क्लास लेते हैं और मुख्य परीक्षा पर फोकस करते हुए उत्तर लेखन का अभ्यास, मॉडल टेस्ट करवाए जाते हैं। वहीं अभ्युदय योजना प्रदेश के 75 जिलों में 166 प्रशिक्षण केंद्रों के माध्यम से संचालित की जा रही है, जिसके तहत विद्यार्थियों को यूपीएससी, यूपीपीएससी, जेईई, नीट, एनडीए, सीडीएस जैसी राष्ट्रीय और राज्य स्तरीय परीक्षाओं की नि :शुल्क तैयारी कराई जाती है।

## जीएसटी अफसरों पर मनमाने नोटिस जारी करने का आरोप

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

- टैक्स बार एसोसिएशन में हुआ अध्ययन गोष्ठी का आयोजन
- लेट फीस और धारा 62 में कार्रवाई से दोहरी मार

**अमृत विचार।** टैक्स बार एसोसिएशन में बुधवार को अध्ययन गोष्ठी का आयोजन किया गया, जिसमें मुख्य वक्ता वीके निगम ने बताया कि कहा कि धारा 62 में आदेश पारित करने के पूर्व धारा 46 के अन्तर्गत नोटिस देना अनिवार्य है। नोटिस जारी करते समय अधिकारियों को परिलक्षित हो रहे अंतर का स्पष्ट कारण का उल्लेख करना चाहिए, जो उनके द्वारा नहीं किया जाता है।

व्यापारियों द्वारा दाखिल रिटर्नी में कोई अनियमितता न होने के बाद भी अधिकारी नोटिस जारी करते हैं, जो अनुचित है। पूर्ववर्ती अधिनियम जैसे वैट, व्यापार कर में रिटर्न समय से न दाखिल होने का समुचित स्पष्टीकरण दाखिल करने पर अर्थदण्ड समाप्त कर दिया जाता था। ऐसी व्यवस्था जीएसटी अधिनियम में नहीं है। जीएसटी में पोर्टल स्वयं लेट फीस की गणना करता है और इसके अतिरिक्त अधिकारी धारा 62 में भी कार्यवाही करते हैं, जिससे व्यापारियों को दोहरी मार पढ़ती है।

सामान्यतः व्यापारी की आर्थिक स्थिति खराब होने, बीमार होने व अन्य व्यक्तिगत कारणों से रिटर्न समय से दाखिल नहीं कर पाता है, जिनके लिए जीएसटी में अर्थदण्ड, कर, ब्याज व लेट फीस आरोपित किया जाता है। इस विषय पर सरकार को विचार करने की आवश्यकता है।

अपील दाखिल करने के लिए भी 10 प्रतिशत प्री-डिपोजिट फीस जमा करनी पड़ती है, जिस कारण से जीएसटी में न्याय पाना अत्यधिक महंगा हो गया है। गोष्ठी में हरिओम गुप्ता, संतोष गुप्ता, संचालन महामंत्री पंकज श्रीवास्तव, एसएस निगम, राजेश कुरील, नसीम सिद्दकी, प्रभात वर्मा, सचिन केसरवानी, राहुल यादव आशीष पोरवाल, अमित बाजपेई, सौरभ श्रीवास्तव, रवि शुक्ला व अरुण श्रीवास्तव आदि रहे।

कार्रवाई | आम जनमानस को शुद्ध खानपान उपलब्ध कराने के निर्देश

## एक्सपायर्ड खाद्य पदार्थों की री-पैकिंग के खिलाफ अभियान

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** हाल के दिनों में ऐसी घटनाएं सामने आई हैं जिनमें शरारती तत्व पुराने, सड़े-गले या एक्सपायर्ड खाद्य पदार्थों को नई डेटिंग और पैकेजिंग के साथ बाजार में उतार रहे हैं। ऐसी पैकिंग के खिलाफ अभियान चलेगा और आम लोगों से अपील की कि यदि ऐसी कोई सूचना उनके संज्ञान में आती है तो वे सहायक आयुक्त खाद्य सुरक्षा को इसकी जानकारी दें, जिससे दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जा सके। फिंगर चिप्स, मोमो सॉस, बिरयानी सहित अन्य खाद्य पदार्थों में इंडस्ट्रियल उपयोग वाले रंगों के प्रयोग पर रोक सुनिश्चित करने को कहा गया।





नवीन सभागार में बैठक करते जिला अधिकारी। अमृत विचार

बुधवार को खाद्य पदार्थों की शुद्धता और गुणवत्ता सुनिश्चित करने के लिए जिलाधिकारी जितेंद्र प्रताप सिंह की अध्यक्षता में सरसैया घाट स्थित नवीन सभागार में खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन विभाग की जिला स्तरीय कमेटी की बैठक हुई। जिलाधिकारी ने जनता की कैपेसिटी बिल्डिंग के लिए जागरूकता अभियान चलाने का भी निर्देश दिया।

उन्होंने कहा कि लोगों को यह बताया जाए कि कौन-से खाद्य पदार्थ शुद्ध हैं और कौन-से अशुद्ध, जिससे उपभोक्ता स्वयं भी सजग रह सकें और मिलावट के खिलाफ जागरूक भूमिका निभा सकें।

बैठक में जिलाधिकारी ने खाद्य पदार्थों में अजीनोमोटो के गैर जिम्मेदाराना अतिशय प्रयोग को नियंत्रित करने के निर्देश दिए। खाद्य पदार्थों में गड़बड़ी करने वालों विक्रेताओं को चिन्हित कर खाद्य अधिकारी सख्त कार्रवाई करें। बैठक में एडीएम सिटी डॉ. राजेश कुमार, डीपीओ प्रीति सिंहा सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।

### हॉस्टलों और हॉस्पिटलों की कैंटीन का भोजन चेक करें

- रेड क्रॉस सोसायटी के सचिव एवं समिति के सदस्य आरके सफ्फड़ ने सुझाव दिया कि हॉस्टलों और अस्पतालों की कैंटीन में बनने वाले भोजन की गुणवत्ता सुनिश्चित करने के लिए खाद्य सुरक्षा विभाग नियमित औचक निरीक्षण करे और स्वच्छता मानकों को बढ़ावा दे।

## सिटी ब्रीफ

### आज नवकार महामंत्र का सामूहिक जाप

**कानपुर।** अंतरराष्ट्रीय स्तर पर शांति और मानवता के कल्याण के उद्देश्य से गुरुवार को विश्व नवकार दिवस का भव्य आयोजन किया जाएगा। जैन इंटरनेशनल ट्रेड ऑर्गेनाइजेशन के तत्वावधान में यह कार्यक्रम एक तिथि और एक समय पर विश्व के 108 देशों में आयोजित होगा, जिसमें करोड़ों श्रद्धालु एक साथ नवकार महामंत्र का जाप करेंगे। इसी क्रम में कानपुर चैप्टर द्वारा शहर में भी व्यापक स्तर पर आयोजन सुनिश्चित किया गया है। मुख्य कार्यक्रम प्रात: 8:01 से 9:36 बजे तक नाना राव पार्क स्थित श्री श्याम महोत्सव स्थल, माल रोड पर आयोजित होगा। मुख्य संयोजक सुधींद्र जैन ने क्रीम सेंटर रेस्टोरेंट, स्वरूप नगर में आयोजित प्रेस वार्ता के दौरान बताया कि कई विद्यालयों, महाविद्यालयों और संस्थानों द्वारा अपने-अपने स्तर पर सामूहिक जाप की तैयारी की गई है। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि के रूप में महापौर प्रमिला पांडेय की उपस्थिति रहेगी, अनुमान है कि शहर भर में 10 हजार से अधिक श्रद्धालु भाग लेंगे। प्रेस वार्ता में जीतो कानपुर इकाई के अध्यक्ष मनीष कटारिया, महामंत्री अमित जैन, अनूप जैन, प्रखर जैन, सुमित जैन, पारुल जैन, अनू जैन सहित कई पदाधिकारी एवं सदस्य उपस्थित रहे।

### यहां गुल हुई बिजली

**कानपुर।** शास्त्री नगर सबस्टेशन से जुडे जी-11 फीडर की बिजली एचटी लाइन पर पेड़ की डाल गिरने से सुबह सात बजे से साढ़े 10 बजे तक गुल रही। न्यू बनिया बाजार में भूमिगत केबिल में फॉल्ट होने से सुबह छह बजे से 10 बजे तक और पीरोड की बिजली भूमिगत केबिल में फॉल्ट से सुबह पांच बजे से 10 बजे तक गुल रही।

### पार्षद दीपक शर्मा का निधन

**कानपुर।** नगर निगम के वार्ड-98 महेश्वरी मोहाल के निर्वाचित पार्षद दीपक शर्मा का बुधवार आकस्मिक निधन हो गया। वह कुछ दिनों से बीमार चल रहे थे। पार्षद के निधन के बाद अब यह सीट वर्तमान में खाली हो सकती है या नए निर्वाचन व मनोनयन की प्रक्रिया की जा सकती है। बता दें कि वार्ड-98 में लगभग 30 हजार की मिश्रित आबादी है। पार्षद की मौत पर महापौर प्रमिला पांडेय ने दु:ख जताया।

# ड्रोन तकनीक में उभरते करियर विकल्प बताए

## ड्रोन का प्रदर्शन कर छात्रों को व्यावहारिक अनुभव भी कराया

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** छत्रपति शाहू जी महाराज विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. विनय कुमार पाठक के नेतृत्व में छत्रपति शाहू जी महाराज इनोवेशन फाउंडेशन द्वारा डीबीएस कॉलेज, गोविंद नगर में 'ड्रोन के क्षेत्र में उपलब्ध अवसर' विषय पर एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य छात्रों को ड्रोन तकनीक में उभरते करियर विकल्पों और स्वरोजगार के अवसरों से अवगत कराना रहा।

विशिष्ट अतिथि नवाचार अधिकारी अनिल कुमार त्रिपाठी ने अपने संबोधन में ड्रोन तकनीक के महत्व और इसके विभिन्न क्षेत्रों में उपयोग पर विस्तार से प्रकाश डाला। तकनीकी सत्र में इनोवेशन फाउंडेशन से जुड़े स्टार्टअप 'कानपुर एरोमॉडलिंग क्लब प्राइवेट लिमिटेड' के संस्थापक आदित्य कुशवाहा व उनकी टीम ने ड्रोन की संरचना, कार्यप्रणाली और उपयोगिता पर विस्तृत जानकारी दी। साथ ही विभिन्न प्रकार के ड्रोन का प्रदर्शन कर छात्रों को व्यावहारिक अनुभव भी कराया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन डीबीएस कॉलेज के प्राचार्य प्रो. अनिल कुमार मिश्रा ने किया, जबकि संचालन जंतु विज्ञान विभागाध्यक्ष प्रो. इंद्राणी दुबे ने किया। कार्यशाला में विभिन्न विभागों के शिक्षक, कर्मचारी और 60 से अधिक छात्र-छात्राओं ने भाग लिया। डॉ. अनुपम दुबे ने सभी अतिथियों और प्रतिभागियों का आभार व्यक्त किया।

### आईटीआई में कैंपस प्लेसमेंट, 194 अभ्यर्थियों का चयन किया गया



■ **कानपुर।** राजकीय आईटीआई पाण्डु नगर में मारुति सुजुकी कंपनी द्वारा कैंपस प्लेसमेंट का सफल आयोजन किया गया। इस रोजगारपरक पहल में करीब 300 अभ्यर्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया, जिनमें से 194 अभ्यर्थियों का अंतिम रूप से चयन किया गया। कार्यक्रम के दौरान अभ्यर्थियों की लिखित परीक्षा, साक्षात्कार व तकनीकी दक्षता का मूल्यांकन किया गया। चयन प्रक्रिया पूरी पारदर्शिता के साथ संपन्न कराई गई, जिससे योग्य उम्मीदवारों को अवसर मिल सके। इस अवसर पर नोडल प्रधानाचार्य हरीश कुमार मिश्रा ने चयनित अभ्यर्थियों को बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। उन्होंने कहा कि ऐसे कैंपस प्लेसमेंट कार्यक्रम युवाओं को रोजगार से जोड़ने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं।

### सीएसए की डॉ. श्वेता को विशिष्ट वैज्ञानिक पुरस्कार



डॉ. श्वेता।

**कानपुर।** चंद्रशेखर आजाद कृषि एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय (सीएसए) की कृषि वैज्ञानिक डॉ. श्वेता को उनके उत्कृष्ट शोध कार्यों के लिए 'विशिष्ट महिला वैज्ञानिक पुरस्कार' से सम्मानित किया गया है। यह सम्मान उन्हें उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ द्वारा लखनऊ स्थित गन्ना अनुसंधान संस्थान में आयोजित कृषि संगोष्ठी के दौरान प्रदान किया गया।

विश्वविद्यालय के मीडिया प्रभारी डॉ. खलील खान ने बताया कि डॉ. श्वेता ने कृषि अनुसंधान के क्षेत्र में कई नवाचार किए हैं, जिससे न केवल वैज्ञानिक समुदाय में उनकी अलग पहचान बनी है, बल्कि किसानों को भी नई दिशा मिली है। डॉ. श्वेता ने इसे अपने लिए गर्व का क्षण बताते हुए कहा कि यह उपलब्धि परिवार, सहयोगियों और मार्गदर्शकों के सहयोग से मिली।

# वनवासी बच्चों को संस्कार के साथ डिजिटल टेक्नोलॉजी से भी जोड़ा

कार्यालय संवाददाता, कानपुर



मुख्य अतिथि का स्वागत किया गया। अमृत विचार

- एकल अभियान प्रभाग योजना वर्ग का समापन, 40 जिलों के 90 कार्यकर्ता हुए शामिल

**अमृत विचार।** एकल अभियान के तीन दिवसीय प्रभाग योजना वर्ग का समापन बुधवार को सोसाइटी धर्मशाला पांडु नगर में हुआ। इस प्रशिक्षण वर्ग में 40 जिलों के 90 कार्यकर्ता के साथ एकल अभियान की संपूर्ण वर्ष के लिए योजना बनाई गई।

समारोह में केंद्रीय सह अभियान प्रमुख दीप कुमार ने कहा कि यह अभियान आदिवासी, वनवासी सीमावर्ती क्षेत्रों में शिक्षा, स्वास्थ्य, संस्कार के साथ बच्चों को डिजिटल टेक्नोलॉजी के साथ जोड़ रहा है, जिसमें कंप्यूटर लैस बस (एकल ऑन व्हील) कंप्यूटर लैस ई रिक्शा, तथा स्किल डेवलपमेंट के प्रकल्प सम्मिलित हैं।

मुख्य अतिथि प्रांत संघचालक भवानी भीख तिवारी ने कहा कि एकल अभियान के समर्पित कार्यकर्ता व्यवस्था परिवर्तन का कार्य पूरी निष्ठा से कर रहे हैं। कानपुर चैप्टर अध्यक्ष डॉक्टर एएस प्रसाद ने कहा कि जिस कार्य में हृदय का लगाव होता है, उसे करने में अलग आनंद मिलता है। भारत लोक शिक्षा परिषद कानपुर चैप्टर की टीम एकल अभियान को उच्च शिखर पर ले जाने के लिए समर्पित है। राष्ट्रीय आरोग्य शिक्षा प्रभारी डॉ. उमेश पालीवाल एवं कानपुर चैप्टर की महिला अध्यक्ष डॉ. अनुराधा वार्ष्णेय ने अभियान में लगे कार्यकर्ताओं के त्याग, परिश्रम की सराहना की।

ध्रुव कुमार रुइया, महामंत्री कानपुर चैप्टर, केंद्रीय प्रशिक्षण प्रमुख गतिविधि विभाग नीरज ठाकुर, केंद्रीय सह प्रशिक्षण प्रमुख बृजमोहन मित्तल, केंद्रीय नियमित प्रशिक्षण प्रमुख शिवनाथ सिंह, प्रभाग सचिव संजीव, संभाग की मां ममता अवस्थी, संभाग उपाध्यक्ष मुकेश पालीवाल व तेज प्रताप, कानपुर चैप्टर कार्यालय प्रमुख आशीष कुमार, संभाग अभियान प्रमुख विष्णुपति उपस्थित रहे।



एनीमल बर्थ कंट्रोल (डॉग्स) सेंटर में जानकारी लेते नगर आयुक्त अर्पित उपाध्याय।

### माइक्रो चिप से होगी आवारा कुत्तों की पहचान

**कानपुर।** आवारा कुत्तों की पहचान अब माइक्रो चिप के माध्यम से की जाएगी। इसके संबंध में नगर आयुक्त ने एक योजना तैयार की है। साथ ही मुख्य पशुचिकित्साधिकारी को निर्देश जारी किया है कि यदि देश के किसी अन्य नगर निगम में यह प्रक्रिया अपनायी जा रही है, तो उसकी भी रिपोर्ट संकलित कर प्रस्तुत की जाए। माइक्रो चिप के माध्यम से श्वान की आईडेंटीफिकेशन एक साल बाद भी पता किया जा सकता है। नगर आयुक्त अर्पित उपाध्याय ने बुधवार को फूलबाग स्थित एनीमल बर्थ कंट्रोल (डॉग्स) सेंटर का निरीक्षण किया। यहां पर ऑपरेशन थियेटर, कैनल कक्ष व ऑफिस देखा। मार्च माह में की गयी कार्यवाही के प्रतिदिन के रिकार्ड का अवलोकन किया। मुख्य पशुचिकित्साधिकारी डॉ.आरके निरंजन ने बताया कि वर्तमान में दो एबीसी सेंटरों में प्रतिदिन 60 और प्रतिमाह 1800 कुत्तों की सर्जरी की जा रही है।

# बोले सो निहाल का जयकारा गूंजा

कार्यालय संवाददाता, कानपुर



खालसा कालेज हॉल में शबद गायन करते रागी जत्थे। अमृत विचार


**अमृत विचार।** गोविंद नगर स्थित खालसा कालेज हॉल में साहिब श्री गुरु तेग बहादर जी महाराज का प्रकाश पर्व बड़ी ही श्रद्धा व धूमधाम से मनाया गया। इस दौरान रागी जत्थों द्वारा किये गये शबद कीर्तन के दौरान संगत के द्वारा बोले सो निहाल सतश्री अकाल के जयकारे लगाये गये।

बुधवार की शाम को सरबत दा भला फाउंडेशन कानपुर की ओर से कार्यक्रम आयोजित किया गया जिसकी आरम्भता रहिरास साहिब जी के पाठ से की गई। उसके उपरांत गुरमति समागम का आयोजन हुआ। जिसमें पंथ प्रसिद्ध कीर्तनीय भाई जगजीत सिंह बबीहा एवं कुलविंदर सिंह (खरड़ वाले) के अतिरिक्त स्त्री सत्संग सभा द्वारा कीर्तन करके संगत को निहाल किया गया। जसमीत सिंह जी कानपुर वालों ने कथा के द्वारा गुरु तेग बहादर जी के इतिहास पर रोशनी डाली। संस्था के मीडिया प्रभारी सरदार टीपी सिंह सोनू ने बताया कि मौसम खराब और बारिश के बावजूद भी हजारों की संख्या में श्रद्धालु पहुंचे। कार्यक्रम में राजिंदर सिंह जिंदी, रविंदरजीत सिंह, हरमिंदर सिंह, बलविंदर सिंह, अतुल सिंह मनिंदर सिंह तथा सतजोत सिंह आदि मौजूद रहे।

# कुरुक्षेत्र, पंजाबी व देवी लाल विवि ने जीत पाई

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

- सीएसजेएमयू में नॉर्थ जोन खो-खो में रोमांच बरकरार



**अमृत विचार।** छत्रपति शाहू जी महाराज विश्वविद्यालय में आयोजित नॉर्थ जोन पुरुष खो-खो चैम्पियनशिप 2025-26 के तीसरे दिन बारिश के बावजूद खेलों का रोमांच जारी रहा। सुबह हुई वर्षा के कारण मैदान पूरी तरह भीग गया, जिससे प्रतियोगिता कुछ समय के लिए बाधित रही। ग्राउंड स्वयंसेवकों के अथक प्रयासों से कुछ ही घंटों में मैदान को पुनः खेलने योग्य बना दिया गया और मुकाबले शुरू हो सके।

तीसरे दिन खेले गए मुकाबलों में कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय ने शानदार प्रदर्शन करते हुए राजा महेंद्र प्रताप सिंह विश्वविद्यालय को 42-2 से करारी शिकस्त दी। वहीं पंजाबी विश्वविद्यालय ने महात्मा ज्योतिबा फुले रोहिलखंड विश्वविद्यालय को 46-10 से हराकर दमखम दिखाया। चौधरी देवीलाल विश्वविद्यालय ने प्रो. राज्जू भैया विश्वविद्यालय को 30-06 से पराजित किया। अन्य मुकाबलों में डॉ. भीमराव अंबेडकर विश्वविद्यालय ने सोबन सिंह जीना विश्वविद्यालय को 29-22 से हराया, जबकि वीर माधव सिंह भंडारी विश्वविद्यालय ने क्लस्टर विश्वविद्यालय को 40-38 से कड़े मुकाबले में मात दी। हेमवती नंदन बहुगुणा गढ़वाल विश्वविद्यालय ने एकतरफा खेल दिखाते हुए अंबेडकर विश्वविद्यालय को 48-6 से हराया। इसी क्रम में चौधरी चरण सिंह विश्वविद्यालय ने हिमाचल प्रदेश विश्वविद्यालय को 42-34 से पराजित किया, जबकि चौधरी रणबीर सिंह विश्वविद्यालय ने लखनऊ विश्वविद्यालय को 32-22 से हराया। पंजाब विश्वविद्यालय ने महाराजा दयानंद विश्वविद्यालय को 31-24 से मात दी। कुछ मुकाबलों में टीमों की अनुपस्थिति के कारण वॉकओवर भी देखने को मिला। विभागाध्यक्ष डॉ. श्रवण कुमार यादव ने बताया कि आगामी मुकाबलों को लेकर खिलाड़ियों में खासा उत्साह है। विशेष रूप से चौधरी रणबीर सिंह विश्वविद्यालय और चौधरी चरण सिंह विश्वविद्यालय के बीच होने वाला मैच आकर्षण का केंद्र रहेगा। इसके अलावा पंजाबी विश्वविद्यालय और चौधरी देवीलाल विश्वविद्यालय के बीच मुकाबला भी रोमांचक होने की उम्मीद है।

# 600 छात्राओं ने सीखी आत्मरक्षा की तकनीक

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

- कराटे, योग व ज़ुम्बा के जरिए बच्चियों को किया गया सशक्त

**अमृत विचार।** छत्रपति शाहूजी महाराज विश्वविद्यालय में छात्राओं के सशक्तिकरण को लेकर एक विशेष पहल के तहत आत्मरक्षा प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। विश्वविद्यालय के डिपार्टमेंट ऑफ फिजिकल एजुकेशन एवं नेशनल सर्विस स्कीम (एनएसएस) के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित इस कार्यक्रम में लगभग 600 छात्राओं को आत्मरक्षा की विभिन्न तकनीकों का प्रशिक्षण दिया गया।

कार्यक्रम का शुभारंभ आयुर्वेदिक आचार्य वंदना पाठक, डीएसडब्ल्यू प्रो. अंशु यादव, ईवेंट कोऑर्डिनेटर डॉ. ममता तिवारी तथा विभागाध्यक्ष डॉ. श्रवण यादव ने किया। छात्राओं को संबोधित करते हुए आत्मरक्षा के महत्व पर प्रकाश डाला और उन्हें मानसिक व शारीरिक रूप से मजबूत बनने के लिए प्रेरित किया। प्रशिक्षण सत्र में कराटे प्रशिक्षक सिहान विजय कुमार सहित विशी कुमार, नैतिक, वेदांस, आशीष, आयुष और ऋतिका ने छात्राओं को कराटे की बारीकियां सिखाईं। ज़ुम्बा और योग के माध्यम से फिटनेस और आत्मविश्वास बढ़ाने पर भी जोर दिया गया। डॉ. श्रवण यादव ने छात्राओं को सिहान विजय कुमार के निर्देशन में प्रतिदिन शाम 5 से 7 बजे तक निःशुल्क कराटे प्रशिक्षण में भाग लेने का आमंत्रण दिया। उन्होंने बताया कि इस प्रशिक्षण का लाभ विश्वविद्यालय एवं अन्य विद्यालयों की छात्राएं भी उठा सकती हैं। समापन सत्र में छात्राओं को मेडिटेशन और योग के महत्व से अवगत कराया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य छात्राओं को आत्मरक्षा के प्रति जागरूक करते हुए उन्हें आत्मनिर्भर और सशक्त बनाना रहा।

### बाजारों में चोरी करने वाले दबोचे

**कानपुर।** दिन में बाजारों में रेकी कर रात में चोरी की वारदात को अंजाम देने वाले एक गैंग का मूलगंज पुलिस ने खुलासा किया। आरोपितों ने दो परचून की दुकान में चोरी की वारदात की थी। पुलिस ने 150 सीसी कैमरों की फुटेज की मदद से एक आरोपित को पकड़ा। टीम ने आरोपित के पास से दुकान से चोरी किया हुआ देसी घी, चाय पत्ती, टोमेटो सॉस समेत अन्य सामान बरामद किया। आरोपित को जेल भेजने के बाद पुलिस उसके दो साथियों की तलाश में जुटी। मूलगंज स्थित हटिया बाजार निवासी शुभम अग्रवाल और उनके रिश्तेदार की परचून की दुकान में बीती 28 मार्च चोरी हुई थी। आरोपित दुकान का ताला तोड़कर सामान पार कर ले गए थे। एडीसीपी पूर्वी अंजलि विश्वकर्मा ने बताया कि घटना के बाद पुलिस ने करीब 150 सीसी कैमरों की फुटेज देखने के बाद बांदा के थाना बिसण्डा स्थित ग्राम कछियापुरवा निवासी राहुल को गिरफ्तार किया। जो बाजार में ई-रिक्शा से माल ढोता था।

# सीएसजेएमयू में एआई क्रांति की शुरुआत

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

- कार्यशाला में 100 शिक्षक-प्राचार्य शामिल, उच्च शिक्षा में एआई के समावेशन पर जोर

**अमृत विचार।** छत्रपति शाहू जी महाराज विश्वविद्यालय ने कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई) आधारित शैक्षणिक एवं प्रशासनिक तंत्र विकसित करने की दिशा में बड़ी पहल करते हुए कैंपस एआई प्रमोशन (कैम) सेल की पहली आउटरीच गतिविधि का शुभारंभ किया है। एडुबडी के सहयोग से आयोजित इस दो दिवसीय कार्यशाला में बीसीए एवं बीबीए पाठ्यक्रम संचालित करने वाले संबद्ध महाविद्यालयों के करीब 100 शिक्षक एवं प्राचार्य भाग ले रहे हैं।

तात्या टोपे सीनेट हॉल में आयोजित उद्घाटन सत्र में कुलपति प्रो. विनय कुमार पाठक ने कहा कि एआई के माध्यम से ऐसे विद्यार्थियों तक भी ज्ञान पहुंचाया जा सकता है, जो अपने प्रश्न पूछने में संकोच करते हैं,। कुलसचिव राकेश कुमार मिश्रा ने दैनिक कार्यों को सरल बनाने में जेमिनी और नोटबुक एलएम जैसे एआई टूल्स की उपयोगिता पर प्रकाश डाला। एडुबडी के सीईओ विशाल पांडेय ने कहा कि एआई का केवल उपयोग ही नहीं, बल्कि संस्थागत जरूरतों के अनुसार उसका अनुकूलन भी आवश्यक है। कार्यशाला के पहले दिन एआई की अवधारणा, शिक्षण-अधिगम में सुधार, परीक्षा प्रणाली, प्रशासनिक दक्षता और शिकायत निवारण जैसे विषयों पर चर्चा की गई। दूसरे दिन एआई के व्यावहारिक उपयोग, सुरक्षित संचालन और संस्थानों में इसके क्रियान्वयन की रूपरेखा पर फोकस रहेगा। समापन सत्र में प्रतिभागियों को प्रमाण पत्र भी प्रदान किए जाएंगे। इस अवसर पर प्रो. बृष्टि मित्रा, डॉ. आलोक कुमार और डॉ. संदेश गुप्ता सहित कई गणमान्य मौजूद रहे।

### सीएनजी कार बनी आग का गोला

**कानपुर।** नौबस्ता एलिवेटेड पुल पर लखनऊ जा रही एक एक्सएल-6 कार में पीछे से अज्ञात वाहन ने जोरदार टक्कर मार दी। जिससे कार में लगा सीएनजी टैंक फट गया और आग लग गई। कार सवार तीनों लोग बाहर निकल गए घटना के बाद अफरातफरी मच गई और राहगीरों की भीड़ जुट गई। सूचना पर किदवईनगर फायर स्टेशन से दमकल गाड़ी रवाना हुई लेकिन जाम के कारण मौके तक नहीं पहुंच सकी। जिसके बाद जाजमऊ फायर स्टेशन से दूसरी गाड़ी भेजी गई जिसने मौके पर पहुंचकर आग पर काबू पाया।


## कार्यालय कृषि उत्पादन मण्डी समिति भरथना (इटावा)

पत्रांक– कृ0उ0म0स0/2026–27/151 दिनांक: 08.04.2026

**नवनिर्मित सुपर मार्केट की 20 दुकानों के आंवटन की सूचना**

कृषि उत्पादन मण्डी समिति भरथना के नवीन मण्डी स्थल में नवनिर्मित सुपर मार्केट की 20 नग दूकानें रिक्त है। जिनका आवंटन आवंटन नियमावली 2016 (माह फरवरी 2021 तक अद्यतन संशोधन) के तहत नीलामी पद्धति से आवंटन दिनांक 27–04–2026 को समय अपरान्ह 12:00 बजे से मण्डी समिति कार्यालय भरथना में निर्धारित आरक्षण रोस्टर के आधार पर किया जायेगा। रिक्त दुकानों का आरक्षण सहित विवरण निम्नवत है।

| क्र0 सं0 | दुकान की श्रेणी | रिक्त दुकान स0 | आरक्षण की स्थिति | | | निर्माण लागत (लाख रू0 में) | निर्माण लागत का 10 प्रतिशत (रू0 में) जमानत धनराशि |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | अनुसूचित जाति | अन्य पिछडा वर्ग | अनारक्षित | | |
| 1 | सुपर मार्केट | 1, 2, 3, 4, 5, 6, 7, 8, 9, 10, 11 12, 13, 14, 15, 16, 17, 18, 19, 20 | 1, 5, 11, 15, | 3, 7, 9, 13, 17, 19, | 2, 4, 6, 8, 10, 12, 14, 16, 18, 20 | 511000.00 | 51100.00 |

**उपरोक्त रिक्त दुकानों की नीलामी बोली में भाग लेने के सम्बन्ध में :–**

1– प्रार्थना पत्र रू0 590.00 जी0एस0टी0 सहित समिति कार्यालय में जमा कर दिनांक 08–4–2026 समय प्रात: 10 बजे से दिनांक 24–04–2026 समय अपरान्ह 3:00 बजे तक प्राप्त किये जा सकते है।

2– पूर्ण भरे हुये प्रार्थना पत्र दिनांक 25–04–2026 समय अपरान्ह 3 बजे तक समिति कार्यालय में जमा किये जा सकते है। इसके बाद आवेदन पत्रों पर कोई विचार नहीं किया जायेगा।

3– आरक्षण का लाभ प्राप्त करने हेतु जाति प्रमाण पत्र की प्रमाणित छायाप्रति संलग्न करना अनिवार्य होगा।

4– निर्माण लागत की जमानत धनराशि का 10 प्रतिशत पंजीकरण शुल्क बैंक ड्राफ्ट के रूप में सचिव कृषि उत्पादन मण्डी समिति भरथना के पक्ष में बन्धक प्रार्थना पत्र के साथ संलग्न करना अनिवार्य है।

5– सुपर मार्केट की दुकानों के आवंटन हेतु मण्डी लाइसेंस होने की बाध्यता नहीं है।

6– 'सुपर मार्केट' का तात्पर्य नवीन मण्डी स्थल में निर्दिष्ट कृषि उत्पादों से भिन्न वस्तुओं के कारोबार हेतु निर्मित दुकानों से है।

7– दुकानों का आरक्षण, नियम व शर्ते कार्यालय नोटिस बोर्ड पर देखी व पढ़ी जा सकती है।

सचिव सभापति


आयोजन | तीन दिवसीय कार्यशाला के बाद तैयार कलाकृतियों ने दर्शकों को किया आकर्षित

# चित्रकला विभाग की प्रदर्शनी ने मन मोह लिया

कार्यालय संवाददाता, कानपुर



प्रदर्शनी में मौजूद शिक्षिकाएं और छात्राएं। अमृत विचार

**अमृत विचार।** दयानंद गर्ल्स पीजी कॉलेज के चित्रकला विभाग में छात्राओं द्वारा आकर्षक प्रदर्शनी का आयोजन किया गया। चाक पर बनाए गए मिट्टी के पात्रों के साथ-साथ विभिन्न कलात्मक कृतियों को प्रदर्शित किया गया, जिसे देखने के लिए बड़ी संख्या में लोग पहुंचे। यह प्रदर्शनी राज्य ललित कला अकादमी के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित तीन दिवसीय कार्यशाला का परिणाम रही, जिसमें मूर्तिकला कलाकार जे.बी. यादव ने छात्राओं को प्रशिक्षण दिया।

कार्यक्रम की संयोजिका डॉ. शुभम शिवा के निर्देशन में करीब 30 छात्राओं ने सक्रिय भागीदारी निभाई। प्रदर्शनी का उद्घाटन मुख्य अतिथि जे.बी. यादव, प्राचार्य डॉ. वंदना निगम और निदेशक डॉ. अर्चना वर्मा ने किया। प्राचार्य ने छात्राओं की रचनात्मक प्रतिभा की सराहना करते हुए उन्हें भविष्य में और बेहतर करने के लिए प्रेरित किया। विभागाध्यक्ष डॉ. शुभम शिवा ने प्रशिक्षक जे.बी. यादव को स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया।

साथ ही प्रदर्शनी के कैटलॉग का विमोचन भी किया गया और प्रतिभागियों को प्रमाणपत्र वितरित किए गए।

कार्यक्रम में राज्य ललित कला अकादमी के अध्यक्ष डॉ. सुनील विश्वकर्मा की शुभकामनाएं भी प्राप्त हुईं। आयोजन को सफल बनाने में असिस्टेंट प्रो. पूजा श्रीवास्तव सहित महाविद्यालय के प्राध्यापकों एवं शोधार्थियों का महत्वपूर्ण योगदान रहा।

### तनिष्क ने पेश किया अपना ह्यूज कलेक्शन

**कानपुर।** जेमस्टोन्स के प्रति लगातार बढ़ती रुचि को देखते हुए तनिष्क ने अक्षय तृतीया पर अपना नया ह्यूज कलेक्शन भारतीय ग्राहकों के लिए प्रस्तुत किया। इसके हर आभूषण के केंद्र में एक जेमस्टोन है। लॉन्च पर टाइटन कंपनी लिमिटेड की चीफ मार्केटिंग ऑफिसर पेल्की त्शेरिंग ने कहा कि आज के दौर में ज्वेलरी सिर्फ एक आभूषण नहीं, बल्कि खुद को अभिव्यक्त करने का एक सशक्त जरिया है। इसे पारंपरिक और आधुनिक सोच के साथ तैयार किया गया है। यह कलेक्शन रंगों को बोल्ड और शानदार अंदाज में पेश करता है। बिल्कुल वैसे ही जैसे आज की महिला आभूषण पहनना पसंद करती है।

न्यूज ब्रीफ



टीम का चयन करते पदाधिकारी।

### जनपदीय क्रिकेट लीग के लिए टीमें गठित

**उन्नाव, अमृत विचार :** जिला क्रिकेट एसोसिएशन के महामंत्री पीके मिश्रा ने बताया कि जिला क्रिकेट एसोसिएशन द्वारा आयोजित होने वाली अंडर-14 जनपदीय क्रिकेट लीग हेतु बुधवार को 4 टीमों का गठन हुआ। इसमें जिले भर से आए पंजीकृत करीब 60 खिलाड़ियों को 4 टीमों डीसीए-ए, डीसीए-बी, डीसीए-सी व डीसीए-डी को ट्रायल के आधार पर बांटा गया। प्रतियोगिता के मैच 10 अप्रैल से सप्रू क्रिकेट स्टेडियम शुक्लागंज में सुबह 8 बजे से होंगे। इस दौरान अभिषेक श्रीवास्तव 'शंकर', साकिर हुसैन, ओम मिश्रा, आदित्य त्रिवेदी, अजय त्रिवेदी आदि उपस्थित रहे।

### घर से निकली युवती लापता, गुमशुदगी दर्ज

**शुक्लागंज उन्नाव, अमृत विचार :** गंगाघाट कोतवाली क्षेत्र के चंपापुरवा निवासी रंजीत सिंह की 24 वर्षीय बेटी नंदनी 6 अप्रैल को घर से निकली थी और वापस नहीं लौटी। परिजनों ने रिश्तेदारों व आसपास के क्षेत्र में काफी तलाश की लेकिन उसका सुराग नहीं लग सका। अनहोनी की आशंका जता पिता ने गंगाघाट कोतवाली में तहरीर दी। पुलिस ने तहरीर के आधार पर गुमशुदगी दर्ज कर ली है और युवती की तलाश शुरू कर दी है। वहीं, परिजन उसकी सकुशल बरामदगी के लिए चिंतित हैं और लगातार खोजबीन में जुटे हैं।

# तेज बारिश व ओलावृष्टि से फसलें चौपट, जनजीवन प्रभावित

## बदलते मौसम ने आमजन को किया परेशान और तोड़ दी किसानों की कमर

कार्यालय संवाददाता उन्नाव

**अमृत विचार:** जिले में बीते कई दिनों से बारिश आसमान से आफत बनकर बरस रही है। लगातार हो रही बारिश ने जिले की सभी तहसील क्षेत्रों को अपनी चपेट में ले रखा है। बुधवार को भी जिले के अलग-अलग क्षेत्रों में हुई बारिश व ओलावृष्टि ने एक ओर जहां आमजन को परेशान किया वहीं किसानों की कमर ही तोड़कर रख दी। बुधवार की बारिश में खेतों में खड़ी व कटी पड़ी गेहूं की फसल को नष्ट होने की कगार पर ला दिया है। इससे किसानों की रोजी-राटी पर संकट खड़ा हो गया है।

### गेहूं के साथ सब्जी किसानों पर भी छाया संकट

**शुक्लागंज संवाददाता के अनुसार:** अप्रैल माह में लगातार बदलते मौसम ने किसानों की मुश्किलें बढ़ा दी हैं। कई बार आई आंधी, तेज बारिश व ओलावृष्टि ने गेहूं सहित अन्य फसलों को भारी नुकसान पहुंचाया है। खेतों में तैयार खड़ी गेहूं की फसल जहां गिरकर खराब हो गई वहीं जिन किसानों ने कटाई के बाद बोझ बनाकर फसल खेतों में रखी थी वह भी भीग गई। इससे गेहूं के दानों के काले पड़ने की आशंका बढ़ गई है। इससे किसानों को भारी नुकसान झेलना पड़ सकता है।

सिकंदरपुर सरोसी व कर्ण ब्लॉक क्षेत्र के किसानों ने बताया कि उन्होंने अनुकूल मौसम देख समय पर बुआई की थी और अप्रैल तक फसल पककर तैयार हो गई थी। कटाई व मड़ाई भी शुरू हो चुकी थी, लेकिन अचानक मौसम बिगड़ने से मेहनत पर पानी फिर गया। आंधी के कारण फसल झुक गई और ओलावृष्टि से बालियां टूट गईं। लगातार बारिश से खेतों में पानी भर गया जिससे फसल सड़ने लगी। मुस्तफापुर, निहालखेड़ा, पृथ्वीखेड़ा, पिपरी, शंकरपुर, पंचमपुरवा, हाजीपुर, बसधना, मिर्जापुर, रौतापुर गांवों के किसानों ने बताया कि इस बार की बेमौसम बारिश ने उनके पूरे साल की मेहनत बर्बाद कर दी है। अब उनके सामने परिवार के भरण-पोषण की चिंता खड़ी हो गई है। कई किसानों ने कर्ज लेकर खेती की थी ऐसे में फसल खराब होने से उन्हें कर्ज चुकाना भी मुश्किल होगा।





गरेरेपुरवा में बारिश होने से भीगे खेतों में बंधे पड़े बोझ व भरा पानी। पिपरी गांव में ओले गिरने से खराब हुई बंधा गोभी की फसल।



शंकरपुर में मरम्मत कार्य करते कर्मी। ● अमृत विचार

### सब्जी की फसलें भी हुईं बुरी तरह से चौपट

गंगा कटरी क्षेत्र में सब्जी की खेती करने वाले किसानों को भारी नुकसान हुआ है। बारिश व ओलावृष्टि से टमाटर, भिंडी, चना व अन्य सब्जियां खराब हो गई हैं। वहीं जायद की फसलें भी प्रभावित हुई हैं, जिससे किसानों की आय पर सीधा असर पड़ा है।

### महंगाई ने भी बढ़ाई परेशानी

किसानों ने कहा कि डीजल व खाद की कीमतें पहले से अधिक थीं। इसके बावजूद उन्होंने लागत लगाकर फसल तैयार की। लेकिन बारिश ने सब बर्बाद कर दिया। जिन्होंने ब्याज पर पैसे लेकर खेती की थी उनके लिए अब घर चलाना मुश्किल हो गया है।

### 5 दिन बाद बहाल हुई ग्रामीण क्षेत्रों की विद्युत व्यवस्था

बीते शनिवार व रविवार को आए तेज आंधी-तूफान से ऐरा भदियार सब स्टेशन क्षेत्र की विद्युत व्यवस्था प्रभावित हुई थी। एचटी लाइन के कई पोल टूटने से करीब 5 दिनों तक कई गावों की आपूर्ति ठप रही। बुधवार को मरम्मत पूरी होने के बाद विभाग ने आपूर्ति बहाल कर दी। जिससे ग्रामीणों ने राहत की सांस ली। आंधी-बारिश के कारण करीब 43 पोल क्षतिग्रस्त हो गए थे जिससे शंकरपुर, पिपरी, सन्नी, गरेरेपुरवा समेत आसपास के गांव अंधेरे में डूब गए थे। विभागीय टीम बीते 5 दिनों से लगातार मरम्मत कार्य में जुटी रही और टूटे पोल की जगह नए पोल लगाए गए। बुधवार सुबह से ही कर्मियों ने अंतिम चरण का कार्य पूरा कर फीडर के अनुसार आपूर्ति सुचारू कर दी। लंबे समय तक बिजली बाधित रहने से ग्रामीणों को काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ा, लेकिन आपूर्ति चालू होते ही लोगों ने राहत महसूस की।

### मक्का व उरद को भारी नुकसान, किसानों पर आ सकता आर्थिक संकट

**बांगरमऊ, उन्नाव :** क्षेत्र के संडीला मार्ग स्थित गांव मटुकरी व रानीपुर ग्रंट आदि गावों में बुधवार शाम हुई बारिश के साथ तेज हवाओं व ओलावृष्टि ने किसानों की चिंता बढ़ा दी है। मौसम के बदले मिजाज से खेतों में खड़ी गेहूं की फसल के साथ मक्का व उरद की फसल को भारी नुकसान हुआ है। ओलों से फसलें जमीन पर बिछ गईं। जिससे किसानों की मेहनत पर पानी फिरता नजर आ रहा है। महेंद्र कुशवाहा, रजनीश, असगर अली, प्रमोद व इनाम रसूल आदि के अनुसार कुछ देर चली ओलावृष्टि ने सबसे अधिक नुकसान मक्का व उरद को पहुंचाया। तेज हवा से खेतों में फसलें झुक गईं और दानेदार फसलों पर प्रतिकूल असर पड़ा है। किसानों का कहना है कि फसल कटाई के नजदीक थी। ऐसे में इस आपदा ने आर्थिक संकट खड़ा कर दिया है। किसानों ने प्रशासन से मौके पर पहुंचकर नुकसान का सर्वे कराने व उचित मुआवजा दिलाने की मांग की है। उनका कहना है कि यदि जल्द राहत नहीं मिली तो परिवार के भरण-पोषण के साथ अगली फसल की तैयारी भी प्रभावित होगी। क्षेत्र में हुई ओलावृष्टि के बाद किसानों के चेहरों पर मायूसी साफ दिखाई दे रही है।



बांगरमऊ में जमीन पर बिछे पड़े ओले। ● अमृत विचार

### बारिश व ओलावृष्टि ने गेहूं के साथ आम के बौर पर भी ढाया सितम

**हसनगंज, उन्नाव :** बुधवार शाम हुई बारिश व ओलावृष्टि ने क्षेत्रीय किसानों की कमर तोड़ दी। इससे किसानों को काफी नुकसान होने की आशंका है। प्रशासनिक अफसरों ने नुकसान के आकलन के लिए सबंधित लेखपालों को निर्देश दिए हैं। हसनगंज क्षेत्र आम फलपट्टी के नाम से जाना जाता है। साथ ही यहां अन्य फसलें भी उगाई जाती हैं। इस समय जहां आम के बौर में कलियां कटने लगी हैं वहीं गेहूं की फसल कटने को तैयार है। अचानक होने वाली बारिश व ओलावृष्टि से किसानों को भारी नुकसान होने की आशंका है। कोरो कल्याण गांव के किसान सत्येंद्र उर्फ संतोष सिंह, समदपुर भावा गांव के किसान अजय उर्फ दीपू सिंह, बागवान राजू सिंह, आम व्यापारी शिवबालक आदि ने कहा कि ओलावृष्टि से आम के फल के दाने गिर गए हैं। जो भी बचे हैं वह दागदार हो गए हैं। साथ ही गेहूं की फसल भी पानी व ओलावृष्टि से गिर गई है। जिसे काटना मुश्किल होगा। एसडीएम प्रज्ञा पांडे ने बताया कि क्षेत्र में जहां भी ओलावृष्टि हुई है। वहां नुकसान का आकलन कराया जाएगा।

### 3 दिन की बारिश से बर्बाद हुई किसानों की फसल

**फतेहपुर चौरासी, उन्नाव :** बीते 3 दिनों से मौसम ने अचानक करवट ली है। तेज हवाओं व बारिश ने खेतों में खड़ी गेहूं की फसल को जमीन पर गिरा दिया है। कई स्थानों पर कटी फसल भी खेतों में भीगकर खराब हो रही है। सरसों, चना व अन्य रबी फसलों को भी भारी नुकसान पहुंचा है। खेतों में पानी भर गया है जिससे फसल सड़ने का खतरा बढ़ गया है। कटाई व मड़ाई का काम पूरी तरह से ठप पड़ गया है। इससे किसानों को आर्थिक नुकसान का डर सता रहा है। किसानों ने बताया कि 3 दिन से लगातार बारिश हो रही है। इससे उनकी फसल पूरी तरह बर्बाद हो गई है। उनका कहना है कि यह समय उनकी साल भर की मेहनत का होता है। लेकिन बेमौसम बारिश ने उनकी उम्मीदों पर पानी फेर दिया है। एक ओर जहां इस बारिश से लोगों को गर्मी से राहत मिली है। वहीं किसानों के लिए यह भारी मुसीबत बना है।



खेत में कटी पड़ी गेहूं की फसल में भरा पानी।

# स्टाफ नर्स पर फर्जी दस्तावेज से नौकरी पाने का आरोप

**कार्यालय संवाददाता उन्नाव, अमृत विचार :** जिला महिला चिकित्सालय के कार्यवाहक सीएमएस डॉ. अरविंद कुमार आनंद ने बुधवार को एक प्रेस कॉन्फ्रेंस में अस्पताल की एक आउट सोर्सिंग स्टाफ नर्स पर फर्जी दस्तावेजों के आधार पर नौकरी करने का आरोप लगाया है। हालांकि जिस नर्स पर सीएमएस ने आरोप लगाया है उसने कार्यवाहक सीएमएस पर अभद्रता सहित अन्य गंभीर आरोप लगा महिला आयोग से शिकायत की थी। इसकी जांच चल रही है।

सीएमएस ने बताया कि 23 मार्च को उन्होंने मेडिकल काउंसिल को एक स्टाफ नर्स के जीएनएम प्रमाणपत्र व मेडिकल काउंसिल रजिस्ट्रेशन की सत्यता जांचने के लिए दस्तावेज भेजे थे। इसके बाद 25 मार्च को उनके सरकारी ईमेल पर मेडिकल काउंसिल से सूचना मिली कि प्रस्तुत दस्तावेज फर्जी है। साथ ही दिए गए रजिस्ट्रेशन नंबर पर किसी अन्य का नाम दर्ज है। सीएमएस ने कहा कि फर्जी दस्तावेजों का मामला सामने आने पर संबंधित कर्मचारी ने उन पर यौन उत्पीड़न का झूठा आरोप लगाया। बताया कि वर्ष-2020 में सीएमओ कार्यालय के माध्यम से एक आउट सोर्सिंग एजेंसी से इस नर्स को नियुक्त किया गया था। उसका मासिक मानदेय करीब 23 से 24 हजार है और वह करीब साढ़े 5 वर्षों से अस्पताल से वेतन ले रही थीं। सीएमएस ने दावा किया कि संबंधित एजेंसी ने अब नर्स की सेवाएं समाप्त कर दी हैं। सीएमएस के मुताबिक उन्होंने लखनऊ स्तर पर प्रमुख सचिव, सचिव, महानिदेशक व अपर निदेशक वी मिशन निदेशक को पत्र भेजकर मामले की जांच कर कार्रवाई की मांग की है।

# बाइकें आपस में टकराईं, दो की मौत

बिछिया उन्नाव

**अमृत विचार:** दही-पुरवा मार्ग पर दरोगा खेड़ा चौकी के पास तेज रफ्तार दो बाइकों की आमने-सामने टक्कर हो गई। इसमें दोनों बाइक चालकों की मौत हो गई। वहीं पीछे बैठे दो लोग घायल हो गए।

अजगैन कोतवाली क्षेत्र के दुन्दपुर परसंदन गांव निवासी संदीप (23) पुत्र विनोद दही थानाक्षेत्र के गौरा गांव निवासी मामा महेश के बेटे कमलेश (26) के साथ बिछिया चप्पल खरीदने गया था। जहां से बुधवार शाम लौटते समय उसकी बाइक अजगैन क्षेत्र के गजाखेड़ा भौली गांव निवासी शिवशंकर (30) पुत्र शिवकुमार की बाइक से टकरा गई। शिवशंकर की बाइक में उसकी मौसी का बेटा प्रेम (28) पुत्र धर्मपाल निवासी मनियां भी बैठा था। प्रत्यक्ष दर्शियों के मुताबिक ट्रक को ओवरटेक करते समय दोनों बाइक आमने- सामने टकराई थीं। इसमें बाइक सवार चारों युवक सड़क पर गिरकर गंभीर घायल हो गए। जिन्हें एंबुलेंस से जिला अस्पताल लाया गया। जहां डॉक्टर ने संदीप व शिव शंकर को मृत घोषित कर दिया और घायलों में प्रेम की हालत अधिक गंभीर बताई है। वहीं कमलेश के पैर में ज्यादा चोटें हैं। इसकी खबर मिलते ही परिजनों में कोहराम मचा है। संदीप दो भाइयों में आकाश से बड़ा था। वह ट्रक चालक था। मां सिया की बीमारी की सूचना पर वह मंगलवार को लौटा था। वहीं शिवशंकर 3 भाइयों वीरपाल व किशनपाल से बड़ा था। भाई वीरपाल ने बताया कि शिवशंकर पूना में मजदूरी करता था। वह भी मंगलवार को लौटा था। मौसेरा भाई प्रेम उससे मिलने आया था। जिसे छोड़ने जाते समय हादसा हुआ। एसओ ज्ञानेंद्र सिंह ने बताया कि बाईकों की टक्कर में दो लोगों की मौत हुई है। दो लोग घायल हैं। जिन्हें जिला अस्पताल भेजा गया है।



शिव शंकर



संदीप

● बाइक सवार दो युवक भी हुए घायल, मचा कोहराम

### अज्ञात वाहन की टक्कर से घायल वृद्ध की मौत

**उन्नाव, अमृत विचार :** सफीपुर कोतवाली क्षेत्र के रनिहाखेड़ा गांव निवासी शिव शंकर ने बताया कि उसके बड़े भाई शिव प्यारे (60) का मानसिक संतुलन ठीक नहीं था। वह अक्सर माखी थानाक्षेत्र के पावा बाजार में पड़े रहते थे। बीते सोमवार उन्हें वाहन ने टक्कर मार दी। स्थानीय लोगों की सूचना पर एंबुलेंस ने उन्हें जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया। बीती रात इलाज के दौरान उनकी मौत हो गई। पुलिस से सूचना मिलने पर शिव शंकर ने उसकी पहचान भाई के रूप में की। पत्नी कई साल पहले छोड़ गई थी। उनके कोई संतान नहीं है। एसओ योगेश सिंह ने बताया कि दो दिन पहले पावा बाजार में अचेत अवस्था में मिले अज्ञात वृद्ध को जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया था। जहां उनकी मौत हो गई। सफीपुर कोतवाली क्षेत्र के रनिहाखेड़ा निवासी शिव शंकर ने मृतक की शिनाख्त बड़े भाई के रूप में की है।

### विद्यालयों में बच्चों का प्रवेश कराने की अपील

**उन्नाव, अमृत विचार :** सत्र शुरू होते ही अधिक से अधिक बच्चों का नामांकन सुनिश्चित हो सके इसके लिए विकासखंड सिकंदरपुर कर्ण के परिषदीय विद्यालय गौरी त्रिभानपुर के शिक्षकों ने बुधवार को जनसंपर्क अभियान चलाया। इस अभियान के दौरान शिक्षक प्रदीप भदोरिया ने घर-घर पहुंचकर विद्यालय में नामांकन हेतु ग्रामीणों को प्रेरित करने वाले पैंफलेट बांटे। साथ ही सार्वजनिक स्थानों पर पोस्टर चस्पा किये। बेसिक शिक्षा विभाग ने 1 से 15 अप्रैल तक स्कूल चलो अभियान का प्रथम चरण शुरू कर रखा है। यह अभियान गांव की गलियों से लेकर शहर की बस्तियों तक हर घर दस्तक देकर शिक्षा की रोशनी फैलाने का संकल्प लिए है। सभी शिक्षक व छात्र इस अभियान से जुड़कर धार दे रहे हैं।



नामांकन को संपर्क करते शिक्षक प्रदीप भदोरिया।

### चयन प्रोन्नत वेतनमान लगाए जाने की हुई मांग

**उन्नाव, अमृत विचार :** राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ के जिलाध्यक्ष भरत चित्रांशी व उपाध्यक्ष गणेश शंकर गुप्ता के नेतृत्व में एक दल बीएसए की अनुपस्थिति में खंड शिक्षाधिकारी मुख्यालय जगदीश श्रीवास्तव से मिला। इसमें अवगत कराया गया कि जिले के करीब 1000 शिक्षकों के चयन वेतनमान स्वीकृति के बाद भी वेतन निर्धारण नहीं हो पा रहा है। स्वीकृत आदेश हुए करीब 6 माह बीतने के बाद भी तमाम शिक्षकों का वेतन का निर्धारण नहीं हुआ है। वहीं कई शिक्षकों में आपत्तियां लगाकर सेवा पुस्तिकायें कार्यालयों में भ्रमण कर रही हैं। जबकि शिक्षा निदेशक (बेसिक) द्वारा सभी कार्यवाही आनलाइन सेवा पुस्तिका द्वारा ही सम्पादित करने का पत्र निर्गत किया जा चुका है। राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ द्वारा इस संबंध में कई अनुस्मारक प्रेषित किये जा चुके हैं। उन्होंने लंबित करीब 500 शिक्षकों का चयन वेतनमान/प्रोन्नत वेतनमान अतिशीघ्र वेतन निर्धारण कर वेतन में लगाये जाने हेतु कार्यवाही करने की मांग की है।



ज्ञापन देते महासंघ के पदाधिकारी।

# मौसम ने रोकी डाउन लाइन के कार्य की रफ्तार

शुक्लागंज उन्नाव

**अमृत विचार:** बुधवार को बदले मौसम का असर रेलवे पुल के डाउन लाइन पर चल रहे कार्य पर भी दिखा। पूरे दिन मौसम की बेरूखी से कार्य धीमी गति से हुआ। इस कारण रेल कर्मी निर्धारित लक्ष्य के मुकाबले कम प्रगति कर सके।

रेलवे द्वारा 2 अप्रैल से 13 मई तक 42 दिनों के लिए रोज 8 घंटे का मेगा ब्लॉक लेकर डाउन लाइन पर एचबीम चैनल स्लीपर लगाने का कार्य हो रहा है। बुधवार सुबह 9:45 से शाम 5:45 बजे तक मिले ब्लॉक के दौरान करीब 200 रेल कर्मियों ने कार्य किया। इस दौरान जर्जर ट्रफ को काटकर हटाया गया और नई लोहे की चादर लगाकर स्लीपर डाले गए। मौसम खराब होने से पूरे दिन में केवल 19 मीटर ट्रफ की कटिंग हो सकी और 37 एचबीम स्लीपर ही लग सके। इसके अलावा कानपुर की ओर से ट्रकों के माध्यम से नए एचबीम स्लीपर मंगाए गए, जिन्हें क्रेन की मदद से उतारकर डाउन लाइन के किनारे रखा गया, ताकि आगामी दिनों में कार्य तेजी से किया जा सके।



रेलवे पुल के डाउन लाइन पर एचबीम स्लीपर लगाते कर्मचारी। ● अमृत विचार

### करीब 20 फीसदी कार्य पूरा

रेलवे पुल के डाउन लाइन पर करीब 1710 एचबीम स्लीपर लगने हैं। बीते 7 दिनों में विभाग ने 340 स्लीपर लगाने का कार्य पूरा किया है। जो कुल लक्ष्य का करीब 20 प्रतिशत है। अधिकारियों का कहना है कि शेष कार्य अगले 35 दिनों में पूरा कर लिया जाएगा।

# बालिकाओं ने की अपने हक की बात

कार्यालय संवाददाता, उन्नाव

**अमृत विचार:** मिशन शक्ति विशेष अभियान फेज-5.0 के द्वितीय चरण के अंतर्गत विकास भवन सभागार में मेगा इवेंट हुआ। इसमें बालिकाओं ने जहां एक ओर प्रशासनिक अधिकारियों से अपने हक व भविष्य की राह पर संवाद किया।

कार्यक्रम में हक की बात जिलाधिकारी के साथ सत्र रहा। इसमें जिले के विभिन्न विद्यालयों की हाईस्कूल व इंटर की करीब 70 बालिकाओं ने प्रतिभाग किया। प्रभारी डीएम/सीडीओ कृति राज ने बालिकाओं से संवाद करते हुए उनकी शिक्षा, स्वास्थ्य व खेलकूद से जुड़ी जिज्ञासाओं का समाधान किया। उन्होंने बालिकाओं से कहा कि दृढ़ इच्छाशक्ति व सही मार्गदर्शन से वे कोई भी मुकाम हासिल कर सकती हैं। जिले में अपनी विशिष्ट सेवाओं से समाज को नई दिशा देने वाली 20 महिला अफससरों व कर्मियों को सम्मानित किया गया। सीडीओ, एडीएम न्यायिक व जिला विकास अधिकारी द्वारा पुलिस, स्वास्थ्य, शिक्षा, महिला कल्याण एवं बाल विकास विभाग की कर्मयोगियों को प्रशस्ति पत्र, प्रतीक चिन्ह व शॉल देकर उनका उत्साहवर्धन किया गया। सदर विधायक पंकज गुप्ता ने बालिकाओं का उत्साह बढ़ाया।




कार्यक्रम में मौजूद विधायक व सीडीओ। ● अमृत विचार

● मिशन शक्ति विशेष अभियान फेज-5.0 का द्वितीय चरण

### पत्रकार को पितृशोक, क्षेत्र में शोक की लहर

**शुक्लागंज-उन्नाव, अमृत विचार :** नगर के आदर्श नगर निवासी एक दैनिक समाचार के पत्रकार दुर्गेंद्र शर्मा के पिता रामबली शर्मा (78) का मंगलवार देररात इलाज के दौरान निधन हो गया। वह काफी समय से बीमार थे। बुधवार दोपहर मिश्रा कॉलोनी स्थित श्मशान घाट पर उनका अंतिम संस्कार किया गया। जहां उनके बड़े बेटे दुर्गेश ने मुखाग्नि दी। स्व. रामबली शर्मा अपने पीछे दो पुत्र, पुत्रियां शशि देवी व मीरा देवी, पौत्र हृदेश राम, जिनेंद्र राम व पौत्रियां अंजली व अरुंधती समेत भरा-पूरा परिवार छोड़ गए हैं। उनके निधन पर विधायक पंकज गुप्ता, वीरेंद्र शुक्ला, कोतवाली प्रभारी सहित नगर के पत्रकारों व समाज सेवियों ने पहुंचकर शोक संवेदना व्यक्त की और परिजनों को ढांढस बंधाया।

### पुण्यतिथि पर कांग्रेस ने मंगल पांडे की दी श्रद्धांजलि, मोहसिना किदवई को किया नमन

**शुक्लागंज उन्नाव, अमृत विचार :** नगर कांग्रेस कमेटी गंगाघाट के तत्वावधान में बुधवार को मिश्रा कॉलोनी स्थित गांधी चौक पर 1857 के प्रथम स्वतंत्रता संग्राम के महानायक मंगल पांडे की पुण्यतिथि पर श्रद्धांजलि सभा हुई। इसमें कार्यकर्ताओं ने उनके चित्र पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि दी। कांग्रेस कार्यकर्ता मयंक बाजपेयी ने कहा कि मंगल पांडे ने अंग्रेजी हुकूमत के विरुद्ध 1857 में जो चिंगारी लगाई उसने स्वतंत्रता संग्राम की नींव रखी। बताया कि ईस्ट इंडिया कंपनी में सैनिक रहते हुए उन्होंने 29 मार्च 1857 को चर्बी वाले कारतूसों के विरोध में अंग्रेज अफसरों पर हमला किया। इसके बाद उन्हें फांसी दी गई। सभा में स्वतंत्रता सेनानी व पूर्व केंद्रीय मंत्री मोहसिना किदवई के निधन पर भी शोक जता उन्हें श्रद्धांजलि दी गई। इस दौरान रामकिशोर पाल, बाबूलाल गुप्ता, तन्मय श्रीवास्तव, अकबाल अवस्थी, निर्मल बाजपेई, संजय सिंह, मो. हनीफ, विश्वनाथ दास, विचित्रवीर सिंह, पिंटू तिवारी, राजाराम, गंगाविष्णु, रंगीलाल शर्मा, बुद्धिलाल विश्वकर्मा, मो. खालिद, रामचरण भास्कर, अर्जुन बाजपेई व प्यारेलाल मौजूद रहे।

### टीईटी के विरोध में मशाल जुलूस 13 अप्रैल को

**उन्नाव, अमृत विचार :** टीईटी अनिवार्यता के विरोध में शिक्षक 13 अप्रैल को विशाल मशाल जुलूस निकालेंगे। यह जुलूस पीडब्ल्यूडी परिसर से शुरू होकर आंबेडकर प्रतिमा होते हुए डीएम कार्यालय जाएगा। जहां इसका समापन होगा। यह निर्णय बुधवार को निराला पार्क में आयोजित बैठक में लिया गया। इस दौरान विभिन्न शिक्षक संगठनों अटेवा, प्राथमिक शिक्षक संघ, उत्तर प्रदेशीय जूनियर हाईस्कूल शिक्षक संघ, प्राथमिक शिक्षक प्रशिक्षित स्नातक एसोसिएशन, विशिष्ट बीटीसी, टीएससीटी, एससीएसटी, शिक्षामित्र व अनुदेशक संगठनों के पदाधिकारी संजय कन्नौजिया, संजीव संखवार, अर्पित मिश्र, कृष्ण शंकर मिश्र, प्रदीप वर्मा, विनीत बाजपेई, अमित तिवारी व अरुण कुमार आदि मौजूद रहे।

निरीक्षण

भाजपा के स्थापना दिवस पर पार्टी द्वारा चलाये जा रहे गांव व बस्ती सम्पर्क अभियान के तहत कई गांवों का किया दौरा

# सदर विधायक ने जन चौपाल लगाकर सुनीं लोगों की समस्याएं

कार्यालय संवाददाता, उन्नाव

**अमृत विचार:** भाजपा के स्थापना दिवस पर पार्टी द्वारा चलाये जा रहे गांव व बस्ती सम्पर्क अभियान के तहत सदर विधायक पंकज गुप्ता ने विभिन्न गावों का दौरा किया।

इस दौरान उन्होंने गांव डीह, कटहादल नारायणपुर व नेवाजगंज में जनचौपाल लगा ग्रामीणों की समस्याएं सुनीं और सरकारी योजनाओं किसान सम्मान निधि, प्रधानमंत्री आवास, शौचालय व पेंशन के लाभार्थियों को माला व अंगवस्त्र पहनाकर सम्मानित किया। उन्होंने कहा कि भाजपा का हर कार्यकर्ता निस्वार्थ सेवा व सुशासन के प्रति समर्पित है। कहा कि राष्ट्र प्रथम की भावना के साथ हमारा संगठन निरंतर विकास के मार्ग पर अग्रसर है। उन्होंने डीह के दुर्गा मन्दिर परिसर में सफाई की और कटहा दलनारायणपुर में आंबेडकर प्रतिमा पर माल्यार्पण कर पार्क में श्रमदान किया। कार्यक्रम में बिछिया ब्लाक प्रमुख नीरज गुप्ता, बीडीसी विनय सिंह, आशुतोष त्रिपाठी, मंडल अध्यक्ष सुशील रावत, मंडल उपाध्यक्ष खुन्नू दुबे, प्रधान दीपचन्द्र निषाद, पूर्व प्रधान रामौतार, अक्षय गौतम, संदीप राजपूत, और अनिल त्रिवेदी सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण व पार्टी पदाधिकारी मौजूद रहे।




चौपाल में लोगों को सम्बोधित करते सदर विधायक। ● अमृत विचार

### श्रवण कुमार यात्रा को लेकर 164 श्रद्धालु अयोध्या धाम रवाना

**शुक्लागंज उन्नाव :** राजमार्ग स्थित ऋषि आश्रम से श्रवण कुमार तीर्थाटन यात्रा के क्रम में करीब 164 श्रद्धालुओं की टोली को सदर विधायक पंकज गुप्ता ने झंडी दिखाकर अयोध्या रवाना किया। इस दौरान वातावरण जय श्रीराम के उद्घोष से गूंज उठा। विधायक ने कहा कि यह उनके जीवन का अमूल्य क्षण है और बुजुर्गों को प्रभु श्रीराम के दर्शन कराने का अवसर मिलना सौभाग्य की बात है। उन्होंने श्रद्धालुओं के पैर धोकर आशीर्वाद भी लिया। इसके बाद सभी को अयोध्या रवाना किया। इस दौरान मंडल अध्यक्ष सुरेश शुक्ला, जितेंद्र सिंह, दीप कुमार शुक्ला, सूर्यकुमार बाजपेई, धीरज सिंह, कल्पना तिवारी, सुरेंद्र गुप्ता, दुर्गा तिवारी, मोहनलाल शर्मा, सुन्दरलाल तिवारी, हर्ष मिश्रा, कल्पना तिवारी, संदीप मिश्रा, अमरेन्द्र गुप्ता, सतीश शुक्ला आदि मौजूद रहे।



श्रद्धालुओं को अयोध्या रवाना करते सदर विधायक पंकज गुप्ता।



आत्मा की हत्या करके अगर स्वर्ग भी मिले, तो वह नरक है।
-मुंशी प्रेमचंद, हिंदी साहित्यकार



# बहूद्देशीय विकास का लक्ष्य

उत्तर प्रदेश की हालिया कैबिनेट बैठक में लिए गए निर्णय और प्रशासनिक घोषणाएं राज्य के बहूद्देशीय विकास, सामाजिक संतुलन और राजनीतिक प्राथमिकताओं का स्पष्ट संकेत हैं। इन फैसलों में एक साथ विरासत संरक्षण, बुनियादी ढांचे का विस्तार, शिक्षा-सशक्तिकरण और सामाजिक न्याय के तत्व दिखाई देते हैं। उत्तर प्रदेश सरकार के ये निर्णय एक व्यापक और बहुआयामी विकास दृष्टि को दर्शाते हैं, जहां विरासत, विकास और कल्याण को साथ लेकर चलने का प्रयास किया गया है, परंतु इनके प्रभाव का मूल्यांकन संतुलित दृष्टि से आवश्यक है।

डॉ. भीमराव आंबेडकर सहित महापुरुषों की प्रतिमाओं के संरक्षण और सौंदर्यीकरण के लिए 403 करोड़ रुपये की योजना, हर विधानसभा में 10 स्मारकों का विकास सांस्कृतिक सम्मान और सामाजिक प्रतीकों को सशक्त करने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है। इससे स्थानीय स्तर पर रोजगार और जन-जागरूकता भी बढ़ेगी, हालांकि विचारणीय है कि क्या इस प्रकार के प्रतीकात्मक निवेश के समानांतर शिक्षा, स्वास्थ्य और रोजगार सृजन जैसे मूलभूत क्षेत्रों में समान गति से निवेश हो रहा है। शिक्षामित्रों और अनुदेशकों के मानदेय में वृद्धि 1.7 लाख कर्मियों के लिए राहतकारी है, जिससे उनके जीवन स्तर में सुधार होगा और शिक्षा व्यवस्था को स्थायित्व मिल सकता है, हालांकि ध्यान रखना होगा कि इससे राज्य पर 1400 करोड़ रुपये से अधिक का अतिरिक्त वित्तीय भार पड़ेगा। ऐसे में दीर्घकालिक वित्तीय संतुलन बनाए रखना सरकार के लिए चुनौतीपूर्ण होगा। युवाओं के लिए 25 लाख टैबलेट वितरण की योजना डिजिटल सशक्तिकरण की दिशा में एक महत्वाकांक्षी कदम है। इससे शिक्षा और कौशल विकास को गति मिल सकती है, विशेषकर ग्रामीण और पिछड़े क्षेत्रों में, लेकिन यह सुनिश्चित करना जरूरी है कि इन उपकरणों का वास्तविक उपयोग शिक्षा और रोजगार उन्मुख गतिविधियों में हो, न कि केवल वितरण तक ही योजना सीमित रह जाए। बुनियादी ढांचे के क्षेत्र में 52 जनपदों में आधुनिक बस अड्डों का निर्माण और पुल परियोजनाएं राज्य की आर्थिक गतिविधियों को गति देने में सहायक हो सकती हैं। पीपीपी मॉडल के माध्यम से 4000 करोड़ रुपये से अधिक के संभावित निवेश से परिवहन सुविधाओं में सुधार और रोजगार सृजन की उम्मीद है। साथ ही, गोरखपुर में वानिकी एवं औद्यानिकी विश्वविद्यालय और ग्रेटर नोएडा में नए निजी विश्वविद्यालय की स्थापना शिक्षा के क्षेत्र में विस्तार का संकेत देती है।

सामाजिक न्याय के दृष्टिकोण से शरणार्थी परिवारों को भूमि स्वामित्व अधिकार देना एक ऐतिहासिक निर्णय कहा जा सकता है, जो दशकों पुराने असुरक्षा भाव को समाप्त करता है। इसी तरह बांग्लादेश से आए विस्थापितों के पुनर्वास के लिए रियायती लीज का प्रावधान भी सरकार की अंत्योदय नीति को दर्शाता है। इन सभी योजनाओं के बीच एक बड़ा प्रश्न वित्तीय अनुशासन और प्राथमिकताओं का भी है। जब एक ओर बड़े पैमाने पर व्यय बढ़ रहा है, तो दूसरी ओर राजस्व संसाधनों को मजबूत करने और योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन पर भी समान ध्यान आवश्यक है। केवल घोषणाएं नहीं, बल्कि उनके धरातल पर परिणाम ही सफलता का वास्तविक पैमाना होंगे।

## प्रसंगवश

# इजरायल और ईरान युद्ध से पैदा हुए पर्यावरणीय संकट

ईरान-इजरायल-अमेरिका युद्ध ने बड़ी तेजी से दुनिया के एक बड़े हिस्से को अपने दायरे में ले लिया था। खाड़ी क्षेत्र का यह सैन्य संघर्ष राजनीतिक सामाजिक और रक्षा से जुड़ी चिताओं से कहीं अधिक वैश्विक ऊर्जा, समुद्री चिंताओं, जल संकट और पर्यावरणीय प्रभावों का मामला बन चुका है। यह जंग आने वाले समय में पर्यावरणीय संकट के खतरे को काफी हद तक बढ़ा देगा।

हवाई हमलों ने रिफाइनरियों और तेल कुओं को निशाना बनाया, तो वहां जमा लाखों बैरल कच्चा तेल और ईंधन अनियंत्रित तरीके से जलने लगा। इस अपूर्ण दहन से निकलने वाली कालिख और जहरीली गैस वायुमंडल की ऊपरी परतों में जमा हो गईं। जब यह प्रदूषक बादल के कणों के साथ मिलते हैं, तो बारिश की बूंदे गहरे काले या भूरे रंग की हो जाती हैं, जिसे वैज्ञानिकों ने काली बारिश की संज्ञा दी है, इससे निकलने वाला विषाक्त रसायन न केवल मानव जीवन को प्रभावित कर रहा है, बल्कि पर्यावरण के लिए भी एक गंभीर संकट पैदा कर रहा है।



रवींद्र त्रिपाठी
शिक्षक

इसको लेकर के विश्व स्वास्थ्य संगठन ने चेतावनी जारी की है। संगठन ने लोगों को आगाह किया है कि लोग बारिश के संपर्क में आने से बचें, यदि संभव हो तो घर के अंदर ही रहें। घर से बाहर निकलते समय उच्च गुणवत्ता युक्त वाले एन 95 मास्क का उपयोग करें। सतही जल या खुले जलाशयों के पानी को इस्तेमाल न करें।

युद्ध से जो सबसे गंभीर पर्यावरण संकट है, वह है वायु प्रदूषण। दहकती हुई तेल रिफाइनरियों से घातक रसायनों का उत्सर्जन निरंतर वायुमंडल में फैल रहा है। इससे वायुमंडल पर कालिख की एक परत जमा हो गई है। पहले घातक रसायन पाली साइक्लिक एरोमेटिक हाइड्रोकार्बन है। यह कच्चे तेल के जलने से उत्पन्न होने वाला सबसे खतरनाक रसायन है। यह सीधे डीएनए को नुकसान पहुंचा सकता है और कैंसर का मुख्य कारक है। दूसरा घातक रसायन पार्टिकुलेट मैटर है। इसके सूक्ष्मकण फेफड़े में गहराई तक जाकर रक्त में मिल जाते हैं, जिससे हृदय रोग एवं अस्थमा का खतरा बढ़ जाता है। तीसरा घातक रसायन भारी धातुएं हैं। कच्चे तेल में प्राकृतिक रूप से निकिल और बेनेडियम जैसी धातुएं होती हैं। जलने के बाद यह वर्षा के जल माध्यम से जमीन पर आती हैं और खाद्य श्रृंखला को जहरीला बना देती हैं। चौथा रसायन सल्फर और नाइट्रोजन के ऑक्साइड है। ये रसायन वर्षा के पानी के साथ मिलकर सल्फ्यूरिक और नाइट्रिक अम्ल बनाते हैं। यह न केवल इमारत एवं बुनियादी ढांचे को नष्ट करते हैं, बल्कि त्वचा पर भी रासायनिक जलन पैदा करते हैं। बेंजीन और टाल्यूईन तंत्रिका तंत्र पर बुरा असर डालते हैं।

जहाज पर हमले से समुद्र तल पर तेल रिसाव हो गया है। मिसाइल हमले से केमिकल लीकेज होने के कारण जल प्रदूषण का खतरा पैदा हो गया है। तेल डिपो पर हमले से समुद्री पारिस्थितिकी तंत्र व पीने के पानी के स्रोत प्रदूषित हो गए हैं। होर्मुज जलडमरूमध्य में जहाज के क्षतिग्रस्त होने से तेल समुद्र तल पर फैला हुआ है। इस हमले से पूरा समुद्री पारिस्थितिकी तंत्र बुरी तरह प्रभावित हुआ है। दरअसल पारिस्थितिक तंत्र से तात्पर्य समुद्री जल की अपनी व्यवस्था से है। समुद्र में सभी तत्व एक निश्चित मात्रा एवं अनुपात में रहते हैं, जिससे समुद्री जीव-जंतु उसमें भली-भांति फूलते-फलते है। इस युद्ध से समुद्री पारिस्थितिकी तंत्र में बदलाव हो जाएगा, जिससे बहुत से जीव-जंतुओं की मौत हो सकती है या उनमें बीमारियां फैल सकती हैं।

(ये लेखक के निजी विचार हैं।)

# पांच राज्यों का रण और सत्ता के समीकरण





योगेश कुमार गोयल
वरिष्ठ पत्रकार

केरल से लेकर असम, पश्चिम बंगाल, तमिलनाडु और पुदुचेरी तक सियासी हलचल चरम पर है। रैलियों की गूंज, वादों की बरसात और आरोप-प्रत्यारोप के तीखे तीरों के बीच लोकतंत्र का यह उत्सव अब निर्णायक मोड़ पर पहुंच चुका है।

पांच राज्यों में विधानसभा चुनावों की आहट ने देश की राजनीति को उबाल पर ला दिया है। केरल से लेकर असम, पश्चिम बंगाल, तमिलनाडु और केंद्र शासित प्रदेश पुदुचेरी तक सियासी हलचल अपने चरम पर है। रैलियों की गूंज, वादों की बरसात और आरोप-प्रत्यारोप के तीखे तीरों के बीच लोकतंत्र का यह उत्सव अब निर्णायक मोड़ पर पहुंच चुका है। हर राजनीतिक दल अपने-अपने एजेंडे, घोषणापत्र और रणनीति के साथ मैदान में है और मतदाताओं को अपने पक्ष में करने के लिए हरसंभव प्रयास कर रहा है। इस बार का चुनाव केवल सरकार बनाने का साधन नहीं, बल्कि बीते पांच वर्षों के कामकाज का जनमत संग्रह और आने वाले राजनीतिक भविष्य की दिशा तय करने वाला निर्णायक क्षण है।

पांच राज्यों की कुल 824 विधानसभा सीटों पर लगभग 17.4 करोड़ मतदाता अपने मताधिकार का प्रयोग करेंगे। यह केवल आंकड़ों का खेल नहीं, बल्कि 116 लोकसभा सीटों के प्रभाव क्षेत्र से जुड़ा हुआ वह राजनीतिक रणक्षेत्र है, जो राष्ट्रीय राजनीति की धुरी को प्रभावित कर सकता है। चुनाव कार्यक्रम भी बेहद दिलचस्प है, असम, केरल और पुदुचेरी में नौ अप्रैल को मतदान होगा, तमिलनाडु में 23 अप्रैल को और पश्चिम बंगाल में दो चरणों (23 और 29 अप्रैल) में वोट डाले जाएंगे। नतीजे चार मई को घोषित होंगे और उसी दिन यह स्पष्ट हो जाएगा कि जनता ने किसके पक्ष में अपना विश्वास व्यक्त किया।

इस बार का चुनावी परिदृश्य कई स्तरों पर जटिल और बहुआयामी है। सत्ताधारी दल जहां अपने विकास कार्यों, कल्याणकारी योजनाओं और 'डबल इंजन' जैसे नारों के सहारे जनता तक पहुंचने की कोशिश कर रहे हैं, वहीं विपक्ष बेरोजगारी, महंगाई, सामाजिक असमानता और प्रशासनिक खामियों को मुद्दा बनाकर आक्रामक रुख अपनाए हुए है। यह संघर्ष अब केवल सत्ता का नहीं रहा, बल्कि विचारधारा, नीतियों और विकास के मॉडलों की प्रतिस्पर्धा में बदल चुका है।

सबसे अधिक चर्चा का केंद्र बना हुआ है पश्चिम बंगाल, जहां राजनीतिक तापमान सबसे ज्यादा है। 294 सीटों वाली विधानसभा में मतदाता अपने मताधिकार का उपयोग करेंगे। पिछले चुनाव में तृणमूल कांग्रेस ने प्रचंड बहुमत हासिल कर सत्ता पर कब्जा बनाए रखा था, जबकि भाजपा ने मुख्य विपक्षी दल के रूप में अपनी मजबूत उपस्थिति दर्ज कराई थी। इस बार मुकाबला और अधिक तीखा हो गया है। तृणमूल कांग्रेस अपने 'बंगाल मॉडल', महिला सशक्तिकरण योजनाओं और क्षेत्रीय अस्मिता के मुद्दों के साथ मैदान में है, वहीं भाजपा 'डबल इंजन' सरकार के वादे और घुसपैठ जैसे मुद्दों को प्रमुखता दे रही है। रोजगार, भ्रष्टाचार और प्रशासनिक पारदर्शिता जैसे मुद्दे भी चुनावी विमर्श के केंद्र में हैं। विश्लेषकों का मानना है कि यहां मुकाबला बेहद कांटे का होगा, एक तरफ ममता बनर्जी की राजनीतिक विरासत दांव पर है, तो दूसरी ओर भाजपा के लिए यह पूर्वी भारत में विस्तार का सुनहरा अवसर है।

असम का चुनाव भी कम दिलचस्प नहीं है। 126 सीटों वाली विधानसभा में मतदाता निर्णायक भूमिका निभाएंगे। यहां मुख्य सवाल यही है कि क्या भाजपा लगातार तीसरी बार सत्ता में वापसी कर पाएगी या कांग्रेस और उसके सहयोगी दल वापसी का रास्ता तैयार करेंगे। मुख्यमंत्री हिमंत बिस्वा सरमा के नेतृत्व में भाजपा विकास, बुनियादी ढांचे और सुरक्षा के मुद्दों को लेकर जनता के बीच है। वहीं विपक्ष सीएए-एनआरसी, बेरोजगारी और क्षेत्रीय पहचान जैसे मुद्दों को उठाकर सरकार को घेरने की कोशिश कर रहा है। राष्ट्रीय स्तर के नेताओं की सक्रियता ने इस चुनाव को और अधिक महत्वपूर्ण बना दिया है। असम में परिणाम न केवल राज्य की राजनीति बल्कि पूर्वोत्तर भारत में शक्ति संतुलन को भी प्रभावित करेंगे।

दक्षिण भारत में तमिलनाडु और केरल की राजनीति अपनी विशिष्ट पहचान रखती है। तमिलनाडु में द्रविड़ राजनीति का प्रभाव इतना गहरा है कि राष्ट्रीय दलों की भूमिका सीमित हो जाती है। 234 सीटों वाली विधानसभा में 5.67 करोड़ मतदाता मतदान करेंगे। पिछले चुनाव में डीएमके गठबंधन ने सत्ता हासिल की थी और इस बार भी वह अपने 'द्रविड़ मॉडल', सामाजिक न्याय और कल्याणकारी योजनाओं के दम पर मैदान में है। वहीं एआईएडीएमके गठबंधन महंगाई, बिजली संकट और स्थानीय मुद्दों को लेकर सरकार पर हमला बोल रहा है। इसके अलावा अभिनेता विजय की पार्टी का चुनावी मैदान में उतरना एक नया समीकरण बना सकता है, खासकर युवा मतदाताओं के बीच।

केरल में 140 सीटों के लिए 2.7 करोड़ मतदाता मतदान करेंगे। यहां का चुनाव पारंपरिक रूप से सत्ता परिवर्तन के लिए जाना जाता रहा है, लेकिन पिछले चुनाव में वाम मोर्चे ने लगातार दूसरी बार जीत दर्ज कर इतिहास रच दिया था। इस बार यदि वह तीसरी बार सत्ता में आता है, तो यह एक नया राजनीतिक अध्याय होगा। वाम मोर्चा अपने स्वास्थ्य, शिक्षा और सामाजिक कल्याण के मॉडल को प्रमुखता दे रहा है, जबकि कांग्रेस नेतृत्व वाला यूडीएफ महंगाई, बेरोजगारी और भ्रष्टाचार के मुद्दों को लेकर हमलावर है।

पुदुचेरी भले ही छोटा केंद्र शासित प्रदेश हो, लेकिन यहां की राजनीति बेहद संवेदनशील और निर्णायक है। 30 सीटों वाली विधानसभा में 9.44 लाख मतदाता मतदान करेंगे। यहां गठबंधन राजनीति का महत्व सबसे अधिक है, जहां छोटे-छोटे वोट अंतर भी सत्ता की दिशा तय कर सकते हैं। पिछले चुनाव में एनडीए गठबंधन ने सत्ता हासिल की थी और इस बार भी वह अपनी स्थिति मजबूत करने की कोशिश में है, जबकि कांग्रेस और क्षेत्रीय दल सत्ता वापसी के लिए संघर्षरत हैं। यह सभू चुनाव केवल राजनीतिक दलों के बीच मुकाबला नहीं, बल्कि लोकतंत्र की सबसे बड़ी परीक्षा है। चार मई को जब परिणाम सामने आएंगे, तभी यह स्पष्ट होगा कि किसने जनता की अपेक्षाओं को समझा और किसे आत्ममंथन की आवश्यकता है।

(ये लेखक के निजी विचार हैं।)

## आमने सामने



चाहे आप कितनी भी बधाई देने वाली पोस्ट डाल दें, कितनी भी स्टोरी शेयर कर लें। कितने भी इंटरव्यू में कह दें कि 'मेरी पसंदीदा फिल्म', लेकिन सच तो यही है कि धुरंधर से सबको जलन होती है। बम फिल्म में फूटे लियारी में, लेकिन धुआं उड़ रहा है बांद्रा से जुहू में।
-जाकिर खान
स्टैंडअप कॉमेडियन

फिल्म इंडस्ट्री अच्छे काम की सराहना करती है और 'धुरंधर' को भी भरपूर प्रशंसा मिली है। शाहरुख खान, सलमान खान, ऋतिक रोशन और अजय देवगन जैसे सितारों ने सालों से इंडस्ट्री को कई सुपरहिट फिल्में दी हैं, जिसे नजरअंदाज नहीं किया जा सकता।
-अमीषा पटेल
अभिनेत्री



# देव भूमि में रहेगी धार्मिक उत्सवों की बहार



अमित शर्मा
हल्द्वानी

उत्तराखंड में इस पूरे साल और 2027 के पहले हिस्से में धार्मिक आयोजनों की बयार बहेगी, तो सियासत के क्षेत्र में बयानवीरों के बीच खूब तीर भी चलेंगे।

हर साल बड़ी से बड़ी चुनौती से निपटना उत्तराखंड राज्य की परंपरा बन चुकी है, लेकिन देवों की इस भूमि के लिए आने वाले डेढ़ साल धार्मिक से लेकर सियासी तौर पर ट्रिपल चुनौती का सामना करने वाले होने जा रहे हैं। इस पूरे साल और साल 2027 के पहले हिस्से में, जहां राज्य में धार्मिक आयोजनों की बयार बहेगी, तो सियासत के क्षेत्र में बयानवीरों के बीच खूब तीर चलेंगे। इन तीनों बडे आयोजनों में सबसे पहला धार्मिक आयोजन उत्तराखंड चारधाम यात्रा 2026 है। 19 अप्रैल 2026 (अक्षय तृतीया) को यमुनोत्री और गंगोत्री धाम के कपाट खुलने के साथ ही उत्तराखंड चारधाम यात्रा 2026 का शुभारंभ होगा, जबकि केदारनाथ धाम के कपाट 22 अप्रैल को सुबह 8:00 बजे और बद्रीनाथ धाम के कपाट 23 अप्रैल को प्रातः 6:15 बजे खुलने जा रहे हैं।

इसके साथ ही सिखों के पवित्र तीर्थस्थल गुरुद्वारा हेमकुंड साहिब के कपाट 25 मई 2026 की सुबह 10:30 बजे तीर्थयात्रियों के लिए खोल दिए जाएंगे। चारधाम यात्रा में सबसे बड़ी चुनौती मौसम की मेहरबानी पर निर्भर करती है। यानी जितना मौसम आसान होगा, उतनी ही चारधाम यात्रा सुखद होगी, हालांकि पूर्व के अनुभव काफी कड़वे रहे हैं और प्रदेश का पुलिस-प्रशासन व आपदा प्रबंधन विभाग किसी भी आपदा या मौसमी आफत से निपटने के लिए पूरी तरह से कमर कस रहा है।

उत्तराखंड में आपदा का समय आम तौर पर जून माह से सितंबर माह तक का माना जाता है, चूंकि इस समय मानसून का मौसम होता है और बारिश के साथ ही आंधी-तूफान की संभावनाएं सबसे ज्यादा होती हैं। इस दौरान सबसे ज्यादा चिंता बादल फटने, भूस्खलन और बाढ़ की रहती है। यहां पर्वतीय क्षेत्रों में भारी बारिश के कारण भूस्खलन की संभावनाएं ज्यादा रहती हैं, तो नदियों में जल स्तर बढ़ने से बाढ़ आने से नदी-नालों के आसपास की आबादी के लिए बड़ा संकट खड़ा हो जाता है। इसके अलावा उच्च और मध्यम पर्वतीय क्षेत्रों में इस मौसम में बादल फटने जैसी घटनाएं जान-माल का नुकसान करने के कारण सबसे ज्यादा दुख देती हैं।

दूसरा आयोजन राजनीति से जुड़ा है और साल 2027 में उत्तराखंड विधानसभा चुनाव होने हैं। उत्तराखंड की वर्तमान (पांचवीं) विधानसभा का कार्यकाल 28 मार्च 2027 को समाप्त होने जा रहा है। राज्य में पिछली बार विधानसभा चुनाव मार्च 2022 में हुए थे और उम्मीद यही जताई जा रही है कि पांच साल का कार्यकाल पूरा होने पर ही नया चुनाव कराया जाएगा। उत्तराखंड विधानसभा के 14 फरवरी 2022 को हुए चुनाव में 10 मार्च 2022 को परिणाम घोषित किए गए थे। उत्तराखंड राज्य के गठन के बाद यह पहली बार था कि जब मौजूदा सरकार दोबारा निर्वाचित हुई। भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने लगातार दूसरी बार सरकार बनाई। पुष्कर सिंह धामी ने 23 मार्च 2022 को राज्य के मुख्यमंत्री के रूप में दूसरी बार शपथ ली थी।

इस समय भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस आधिकारिक रूप से विपक्ष की भूमिका निभा रहा है और विधानसभा में विपक्ष का नेतृत्व नेता प्रतिपक्ष के रूप में यशपाल आर्य कर रहे हैं। इस बार विधानसभा चुनाव भाजपा और कांग्रेस दोनों के लिए ही काफी चुनौतीपूर्ण साबित होने जा रहे हैं। भाजपा का लक्ष्य जहां उत्तराखंड में जीत की हैट्रिक लगाना है, तो कांग्रेस के लिए फिर से राज्य की सत्ता पाना है। जमीनी स्तर पर भाजपा हमेशा से चुनाव के लिए तैयार रहती है, तो कांग्रेस के आला नेताओं ने उत्तराखंड में पहुंचकर तैयारियों की समीक्षा करनी शुरू कर दी है। वहीं, कांग्रेस में जहां अभी से ही रूठने-मनाने का दौर शुरू हो गया है तो भाजपा में विरोधियों को अंत तक साधे रखना बड़ी चुनौती होगी।

तीसरा विराट आयोजन हरिद्वार कुंभ 2027 होगा। 14 जनवरी 2027 (मकर संक्रांति) से शुरू होकर अप्रैल 2027 तक चलने वाले इस हरिद्वार कुंभ में 14 जनवरी से 20 अप्रैल 2027 तक विभिन्न प्रमुख स्नान होंगे। पहला शाही स्नान मकर संक्रांति पर 14 जनवरी को होगा और इस बार यह आयोजन पूर्ण कुंभ की तरह ही बड़े पैमाने पर आयोजित किया जाएगा।

अब सबसे बड़ा सवाल यही रहेगा कि धार्मिक आयोजन तो अपनी तिथियों पर ही होंगे और इसमें किसी तरह की छेड़छाड़ नहीं की जा सकती है, लेकिन जहां तक विधानसभा चुनाव का सवाल है तो यह भी माना जा रहा है कि हरिद्वार कुंभ को देखते हुए विधानसभा चुनाव इसी साल अक्टूबर या नवंबर में ही कराए जा सकते हैं, हालांकि राज्य में विधानसभा चुनाव की निर्धारित तिथि फरवरी 2027 है।

यह साल उत्तराखंड के लिए सियासी तौर पर जहां काफी उथल-पुथल भरा होगा, तो धार्मिक रूप से भी सरकारी मशीनरी के लिए हर स्तर पर बड़ी चुनौती होगी। चारधाम यात्रा के कुशल प्रबंधन के साथ मौसमी आपदाओं से निपटना और हरिद्वार कुंभ में श्रद्धालुओं के सैलाब का नियंत्रित करना, उससे भी ज्यादा चुनौतीपूर्ण होगा।

## सोशल फोरम

# कला-विज्ञान में बंटा ज्ञान

मनुष्य ने ज्ञान को अक्सर दो अलग खेमों में बांट दिया है- एक तरफ गणित और विज्ञान, दूसरी तरफ साहित्य और कला। पहली दुनिया को तर्क और कठोरता का क्षेत्र माना जाता है, जबकि दूसरी को कल्पना और संवेदना का, लेकिन यह विभाजन बहुत नया, मनगढ़ंत और अतार्किक है। लंबे समय तक गणित और साहित्य एक ही बौद्धिक संस्कृति का हिस्सा रहे हैं। दोनों का मूल उद्देश्य एक ही थाः संसार में छिपे पैटर्न को पहचानना। कोई गणितज्ञ किसी प्रमेय को सिद्ध करता है, तब वह वस्तुतः यह दिखा रहा होता है कि किसी जटिल व्यवस्था के भीतर एक छिपी हुई संरचना मौजूद है। इसी तरह जब कोई लेखक कहानी लिखता है, तब वह भी जीवन के भीतर मौजूद संबंधों और संरचनाओं को उजागर कर रहा होता है। अंतर केवल इतना है कि गणित प्रतीकों और संख्याओं की भाषा में बोलता है, जबकि साहित्य शब्दों और रूपकों की भाषा में।



मनोज अभिज्ञान
ब्लॉगर

गणित और साहित्य दोनों ही संभावना के साथ काम करते हैं। गणित संभावित संरचनाओं की दुनिया बनाता है, जबकि साहित्य संभावित अनुभवों की। फ्रांसीसी लेखक रेमंड क्यूनो की प्रसिद्ध पुस्तक Cent Mille Milliards de Pomes में केवल दस सॉनेट लिखे गए थे, लेकिन उन्हें इस तरह व्यवस्थित किया गया कि उनकी पंक्तियों को बदल-बदल कर अरबों अलग-अलग कविताएं बनाई जा सकती थीं। इसका अर्थ यह हुआ कि पुस्तक में लिखी हुई कविताएं कम थीं, लेकिन संभावित कविताएं लगभग अनंत थीं।

यह विचार हमें सीधे इस प्रश्न की ओर ले जाता है कि क्या वे सभी कविताएं वास्तव में मौजूद हैं, या वे केवल संभावना के रूप में हैं? यही प्रश्न तो गणित में भी उठता है। गणित में अनंत संभावनाओं की दुनिया होती है, लेकिन उनमें से कुछ ही हमारे अनुभव में आती हैं।

यही कारण है कि कई महान लेखकों ने गणितीय विचारों को अपनी रचनाओं में शामिल किया। लुईस कैरोल, जो Alice in Wonderland के लेखक थे, पेशे से गणितज्ञ भी थे। उनकी कहानियों में तर्क, विरोधाभास और संरचनात्मक खेल भरे पड़े हैं। उनकी रचनाओं को पढ़ते हुए ऐसा लगता है, जैसे कोई गणितीय पहेली धीरे-धीरे कथा का रूप ले रही हो। इसी तरह अर्जेंटीना के लेखक जॉर्ज लुईस बोर्खेस ने भी अपनी कहानियों में गणितीय और दार्शनिक विचारों का प्रयोग किया। उनकी प्रसिद्ध कहानी The Library of Babel में ऐसी लाइब्रेरी की कल्पना की गई है, जिसमें सभी संभावित पुस्तकें मौजूद हैं।

-फेसबुक वॉल से

## सामयिकी

# दूरदराज गांव में मोबाइल कनेक्टिविटी बड़ी चुनौती

भले ही आज भारत फ़ास्ट नेटवर्क उपलब्ध कराने वाले दुनिया के गिने चुने देशों में शामिल है, लेकिन देश के कई ऐसे ग्रामीण क्षेत्र हैं, जहां लोगों को मामूली नेटवर्क तक उपलब्ध नहीं हो पाता। उन्हें इंटरनेट स्पीड मिलना तो दूर की बात है, अपनों से फोन पर भी बात करने के लिए गांव से कई किमी दूर चलकर नेटवर्क एरिया में आना पड़ता है। मोबाइल कनेक्टिविटी की कमी का असर सिर्फ संचार तक सीमित नहीं है, बल्कि यह शिक्षा, स्वास्थ्य, रोजगार और सामाजिक जीवन के हर पहलू को प्रभावित करता है। आज के समय में जब अधिकतर सरकारी सेवाएं ऑनलाइन हो गई हैं, तब नेटवर्क न होना लोगों को उनके अधिकारों से भी दूर कर देता है।

इस समस्या का सबसे ज्यादा असर प्रतियोगिता परीक्षाओं की तैयारी करने वाली गांव की लड़कियों पर पड़ता है, जो लड़के इन परीक्षाओं की तैयारी कर रहे हैं, वे मजबूरी में शहरों के हॉस्टल का रुख करते हैं, क्योंकि वहां इंटरनेट और मोबाइल नेटवर्क की सुविधा उपलब्ध होती है, लेकिन गांव की लड़कियों के लिए यह विकल्प आसान नहीं होता है। सामाजिक और आर्थिक कारणों से वे गांव में ही रहकर पढ़ाई करने पर मजबूर हैं। ऐसे में मोबाइल कनेक्टिविटी की कमी उनके लिए एक बड़ी बाधा बन जाती है। वे ऑनलाइन क्लास, करंट अफेयर्स, फॉर्म भरने जैसी जरूरी चीजों से वंचित रह जाती हैं, जिससे वे प्रतियोगिता में पीछे रह जाती हैं।



कुमारी किरण
एक्टिविस्ट

सरकार ने इस दिशा में कई प्रयास किए हैं। डिजिटल इंडिया अभियान के तहत ग्रामीण क्षेत्रों में इंटरनेट और मोबाइल कनेक्टिविटी को बढ़ाने के लिए कई योजनाएं चलाई जा रही हैं। 'भारतनेट परियोजना' के माध्यम से गांव-गांव तक ब्रॉडबैंड कनेक्शन पहुंचाने का लक्ष्य रखा गया है। इस योजना के तहत देश के लगभग 2.5 लाख ग्राम पंचायतों को ऑप्टिकल फाइबर से जोड़ने का लक्ष्य है, जिसमें उत्तराखंड की हजारों ग्राम पंचायतें भी शामिल हैं। इसके अलावा, यूनिवर्सल सर्विस ऑब्लिगेशन फंड के तहत दूरदराज क्षेत्रों में मोबाइल टॉवर लगाने के लिए वित्तीय सहायता दी जा रही है। इसकी स्थापना का उद्देश्य गांव और दूरदराज के क्षेत्रों में रहने वाले लोगों को किफायती और उचित कीमतों पर गैर-भेदभावपूर्ण तरीके से दूरसंचार सेवाओं तक पहुंच प्रदान करना है, जिससे ग्रामीण-शहरी डिजिटल विभाजन को पाटा जा सके। दूसरी तरफ, देश की निजी टेलीकॉम कंपनियां भी इस दिशा में काम कर रही हैं।

इस समस्या का समाधान केवल सरकार या कंपनियों के प्रयासों से नहीं होगा, बल्कि इसके लिए समन्वित प्रयास की आवश्यकता है। स्थानीय प्रशासन को यह सुनिश्चित करना चाहिए कि लगाए गए टॉवर समय पर चालू हों और उनकी निगरानी की जाए। साथ ही, सोलर पॉवर जैसे वैकल्पिक ऊर्जा स्रोतों का उपयोग करके बिजली की समस्या को भी दूर किया जा सकता है। निजी कंपनियों को भी सामाजिक जिम्मेदारी के तहत कम लाभ वाले क्षेत्रों में निवेश करना चाहिए।

हकीकत यह है कि मोबाइल कनेक्टिविटी आज के समय की एक बुनियादी आवश्यकता बन चुकी है, खासकर उन क्षेत्रों के लिए जो भौगोलिक रूप से अलग-थलग हैं। अगर सरकार, कंपनियां और समाज मिलकर प्रयास करें, तो वह दिन दूर नहीं जब दूर-दराज के क्षेत्रों में भी मोबाइल की घंटियां गूंजेंगी और हर व्यक्ति अपनों से जुड़ा हुआ महसूस करेगा। वास्तव में, अगर देश को विकसित बनाना है, तो हमें विकास के सभी पहलुओं और दूर दराज़ के गांवों को साथ लेकर चलना होगा।

(ये लेखिका के निजी विचार हैं।)

स्वामी-रुहेलखंड इंटरप्राइजेज के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक त्रिनाथ शुक्ला द्वारा अमृत विचार प्रकाशन, प्लाट नं.-42, निकट बद्री नगर,इंडस्ट्रियल एरिया, नादरगंज, लखनऊ-226008 (उ.प्र.) से मुद्रित एवं 117/एल/320-ए, नवीन नगर काकादेव, कानपुर नगर 208001 (उ.प्र.) से प्रकाशित। **संपादक- राजेश श्रीनेत, कार्यकारी संपादक- दिग्विजय सिंह*** 0512-2548300 (कार्यालय), ईमेल- editorschoice@amritvichar.com, आर.एन.आई नं0-UPHIN/2022/85730 *इस अंक में प्रकाशित समाचार के चयन एवं संपादन हेतु पी.आर.बी. एक्ट की धारा 7 के अंतर्गत उत्तरदायी।(नोट-सभी विवादों का न्यायक्षेत्र कानपुर होगा)।

# कैम्पस

## वर्ड स्मिथ

### ऐसे बना पुलिस शब्द

"पुलिस" शब्द सिर्फ एक संस्था का नाम नहीं, बल्कि इतिहास, भाषा और समाज के विकास की एक रोचक यात्रा है। आज हम जिस पुलिस व्यवस्था को जानते हैं, उसकी जड़ें हजारों साल पुरानी सभ्यताओं और बदलती प्रशासनिक प्रणालियों में छिपी हैं।



शब्द "पुलिस" की उत्पत्ति लैटिन भाषा के "politia" से मानी जाती है, जिसका अर्थ है राज्य का प्रशासन या राजनीतिक व्यवस्था। यह शब्द आगे ग्रीक शब्द "polits" से जुड़ा है, जो नागरिक या शहर के सदस्य को दर्शाता है। समय के साथ यह फ्रांसीसी भाषा में "police" बना और फिर अंग्रेजी सहित दुनिया की कई भाषाओं में प्रचलित हो गया। प्राचीन काल में भी कानून-व्यवस्था बनाए रखने के लिए व्यवस्थाएं मौजूद थीं। प्राचीन मिस्र, मेसोपोटामिया और यूनान जैसी सभ्यताओं में सुरक्षा और व्यवस्था के लिए संगठित प्रयास किए जाते थे। हालांकि उस समय यह जिम्मेदारी शासकों की सेना या स्थानीय प्रशासन पर ही निर्भर थी।

मध्यकाल में जैसे-जैसे शहरों का विस्तार हुआ, इंग्लैंड में "watchmen" और "constables" जैसे प्रारंभिक पुलिस तंत्र विकसित हुए। वहीं लुई XIV के शासनकाल में फ्रांस में औपचारिक पुलिस व्यवस्था स्थापित की गई, जिसने आधुनिक पुलिस की नींव रखी। आधुनिक पुलिस व्यवस्था का वास्तविक स्वरूप 19 वीं शताब्दी में सामने आया, जब 1829 में लंदन मेट्रोपोलिटन पुलिस की स्थापना हुई। औद्योगिक क्रांति और बढ़ते शहरीकरण के बीच यह कदम बेहद महत्वपूर्ण साबित हुआ। आज की संगठित और पेशेवर पुलिस व्यवस्था काफी हद तक इसी मॉडल से प्रेरित मानी जाती है।

## नोटिस बोर्ड

### बीएड प्रवेश परीक्षा की आवेदन तिथि बढ़ी



- झांसी स्थित बुंदेलखंड विश्वविद्यालय के संयोजन में आयोजित राज्य बीएड प्रवेश परीक्षा के लिए ऑनलाइन आवेदन की अंतिम तिथि बढ़ा दी गई है। अब अभ्यर्थी 30 अप्रैल तक बिना विलंब शुल्क के आवेदन कर सकते हैं। शासन की मंजूरी के बाद यह फैसला लिया गया है। वहीं, इच्छुक उम्मीदवार 5 मई तक विलंब शुल्क के साथ भी आवेदन जमा कर सकेंगे। विश्वविद्यालय प्रशासन ने अधिक से अधिक अभ्यर्थियों से समय सीमा के भीतर आवेदन करने की अपील की है।

### रोजगार मेले का आयोजन

- सुल्तानपुर के पयागीपुर स्थित जिला सेवायोजन कार्यालय (मॉडल करियर सेंटर) द्वारा 10 अप्रैल 2025 को राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान में रोजगार मेले का आयोजन किया जाएगा। इस मेले में टाटा मोटर्स सहित निजी क्षेत्र की कंपनियां भाग लेंगी, जहां 400 से अधिक पदों पर भर्ती की जाएगी। अभ्यर्थियों के लिए हाईस्कूल, इंटरमीडिएट व आईटीआई योग्यता अनिवार्य है तथा आयु 18 से 27 वर्ष निर्धारित की गई है। चयनित उम्मीदवारों को आकर्षक वेतन और सुविधाएं मिलेंगी। इच्छुक अभ्यर्थी आवश्यक दस्तावेजों के साथ मेले में शामिल हो सकते हैं।

# शोध, साख और सौदेबाजी




डॉ. शिवम भारद्वाज
असिस्टेंट प्रोफेसर, मथुरा



"20,000 रुपये में सात दिन में 'इंडेक्स्ड पेपर'"- यह अब किसी छिपे हुए नेटवर्क की नहीं, खुले बाजार की भाषा है। ईमेल, व्हाट्सऐप और टेलीग्राम पर ऐसे प्रस्ताव आम हैं : तय शुल्क दीजिए, शोधपत्र तैयार, प्लेजरिज्म रिपोर्ट संलग्न और प्रकाशन सुनिश्चित। शोध अब सेवा बन चुका है। समस्या यह नहीं कि यह सब हो रहा है, समस्या यह है कि इसे अब असामान्य नहीं माना जाता। यहीं से संकट की असली शुरुआत होती है- सामान्यीकरण का संकट। जब अनैतिकता अपवाद नहीं रह जाती, बल्कि व्यवहार का स्वीकृत हिस्सा बन जाती है, तो वह धीरे-धीरे संरचना में बदल जाती है। शोध के साथ आज यही हो रहा है। यह कुछ व्यक्तियों की चूक नहीं, बल्कि उस पूरे अकादमिक तंत्र का परिणाम है, जहां साधन और साध्य के बीच की रेखा मिटने लगी है।

### संरचना का क्षरण

भारत में उच्च शिक्षा का विस्तार अभूतपूर्व रहा है। विश्वविद्यालय, सीटें और शोधार्थी, सभी की संख्या बढ़ी है। पर इसी विस्तार के भीतर शोध का चरित्र भी बदल रहा है। अब दबाव केवल शोधार्थी पर नहीं, संस्थानों पर भी है। रैंकिंग, ग्रांट, स्थायीकरण और प्रतिष्ठा सब कुछ प्रकाशनों की संख्या से बंध गया है। परिणाम यह कि "कितना" अक्सर "क्या" को विस्थापित कर देता है। जब मूल्यांकन संख्या से होगा, तो व्यवहार भी संख्या के अनुसार ढलेगा। पारदर्शिता के लिए लाई गई व्यवस्थाएं, जैसे एपीआई, धीरे-धीरे मेट्रिक्स के ऐसे ढांचे में बदल गईं, जहां गणना ने गुण पर अधिकार जमा लिया। शोधपत्र ज्ञान-सृजन का माध्यम कम, मूल्यांकन की मुद्रा अधिक बन गए। यही मुद्रा नियुक्ति, पदोन्नति और वेतन-वृद्धि से जुड़कर शोध को बाध्यता में बदल देती है। जब शोध बाध्यता बनता है, तो जिज्ञासा पीछे हटती है, जो प्रक्रिया प्रश्नों से शुरू होकर अनिश्चितताओं से गुजरती है, वह लक्ष्य-पूर्ति का औपचारिक अभ्यास बन जाती है। ऐसे में शॉर्टकट अपवाद नहीं, अनिवार्य परिणाम होते हैं। संख्या बढ़ती है, पर अर्थ सिकुड़ता जाता है। इस दबाव का एक स्पष्ट रूप पीएचडी शोध में दिखाई देता है। कई संस्थानों में थीसिस के साथ निश्चित संख्या में शोधपत्रों की अपेक्षा की जाती है। परिणामस्वरूप शोध का प्रश्न ही बदल जाता है- अब यह जानने के लिए नहीं कि क्या खोजा जाना चाहिए, बल्कि यह सुनिश्चित करने के लिए कि कितना प्रकाशित किया जा सके। इस सूक्ष्म परिवर्तन से शोध की दिशा ही नहीं, उसका उद्देश्य भी बदल जाता है। यहीं पेड-पेपर संस्कृति अपनी जड़ें जमाती है। एजेंसियां अब केवल लेखन नहीं करतीं, वे लेखक-पद उपलब्ध कराती हैं, प्रकाशन सुनिश्चित करती हैं और पूरी थीसिस तक तैयार कर देती हैं। शोध-प्रस्ताव से निष्कर्ष तक सब कुछ आउटसोर्स किया जा सकता है। ऐसे में डिग्री ज्ञान का प्रमाण नहीं, प्रक्रिया-पूर्ति का प्रमाणपत्र बन जाती है। यह केवल व्यक्तिगत अनैतिकता नहीं, यह उस संरचना का क्षरण है, जिसने संख्या को गुणवत्ता से ऊपर स्थापित कर दिया है।




### केवल डिग्री प्रदाता न बनें विश्वविद्यालय



ऐसे समय में चीन जैसे कुछ देशों द्वारा शोध मूल्यांकन के मानकों में बदलाव संकेत देता है कि दिशा बदली जा सकती है। कुछ क्षेत्रों/विषयों में प्रकाशनों की संख्या से हटकर वास्तविक योगदान- चाहे वह समाधान हो, नवाचार हो या सामाजिक प्रभाव को महत्व देना एक प्रयास है, संतुलन बहाल करने का। यह कोई पूर्ण मॉडल नहीं, लेकिन यह स्वीकारोक्ति अवश्य है कि मेट्रिक्स पर्याप्त नहीं हैं। भारत के संदर्भ में यह प्रश्न और जटिल है। यहां मानविकी और सामाजिक विज्ञान की समृद्ध परंपरा है, जहां हर शोध किसी ठोस उत्पाद में परिणत नहीं होता, लेकिन प्रश्न वही बना रहता है क्या हम संख्या से आगे बढ़कर अर्थ को प्राथमिकता दे सकते हैं?

नीतिगत सुधार आवश्यक हैं, पर पर्याप्त नहीं। मूल्यांकन व्यवस्थाओं में मौलिकता, गहराई और प्रासंगिकता को स्थान देना होगा। संस्थागत रैंकिंग में प्रभाव को गिनती से ऊपर रखना होगा, लेकिन सबसे महत्वपूर्ण परिवर्तन उस दृष्टिकोण में होना चाहिए, जो शोध को देखता है। क्योंकि अंततः संकट शोध का नहीं है, संकट उस तरीके का है, जिससे हम उसे मापते हैं। जब माप ही गलत हो, तो परिणाम भी विकृत होंगे। विश्वविद्यालय केवल डिग्री देने वाले संस्थान नहीं होते, वे समाज के आत्मचिंतन के स्थल होते हैं। यदि वहां सत्य की जगह मेट्रिक्स और लेन-देन स्थापित हो जाएं, तो यह आत्मचिंतन भी औपचारिकता बन जाता है। डिग्रियां बढ़ सकती हैं, रैंकिंग सुधर सकती है, लेकिन ज्ञान का आधार कमजोर हो जाता है। इसलिए, आवश्यकता केवल सुधार की नहीं, पुनर्स्थापन की है, उस मूल प्रश्न की ओर लौटने की, जिससे हर शोध शुरू होता है: हम क्यों खोज रहे हैं? यदि यह प्रश्न ईमानदारी से पूछा जाएगा, तो उत्तर हमें स्वयं उस दिशा में ले जाएगा, जहां शोध फिर से जिज्ञासा, गहराई और सत्य से जुड़ सके। क्योंकि अंततः शोध का संकट प्रकाशनों की अधिकता नहीं है- सत्य की कमी है और जहां सत्य कम पड़ने लगे, वहां साख टिकती नहीं, वह केवल दिखाई देती है, रहती नहीं।

### मनोवैज्ञानिक पक्ष

प्रीडेटरी और क्लोन जर्नल इस संरचना के स्वाभाविक विस्तार हैं। नकली इम्पैक्ट फैक्टर, संदिग्ध संपादकीय बोर्ड और औपचारिक सहकर्मी समीक्षा के सहारे वैधता का भ्रम निर्मित किया जाता है। वे इस संकट के कारण नहीं, बल्कि उसकी मांग का उत्तर हैं, जब मूल्यांकन गिनती से होगा, तो बाजार गिनती उपलब्ध कराएगा, लेकिन इस पूरे परिदृश्य का सबसे गंभीर पक्ष कहीं और है। यह केवल शोध के पतन की कहानी नहीं, यह सत्य के अवमूल्यन की कहानी है। जब ज्ञान का मूल्य उसकी संख्या से तय होने लगे, तो सत्य धीरे-धीरे अप्रासंगिक हो जाता है। वह आवश्यक नहीं, वैकल्पिक बन जाता है।



यहीं से एक गहरी बौद्धिक समस्या जन्म लेती है। आज अकादमिक जगत में "दिखना" "समझना" पर भारी पड़ रहा है। शोधार्थी और शिक्षक दोनों ही एक ऐसे तंत्र में कार्य कर रहे हैं, जहां उनकी पहचान उनके प्रकाशनों की सूची से निर्धारित होती है। सूची जितनी लंबी, वैधता उतनी अधिक चाहे उसमें विचार की गहराई हो या न हो।

इस प्रवृत्ति का मनोवैज्ञानिक पक्ष भी स्पष्ट है। जब सफलता का संकेत बार-बार मात्रा में दिया जाता है, तो व्यक्ति उसी दिशा में अपने प्रयास केंद्रित करता है। गहन, धीमा और अनिश्चित शोध कम आकर्षक हो जाता है, जबकि त्वरित और सुनिश्चित प्रकाशन अधिक व्यावहारिक विकल्प बन जाता है। इस प्रकार, अनैतिकता विचलन नहीं रह जाती, वह तंत्र के भीतर एक तार्किक अनुकूलन बन जाती है। यहां शोध के समय-चक्र का प्रश्न भी महत्वपूर्ण है। वास्तविक शोध धीमा होता है- वह संदेहों, असफलताओं और पुनर्विचारों से गुजरता है, लेकिन जब उसी प्रक्रिया को समयबद्ध लक्ष्यों में बांध दिया जाता है, तो उसकी प्रकृति बदल जाती है। "सात दिन में स्कोपस पेपर" केवल एक दावा नहीं, यह उस अधीरता का प्रतीक है, जिसने गहराई को गति से बदल दिया है। इसका प्रभाव केवल वर्तमान शोध तक सीमित नहीं रहता, यह ज्ञान की पूरी संरचना को प्रभावित करता है। जब संदिग्ध शोध संदर्भ बनते हैं, तो त्रुटियां आगे बढ़ती हैं। धीरे-धीरे समस्या व्यक्तिगत नहीं, प्रणालीगत हो जाती है, जहां सत्य और प्रमाण दोनों संदिग्ध होने लगते हैं।

## कॉलेज का पहला दिन

### स्वतंत्रता के साथ जिम्मेदारी का एहसास



शुभांक राज मौर्या
बीएससी छात्र, एसएस पीजी कॉलेज, शाहजहांपुर

आज भी मेरी यादों में उतनी ही ताजगी के साथ बसा है, कॉलेज का पहला दिन। एक बीएससी छात्र के रूप में यह मेरे जीवन का नया अध्याय था, जिसमें उत्साह, जिज्ञासा और हल्की-सी घबराहट तीनों एक साथ मौजूद थे। स्कूल की सुरक्षित और परिचित दुनिया से निकलकर कॉलेज की खुली और विस्तृत दुनिया में कदम रखना मेरे लिए एक बड़ा बदलाव था।

उस दिन मैं सुबह काफी जल्दी उठ गया था। मन में कई तरह के विचार उमड़-घुमड़ रहे थे। कैसे लोग मिलेंगे, पढ़ाई कैसी होगी, क्या मैं खुद को वहां ढाल पाऊंगा या नहीं! मैंने बड़ी सावधानी से अपनी तैयारी की- नया बैग, साफ-सुथरे कपड़े, और मन में ढेर सारी उम्मीदें। जब मैं कॉलेज के गेट पर पहुंचा, तो सामने विशाल इमारत, इधर-उधर जाते छात्र-छात्राएं और अलग-अलग गतिविधियों का माहौल देखकर मैं कुछ पल के लिए ठिठक गया। क्लासरूम में प्रवेश करना भी अपने आप में एक अनुभव था। वहां बैठे अधिकांश चेहरे मेरे लिए अनजान थे।

मैं चुपचाप एक सीट पर जाकर बैठ गया। थोड़ी ही देर में फिजिक्स के प्रोफेसर आए और उन्होंने पढ़ाना शुरू किया। उनकी पढ़ाने की शैली स्कूल से काफी अलग थी। वे सिर्फ किताबों तक सीमित नहीं थे, बल्कि हर विषय को समझने और सोचने पर जोर दे रहे थे। उसी समय मुझे एहसास हुआ कि अब पढ़ाई का स्तर बदल चुका है और मुझे भी खुद को उसी अनुसार ढालना होगा।

धीरे-धीरे पास बैठे कुछ छात्रों से बातचीत शुरू हुई। पहले तो झिझक थी, लेकिन फिर परिचय का सिलसिला चल पड़ा। किसी का सपना वैज्ञानिक बनने का था, तो कोई आगे रिसर्च करना चाहता था। उनकी बातें सुनकर मुझे भी अपने लक्ष्य और स्पष्ट दिखाई देने लगे। दोपहर में हम सब कैंटीन गए, जहां चाय और हल्की-फुल्की बातचीत ने हमें एक-दूसरे के करीब ला दिया। कॉलेज का माहौल मुझे बहुत अलग लगा। यहां किसी पर कोई बंधन नहीं था, लेकिन साथ ही अपनी जिम्मेदारी खुद निभानी थी। क्लास में जाना है या नहीं, पढ़ाई कैसे करनी है- ये सब अब हमारे अपने निर्णय थे। यह स्वतंत्रता जितनी आकर्षक थी, उतनी ही चुनौतीपूर्ण भी।



## करेंट अफेयर्स

- हाल ही में उत्तर प्रदेश की दिव्या सिंह ने एक असाधारण उपलब्धि हासिल की है। उन्होंने सिर्फ 14 दिनों में साइकिल चलाकर एवरेस्ट बेस कैंप तक का सफर पूरा किया है। अपनी पूरी यात्रा के दौरान उन्हें जमा देने वाली ठंड, ऑक्सीजन की कमी और मुश्किल रास्तों जैसी चुनौतियों का सामना करना पड़ा। यह महज एक उपलब्धि ही नहीं है, बल्कि पहाड़ों पर साइकिल चलाते समय दिव्या ने जिस दृढ़ता और हिम्मत का प्रदर्शन किया है, यह उसका भी एक जीता-जागता उदाहरण है।
- हाल ही में विश्व व्यापार संगठन (WTO) का 14 वां मंत्रिस्तरीय सम्मेलन (MC-14) 30 मार्च को कैमरून के याउंडे में संपन्न हुआ। यह सम्मेलन वैश्विक व्यापार जगत के नेताओं को एक मंच पर लाता है, जहां वे महत्वपूर्ण आर्थिक मुद्दों पर चर्चा करते हैं। भारतीय प्रतिनिधिमंडल का नेतृत्व पीयूष गोयल ने किया और भारत ने WTO सुधारों, मत्स्य पालन सब्सिडी, ई-कॉमर्स तथा कृषि से संबंधित चर्चाओं को दिशा देने में सक्रिय रूप से भाग लिया।
- बीते दिनों वरिष्ठ IAS अधिकारी नरेंद्र भूषण ने 6 अप्रैल, 2026 को भूमि संसाधन विभाग के सचिव का कार्यभार संभाल लिया है। यह विभाग ग्रामीण विकास मंत्रालय के अंतर्गत कार्य करता है। वे उत्तर प्रदेश कैडर के 1992 बैच के अधिकारी हैं और विभिन्न महत्वपूर्ण क्षेत्रों में तीन दशकों से अधिक का प्रशासनिक अनुभव रखते हैं।
- हाल ही में रॉयल चैलेंजर्स बैंगलोर और चेन्नई सुपर किंग्स के बीच हुए मुकाबले में भुवनेश्वर कुमार ने इतिहास रच दिया। वह इंडियन प्रीमियर लीग में 200 विकेट लेने वाले पहले तेज गेंदबाज बन गए। उन्होंने CSK के आयुष म्हात्रे को आउट करके यह उपलब्धि हासिल की।
- हाल ही में खेलो इंडिया ट्राइबल गेम्स 2026 (KITG) का पहला संस्करण संपन्न हुआ। टूर्नामेंट के समापन के साथ ही, कर्नाटक राज्य ने शीर्ष स्थान हासिल कर लिया है। उन्होंने कुल 23 स्वर्ण, 8 रजत और 7 कांस्य पदक जीते हैं। इस टूर्नामेंट ने पूरे देश से आदिवासी एथलीटों को एक मंच पर एकत्रित किया है और जमीनी स्तर के खेलों तथा समावेशिता को बढ़ावा देने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम उठाया है।

## जॉब अलर्ट

### पंजाब एंड सिंध बैंक

- पद का नाम - स्थानीय बैंक अधिकारी
- योग्यता- स्नातक
- पदों की संख्या- 1000
- आवेदन की अंतिम तिथि-20-04-2026
- वेबसाइट- ibpsreg.ibps.in

### भारतीय केंद्रीय बैंक

- पद का नाम-फैकल्टी मैंबर व अन्य
- पदों की संख्या-14
- वेतन- 12000- 30000 रुपये प्रति माह
- योग्यता-स्नातक, स्नातकोत्तर, मैट्रिक पास
- आयु सीमा-पदानुसार
- आवेदन की अंतिम तिथि-30 अप्रैल 2026
- नौकरी का प्रकार-अनुबंध

### इफको में प्रशिक्षु (लेखा) भर्ती

- पद नाम-प्रशिक्षु (लेखा)
- प्रशिक्षण अवधि-1 वर्ष
- प्रशिक्षण के दौरान मासिक वजीफा-लगभग 48,000 रुपये प्रति माह, प्रशिक्षण के बाद वेतनमान-40,000 रुपये – 75,000 रुपये (लगभग वार्षिक अनुमानित वेतन 12 लाख रुपये)
- योग्यता-सीए (इंटरमीडिएट) + यूजीसी से मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय से स्नातक (न्यूनतम 60 प्रतिशत)
- आयु सीमा-अधिकतम 30 वर्ष
- वेबसाइट – aavedan.iffco.coop/ FMTRecruitment/
- आवेदन की अंतिम तिथि -15 अप्रैल 2026


IFFCO
Indian Farmers Fertiliser Cooperative Limited

### मोतीलाल नेहरू राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी संस्थान इलाहाबाद

- पद नाम-अनुसंधान सहयोगी, कनिष्ठ अनुसंधान फेलो, परियोजना अधिकारी (प्रशासन)
- पदों की संख्या-4
- वेतन-37000 रुपये - 58000 रुपये प्रति माह
- योग्यता-पीएच.डी., एम.ई./एम.टेक./एम.आर्क, एम.सी.ए./एम.एससी, बी.एससी./बी.टेक./ डिप्लोमा।
- आयु-32-40 वर्ष
- आवेदन अंतिम तिथि-14-04-2026
- नौकरी का प्रकार- अनुबंध

# बायोमेडिकल इंजीनियरिंग में बनाएं उज्ज्वल भविष्य

आज के दौर में करियर चुनते समय छात्र ऐसे विकल्पों की तलाश में रहते हैं, जिनमें न सिर्फ अच्छी सैलरी हो, बल्कि समाज के लिए कुछ करने का अवसर भी मिले। बायोमेडिकल इंजीनियरिंग ऐसा ही एक उभरता हुआ क्षेत्र है, जो इंजीनियरिंग और मेडिकल साइंस का बेहतरीन मेल है। हेल्थकेयर सेक्टर में तेजी से हो रहे बदलाव और नई तकनीकों के इस्तेमाल ने इस फील्ड को और भी महत्वपूर्ण बना दिया है। अगर आपकी रुचि तकनीक और चिकित्सा दोनों में है, तो यह क्षेत्र आपके लिए एक शानदार करियर विकल्प बन सकता है। आइए आपको विस्तार से बताते हैं-



- **क्या है बायोमेडिकल इंजीनियरिंग-** बायोमेडिकल इंजीनियरिंग एक ऐसा कोर्स और करियर फील्ड है, जिसमें इंजीनियरिंग के सिद्धांतों को मेडिकल साइंस के साथ जोड़कर काम किया जाता है। इस क्षेत्र में मेडिकल उपकरणों जैसे MRI मशीन, एक्स-रे, पेसमेकर, आर्टिफिशियल ऑर्गन्स आदि का डिजाइन, डेवलपमेंट और मेंटेनेंस किया जाता है। इस फील्ड से जुड़े प्रोफेशनल्स हॉस्पिटल, रिसर्च लैब, मेडिकल डिवाइस कंपनियों और हेल्थकेयर इंडस्ट्री में काम करते हैं। उनका मुख्य उद्देश्य बेहतर तकनीक के जरिए मरीजों की देखभाल को आसान और प्रभावी बनाना होता है।



**क्यों बढ़ रही है डिमांड :**

- **हेल्थकेयर सेक्टर का तेजी से विकास-** भारत सहित पूरी दुनिया में हेल्थकेयर इंडस्ट्री तेजी से आगे बढ़ रही है। नए अस्पताल, बेहतर सुविधाएं और आधुनिक उपकरणों की बढ़ती जरूरत के कारण इस क्षेत्र में कुशल बायोमेडिकल इंजीनियर्स की मांग लगातार बढ़ रही है।
- **नई टेक्नोलॉजी का बढ़ता उपयोग-** आज मेडिकल फील्ड में आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (AI), रोबोटिक्स और मशीन लर्निंग जैसी आधुनिक तकनीकों का उपयोग तेजी से बढ़ रहा है। इन तकनीकों को समझने और लागू करने के लिए बायोमेडिकल इंजीनियर्स की भूमिका बेहद अहम हो गई है।
- **रिसर्च और इनोवेशन के अवसर-** इस क्षेत्र में लगातार नई तकनीकों और उपकरणों पर रिसर्च की जाती है। बायोमेडिकल इंजीनियर्स को नए-नए इनोवेशन करने का मौका मिलता है, जिससे न केवल करियर ग्रोथ होती है बल्कि समाज को भी बड़ा लाभ मिलता है।
- **सैलरी डिटेल्स-** बायोमेडिकल इंजीनियरिंग करने के बाद शुरुआती सैलरी लगभग 3 से 6 लाख रुपये प्रतिवर्ष तक हो सकती है। अनुभव और कौशल बढ़ने के साथ यह सैलरी 10 लाख रुपये या उससे अधिक भी पहुंच सकती है। विदेशों में इस फील्ड के प्रोफेशनल्स को और भी बेहतर पैकेज और अवसर मिलते हैं।
- बायोमेडिकल इंजीनियरिंग आज के समय का एक फ्यूचर-रेडी करियर विकल्प है, जिसमें तकनीक और मानव सेवा दोनों का संगम देखने को मिलता है। अगर आप एक ऐसा करियर चाहते हैं, जिसमें नवाचार, सम्मान और बेहतर आय के अवसर हों, तो यह क्षेत्र आपके लिए बेहतरीन साबित हो सकता है।

| बाजार | सेंसेक्स | निफ्टी |
|---|---|---|
| बंद हुआ | 77,562.90 | 23,997.35 |
| बढ़त | 2,946.32 | 873.70 |
| प्रतिशत में | 3.95 | 3.78 |

सोना 1,56,400 प्रति 10 ग्राम

चांदी 2,51,000 प्रति किलो

अमृत विचार
कानपुर, गुरुवार, 9 अप्रैल 2026
www.amritvichar.com



# इंडस्ट्री विजन मीट 2026 में 150 से अधिक उद्यमियों की रही सहभागिता

## लखीमपुर में उद्योगों के विकास पर मंथन

कार्यालय संवाददाता, लखीमपुर खीरी




मुख्य अतिथि आईआईए के पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष अशोक अग्रवाल, कोषाध्यक्ष अवधेश कुमार, चैप्टर चेयरमैन लखीमपुर दीपक अग्रवाल, अलकेश सोनी, शुभम खन्ना व अन्य।

**अमृत विचार :** शहर में बुधवार शाम आयोजित इंडस्ट्री विजन मीट 2026 में उद्योगों के विकास, निवेश और कौशल आधारित रोजगार को लेकर व्यापक मंथन हुआ। इंडियन इंडस्ट्रीज एसोसिएशन (आईआईए) के तत्वावधान में हुए इस कार्यक्रम में 150 से अधिक उद्यमियों ने भाग लिया। कार्यक्रम में उद्योगों को नई दिशा देने, आधुनिक तकनीकों को अपनाने और सरकारी योजनाओं से जोड़ने पर विशेष जोर दिया गया।

लखीमपुर इंडस्ट्रीज एसोसिएशन (आईआईए) लखीमपुर चैप्टर द्वारा वंदन गार्डन में इंडस्ट्री विजन मीट 2026 कार्यक्रम में जिले भर से बड़ी संख्या में उद्योगपति और उद्यमी शामिल हुए। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि आईआईए के पूर्व अध्यक्ष अशोक कुमार अग्रवाल ने उद्योगों में नवाचार और आधुनिक तकनीकों के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि बदलते समय में प्रतिस्पर्धा बनाए रखने के लिए तकनीकी उन्नयन बेहद जरूरी है। इस दौरान विशिष्ट अतिथियों द्वारा औद्योगिक नीतियों, निवेश के अवसरों, बैंकिंग सहायता और सरकारी योजनाओं पर उपयोगी जानकारी दी गई। साथ ही सोलर एवं सतत ऊर्जा के क्षेत्र में संभावनाओं पर भी चर्चा हुई, जिससे उद्यमियों को नए अवसरों की दिशा मिली। संचालन आईआईए लखीमपुर चैप्टर के उपाध्यक्ष हुकुम चंद अग्रवाल और अंशू ने किया। आयोजन में उद्यमियों को अपनी समस्याएं रखने और विशेषज्ञों से सीधे संवाद का अवसर भी मिला।

आयोजकों ने इसे उद्योगों को सशक्त बनाने की दिशा में सार्थक पहल बताया। इस अवसर पर सीसी मेंबर अलकेश सोनी, शुभम खन्ना, इंडियन बैंक के जोनल मैनेजर के अभय कुमार, जीएम, डीआईसी रूपेश आनंद, राजीव बंसल, गुरजीत सिंह मोंगा व आशुतोष कुमार आदि मौजूद रहे।

> पूरे देश में उद्योग एक बड़े हब के रूप में विकसित हो चुका है। सरकार नवाचार पर विशेष ध्यान दे रही है। उद्यमियों से अपेक्षा है कि वे परंपरागत ढर्रे से हटकर कार्य करें, वैल्यू एडिशन के माध्यम से उत्पादों की कीमत और गुणवत्ता दोनों को बढ़ाएं तथा सामूहिक प्रयासों को बढ़ावा दें। लखीमपुर जिला प्रदेश का सबसे बड़ा जिला है, इसलिए इस उद्योग में भी इसे अग्रणी बनाने का प्रयास किया जाना चाहिए।
>
> –**अशोक अग्रवाल**, पूर्व अध्यक्ष, आईआईए



**शिव तोलानी**, मॉडर्न फूड प्रोडक्ट्स ओनर ने बताया कि इंडस्ट्री विजन मीट से उद्योगों से जुड़ी नई जानकारियां मिलीं। ऐसे आयोजन उद्यमियों के लिए काफी उपयोगी साबित होते हैं। आगे भी होते रहने चाहिए।



**अमित केशवानी**, गणेश ब्रिक फील्ड ओनर ने बताया कि कार्यक्रम में सरकारी योजनाओं और बैंकिंग सुविधाओं की अच्छी जानकारी मिली। इससे उद्योग संचालन में मदद मिलेगी।



**अंकुर अग्रवाल**, (गोपाल ब्रिक्स फर्म के स्वामी) ने बताया कि मीट में उद्योगों की समस्याओं पर खुलकर चर्चा हुई। अधिकारियों से सीधे संवाद का अवसर मिला, जो सकारात्मक रहा।



**अवि अग्रवाल**, एनके इंडस्ट्री ओनरने बताया कि ऐसे आयोजनों से उद्योगों को नई दिशा मिलती है। भविष्य में भी इस तरह के कार्यक्रम होते रहने चाहिए।

## युद्धविराम और होर्मुज जलडमरूमध्य खुलने से निर्यातकों को राहत: फियो

**नयी दिल्ली, एजेंसी।** भारतीय निर्यात संगठनों के महासंघ (फियो) ने बुधवार को कहा कि होर्मुज जलडमरूमध्य को फिर से खोलने के साथ-साथ अमेरिका और ईरान के बीच युद्धविराम की घोषणा से निर्यातकों को तत्काल राहत मिलेगी। अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने ईरान के खिलाफ सैन्य हमलों को दो सप्ताह के लिए रोकने की घोषणा की। ईरान ने युद्धविराम के दौरान होर्मुज जलडमरूमध्य के माध्यम से सुरक्षित नौवहन की अनुमति देने पर सहमति जताई, जिससे तेल, शेयर बाजार और मुद्रा बाजार में तेजी से बदलाव आया।

फियो के अध्यक्ष एस. सी. रल्हन ने कहा कि होर्मुज जलडमरूमध्य का फिर से खुलना निर्यातकों को शिपिंग बाधाओं, उच्च ढुलाई दरों और बीमा लागत में राहत देता है। यह लॉजिस्टिक्स को सामान्य करने में मदद करेगा, निर्यातक अभी भी युद्धविराम की अस्थायी प्रकृति को देखते हुए सतर्क रहेंगे।

## बिजनेस ब्रीफ

### एमयूएफजी बैंक ने श्रीराम फाइनेंस में 20% हिस्सेदारी खरीदी

**नयी दिल्ली।** जापान के प्रमुख ऋणदाता एमयूएफजी बैंक ने बुधवार को श्रीराम फाइनेंस लिमिटेड (एसएफएल) में 39,618 करोड़ रुपये में 20 प्रतिशत हिस्सेदारी हासिल कर ली है। यह निवेश भारत के वित्तीय सेवा क्षेत्र में दो देशों के बीच होने वाला अब तक का सबसे बड़ा निवेश है। श्रीराम फाइनेंस ने बयान में बताया कि कंपनी के निदेशक मंडल ने बुधवार को हुई बैठक में एमयूएफजी बैंक को 'तरजीही निर्गम' के माध्यम से इक्विटी शेयर आवंटित करने की मंजूरी दे दी है। बयान के अनुसार, एमयूएफजी बैंक ने 840.93 रुपये प्रति शेयर की दर से लगभग 47.11 करोड़ शेयर खरीदे हैं।

### बीएमडब्ल्यू ने पहली तिमाही में बेचीं रिकॉर्ड 4,567 कारें

**नयी दिल्ली।** बीएमडब्ल्यू ग्रुप इंडिया ने चालू कैलेंडर साल की पहली तिमाही के दौरान 17 प्रतिशत की वृद्धि के साथ अपनी सबसे अधिक 4,567 वाहनों की बिक्री दर्ज की है। जर्मनी की कार विनिर्माता कंपनी ने बुधवार को यह जानकारी दी। पहली तिमाही में इलेक्ट्रिक वाहनों की बढ़त जारी रही। अब कंपनी की हर चौथी कार इलेक्ट्रिक है। भारत के लक्जरी इलेक्ट्रिक वाहन बाजार में कंपनी की हिस्सेदारी 70 प्रतिशत से ज्यादा है। कुल बिक्री में इलेक्ट्रिक वाहनों की हिस्सेदारी पहली तिमाही में 26 प्रतिशत रही।

### कलिंगा अस्पताल के 58 फीसदी शेयर खरीदेगी मैक्स हेल्थकेयर

**नई दिल्ली।** मैक्स हेल्थकेयर इंस्टीट्यूट लिमिटेड ने हॉस्पिटल कॉरपोरेशन ऑफ ओडिशा इंक. से कलिंगा हॉस्पिटल लिमिटेड (केएचएल) में 58.4 प्रतिशत नियंत्रक हिस्सेदारी खरीदने के लिए शेयर खरीद समझौता किया है। इस सौदे का इक्विटी मूल्य 300 करोड़ रुपये है। इसी के साथ मैक्स हेल्थकेयर इंस्टिट्यूट ओडिशा के भुवनेश्वर में उतर जाएगी। कलिंगा अस्पताल की स्थापना 1997 से की गई थी। यह 250 बिस्तर वाला एनएबीएच मान्यता प्राप्त अस्पताल है। यह अस्पताल भुवनेश्वर के मैत्री विहार में 10 एकड़ भूमि पर फैला है।

### फ्लिपकार्ट एआई कायाकल्प की कमान संभालेंगे हेमंत बद्री

**नयी दिल्ली।** वॉलमार्ट के स्वामित्व वाली ई-कॉमर्स कंपनी फ्लिपकार्ट ने अपने वरिष्ठ उपाध्यक्ष एवं आपूर्ति श्रृंखला प्रमुख हेमंत बद्री को कृत्रिम मेधा (एआई) कायाकल्प परियोजना की कमान सौंपने की जानकारी दी है। फ्लिपकार्ट के सीईओ कल्याण कृष्णमूर्ति ने कर्मचारियों को भेजे गए आंतरिक ई-मेल में इस नियुक्ति की सूचना दी है।

# मुद्रा योजना से मजबूत हुई उद्यमशीलता की भावना

## योजना के 11 साल पूरे होने पर बोले प्रधानमंत्री मोदी

नयी दिल्ली, एजेंसी



प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने बुधवार को कहा कि पीएम मुद्रा योजना ने रुकावटों को दूर करके और लोगों की आकांक्षाओं पर विश्वास करके पूरे भारत में उद्यमशीलता की भावना को मज़बूत किया है।

पीएम मुद्रा योजना के 11 साल पूरे होने पर, मोदी ने कहा कि इस योजना ने लाखों लोगों को सपने देखने का आत्मविश्वास और उन्हें पूरा करने के साधन प्रदान करके ऋण तक पहुंच को फिर से परिभाषित किया है। प्रधानमंत्री ने 'एक्स' पर कहा कि बाधाओं को दूर करके और जनता की आकांक्षाओं पर भरोसा जताकर, इस पहल ने पूरे भारत में उद्यमशीलता की भावना को मजबूत किया है। प्रधानमंत्री ने कहा कि पीएम मुद्रा योजना एक ऐसी आर्थिक विचारधारा को दर्शाती है जहां अवसर सुलभ हैं और पहलों को प्रोत्साहन दिया जाता है तथा हर सपने को साकार होने के लिए समर्थन मिल रहा है।

प्रधानमंत्री ने कहा कि मुद्रा योजना की परिवर्तनकारी क्षमता की एक झलक और इसने हमारी युवा शक्ति और नारी शक्ति पर किस प्रकार सकारात्मक प्रभाव डाला है। उन्होंने पीएम मुद्रा योजना पर 'माई जीओवी इंडिया' मंच के एक पोस्ट को भी साझा किया।

माई जीओवी इंडिया ने 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा-असली आर्थिक बदलाव हमेशा बोर्डरूम से शुरू नहीं होता। कभी-कभी, यह एक छोटे कर्ज, एक स्थानीय विचार और शुरुआत करने की हिम्मत से आता है। मुद्रा योजना चुपचाप भारत की अर्थव्यवस्था की नींव को नया आकार दे रही है। बिना गारंटी के कर्ज देकर, इसने अनौपचारिक साहूकारों पर निर्भरता कम की है, वित्तीय समावेश को बढ़ाया है, और जमीनी स्तर पर ऋण अनुशासन को मजबूत किया है।

प्रधानमंत्री मुद्रा योजना ने 11 वर्षों से अंजलि मुद्रा के रूप में काम किया है। इसने कहा-आकांक्षाओं और ऋण के बीच अंतराल को पाटते हुए इसने नौकरी की चाह रखने वाले 52 करोड़ से अधिक लोगों को उद्यमी बनाया है।

## युद्धविराम के बाद सोना और चांदी के दाम में जबर्दस्त तेजी



**नई दिल्ली, एजेंसी।** अमेरिका और ईरान के दो हफ्ते के युद्धविराम पर सहमत होने के बाद मजबूत वैश्विक संकेतों के बीच बुधवार को राष्ट्रीय राजधानी के सर्राफा बाजार में चांदी की कीमतें 11,000 रुपये बढ़कर 2.51 लाख रुपये प्रति किलोग्राम हो गईं, जबकि सोना बढ़कर 1.56 लाख रुपये प्रति 10 ग्राम हो गया। अखिल भारतीय सर्राफा संघ ने कहा कि चांदी की कीमत मंगलवार के बंद स्तर 2,40,000 रुपये प्रति किलोग्राम से 11,000 रुपये यानी लगभग पांच प्रतिशत बढ़कर 2,51,000 रुपये प्रति किलोग्राम (सभी कर मिलाकर) हो गई। वहीं, 99.9 प्रतिशत शुद्धता वाला सोना भी 3,200 रुपये यानी 2.09% बढ़कर 1,56,400 रुपये प्रति 10 ग्राम (सभी कर समेत) हो गया। पिछले बाजार सत्र में यह 1,53,200 रुपये प्रति 10 ग्राम पर बंद हुआ था।

## भारत में स्टार्टअप का कर्ज-आधारित वित्तपोषण 2025 में तीन अरब डॉलर रहा: रिपोर्ट

**नयी दिल्ली, एजेंसी।** भारत में स्टार्टअप कंपनियों को कर्ज के जरिये मिलने वाले वित्तपोषण में तेजी आई है। वर्ष 2025 में बिना हिस्सेदारी दिए मिलने वाला कर्ज (उद्यम ऋण) 1.3 अरब डॉलर तक पहुंच गया, जबकि बड़ी कंपनियों के विस्तार के लिए दिया जाने वाला कर्ज (वृद्धि ऋण) 1.68 अरब डॉलर रहा। स्ट्राइड वेंचर्स की बुधवार को जारी एक रिपोर्ट के मुताबिक, यह रुझान स्टार्टअप वित्तपोषण के तरीके में बड़े बदलाव का संकेत है। पहले इस तरह का कर्ज केवल कंपनियों की नकदी जरूरत (रनवे) बढ़ाने तक सीमित था लेकिन अब इसका इस्तेमाल विस्तार, अधिग्रहण और कारोबार को मजबूत करने में भी हो रहा है।

रिपोर्ट के मुताबिक, 2025 में करीब 187 स्टार्टअप कंपनियों ने उद्यम ऋण लिया। इसमें दिल्ली-एनसीआर 61.7 करोड़ डॉलर के ऋण के साथ सबसे आगे रहा और इसके बाद बेंगलुरु एवं मुंबई का स्थान रहा। क्षेत्रवार देखें तो वित्तीय-प्रौद्योगिकी कंपनियों को सबसे ज्यादा 60 करोड़ डॉलर से अधिक का वित्त मिला, जबकि उपभोक्ता क्षेत्र में सबसे ज्यादा सौदे हुए। वहीं, वृद्धि के लिए कर्ज मुख्य रूप से बड़ी और परिपक्व कंपनियों में तेजी से लोकप्रिय हो रहा है। 2025 में 32 सौदों के जरिये 1.68 अरब डॉलर जुटाए गए, जिसमें मुंबई आगे रहा। रिपोर्ट कहती है कि पिछले कुछ वर्षों में ऐसा का कर्ज आधारित वित्तपोषण तेजी से बढ़ा है।

## काम की बात

# Auto-Pay ! जरा संभल कर

कारोबार डेस्क




आज के ऑनलाइन युग में हम लोन की किस्तों, बिजली-पानी बिल, मोबाइल रिचार्ज के साथ ही OTT और इंश्योरेंस-आदि सबकुछ फोन से ही भुगतान करते हैं। बस? एक बार सेट किया और हो गया। लेकिन यही सुविधा तब नुकसान कर देती है जब हम सेटिंग भूल जाते हैं और पैसा अपने आप कटता रहता है। अक्सर लोग महीनों तक नोटिस ही नहीं करते कि अकाउंट से छोटे-छोटे अमाउंट निकल रहे हैं। ऐसे में ऑटो पे को उपयोग करने से पहले उसे समझना जरूरी है। आप भी समझना चाहते हैं तो ये आपके लिए काम की बात है-

### Auto Pay: बड़ी गलतियां और समाधान

- **जल्दबाजी में सेटअप करना सबसे बड़ी गलती है?**
  -जब भी आप ऑटो पे सेट करते हैं, तो ये जरूर देखें :
  -कितनी राशि कटेगी? -फिक्स्ड है या वैरिएबल? -तारीख?
  **ध्यान रखें :** क्रेडिट कार्ड, बिजली बिल जैसे पेमेंट हर महीने बदलते हैं। अगर लिमिट सेट नहीं की तो ज्यादा रकम कट सकती है।
- **हर ऐप से ऑटो पे सेट करना सेफ है?**
  -बिल्कुल नहीं...केवल बैंक की ऑफिशियल ऐप या भरोसेमंद प्लेटफॉर्म ही चुनें। अनजान वेबसाइट/लिंक से फ्रॉड का बड़ा रिस्क है। आजकल फेक ऐप और फिशिंग लिंक के जरिए ऑटो-पे करवाकर पैसे उड़ाए जा रहे हैं।
- **ऑटो पे लगाने के बाद अकाउंट चेक करना जरूरी है?**
  -हां, और बेहद जरूरी है। हर महीने कम से कम 1 बार बैंक स्टेटमेंट देखें, SMS/Email अलर्ट पढ़ें। याद रखें कि 50-100 के छोटे कट भी बड़ी ठगी का संकेत हो सकते हैं।
- **अनजान ट्रांजेक्शन दिखे तो क्या करें?**
  -अनजान ट्रांजेक्शन दिखे तो तुरंत बैंक कस्टमर केयर से संपर्क करें। ऑटो पे/स्टैंडिंग इंस्ट्रक्शन बंद करें। जरूरत हो तो कार्ड ब्लॉक करें। देरी करने से आपका नुकसान बढ़ेगा।
- **क्या हर खर्च के लिए ऑटो पे सही है?**
  -हर खर्च के लिए सही नहीं होता। समझदारी से तय करें।
  EMI- सही, **जरूरी बिल**-सही
  OTT/**अनावश्यक सब्सक्रिप्शन**- गलत

### प्वाइंटस में समझें बात

- ऑटो पे (Auto-Pay) से बिल भरना आसान, लेकिन रिस्क भी पूरा है।
- गलत सेटिंग यानि बार-बार पैसे कटने का खतरा
- प्रत्येक ट्रांजैक्शन पर नजर रखना जरूरी है, ऑटोपे सेटकर भूलना नहीं।
- सही प्लेटफॉर्म यानी सेफ्टी

### खतरनाक क्यों है ऑटोपे

- इसमें भुगतान के लिए बार-बार आपकी मंजूरी नहीं ली जाती। एक बार सेट किया और बार-बार ऑटो डेबिट।
- अर्थात गलत सेटिंग या सेटिंग में चूक से लगातार नुकसान की संभावना।

- **काम की बात**-Auto Pay लाइफ को आसान बनाता है, लेकिन अगर आप अलर्ट नहीं हैं तो यही सुविधा आपके पैसे के लिए खतरा बन सकती है। सही सेटिंग, नियमित चेकिंग और थोड़ी सी समझदारी ही आपको बचा सकती है।



## पांच राज्यों में विधानसभा चुनाव महासंग्राम



# युवा कांग्रेस ने दिल्ली में किया हिमंत विश्व शर्मा के खिलाफ प्रदर्शन

## लगाया एससी-एसटी के अपमान का आरोप

नई दिल्ली, एजेंसी




भारतीय युवा कांग्रेस ने कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे के खिलाफ अभद्र टिप्पणी को लेकर बुधवार को असम के मुख्यमंत्री हिमंत विश्व शर्मा के खिलाफ प्रदर्शन किया तथा उन पर अनुसूचित जाति (एससी) एवं अनुसूचित जनजाति (एसटी) के अपमान का आरोप लगाया। युवा कांग्रेस के अध्यक्ष उदयभानु चिब के नेतृत्व में संगठन के सैकड़ों कार्यकर्ताओं ने जंतर-मंतर पर विरोध प्रदर्शन किया। शर्मा ने असम में मंगलवार को संवाददाताओं से बातचीत में खरगे के लिए 'पागल' शब्द का इस्तेमाल किया था। चिब ने कहा कि असम के मुख्यमंत्री ने कांग्रेस अध्यक्ष के लिए जिस प्रकार कि भाषा का इस्तेमाल किया है वो पूरी तरह अपमानजनक और अस्वीकार्य है। खरगे देश के एक वरिष्ठ और लोकप्रिय नेता हैं, उनका अपमान किसी एक व्यक्ति का नहीं, बल्कि इस देश के एससी-एसटी समाज के करोड़ों लोगों का भी अपमान है। उन्होंने दावा किया भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) और राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) की यह पुरानी आदत है कि जब कोई दलित नेता सच बोलता है, तब ये उसे अपमानित करने का प्रयास करते हैं। चिब ने कहा कि यही इनकी विचारधारा है, यही इनका असली चरित्र और चेहरा है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की चुप्पी ये साफ दर्शाती है कि वह हिमंत विश्व शर्मा की इस भाषा का समर्थन करते हैं।

## मतदान से पहले बैद्यनाथ की शरण में पहुंचे हिमंत विश्व शर्मा

**देवघर (झारखंड), एजेंसी।** असम के मुख्यमंत्री हिमंत विश्व शर्मा ने राज्य विधानसभा चुनाव के तहत होने वाले मतदान से एक दिन पहले बुधवार को झारखंड के देवघर जिले में बाबा बैद्यनाथ मंदिर में पूजा-अर्चना की। शर्मा भाजपा सांसद निशिकांत दुबे के साथ कड़ी सुरक्षा के बीच मंदिर पहुंचे और ज्योतिर्लिंग की पूजा-अर्चना करने के लिए सीधे गर्भगृह में गए। मंदिर के पुजारियों ने वैदिक मंत्रोच्चार के बीच, उन्हें बेल पत्र, गंगा जल अर्पित करने में सहायता की। अनुष्ठान के बाद, मंदिर समिति ने शर्मा को बाबा बैद्यनाथ का एक प्रतीक शिल्प भेंट किया। शर्मा ने मंदिर की यात्रा के दौरान पत्रकारों से बात नहीं की। असम की 126 सदस्यीय विधानसभा के लिए बृहस्पतिवार को सुबह सात बजे मतदान शुरू होगा और शाम पांच बजे संपन्न होगा।

# ममता ने भवानीपुर से भरा पर्चा, किया शक्ति प्रदर्शन

कोलकाता, एजेंसी



पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने भवानीपुर विधानसभा सीट से नामांकन पत्र दाखिल करने के लिए बुधवार को कालीघाट स्थित आवास से मार्च किया और इस निर्वाचन क्षेत्र को ध्रुवीकरण की चपेट में आए 'मिनी इंडिया' के रूप में पेश किया। नामांकन के लिए उनका यह अलग तरीका राज्य में भाजपा के 'परिवर्तन' के आह्वान के खिलाफ एक राजनीतिक जवाब है। बनर्जी ने ममता बनर्जी जिंदाबाद, जय बांग्ला और तृणमूल कांग्रेस जिंदाबाद के नारे लगाते समर्थकों की भीड़ के बीच अलीपुर सर्वे बिल्डिंग तक रैली का नेतृत्व किया तथा यहां नामांकन पत्र दाखिल किया। बनर्जी ने 2021 में भवानीपुर सीट से जीत हासिल की थी। ममता अपने अंदाज में 600 मीटर चलीं। उनके साथ उनकी महिला समर्थक शंख बजाती और जयकारे लगाती रहीं तथा पार्टी कार्यकर्ता तृणमूल कांग्रेस के झंडे लहराते रहे। बता दें कि भाजपा नेता शुभेंदु अधिकारी ने केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह की मौजूदगी में पिछले सप्ताह इस सीट पर नामांकन पत्र दाखिल करते हुए अपनी पार्टी का शक्ति प्रदर्शन और परिवर्तन का आह्वान किया था। नामांकन के बाद कहा कि मेरा जन्म और पालन-पोषण यहीं हुआ है। मैं साल के 365 दिन यहीं रहती हूं। मेरा जीवन भवानीपुर के इर्द-गिर्द घूमता है।

## पर्यवेक्षक को ड्यूटी से हटाया गया

**नई दिल्ली।** चुनाव आयोग ने पश्चिम बंगाल में कूच बिहार दक्षिण विधानसभा क्षेत्र के लिए तैनात सामान्य पर्यवेक्षक को काम के प्रति लापरवाही बरतने के आरोप में ड्यूटी से हटा दिया है। आयोग के एक प्रवक्ता ने बुधवार को बताया कि सामान्य पर्यवेक्षक अनुराग यादव को तत्काल वापस बुला लिया गया है। उन्होंने बताया कि कूच बिहार दक्षिण विधानसभा क्षेत्र के सामान्य पर्यवेक्षक श्री यादव को अपने विधानसभा क्षेत्र में मतदान केंद्रों की संख्या तक का ज्ञान नहीं था।

## असम में मतदान से एक दिन पहले कांग्रेस प्रत्याशी ने पार्टी छोड़ी

**गुवाहाटी, एजेंसी।** असम में मतदान से एक दिन पहले, उदलगुड़ी सीट से कांग्रेस उम्मीदवार सुरेन दैमरी ने बुधवार को पार्टी छोड़ने और चुनावी मुकाबले से हटने की घोषणा की। हालांकि, कांग्रेस ने कहा कि उन्होंने अभी तक पार्टी को अपना त्यागपत्र नहीं सौंपा है। निर्वाचन आयोग के एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि दैमरी का नाम ईवीएम में रहेगा और लोग उनके लिए वोट कर सकते हैं क्योंकि नामांकन वापस लेने की समय सीमा काफी पहले ही बीत चुकी है।

कांग्रेस प्रवक्ता बेदब्रत बोरा ने बताया कि दैमरी ने मीडिया के सामने अपने फैसले की घोषणा की और अब तक पार्टी को इस्तीफा नहीं सौंपा है। इससे पहले दैमरी ने पत्रकारों को बताया कि उन्होंने कांग्रेस से इस्तीफा दे दिया है और चुनावी मैदान से हटने का फैसला किया है।

# बंगाल में एसआईआर ने बदला चुनावी गणित, घटे वोटर

**कोलकाता, एजेंसी।** पश्चिम बंगाल में विधानसभा चुनाव के बीच विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) के तहत 90.83 लाख से अधिक नाम हटा दिए गए हैं, जिससे कई सीट का गणित बदल गया है। इससे तृणमूल कांग्रेस तथा भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) दोनों के लिए नयी अनिश्चितताएं पैदा हो गई हैं। राज्य के कुल मतदाताओं की संख्या 7.66 करोड़ से घटकर 6.77 करोड़ रह गई है, लिहाजा दोनों प्रमुख दलों को इस महीने दो चरण में होने वाले चुनाव अलग परिस्थितियों में लड़ने होंगे। इस बार परिस्थितियां 2021 के चुनाव की तुलना में काफी अलग हैं, जिनमें ममता बनर्जी की जीत हुई थी। सबसे ज्यादा असर उन जिलों में पड़ा है, जो लंबे समय से बंगाल की सत्ता तय करते रहे हैं। इनमें अल्पसंख्यक बहुल क्षेत्र और दक्षिण बंगाल 2011 से तृणमूल कांग्रेस के गढ़ रहे हैं। दूसरी ओर उत्तर 24 परगना, नदिया और उत्तर बंगाल के कुछ हिस्सों में मतुआ-शरणार्थी क्षेत्र में 2019 के बाद भाजपा मजबूत हुई। हालांकि, इसका राजनीतिक असर हर जगह समान नहीं है।

## केरल : निर्वाचन आयोग ने दिए राजनीतिक विज्ञापन हटाने के निर्देश

**तिरुवनंतपुरम, एजेंसी।** निर्वाचन आयोग ने केरल में नौ अप्रैल को होने जा रहे विधानसभा चुनाव से एक दिन पहले बुधवार को चैनलों और ऑनलाइन मंचों पर नजर आ रहे राजनीतिक विज्ञापनों को तत्काल हटाने के निर्देश दिए। आयोग के केरल स्थित कार्यालय ने एक आधिकारिक व्हाट्सऐप ग्रुप में यह निर्देश जारी किया। कहा गया कि चुनाव प्रचार समाप्त होने के बाद, इसकी अनुमति नहीं है। इन्हें तुरंत हटा लें।

# ...तो स्टालिन नहीं करने देते टीवीके का प्रचार: विजय

तिरुनेलवेली (तमिलनाडु), एजेंसी।



तमिलगा वेत्री कषगम (टीवीके) प्रमुख विजय ने तमिलनाडु में सत्तारूढ़ द्रमुक पर निशाना साधते हुए आरोप लगाया कि यदि मुख्यमंत्री एम. के. स्टालिन के पास पूर्ण शक्तियां होतीं, तो यहां टीवीके का चुनाव प्रचार नहीं हो पाता। विजय ने कहा कि मुख्यमंत्री किसी न किसी तरह की बाधा खड़ी करके हमें आने से रोकते। लेकिन अब, जैसा कि इसे कार्यवाहक सरकार कहा जाता है और वह (स्टालिन) एक अधिकारहीन मुख्यमंत्री हैं। अभिनेता से राजनेता बने विजय ने द्रविड़ मुनेत्र कषगम (द्रमुक) के नेतृत्व वाले गठबंधन को कैश-बॉक्स अलायंस बताया और आरोप लगाया कि इसे लूटे गये रुपयों का इस्तेमाल करके बनाया गया है। उन्होंने दावा किया कि गठबंधन के घटक दलों में एकता नहीं है और कहा किगठबंधन में शामिल लोग एक-दूसरे को वोट तक नहीं देंगे। विजय ने कांग्रेस पर निशाना साधते हुए आरोप लगाया कि द्रमुक ने कांग्रेस की तमिलनाडु इकाई को 'करोड़ों रुपये देकर' अपने वश में कर लिया है।

# तमिलनाडु में 6.36 लाख मतदाता बढ़े, अब कुल 5.73 करोड़ वोटर

**चेन्नई, एजेंसी।** तमिलनाडु में विशेष गहन पुनरीक्षण अभियान के बाद कुल 6.36 लाख नए मतदाता जोड़े जाने से मतदाताओं की कुल संख्या 5.73 करोड़ हो गयी है। राज्य में 23 अप्रैल को मतदान होना है। चुनाव आयोग (ईसीआई) के जारी आंकड़ों के अनुसार, 23 फरवरी को प्रकाशित अंतिम मतदाता सूची में 5.67 करोड़ मतदाता थे। इसके बाद 23 फरवरी से 26 मार्च के बीच विशेष नामांकन अभियान चलाया गया। इसके दौरान 6,36,911 पात्र मतदाताओं को अतिरिक्त रूप से जोड़ा गया। अधिकारियों ने कहा कि नये नामांकित मतदाता पूरक सूची में अपने नाम की जांच कर सकते हैं, जिसे जल्द ही जारी किया जायेगा। नये नामांकित मतदाताओं में 3.44 लाख महिलाएं और 2.91 लाख पुरुष हैं।

## कैश-फॉर-वोट विवाद में भाजपा के खिलाफ कार्रवाई की मांग

**तिरुवनंतपुरम, एजेंसी।** केरल प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष सनी जोसेफ़ ने चुनाव आयोग से बुधवार को कथित कैश-फॉर-वोट मामले में भाजपा के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की। आरोप लगाया कि पलक्कड में भाजपा कार्यकर्ताओं द्वारा वोटरों को राजग उम्मीदवार और भाजपा नेता शोभा सुरेंद्रन की मौजूदगी में पैसे बांटे गए। सामने आए वीडियो के आधार पर प्रथम दृष्टया मामला दर्ज किया जा सकता है।

## वर्ल्ड ब्रीफ

### मिसरी ने शुरू की अमेरिका की यात्रा

**वाशिंगटन।** विदेश सचिव विक्रम मिसरी ने बुधवार को अमेरिका की तीन दिवसीय यात्रा शुरू की, जहां वह वरिष्ठ अधिकारियों के साथ बैठक कर द्विपक्षीय व्यापार तथा रक्षा संबंधों की समीक्षा करेंगे और पश्चिम एशिया के संकट समेत वैश्विक घटनाक्रम पर चर्चा करेंगे। अमेरिका में भारत के राजदूत विनय मोहन क्वात्रा ने विदेश सचिव के आगमन पर उनका स्वागत करते हुए कहा कि विदेश सचिव की इस यात्रा से भारत-अमेरिका साझेदारी के व्यापक दायरे की समीक्षा करने का मौका मिलेगा। क्वात्रा ने एक्स पर एक पोस्ट में कहा कि मिसरी की यात्रा हमारे अमेरिकी भागीदारों के साथ भारत-अमेरिका साझेदारी की समीक्षा करने और व्यापार, रक्षा, प्रौद्योगिकी और क्षेत्रीय एवं वैश्विक घटनाक्रम पर विचारों के आदान-प्रदान समेत हमारे द्विपक्षीय एजेंडे के प्रमुख स्तंभों पर चर्चा बढ़ाने का अवसर प्रदान करती है।

### भारत-अमेरिका संबंधों के मजबूती पर चर्चा

**वाशिंगटन।** नई दिल्ली में अमेरिका के राजदूत सर्जियो गोर ने कहा है कि उन्होंने राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के साथ भारत-अमेरिका संबंधों के मजबूत भविष्य के निर्माण के तरीकों पर चर्चा की। गोर ने मंगलवार को ट्रंप के साथ रात्रिभोज पर मुलाकात की। उनकी यह मुलाकात ऐसे समय हुई जब अमेरिका और ईरान लगभग छह सप्ताह तक चले सैन्य संघर्ष के बाद दो सप्ताह के युद्धविराम पर सहमत हुए हैं। गोर ने वैश्विक स्थिरता लाने के प्रति ट्रंप की अटूट प्रतिबद्धता का भी उल्लेख किया। उन्होंने बुधवार को 'एक्स' पर पोस्ट में कहा कि अभी राष्ट्रपति ट्रंप के साथ शानदार रात्रिभोज किया। हमने वैश्विक स्थिरता लाने के उनके अटूट संकल्प, उनके कार्यकाल की ऐतिहासिक उपलब्धियों, भारत-अमेरिका संबंधों के मजबूत भविष्य और कई अन्य विषयों पर चर्चा की।

### ऑस्कर समारोहों की प्रसारण तिथि घोषित

**लॉस एंजिलिस।** ऑस्कर का आयोजन करने वाली संस्था ने एबीसी पर प्रसारित होने वाले अपने अंतिम दो शो की तारीखें तय कर दी हैं, जिनमें 100वां अकादमी पुरस्कार समारोह भी शामिल है। एकेडमी ऑफ मोशन पिक्चर आर्ट्स एंड साइंसेज और एबीसी ने मंगलवार को घोषणा की कि 99वां ऑस्कर समारोह 14 मार्च, 2027 को और 100वां समारोह पांच मार्च, 2028 को आयोजित किया जाएगा। ये समारोह लंबे समय से अपने मूल नेटवर्क पर प्रसारित होने वाले अंतिम समारोह होंगे।

## मणिपुर में हिंसा के बाद स्थिति तनावपूर्ण लेकिन शांति कायम

इंफाल, एजेंसी



● सरकार ने पांच जिलों में ब्राडबैंड इंटरनेट सेवा बहाल किया

मणिपुर के विष्णुपुरी जिले में बम हमलों को लेकर भड़की हिंसा के बाद स्थिति तनावपूर्ण लेकिन शांति बनी हुई है। राज्य सरकार ने घाटी के पांच जिलों में ब्रॉडबैंड इंटरनेट सेवाओं पर लगी रोक को बुधवार को सशर्त हटा लिया, जबकि मोबाइल डेटा सेवाएं अब भी निलंबित रहेंगी।

गृह विभाग द्वारा जारी बयान में कहा गया है कि यह निर्णय मौजूदा स्थिति की समीक्षा और नागरिकों को हुई परेशानियों को देखते हुए लिया गया है। बयान के अनुसार, इंटरनेट पर प्रतिबंध के कारण महत्वपूर्ण कार्यालयों और उच्च न्यायालय में कामकाज तथा घर से काम करने जैसी गतिविधियों में व्यवधान आया। इंटरनेट सेवाएं मंगलवार अपराह्न दो बजे से तीन दिनों के लिए अस्थायी रूप से निलंबित कर दी गई थीं। कहा गया है कि सशर्त प्रतिबंध हटाने का निर्णय केवल पंजीकृत आईएसपी/टीएसपी (इंटरनेट सेवा प्रदाता/दूरसंचार सेवा प्रदाता) के माध्यम से ब्रॉडबैंड कनेक्शन (इंटरनेट लीज्ड लाइन और फाइबर टू द होम) पर लागू होगा।

## सहकर्मी को आंटी कहना पड़ा भारी, लगा जुर्माना

लंदन, एजेंसी

● भारतीय मूल की स्वास्थ्यकर्मी ने जीता उत्पीड़न के खिलाफ मुकदमा

ब्रिटेन की नेशनल हेल्थ सर्विस में कार्यरत भारतीय मूल की एक स्वास्थ्य सहायिका ने घाना मूल के एक नर्स सहकर्मी द्वारा उन्हें बार-बार आंटी कहे जाने के खिलाफ उत्पीड़न का मामला जीत लिया है।

वाटफोर्ड एम्प्लॉयमेंट ट्रिब्यूनल न्यायाधीश जॉर्ज एलियट ने माना कि इल्डा एस्टेव्स को उम्र और लिंग के आधार पर परेशान किया गया था। उन्होंने वेस्ट लंदन एनएचएस ट्रस्ट को निर्देश दिया कि वह शिकायतकर्ता की भावनाएं आहत किये जाने के लिए कुल 1,425.15 पाउंड का हर्जाना दे। पिछले साल इस मामले की सुनवाई पूरी करने वाले और पिछले माह फैसला सुनाने वाले तीन-सदस्यीय पीठ ने कहा कि घाना की संस्कृति में आंटी शब्द बुजुर्गों के लिए सम्मान का प्रतीक है।

हालांकि, वार्ड में टीम का नेतृत्व करने की जिम्मेदारी स्टाफ नर्स चार्ल्स ओप्पोंग की थी और उन्हें ऐसी टिप्पणी नहीं करनी चाहिए थी। फैसले में कहा गया कि हमें लगता है कि चार्ल्स ओप्पोंग का उद्देश्य संभवतः हास्य का एक आपत्तिजनक प्रयास था। शिकायतकर्ता ने इसे आपत्तिजनक माहौल बनाने के रूप में महसूस किया।

# किसी धर्म में कौन सी प्रथा अंधविश्वास अदालत को यह तय करने का अधिकार

## सबरिमला केस की सुनवाई में केंद्र सरकार की दलील पर बोला सुप्रीम कोर्ट

नई दिल्ली, एजेंसी

उच्चतम न्यायालय ने बुधवार को कहा कि उसके पास यह तय करने का अधिकार है कि किसी धर्म में कौन-सी प्रथा अंधविश्वास पर आधारित है। अदालत ने यह टिप्पणी केंद्र सरकार की इस दलील के जवाब में की कि धर्म से जुड़े मामलों पर फैसला करना अदालत के अधिकार क्षेत्र में नहीं आता, क्योंकि न्यायाधीश कानून के विशेषज्ञ होते हैं, धर्म के नहीं।

प्रधान न्यायाधीश न्यायमूर्ति सूर्यकांत की अध्यक्षता वाली नौ-न्यायाधीशों की संविधान पीठ केरल के शबरिमला मंदिर समेत धार्मिक स्थलों पर महिलाओं के प्रवेश से जुड़े कथित भेदभाव और विभिन्न धर्मों में धार्मिक स्वतंत्रता के दायरे से संबंधित याचिकाओं पर सुनवाई कर रही है। सुनवाई की शुरुआत में केंद्र की ओर से सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता ने सवाल किया कि अदालत यह कैसे तय करेगी कि कोई प्रथा अंधविश्वास पर आधारित है।

उन्होंने कहा कि मान लें कि कोई प्रथा अंधविश्वास पर आधारित है, तब भी यह तय करना अदालत का काम नहीं है। संविधान के अनुच्छेद 25(2)(बी) के तहत यह काम विधायिका का है कि वह सुधार के लिए कानून बनाए। मेहता ने कहा कि संसद या राज्य विधानसभाएं किसी प्रथा को अंधविश्वास मानकर उसके खिलाफ कानून बना सकती हैं, जैसे काला जादू रोकने से जुड़े कानून। इस पर न्यायमूर्ति अहसानुद्दीन अमानुल्ला ने कहा कि यह दलील बहुत सरल है, क्योंकि अदालत के पास यह तय करने का अधिकार है कि कोई प्रथा अंधविश्वास पर आधारित है या नहीं। उन्होंने कहा कि इसके बाद क्या कदम उठाना है, यह विधायिका देख सकती है, लेकिन यह नहीं कहा जा सकता कि जो विधायिका तय करे वही अंतिम होगा। मेहता ने कहा कि एक धर्मनिरपेक्ष अदालत किसी धार्मिक प्रथा को अंधविश्वास नहीं कह सकती, क्योंकि उसके पास धार्मिक मामलों में विशेषज्ञता नहीं होती।



### प्रथा को उसी धर्म के नजरिए से देखने की जरूरत

न्यायमूर्ति बी. वी. नागरत्ना ने कहा कि किसी धार्मिक प्रथा को समझने के लिए उसी धर्म के दर्शन के नजरिए से देखना चाहिए। उन्होंने कहा, किसी दूसरे धर्म के नजरिए से यह नहीं कहा जा सकता कि यह जरूरी धार्मिक प्रथा नहीं है। अदालत को उसी धर्म के सिद्धांतों के आधार पर फैसला करना चाहिए, लेकिन यह सब स्वास्थ्य, नैतिकता और सार्वजनिक व्यवस्था के अधीन होना चाहिए। मामले पर सुनवाई जारी है। सितंबर 2018 में, पांच-न्यायाधीशों की संविधान पीठ ने 4:1 के बहुमत से 10 से 50 वर्ष की आयु की महिलाओं के प्रवेश पर लगे प्रतिबंध को हटाते हुए इसे अवैध और असंवैधानिक करार दिया था। बाद में 14 नवंबर 2019 को, तत्कालीन प्रधान न्यायाधीश रंजन गोगोई की अध्यक्षता वाली पांच जजों की दूसरी पीठ ने मुद्दे को 3:2 के बहुमत से बड़ी पीठ को भेज दिया था।

### भारत में एक जगह जो प्रथा धार्मिक है वह दूसरी जगह अंधविश्वास

उच्चतम न्यायालय की नौ सदस्यीय संविधान पीठ के समक्ष केंद्र सरकार का पक्ष रखते हुए सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता ने कहा, माननीय न्यायाधीश कानून के विशेषज्ञ हैं, धर्म के नहीं। मेहता ने कहा कि भारत जैसे विविध समाज में, एक प्रथा जो चीज धार्मिक है, वह दूसरी जगह अंधविश्वास मानी जा सकती है। इस दौरान न्यायमूर्ति जॉयमाल्या बागची ने सवाल उठाया कि अगर जादू-टोना किसी धर्म का हिस्सा बताया जाए, तो क्या उसे अंधविश्वास नहीं माना जाएगा? उन्होंने सवाल किया कि अगर इस मामले पर विधायिका चुप है, तो क्या अदालत सार्वजनिक व्यवस्था, नैतिकता और स्वास्थ्य के आधार पर हस्तक्षेप नहीं कर सकती? इस पर मेहता ने जवाब दिया कि अदालत समीक्षा कर सकती है, लेकिन यह 'अंधविश्वास' के आधार पर नहीं, बल्कि 'स्वास्थ्य, नैतिकता और सार्वजनिक व्यवस्था' के आधार पर।




# 'E-codes'

## यह मासूम अंक नहीं, जहरीले रसायनों का डिजिटल नकाब

पैकेट बंद चिप्स का वो चटक रंग और फ्रोजन फूड का वो 'कभी न खत्म होने वाला' ताज़ा जायका कुदरत का करिश्मा नहीं, बल्कि फैक्ट्रियों में रची गई एक सोची-समझी साजिश है। गौर से देखिए उस पैकेट के पीछे की बारीक लिखावट को। यहां आपको विटामिन्स या मिनरल्स नहीं, बल्कि 'E-120', 'E-621' और 'E-951' जैसे रहस्यमयी कोड्स की एक लंबी लिस्ट मिलेगी। हकीकत यह है कि ये E-Codes कोई मासूम अंक नहीं, बल्कि उन जहरीले रसायनों, कृत्रिम रंगों और खतरनाक प्रिजर्वेटिव्स का 'डिजिटल नकाब' हैं, जिन्हें कंपनियाँ आपके सामने सीधे नाम से लिखने की हिम्मत नहीं जुटा पातीं। यह एक ऐसी भाषा है जिसे इसलिए बनाया गया है ताकि एक आम उपभोक्ता कभी समझ ही न पाए कि वह स्वाद के नाम पर कैंसरकारी तत्व, एलर्जी पैदा करने वाले केमिकल या धीमा जहर निगल रहा है। अमृत विचार का ये डिकोडर इन रहस्यमयी कोड्स की उस काली दुनिया को बेनकाब करेगा, जहां आपकी सेहत से ज्यादा तवज्जो खाने की 'शेल्फ लाइफ' को दी जाती है। जागिए, क्योंकि आपकी थाली में परोसा गया हर ई-कोड आपकी लंबी उम्र पर एक सीधा हमला है।




### ई कोड क्या हैं और खाद्य पैकेटों पर क्यों लिखे जाते हैं

● ई-कोड उन रसायनों या तत्वों के लिए अंतर्राष्ट्रीय मानक संख्याएं हैं, जिन्हें खाद्य पदार्थों में एडिटिव्स के तौर पर इस्तेमाल की मंजूरी मिली हुई है। यहां 'E' का अर्थ 'Europe' से है, क्योंकि इसकी शुरुआत यूरोपीय संघ ने की थी, लेकिन अब इसे वैश्विक स्तर पर, जिसमें भारत भी शामिल है, मान्यता प्राप्त है।

● पहचान में आसानी : एक ही केमिकल के अलग देशों में अलग-अलग नाम हो सकते हैं, कोड से वैश्विक स्तर पर एक ही पहचान रहती है।

● भोजन का संरक्षण : खाने को सड़ने से बचाने और उसकी 'शेल्फ लाइफ' बढ़ाने के लिए प्रिजर्वेटिव्स का उपयोग होता है

● आकर्षण और स्वाद : खाने को चमकीला रंग देने और स्वाद बढ़ाने के लिए इनका उपयोग अनिवार्य हो जाता है।

● सुरक्षा : कई ई-कोड (जैसे E300 – विटामिन सी) भोजन को ऑक्सीकरण से बचाते हैं, जिससे वह स्वास्थ्य के लिए सुरक्षित रहता है

● किफायती : बड़े पैमाने पर भोजन के उत्पादन और परिवहन में ये रसायन लागत कम करते हैं और भोजन को खराब होने से बचाते हैं

● एलर्जी और अस्थमा : कुछ कृत्रिम रंग (जैसे E102, E110) बच्चों में अति-सक्रियता और अस्थमा के मरीजों में समस्या पैदा कर सकते हैं।

● पाचन और तंत्रिका तंत्र : अजीनोमोटो (E621) जैसे तत्व नर्वस सिस्टम को प्रभावित कर सकते हैं और ज्यादा सेवन से सिरदर्द या मतली जैसी समस्या हो सकती है।

### ये प्रभावित कर सकते हैं आपकी सेहत

● E621 (मोनोसोडियम ग्लूटामेट) : सिरदर्द या पसीना आने की समस्या। ● E102 (टारट्राजाइन) : बच्चों में अतिसक्रियता का कारण बन सकता है। ● E211 (सोडिएम बेंजोएट) : विटामिन-सी के साथ मिलकर हानिकारक प्रभाव डाल सकता है। ● E951 (एसपारटेम) : यह एक कृत्रिम शुगर है जो कुछ स्वास्थ्य स्थितियों में हानिकारक हो सकती है। ● E120 (कारमाइन) : यह शाकाहारियों के लिए नहीं है क्योंकि यह कीड़ों से बनता है।

### खतरनाक रसायनों से बचाव के टिप्स

● पढ़ने की आदत डालें : पैकेट के पीछे सामग्री में लिखे छोटे अक्षरों को नजरअंदाज न करें। ● ताजा खाना चुनें : जितना हो सके अल्ट्रा प्रोसेस्ड फूड के बजाय ताजा फल और सब्जियां खाएं। ● FSSAI लोगो देखें : हमेशा मान्यता प्राप्त ब्रांड का सामान ही खरीदें।

### कानूनी पक्ष और नियम

● भारत में भारतीय खाद्य सुरक्षा एवं मानक प्राधिकरण (FSSAI) खाद्य पैकेटों की लेबलिंग और ई-कोड के उपयोग को नियंत्रित करता है।

● अनिवार्य लेबलिंग : खाद्य सुरक्षा एवं मानक अधिनियम 2006 के तहत हर कंपनी को सामग्री की सूची में इन कोड्स को लिखना अनिवार्य है

● शाकाहारी/मांसाहारी प्रतीक : हरे रंग का घेरा शाकाहारी और लाल रंग का त्रिकोण मांसाहारी उत्पाद को दर्शाता है

● सुरक्षा मानक : कंपनियों को केवल उन्हीं एडिटिव्स का उपयोग करने की अनुमति है जिन्हें FSSAI ने सुरक्षित माना है।

## गोवा नाइटक्लब : ईडी ने कुर्क की 17 करोड़ रुपये की संपत्ति

**नई दिल्ली।** प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने गोवा स्थित उस नाइट क्लब के प्रवर्तकों के खिलाफ धनशोधन की जांच के तहत 17.45 करोड़ रुपये की अचल संपत्तियों को कुर्क किया है, जहां दिसंबर 2025 में आग लगने से 25 लोगों की मौत हो गई थी। संघीय जांच एजेंसी ने धनशोधन रोकथाम अधिनियम (पीएमएलए) के तहत बर्च बाय रोमियो लेन क्लब के खिलाफ कार्रवाई की। ईडी ने एक बयान में कहा कि गोवा के अरपोरा स्थित प्रतिष्ठान (बर्च बाय रोमियो) के "अवैध संचालन" से संबंधित जारी जांच के सिलसिले में 17.45 करोड़ रुपये मूल्य की अचल संपत्तियों को कुर्क करने का एक अंतरिम आदेश जारी किया गया। इसमें कुर्क की गई संपत्तियों के मालिकों का उल्लेख नहीं किया गया है। जनवरी में, एजेंसी ने क्लब के प्रवर्तकों - गौरव और सौरभ लूथरा - और कई अन्य लोगों के खिलाफ गोवा, दिल्ली और हरियाणा में छापेमारी की थी। गौरव और सौरभ लूथरा भाई हैं।

## चीन की मध्यस्थता में हुई पाकिस्तान-अफगान वार्ता बिना समझौते के समाप्त

**बीजिंग।** पाकिस्तान और अफगानिस्तान के बीच लड़ाई खत्म करने के लिए चीन की मध्यस्थता में एक सप्ताह तक चली वार्ता बिना किसी समझौते के समाप्त हो गई है। हालांकि, चीन का कहना है कि दोनों देश अपने मतभेदों को सुलझाने के लिए एक व्यापक समाधान तलाशने पर सहमत हुए हैं। चीनी विदेश मंत्रालय की प्रवक्ता माओ निंग ने बुधवार को बताया कि चीन, अफगानिस्तान और पाकिस्तान के प्रतिनिधियों ने 1 से 7 अप्रैल तक शिनजियांग उइगुर स्वायत्त क्षेत्र की प्रांतीय राजधानी उरुमकी में अनौपचारिक वार्ता की। चीन की मध्यस्थता से हुई यह वार्ता, पाकिस्तान द्वारा अफगानिस्तान में कथित आतंकी ठिकानों को निशाना बनाने के लिए फरवरी के अंत में ऑपरेशन गजब-लिल-हक शुरू करने के बाद दोनों पड़ोसी देशों के बीच पहली प्रमुख राजनयिक बातचीत थी। पाकिस्तान ने तालिबान के नेतृत्व वाली अफगान सरकार पर प्रतिबंधित तहरीक-ए-तालिबान पाकिस्तान (टीटीपी) और बलूच लिबरेशन आर्मी (बीएलए) जैसे समूहों के सदस्यों को शरण देने का आरोप लगाया है, जो पाकिस्तान में कई प्रांतों में बार-बार हमले कर विद्रोह को अंजाम दे रहे हैं। माओ ने कहा कि तीनों पक्षों ने एक अच्छे माहौल में खुलकर चर्चा की।

## तनावपूर्ण माहौल में खत्म हुई निर्वाचन आयोग और टीएमसी के बीच बैठक

नई दिल्ली, एजेंसी

● बैठक के बाद दोनों पक्षों ने लगाए एक-दूसरे पर माहौल खराब करने का आरोप



चुनाव आयोग के साथ हुई बातचीत की जानकारी देते डेरेक ओ'ब्रायन।

तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) के एक प्रतिनिधिमंडल और भारत निर्वाचन आयोग की पूर्ण पीठ के बीच बुधवार को हुई बैठक तनावपूर्ण माहौल में समाप्त हुई। टीएमसी नेताओं ने आरोप लगाया कि मुख्य निर्वाचन आयुक्त ने उनसे यहां से चले जाइए कहा, जबकि आयोग ने टीएमसी नेताओं पर चिल्लाने का आरोप लगाया।

राज्यसभा में तृणमूल कांग्रेस के नेता डेरेक ओ'ब्रायन, उप नेता सागरिका घोष, सांसद साकेत गोखले और मेनका गुरुस्वामी वाले एक प्रतिनिधिमंडल ने पश्चिम बंगाल चुनाव से कुछ दिन पहले निर्वाचन आयोग की पूर्ण पीठ से मुलाकात की। बैठक के बाद ओ'ब्रायन ने मीडिया से कहा कि उन्होंने पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी के नौ पत्र मुख्य निर्वाचन आयुक्त ज्ञानेश कुमार को सौंपे जिन पर ध्यान नहीं दिया गया। तृणमूल नेताओं ने निर्वाचन आयोग को उन कुछ मामलों से भी अवगत कराया जिनमें कुछ निर्वाचन अधिकारियों के भाजपा से तार जुड़े होने का आरोप लगाया है और उनके स्थानांतरण की मांग की गई है।

ओ'ब्रायन ने कहा कि हमने उन्हें ऐसे छह उदाहरण दिए जिनमें अधिकारी चुनाव प्रक्रिया का हिस्सा हैं और जिनके भाजपा के साथ संबंध हैं। इसमें नंदीग्राम में मुख्य निर्वाचन अधिकारी द्वारा एक स्थानीय भाजपा नेता के साथ होने का एक उदाहरण दिया गया। तृणमूल कांग्रेस सांसद ने कहा कि इस संबंध में एक ज्ञापन सौंपा गया है। ओ'ब्रायन ने कहा कि हमने मुख्य निर्वाचन आयुक्त (सीईसी) से पूछा कि जब बंगाल में ऐसे दागी अधिकारियों को नियुक्त किया गया हो तो वह निष्पक्ष और स्वतंत्र चुनाव कैसे करा सकते हैं। इस पर उनका जवाब था यहां से चले जाइए। तृणमूल नेता ने कहा कि हमने मुख्य निर्वाचन आयुक्त से कहा कि हम उनकी बात नहीं सुनेंगे क्योंकि वह अपने साथियों को बोलने नहीं देते। हमने इस तरह की आठ से नौ बैठकें की हैं।

## अगस्ता वेस्टलैंड हेलीकॉप्टर घोटाला मामले में बिचौलिया क्रिश्चियन मिशेल जेल से रिहा

**नई दिल्ली।** दिल्ली उच्च न्यायालय ने 3,600 करोड़ रुपये के अगस्ता वेस्टलैंड वीवीआईपी हेलीकॉप्टर घोटाले में कथित बिचौलिए क्रिश्चियन मिशेल जेम्स की जेल से रिहाई की याचिका बुधवार को खारिज कर दी। न्यायमूर्ति नवीन चावला और न्यायमूर्ति रविंदर डुडेजा की पीठ ने कहा कि ब्रिटिश नागरिक की याचिका में कोई आधार नहीं है। जेम्स को दिसंबर 2018 में दुबई से प्रत्यर्पित किया गया था। फैसले की विस्तृत प्रति का प्रतीक्षा है।

अपनी याचिका में जेम्स ने भारत-यूएई प्रत्यर्पण संधि के एक प्रावधान को चुनौती दी थी। उसने सात अगस्त 2025 के निचली अदालत के उस आदेश को भी चुनौती दी थी, जिसमें दंड प्रक्रिया संहिता (सीआरपीसी) की धारा 436ए के तहत उसकी रिहाई की अर्जी खारिज कर दी गई थी। जेम्स ने 1999 में हुई संधि के अनुच्छेद 17 को चुनौती दी, जो अनुरोध करने वाले देश (इस मामले में भारत) को प्रत्यर्पित व्यक्ति पर न केवल उस अपराध के लिए, जिसमें प्रत्यर्पण किया गया है, बल्कि उससे जुड़े अन्य अपराधों के लिए भी मुकदमा चलाने की अनुमति देता है। जेम्स की ओर से दलील दी गई कि प्रत्यर्पित व्यक्ति पर केवल उन्हीं अपराधों के लिए मुकदमा चलाया जा सकता है, जिनके लिए उसका प्रत्यर्पण हुआ है, न कि उनसे जुड़े अन्य अपराधों के लिए।

## कैसा रहेगा आपका आज का दिन



**मेष** — आज का दिन ऊर्जा और नए अवसरों से भरा रहेगा। आपके पुराने अटके काम पूरे होंगे। दोपहर बाद निर्णय क्षमता प्रबल होगी।




**तुला** — आज किसी से विवाद की संभावना है, इसलिए दिन के पहले हिस्से में सतर्क रहें। दोपहर बाद परिस्थितियां स्थिर होंगी। आर्थिक पक्ष सुरक्षित रहेगा।



**वृष** — आज का दिन मिश्रित रहेगा। संचार में सावधानी रखें। परिवार में शांति बनी रहेगी। नई जिम्मेदारियां मिल सकती है। धन खर्च बढ़ सकता है।



**वृश्चिक** — आज का दिन अत्यंत शक्तिशाली है। आपकी तीव्रता और निर्णय लेने की क्षमता बढ़ेगी। धन, करियर और मान-सम्मान में प्रगति होगी।



**मिथुन** — आज आप आक्रामक होकर कार्य करेंगे। नए प्रस्ताव मिल सकते हैं। लेखन और मीडिया आधारित कार्यों में बड़ा लाभ हो सकता है।



**धनु** — आज दोपहर बाद नया विचार, नई शुरुआत और अवसर प्रकट होंगे। आत्मविश्वास बढ़ा रहेगा। खुद में काफी उत्साह महसूस करेंगे।



**कर्क** — आज दिन की शुरुआत में भावनात्मक उतार-चढ़ाव रहेगा। निवेश या बड़ी खरीदारी से बचें। परिवार का सहयोग मिलेगा।



**मकर** — आज भावनात्मक निर्णय न लें। कार्यस्थल पर प्रभाव बढ़ेगा। वरिष्ठों का सहयोग मिलेगा। आर्थिक स्थिति सुधरेगी।



**सिंह** — आज नेतृत्व क्षमता व प्रभाव मजबूत रहेगा। नई मीटिंग, प्रेजेंटेशन या इंटरैक्शन आपके पक्ष में जाएगा। सामाजिक सम्मान बढ़ेगा।



**कुंभ** — आज भाग्य मजबूत रहेगा। रणनीति, शिक्षा, प्रतियोगिता और क्रिएटिव कामों में सफलता मिलेगी। मित्रों से लाभ का संकेत है। यात्रा शुभ रहेगी।




**कन्या** — आज चिंताओं के बावजूद कार्य सिद्ध होंगे। नौकरी और व्यापार दोनों में स्थिर प्रगति। छोटी-छोटी बातों पर तनाव न लें।



**मीन** — आज का दिन नया काम शुरू करने के लिए श्रेष्ठ है। करियर और धन दोनों में प्रगति होगी। स्वास्थ्य में सुधार और मन में शांति रहेगी।

### आज का पंचांग

-आचार्य मधुरेंद्र पांडेय
astrompandey@gmail.com




**आज की ग्रह स्थिति :** 9 अप्रैल, गुरुवार 2026 संवत-2083, शक संवत 1948 मास- वैशाख, पक्ष-कृष्ण पक्ष, सप्तमी 21.19 तक तत्पश्चात अष्टमी।

**दिशाशूल**-दक्षिण, **ऋतु**- वसंत।
**चन्द्रबल**- मिथुन, कर्क, तुला, धनु, कुंभ, मीन।
**ताराबल**-अश्विनी, भरणी, कृत्तिका, मृगशिरा, पुनर्वसु, आश्लेषा, मघा, पूर्वा फाल्गुनी, उत्तरा फाल्गुनी, चित्रा, विशाखा, ज्येष्ठा, मूल, पूर्वाषाढ़ा, उत्तराषाढ़ा, धनिष्ठा, पूर्वाभाद्रपद, रेवती।
**नक्षत्र**- मूल 08.48 तक तत्पश्चात पूर्वाषाढ़ा।

### सुडोकू - 113 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 3 | 2 | 9 | 5 | 1 | 6 | 4 | 7 | 8 |
| 6 | 4 | 7 | 3 | 8 | 2 | 9 | 5 | 1 |
| 8 | 1 | 5 | 7 | 4 | 9 | 6 | 2 | 3 |
| 7 | 6 | 4 | 2 | 3 | 1 | 8 | 9 | 5 |
| 5 | 3 | 2 | 6 | 9 | 8 | 1 | 4 | 7 |
| 1 | 9 | 8 | 4 | 7 | 5 | 3 | 6 | 2 |
| 9 | 7 | 6 | 8 | 5 | 3 | 2 | 1 | 4 |
| 4 | 8 | 1 | 9 | 2 | 7 | 5 | 3 | 6 |
| 2 | 5 | 3 | 1 | 6 | 4 | 7 | 8 | 9 |

### सुडोकू -114

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 2 | | | | 9 | | | | 3 |
| | | | 8 | | | 9 | 7 | |
| | 1 | 7 | | 3 | | | | 5 |
| | | | | 1 | | | 3 | |
| | | 9 | | | | 6 | | |
| 8 | 4 | | | 2 | | | | |
| | | 5 | | 8 | | 4 | 2 | |
| | 7 | 2 | | | 9 | | | |
| 4 | | | | 5 | | | | 7 |

## कांग्रेस की वरिष्ठ नेता मोहसिना किदवई का निधन



**नई दिल्ली।** कांग्रेस की वरिष्ठ नेता और पूर्व केंद्रीय मंत्री मोहसिना किदवई का बुधवार को 94 वर्ष की आयु में निधन हो गया। पार्टी अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे, पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी और पार्टी के कई अन्य नेताओं ने उनके निधन पर दुख जताया और पार्टी एवं देश के लिए बड़ी क्षति बताया। किदवई के परिवारिक सूत्रों ने बताया कि उन्होंने तड़के चार बजे नोएडा के एक अस्पताल में अंतिम सांस ली। वह पिछले कुछ समय से अस्वस्थ थीं और कुछ दिन पहले उन्हें अस्पताल में भर्ती कराया गया था। परिवार में तीन बेटियां हैं। आज शाम पांच बजे दिल्ली के निजामुद्दीन स्थित कब्रस्तान में उन्हें सुपुर्द-ए-खाक किया जाएगा।

**पुनर्गठन** | पाठ्यपुस्तक में न्यायपालिक संबंधी पाठ पर उच्चतम न्यायालय की फटकार के बाद लिया निर्णय

## एनसीईआरटी ने अपनी पाठ्यक्रम समिति में किया बदलाव

नई दिल्ली, एजेंसी

कक्षा आठवीं की सामाजिक विज्ञान की पाठ्यपुस्तक में न्यायपालिका में भ्रष्टाचार से संबंधित एक खंड को लेकर उच्चतम न्यायालय की फटकार के बाद राष्ट्रीय शैक्षिक अनुसंधान और प्रशिक्षण परिषद (एनसीईआरटी) ने अपनी पाठ्यक्रम समिति का पुनर्गठन किया है।

अधिकारियों ने बुधवार को यह जानकारी दी। एनसीईआरटी की उच्च स्तरीय 20-सदस्यीय राष्ट्रीय पाठ्यक्रम और पठन-पाठन सामग्री समिति (एनएसटीसी) में भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान (आईआईटी) मद्रास के निदेशक वी कामकोटी; भारतीय इतिहास अनुसंधान परिषद के अध्यक्ष रघुवेन्द्र तंवर, नेशनल लॉ स्कूल ऑफ इंडिया यूनिवर्सिटी के पूर्व कुलपति आर वेंकट राव और केंद्रीय शैक्षिक प्रौद्योगिकी संस्थान, एनसीईआरटी के संयुक्त निदेशक-प्रभारी अमरेन्द्र प्रसाद बेहेरा शामिल हैं। पहले इस समिति में 22 सदस्य थे। उच्चतम न्यायालय के आदेश के बाद, एनएसटीसी से तीन सदस्यों को हटा दिया गया है। इनमें आईआईटी गांधीनगर के पूर्व अतिथि प्रोफेसर मिशेल डैनिनो, चेन्नई स्थित 'सेंटर फॉर पॉलिसी स्टडीज' के अध्यक्ष एम डी श्रीनिवास और प्रधानमंत्री की आर्थिक सलाहकार परिषद के पूर्व अध्यक्ष दिवंगत बिबेक देबरॉय शामिल हैं। एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि एनएसटीसी को आवश्यक बदलाव के माध्यम से मजबूत बनाने के लिए इसका पुनर्गठन किया गया है।

### समिति को स्कूल पाठ्यक्रम और 12वीं तक पठन पाठन की सामग्री को विकसित करने का अधिकार

समिति को स्कूल के पाठ्यक्रम और पठन-पाठन सामग्री विकसित करने का अधिकार है, जिसमें तीसरी कक्षा से 12वीं तक की पाठ्यपुस्तकें शामिल हैं और यदि आवश्यक हो, तो पहली कक्षा और दूसरी की मौजूदा पाठ्यपुस्तकों को उचित रूप से संशोधित करने का भी अधिकार है ताकि कक्षा दूसरी से तीसरी में सुचारू रूप से बदलाव सुनिश्चित हो सके। फरवरी में, उच्चतम न्यायालय ने कक्षा आठवीं की सामाजिक विज्ञान की पाठ्यपुस्तक का स्वत: संज्ञान लिया था, जिसमें न्यायपालिका में भ्रष्टाचार नामक एक खंड था। बाद में अदालत ने उक्त पाठ्यपुस्तक की भौतिक या ऑनलाइन प्रतियों के इस्तेमाल पर पूर्ण प्रतिबंध लगा दिया।



वैभव सूर्यवंशी और जसप्रीत बुमराह के बीच मुकाबला यह दिखाने के लिए था कि कौन बेहतर है। यह लड़का अब छा जाने के लिए तैयार है। वह 15 साल का है, लेकिन वह अपने करियर में अगला बड़ा कदम उठाने के लिए पूरी तरह तैयार है।

हरभजन सिंह


# स्टेडियम

कानपुर नगर, गुरुवार, 9 अप्रैल 2026

अमृत विचार

www.amritvichar.com


**IPL 2026**

**आज के मुकाबले**

कोलकाता नाइट राइडर्स

बनाम

लखनऊ सुपर जाएंट्स

**समय** - शाम 7:30 बजे

# बेहद रोमांचक मुकाबले में आखिरी गेंद पर गुजरात ने दिल्ली को एक रन से हराया

## आईपीएल-2026 : केएल राहुल और डेविड मिलर की साहसिक पारियां हुईं बेकार

**नई दिल्ली, एजेंसी**

रोमांच की पराकाष्ठा पर पहुंचे मुकाबले में गुजरात टाइटंस ने आखिरी गेंद पर दिल्ली कैपिटल्स को एक रन से हराकर आईपीएल के इस सत्र में पहली जीत दर्ज की जबकि केएल राहुल और डेविड मिलर की साहसिक पारियां भी दिल्ली को इस नाटकीय हार से बचा नहीं सकी। जीत के लिये 211 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए दिल्ली के लिये केएल राहुल ने 52 गेंद में 11 चौकों और चार छक्कों की मदद से 92 रन बनाए।

दिल्ली को आखिरी दो ओवर में 36 रन चाहिये थे और मोहम्मद सिराज ने 19वें ओवर में 23 रन दे डाले। डेविड मिलर (20 गेंद में नाबाद 40) ने उन्हें दो छक्के और दो चौके लगाकर दिल्ली को मैच में बनाये रखा। आखिरी ओवर में दिल्ली को 13 रन की जरूरत थी और प्रसिद्ध कृष्णा की पहली गेंद पर विपराज निगम ने चौका जड़ दिया। अगली गेंद पर निगम आउट हो गए जबकि चौथी गेंद पर मिलर ने छक्का लगाया। आखिरी गेंद पर दो रन की जरूरत थी लेकिन कुलदीप यादव रन आउट हो गए। दिल्ली ने वाइड गेंद के लिये रिव्यू भी लिया जो नाकाम रहा। गुजरात के लिये अफगानिस्तान के स्टार स्पिनर राशिद ने चार ओवर में सिर्फ 17 रन देकर तीन विकेट लिये। पहले बल्लेबाजी के लिये भेजे जाने पर गिल और वॉशिंगटन सुंदर के बीच तीसरे विकेट के लिये शतकीय साझेदारी की मदद से गुजरात टाइटंस ने चार विकेट पर 210 रन बनाए थे। मांसपेशी में ऐंठन से उबरकर वापसी करने वाले गिल ने 45 गेंद में चार चौकों और पांच छक्कों की मदद से 70 रन बनाये जबकि बटलर ने 27 गेंद में 52 और सुंदर ने 32 गेंद में 55 रन बनाए। दिल्ली के लिये लुंगी एनगिडि ने चार ओवर में 32 रन देकर एक विकेट लिया। तेज गेंदबाज मुकेश कुमार को दो विकेट मिले लेकिन उन्होंने चार ओवर में 55 रन दे डाले। भारतीय टीम के स्पिनर कुलदीप यादव ने चार ओवर में 42 रन देकर एक विकेट लिया।

दिल्ली को पाथुम निसांका और राहुल ने अच्छी शुरूआत दी और पहले विकेट की साझेदारी में 76 रन जोड़े। दोनों ने छठे ओवर में अशोक शर्मा को खासी नसीहत दी जब राहुल ने चौका और निसांका ने तीन चौके तथा एक छक्का लगाकर 23 रन निकाले। इस साझेदारी को प्रसिद्ध कृष्णा ने नौवें ओवर में तोड़ा जब पहली गेंद पर निसांका मिडआफ में राहुल तेवतिया को कैच दे बैठे। निसांका ने 24 गेंद में छह चौकों और एक छक्के के साथ 41 रन बनाए। राहुल ने हालांकि इसी ओवर में डीप स्क्वेयर लेग पर चौका, स्ट्रेट और लांग आफ में छक्का लगाने के बाद चौके के साथ अपना पचासा पूरा किया। दिल्ली के सौ रन दसवें ओवर में बने। इसी ओवर की आखिरी दो गेंदों पर हालांकि राशिद ने असहज दिख रहे नीतिश राणा (पांच) और फॉर्म में चल रहे समीर रिजवी (0) को पवेलियन भेजकर दिल्ली को दो करारे झटके दिये। दिल्ली की उम्मीदें राहुल पर टिकी थी लेकिन वह शतक से आठ रन पीछे रह गए और 17वें ओवर में सिराज की गेंद पर विकेट के पीछे बटलर को कैच दे बैठे। इससे पहले गुजरात के लिये भरोसेमंद सलामी बल्लेबाज साइ सुदर्शन ने अच्छी शुरूआत की और पहली ही गेंद पर मुकेश कुमार को स्ट्रेट चौका लगाया। वहीं अगले ओवर की पहली गेंद पर एनगिडि को कवर में चौका लगाकर अपने तेवर जाहिर किए। सुदर्शन हालांकि अगले ओवर में मुकेश की गेंद पर बोल्ड हो गए और 19 के स्कोर पर गुजरात ने पहला विकेट गंवा दिया।



जीत का जश्न मनाते गुजरात टाइटंस के खिलाड़ी।

**गुजरात टाइटंस**

**210/4** (20 ओवर)

| | |
|---|---|
| साइ सुदर्शन बो मुकेश | 12 |
| शुभमन गिल का राणा बो एनगिडि | 70 |
| जोस बटलर बो कुलदीप | 52 |
| वॉशिंगटन सुंदर का राणा बो मुकेश | 55 |
| ग्लेन फिलिप्स नाबाद | 14 |
| राहुल तेवतिया नाबाद | 01 |

**अतिरिक्त** : छह रन। **गेंदबाजी** : मुकेश 4-0-55-2, एनगिडि 4-0-24-1, अक्षर 3-0-32-0, कुलदीप 4-0-42-1, नटराजन 4-0-34-0, निगम 1-0-23-0

**दिल्ली कैपिटल्स**

**209/8** (20 ओवर)

| | |
|---|---|
| पाथुम निसांका का तेवतिया बो कृष्णा | 41 |
| केएल राहुल का बटलर बो सिराज | 92 |
| नीतिश राणा का सुदर्शन बो राशिद | 05 |
| समीर रिजवी बो राशिद | 00 |
| डेविड मिलर नाबाद | 41 |
| अक्षर पटेल का फिलिप्स बो राशिद | 02 |
| ट्रिस्टन स्टब्स रन आउट | 07 |
| विपराज निगम का गिल बो कृष्णा | 12 |
| कुलदीप यादव रन आउट | 01 |

**अतिरिक्त** : आठ रन। **गेंदबाजी** : सिराज 4-0-52-1, रबाडा 4-0-32-0 राशिद 4-0-17-3, अशोक 3-0-45-0, कृष्णा 4-0-52-2, सुंदर 1-0-11-0

**अंक तालिका**

| | टीम | मैच | जीते | हारे | रद्द | अंक | नेट रन रेट |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | राजस्थान रॉयल्स | 3 | 3 | 0 | 0 | 6 | 2.403 |
| 2. | पंजाब किंग्स | 3 | 2 | 0 | 1 | 5 | 0.637 |
| 3. | रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु | 2 | 2 | 0 | 0 | 4 | 2.501 |
| 4. | दिल्ली कैपिटल्स | 3 | 2 | 1 | 0 | 4 | 0.811 |
| 5. | सनराइज़र्स हैदराबाद | 3 | 1 | 2 | 0 | 2 | 0.275 |
| 6. | गुजरात टाइटंस | 3 | 1 | 2 | 0 | 2 | -0.270 |
| 7. | लखनऊ सुपर जाएंट्स | 2 | 1 | 1 | 0 | 2 | -0.542 |
| 8. | मुंबई इंडियंस | 3 | 1 | 2 | 0 | 2 | -0.715 |
| 9. | कोलकाता नाइट राइडर्स | 3 | 0 | 2 | 1 | 1 | -1.964 |
| 10. | चेन्नई सुपर किंग्स | 3 | 0 | 3 | 0 | 0 | -2.517 |

**ऑरेंज कैप**



यशस्वी जायसवाल राजस्थान-170 रन

समीर रिजवी दिल्ली - 160 रन

हेनरिच क्लासेन हैदराबाद - 145 रन

**पर्पल कैप**

रवि बिश्नोई राजस्थान- 7 विकेट

प्रसिद्ध कृष्णा गुजरात - 6 विकेट

राशिद खान गुजरात- 5 विकेट




## शमी ने नई तरह की गेंद का इजाद कर अभिषेक को आउट किया

**कोलकाता, एजेंसी**

लखनऊ सुपर जायंट्स के स्पिन गेंदबाजी कोच कार्ल क्रो ने खुलासा किया कि अनुभवी मोहम्मद शमी ने भारत के पूर्व गेंदबाजी कोच भरत अरुण के साथ मिलकर अभिषेक शर्मा को चकमा देने के लिए नई गेंद का इजाद किया था।

शमी ने ऑफ स्टंप के बाहर निकलती धीमी गेंद पर टी20 रैंकिंग के शीर्ष बल्लेबाज को चकमा देकर आउट किया था। भारतीय टीम से बाहर चल रहे शमी बंगाल के लिए शानदार घरेलू सत्र के बाद इंडियन प्रीमियर लीग में लखनऊ सुपर जायंट्स के लिए बेहतरीन लय में हैं। उन्होंने सनराइजर्स हैदराबाद के सितारों से सजे शीर्ष क्रम को ध्वस्त करते हुए चार ओवरों में 18 डॉट गेंदों सहित सिर्फ नौ रन खर्च कर दो विकेट लिए। क्रो ने कहा (गेंदबाजी कोच) भरत अरुण और शमी ने मैच से चार दिन पहले गेंदबाजी में नई तरह की गेंद का इजाद किया था। उन्होंने उसी गेंद का इस्तेमाल अभिषेक को आउट करने के लिए किया। अभिषेक ऑफ स्टंप से बाहर की ओर निकल रही धीमी गेंद को समझने में चूक कर गए और शॉर्ट थर्ड मैन पर लपके गए।



**हाईलाइट**

### ड्रैग फ्लिकर दीपिका और गोलकीपर सविता की वापसी

**नई दिल्ली।** सलीमा टेटे की अगुवाई में आगामी अर्जेंटीना दौरे पर जाने वाली भारतीय महिला हॉकी टीम के बुधवार को घोषित 24 सदस्यीय दल में ड्रैग-फ्लिक विशेषज्ञ दीपिका और अनुभवी गोलकीपर सविता की वापसी हुई है। डिफेंडर ज्योति और अग्रिम पंक्ति की खिलाड़ी मुमताज खान की भी वापसी हुई है, जिससे टीम के रक्षण और आक्रमण दोनों विभागों को मजबूती मिलेगी। भारतीय टीम 13 से 17 अप्रैल तक ब्यूनस आयर्स में अर्जेंटीना के खिलाफ चार मैच खेलेगी। गोलकीपर : सविता, बिछू देवी खारिबाम। डिफेंडर : निक्की प्रधान, इशिका चौधरी, सुशीला चानू पुखरंबम, मनीषा चौहान, ललथंतलुआंगी, ज्योति, उदिता। मिडफील्डर : वैष्णवी विट्ठल फाल्के, साक्षी राणा, सुनेलिता टोप्पो, सलीमा टेटे, नेहा, दीपिका सोरेंग, रुतुजा दादासो पिसल, इशिका।

### एयर पिस्टल में पुरुषों ने किया निराशा

**ग्रेनाडा (स्पेन) :** भारतीय पुरुष निशानेबाजों ने बुधवार को यहां आईएसएसएफ पिस्टल/राइफल विश्व कप की 10 मीटर एयर पिस्टल स्पर्धा में निराश किया जहां तीनों प्रतिभागी फाइनल में पहुंचने में नाकाम रहे। युवा मुकेश नेलावल्ली ने मंगलवार को 10 मीटर एयर पिस्टल मिश्रित टीम स्पर्धा में स्वर्ण पदक जीतने के दौरान विश्व रिकॉर्ड कायम किया था। वह 579 के स्कोर के साथ 14वें स्थान पर रहे और आठ निशानेबाजों के फाइनल में जगह बनाने से चूक गए। उज्जवल मलिक 577 के कुल स्कोर (95, 96, 96, 97, 95, 98) के साथ 22वें स्थान पर रहे। इस स्पर्धा में भाग ले रहे तीसरे भारतीय प्रमोद (पहली बार किसी अंतर्राष्ट्रीय प्रतियोगिता में सीनियर श्रेणी में प्रतिस्पर्धा कर रहे थे) ने 574 का स्कोर बनाकर 86 निशानेबाजों के बीच 39वां स्थान हासिल किया।

### एशियाई कुश्ती में भारत ने जीते तीन पदक

**नई दिल्ली।** भारतीय ग्रीको रोमन पहलवानों ने बुधवार को किर्गिस्तान के बिश्केक में 2026 सीनियर एशियाई कुश्ती चैंपियनशिप में देश की पदक संख्या में एक रजत और दो कांस्य पदक जोड़े। नितेश ने 97 किग्रा वर्ग में रजत पदक जीता जबकि सचिन सहरावत (67 किग्रा, ग्रीको रोमन) और प्रिंस (82 किग्रा, ग्रीको रोमन) ने कांस्य पदक अपने नाम किए। बुधवार को तीन पदक जीतने के साथ ही भारत के पास दो रजत और तीन कांस् पदक हो गए। बुधवार को सभी की निगाहें 23 साल के नितेश पर थी। उनका मुकाबला मौजूदा चैंपियन मोहम्मदहादी सारावी से था और वह वैसा जादू नहीं दिखा सके जिससे वह फाइनल में पहुंचे थे और फाइनल मुकाबले में 1-7 से हार गए।

## हावर्ट्ज के गोल से आर्सेनल ने स्पोर्टिंग लिस्बन को हराया

**लंदन, एजेंसी**

काई हावर्ट्ज के इंजरी टाइम में किए गए गोल की मदद से आर्सेनल ने क्वार्टर फाइनल की पहले चरण में स्पोर्टिंग लिस्बन को 1-0 से हराकर लगातार दूसरी बार चैंपियंस लीग फुटबॉल टूर्नामेंट के अंतिम चार में जगह बनाने की तरफ मजबूत कदम बढ़ाए। एस्टाडियो जोस अल्वाल्डे स्टेडियम में जब लग रहा था कि मैच गोलरहित बराबरी पर समाप्त होगा तब स्थानापन्न खिलाड़ी हावर्ट्ज ने गोलकीपर रुई सिल्वा को छकाते हुए करीब से गोल दागकर आर्सेनल को अगले सप्ताह होने वाले दूसरे चरण के मैच से पहले महत्वपूर्ण बढ़त दिला दी।

पुर्तगाल में खेले गए इस कड़े मुकाबले में हावर्ट्ज ने इंजरी टाइम के पहले ही मिनट में गैब्रियल मार्टिनेली के साथ मिलकर मैच का रुख बदल दिया। मार्टिनेली ने लिस्बन के डिफेंस को भेदकर गेंद बॉक्स के अंदर जर्मन खिलाड़ी हावर्ट्ज को दी जिन्होंने उस पर गोल करने में कोई गलती नहीं की। हावर्ट्ज ने मैच के बाद कहा आखिरी समय में गोल करना हमेशा अच्छा लगता है। हम इस परिणाम से खुश हैं पर अभी काम पूरा नहीं हुआ है।

**चैंपियंस लीग क्वार्टरफाइनल**

### केन ने बायर्न को रियल मैड्रिड पर 2-1 से जीत दिलाई

**मैड्रिड।** हैरी केन के शानदार प्रदर्शन की बदौलत बायर्न म्यूनिख ने चैंपियंस लीग फुटबाल टूर्नामेंट के क्वार्टर फाइनल के पहले चरण में रियल मैड्रिड को 2-1 से हराया। केन ने एक गोल किया जबकि एक अन्य गोल करने में मदद की जिससे बायर्न 2-0 से आगे हो गया। किलियन एमबाप्पे ने रियल मैड्रिड की तरफ से गोल करके अंतर को कम किया। केन टखने में चोट के कारण पिछले सप्ताहांत बुंडेसलिगा मैच में नहीं खेल पाए थे और उनका इस मैच में खेलना संदिग्ध माना जा रहा था। उन्होंने हालांकि न सिर्फ मैच खेला बल्कि शानदार प्रदर्शन भी किया।

## लखनऊ के खिलाफ व्यापक बदलाव कर सकता है कोलकाता

**कोलकाता, एजेंसी**

लय हासिल करने के लिए जूझ रही कोलकाता नाइट राइडर्स (केकेआर) की टीम इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) में गुरुवार को यहां लखनऊ सुपर जायंट्स के खिलाफ होने वाले मैच में सत्र की पहली जीत हासिल करने के लिए अपनी अंतिम एकादश में व्यापक बदलाव कर सकती है।

केकेआर के लिए वापसी करना आसान नहीं होगा क्योंकि उसका सामना मोहम्मद शमी जैसे तेज गेंदबाज से होगा जिन्होंने सनराइजर्स हैदराबाद के खिलाफ पिछले मैच में चार ओवर में नौ रन देकर दो विकेट लिए थे। उन्होंने लगातार ओवरों में अभिषेक शर्मा और ट्रैविस हेड को आउट किया था। घरेलू क्रिकेट में बंगाल की तरफ से खेलने वाले शमी यहां की परिस्थितियों से अच्छी तरह वाकिफ हैं। वह सीधी सीम गेंदबाजी और गेंद की स्विंग कराने में माहिर हैं तथा वह ईडन गार्डन्स की परिस्थितियों का भरपूर फायदा उठाने की कोशिश करेंगे। केकेआर ने अभी तक तीन मैचों में जीत हासिल नहीं की है। यहां की पिच तेज गेंदबाजों के लिए मददगार हो सकती है। बारिश के कारण रद्द कर दिए गए पिछले मैच में पंजाब किंग्स के ऑस्ट्रेलियाई तेज गेंदबाज जेवियर बार्टलेट ने दिखाया कि अधिक घास वाली पिच पर सीधी सीम गेंदबाजी कितनी प्रभावी हो सकती है। उन्होंने तीन गेंद के अंदर फिन एलन और कैमरन ग्रीन को आउट करके केकेआर के शीर्ष क्रम को ध्वस्त कर दिया था।

केकेआर भाग्यशाली रहा कि यह मैच बारिश के कारण रद्द कर दिया गया। इससे उसने अंक तालिका में अपना खाता भी खोला। पश्चिमी बंगाल के गंगा वाले क्षेत्र से लेकर मन्नार की खाड़ी तक निम्न दबाव बनने के कारण यहां पिछले तीन दिनों से लगातार बारिश हो रही है। बुधवार देर रात और गुरुवार की सुबह बारिश होने की संभावना है। हालांकि मैच शाम 7:30 बजे से शुरू होने के कारण इस पर ज्यादा असर पड़ने की संभावना नहीं है। केकेआर के लिए शमी बड़ा खतरा साबित होंगे। तेज गेंदबाज प्रिंस यादव और स्पिनर दिग्वेश राठी का सामना करना भी आसान नहीं होगा।



अभ्यास सत्र के दौरान कोलकाता नाइट राइडर्स के ब्लेसिंग मुजाराबानी। एजेंसी

**टीम**

**केकेआर :** अजिंक्य रहाणे (कप्तान), रिंकू सिंह, अंगकृष रघुवंशी, मनीष पांडे, रोवमैन पॉवेल, सुनील नारायण, रमनदीप सिंह, अनुकूल रॉय, वरुण चक्रवर्ती, वैभव अरोड़ा, उमरान मलिक, कैमरून ग्रीन, फिन एलन, मथीशा पथिराना, तेजस्वी सिंह, कार्तिक त्यागी, प्रशांत सोलंकी, राहुल त्रिपाठी, टिम सीफर्ट, सार्थक रंजन, दक्ष कामरा, रचिन रवींद्र, ब्लेसिंग मुजाराबानी, सौरभ दुबे और नवदीप।

**एलएसजी :** ऋषभ पंत (कप्तान), मिचेल मार्श, एडेन मारक्रम, हिम्मत सिंह, मैथ्यू ब्रीट्ज़के, मुकुल चौधरी, अक्षत रघुवंशी, जोश इंग्लिस, निकोलस पूरन, अब्दुल समद, शाहबाज़ अहमद, अर्शिन कुलकर्णी, आयुष बडोनी, मोहम्मद शमी, अवेश खान, एम सिद्धार्थ, दिग्वेश सिंह, आकाश सिंह, प्रिंस यादव, अर्जुन तेंदुलकर, एनरिक नोर्किया, नमन तिवारी, मयंक यादव, मोहसिन खान।

### आत्मविश्वास से भरी है एलएसजी

जहां तक एलएसजी का सवाल है तो उसकी टीम पिछले मैच में जीत दर्ज करने से आत्मविश्वास से भरी होगी। उसके कप्तान ऋषभ पंत ने तीसरे नंबर पर बल्लेबाजी करते हुए पिछले मैच में नाबाद 68 रन बनाए थे और वह अपनी इस फॉर्म को जारी रखने के लिए कोई कसर नहीं छोड़ेंगे। एलएसजी की टीम में पंत के अलावा शीर्ष तीन में ऑस्ट्रेलिया के कप्तान मिचेल मार्श और दक्षिण अफ्रीका के एडन मारक्रम भी शामिल हैं। वह केकेआर के गेंदबाजों पर शुरू से ही हावी होने की कोशिश करेंगे।

**बिली जीन किंग कप**

**एशिया-ओशियाना ग्रुप के एकल मुकाबलों में दोनों ने विजय अर्जित की**

## वैष्णवी और सहजा ने भारत को न्यूजीलैंड पर दिलाई जीत



वैष्णवी अडकर।

**नई दिल्ली, एजेंसी**

युवा वैष्णवी अडकर और सहजा यमलापल्ली ने अपने-अपने एकल मुकाबलों में आसान जीत दर्ज की जिससे भारत ने बुधवार को यहां बिली जीन किंग कप (बीजेकेसी) टेनिस टूर्नामेंट के एशिया-ओशियाना ग्रुप एक में वापसी करते हुए न्यूजीलैंड को 3-0 से हरा दिया।

पदार्पण कर रही वैष्णवी और सहजा को पहले मुकाबले में निराशाजनक शिकस्त का सामना करना पड़ा था जिससे भारत वर्षा से प्रभावित मुकाबले में थाईलैंड के खिलाफ 1-2 से हार गया था। हालांकि दूसरे मुकाबले में भारत ने वापसी की और दोनों युवा खिलाड़ियों ने दबाव में धैर्य बरकरार रखते हुए अपने-अपने एकल मैच जीते। न्यूजीलैंड की टीम अपनी स्टार खिलाड़ी लुलु सुन के बिना उतरी। दोबारा जिम्मेदारी मिलने पर वैष्णवी ने काफी सुधार दिखाया। उन्होंने सहज गलतियां कम की और बेहतर नियंत्रण के साथ शॉट खेले तथा न्यूजीलैंड की खिलाड़ी आइशी दास को पहले एकल मैच में एक घंटे 30 मिनट में सीधे सेट में 6-2, 6-4 से हराकर भारत को 1-0 की बढ़त दिलाई। सहजा ने इसके बाद वैलेंटिना इवानोव को दूसरे एकल में सीधे सेट में 6-1, 6-3 से हराकर भारत को 2-0 की विजयी बढ़त दिला दी। रुतुजा भोसले और अंकिता रैना की जोड़ी ने महिला युगल में दुनिया की 11वें नंबर की खिलाड़ी एरिन रूटलिफ और दुनिया की 338वें नंबर की खिलाड़ी मोनिक बैरी की जोड़ी को सीधे सेट में 6-4 6-2 से हराकर भारत की आसान जीत सुनिश्चित की। इससे पहले रुतुजा भोसले और अंकिता रैना की युगल मुकाबले में जीत के बावजूद भारत सहजा की तीन सेट तक चले मुकाबले में पैचरिन चीपचंदेज से पराजय के कारण बारिश से प्रभावित अपने पहले मुकाबले में थाईलैंड से 1-2 से हार गया।

विश्व रैंकिंग में 384वें स्थान पर काबिज सहजा पर बहुत कुछ निर्भर था। भारत पहला एकल मुकाबले हारने के कारण सहजा से वापसी करने की उम्मीद कर रहा था लेकिन यह 25 वर्षीय खिलाड़ी उसे मुकाबले में बनाए रखने में नाकाम रही। वह विश्व रैंकिंग में 449वें नंबर पर काबिज पैचरिन से 4-6, 6-1, 4-6 से हार गई।

### मैं निश्चित रूप से बहुत नर्वस थी : वैष्णवी

यह बिली जीन किंग कप में मेरा पहला मैच था इसलिए मैं निश्चित रूप से बहुत नर्वस थी। मैंने अपनी घबराहट से ठीक तरीके से नहीं निपट पाई लेकिन यह मेरे लिए एक सबक था। उन्होंने कहा आज कोर्ट पर आकर मुझे उस चीज पर ध्यान देना था जिसमें मैं सबसे अच्छी हूं। मुझे बस कोर्ट पर उतरकर अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करना था। वहीं, सहजा ने कहा मैं जीत से खुश हूं। (थाईलैंड के खिलाफ) यह एक मुश्किल मैच था। हमें अलग नतीजे की उम्मीद थी, हमने वह किया जो हम कर सकते थे। हमने जी-जान से लड़ाई लड़ी। मैं (पहले मैच में) अपनी रणनीति से खुश नहीं थी इसलिए मैंने खुद से कहा कि मैच खत्म करने के लिए इसे बेहतर करना है। हमें हर अंक के लिए लड़ना होगा, एक-दूसरे का समर्थन करना होगा और देखना होगा कि यह हमें कहां ले जाता है।

## आयुष व उन्नति का उलटफेर, सिंधु व प्रणय भी जीते, किदांबी व लक्ष्य मायूस

**बैडमिंटन एशिया चैंपियनशिप**

**निंगबो (चीन), एजेंसी**

भारत के उभरते शटलर आयुष शेट्टी व उन्नति हुड्डा ने बुधवार को यहां बैंक ऑफ निंगबो बैडमिंटन एशिया चैम्पियनशिप में बड़ा उलटफेर किया और उच्च वरीय प्रतिद्वंद्वियों को हराकर दूसरे दौर में जगह बना ली। इस क्रम में 20 वर्षीय आयुष ने दुनिया के सातवें नंबर के चीनी दिग्गज लिन शी फेंग को स्तब्ध किया तो 18 वर्षीय उन्नति ने 11वीं रैंकिंग की थाई स्टार सुपानिडा केटथांग को चौंका दिया।

वहीं पूर्व विश्व चैम्पियन पीवी सिंधु और अनुभवी एचएस प्रणय भी प्री क्वार्टर फाइनल में पहुंच गए। लेकिन किदांबी श्रीकांत, देश के मौजूदा शीर्षस्थ शटलर लक्ष्य सेन के साथ ही मालविका बंसोड़ व तन्वी शर्मा को पहले दौर में ही मायूसी हाथ लगी।

निंगबो ओलम्पिक स्पोर्ट्स सेंटर के कोर्ट नंबर चार पर उतरे अमेरिकी ओपन 2025 चैम्पियन आयुष ने पांचवें वरीय लिन को 51 मिनट में 21-13, 21-16 से शिकस्त दे दी। दोनों गेमों में लिन की अच्छी शुरुआत के बावजूद विश्व रैंकिंग में 25वें क्रम पर काबिज 20 वर्षीय आयुष ने दबदबा बनाया और अंतिम 16 में पहुंच गए। आयुष की अब विश्व नंबर 20 चीनी ताइपे के ची यू जेन से मुलाकात होगी।

उधर महिला एकल में कोर्ट नंबर दो पर खेले गए दिन के 15वें मैच में विश्व नंबर 27 उन्नति ने 72 मिनट तक खिंचे कड़े संघर्ष में पहला गेम 23 पर गंवाने के बाद जबर्दस्त वापसी की और केटथांग को 23-25, 21-8, 21-18 से शिकस्त दे दी। उन्नति को दूसरे दौर में भी कड़ी चुनौती झेलनी पड़ेगी, जब उनके सामने विश्व नंबर नौ जापानी टोमोका मियाजाकी पड़ेंगी।

पूर्व विश्व नंबर एक सिंधु ने कोर्ट नंबर चार पर 67 मिनट तक संघर्ष करना पड़ा और उन्होंने पहला गेम गंवाने के बाद मलेशिया की वोंग लिंग चिंग को 15-21, 21-11, 21-19 से परास्त किया।



आयुष शेट्टी।